वाराणसी, बुधवार, 22 फरवरी, 2023

फाल्गुन, शुक्ल पक्ष 3, वर्ष 12, अंक 17, पृष्ठ 16, मूल्य: 5 .00


परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित



अन्दर : ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की सहायता के लिए तैयार हूं : हेडन



अंदर - औपनिवेशिक स्त्री विमर्श और कस्तूरबा

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

## उद्धव गुट की याचिका पर आज सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** शिवसेना पर कब्जे की लड़ाई को लेकर उद्धव गुट की याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट राजी हुआ है। सुप्रीम कोर्ट में आज दोपहर 3.30 बजे इस मुद्दे पर सुनवाई होगी। इसके पहले मंगलवार को कोर्ट में याचिका को लेकर सुनवाई हुई।




# गाजीपुर में सॉल्वर गैंग का भंडाफोड़, प्रबंधक, प्रिंसिपल सहित 13 गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**कसा शिकंजा**

**दूसरे जिलों से फर्जी परीक्षार्थी लाकर दिला रहे थे 10वीं-12वीं के बोर्ड एक्जाम**

**एसपी बोले-बलरामपुर की महिला चला रही थी गैंग**

**गाजीपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा में नकल माफिया का राज चल रहा है। शासन की सख्ती के बावजूद नकल माफिया जान जोखिम में डालकर नकल करा रहे हैं। पहले तो यह विभाग की मिलीभगत से केंद्र बनवा लिए। उसके बाद नकल का खेल शुरू कर दिए। हालांकि, जिला प्रशासन ने नकल माफियाओं की कारास्तानी को पकड़ने के लिए पूरी टीम लगा दी है। वह लगातार परीक्षा केंद्रों पर चक्रमण कर रहे हैं। सीसीटीवी से लेकर वायस कैमरा चेक कर रहे हैं। फिर भी नकल माफिया साल्वर बैठा कर कहीं अन्यत्र परीक्षार्थियों की कॉपी लिखवा रहे हैं। जिसके एवज में मोटी रकम वसूल रहे हैं। गाजीपुर जिला पूरे प्रदेश में नकल के लिए मशहूर है। यहां अन्य जिलों से परीक्षार्थी परीक्षा देने आते हैं। जिसके लिए कालेज संचालक एजेंट रखे हुए हैं। पास कराने का यहां ठेका लिया जाता है। लेकिन जिला प्रशासन भी काफी सख्त रुख अपनाए हुए है। पहले दिन भी नकल के आरोप में नौ लोग को पकड़े थे। इसके बाद सोमवार को तेरह लोगों को नकल के मामले में गिरफ्तार की है।

इंटरमीडिएट और हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह में प्राचार्य, प्रबंधक व फर्जी परीक्षार्थी समेत 13 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं एक फरार चल रहा है। मुखबिर की सूचना पर स्वाट टीम प्रभारी रामाश्रय राय सर्विलांस प्रभारी सुनील तिवारी व थानाध्यक्ष दुल्लहपुर की संयुक्त टीम ने नकल कराने वाले गिरोह के प्राचार्य ,प्रबंधक व फर्जी परीक्षार्थी समेत 14 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। जिसमें 13 पुलिस गिरफ्त में है। पुलिस ने हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट का 43 प्रवेश पत्र, 29 आधार कार्ड, 3 फीस रजिस्टर (अटेंडेंस व फीस रजिस्टर), व कक्षा 9, 10, 11, 12 का नामनल फार्म 15 प्रश्नपत्र, मानीटर, सीपीयू, प्रिंटर बरामद किया है। नकल के लिए कुख्यात जखनियां तहसील के शिक्षा माफियाओं ने बाहर के जिलों से साल्वर बुलाकर प्रवेश पत्र व आधार कार्ड पर फोटो बदल कर परीक्षा दिलवा रहें थे। बीते सोमवार को रेहटी मालीपुर के जय मां दुर्गा इंटर कालेज में रह रहीं साल्वर गैंग की महिला सरगना समेत पांच फर्जी परीक्षार्थियों को सचल दस्ते की टीम ने दबोचा था। यह दूसरे के स्थान पर 16 फरवरी की परीक्षा दे चुके हैं। सभी इसी कालेज से फार्म भरे छात्रों के स्थान पर परीक्षा देने के लिए दूसरे जनपदों से आए थे। पकड़े गए आरोपित स्नातक व बी फार्मा के विद्यार्थी हैं। वहीं इस कालेज का सेंटर भुड़कुड़ा के महंत रामबरन दास इंटर कालेज में पड़ा है। कालेज के प्रबंधक के भाई सुनील सिंह को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

कॉलेज प्रबंधन ने नकल कराने के लिए बाहर से साल्वर बुलाया था। सभी को अपने यहां कालेज में ठहराया था। इनको पांच-पांच हजार देने का लालच दिया था। जिसमें तीन हजार एडवांस के रूप में दिया गया था। यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटर परीक्षा में मंगलवार को डीएम एवं एसपी ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। जिसमें खाकी बाबा सिद्धार्थ इंटर कॉलेज यूसुफपुर, श्री राम सरन नगदु इंटर कॉलेज मरदानपुर गुरैनी की परीक्षा केंद्र में बने स्ट्रांग रूम तथा सीसीटीवी का निरीक्षण की। सीसीटीवी कैमरे को चेक करने के बाद कैमरे से हो रहे निगरानी को भी जांचा।



### बलरामपुर और बस्ती जिले के थे साल्वर

ओंमकार नाथ सिंह पुत्र स्व. हनुमान सिंह ग्राम सरसेना थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ। सुनील सिंह पिता स्वर्गीय महेश प्रताप सिंह रेहटीमालीपुर थाना दुल्लहपुर। अजीत प्रताप सिंह पुत्र महेश प्रताप सिंह ,रेहटीमालीपुर थाना दुल्लापुर। नमिता पांडे पुत्री भवानी प्रसाद पाण्डेय पता मुजहनी महाराजगंज तराई बलरामपुर। मगन पाण्डेय पुत्र भवानी प्रसाद पांडेपता मुजहनी महाराजगंज तराई बलरामपुर। कंचन तिवारी पुत्री हरी नाथ तिवारी, पता देवीपाटन तुलसीपुर बलरामपुर। जयंती सोनी पुत्री गोविंद सोनी देवीपाटन तुलसीपुर बलरामपुर। विजय पाल सिंह पुत्र दिवाकर सिंह तेलियाडीह,गोल्हौरा सिद्धार्थनगर। प्रांजल सिंह पुत्री हरिप्रसाद सिंह पता खदेवरा रुधौली जनपद बस्ती। ऋषभ सिंह पुत्र महेंद्र सिंह पता खदेवरा रुधौली जनपद बस्ती। सौरभ कुमार पुत्र सुरेंद्र राम देवकली चिरैयाकोट मऊ। बृजेश कुमार मोहित राम पता नसीरुद्दीनपुर चिरैयाकोट जनपद मऊ। रोशन गुप्ता पुत्र मुन्ना प्रसाद गुप्ता पता रेवरीया दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर। रहमान यादव प्रधानाचार्य डीएसवाई इण्टर कॉलेज (फरार है)।




# विधानसभाओं सहित हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएं

## विकास और जनकल्याण के मुद्दों पर आम सहमति बनाने की जरूरत: राष्ट्रपति मुर्मू

**ईटानगर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि देश के समग्र और समावेशी विकास के लिए राज्यों की विधानसभाओं, जन-प्रतिनिधित्व की अन्य संस्थाओं सहित हर कार्य क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और बढ़ाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुशासन और मयार्दा संसदीय प्रणाली की पहचान हैं तथा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि चर्चा की सामग्री एवं गुणवत्ता उच्चतम स्तर की हो। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश की विधानसभा सहित सभी राज्यों की विधानसभाओं तथा जनप्रतिनिधित्व की अन्य संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़नी चाहिए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मेरा मानना है कि हमारे देश के समग्र और समावेशी विकास के लिए हर



कार्य क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और अधिक होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुशासन और मयार्दा संसदीय प्रणाली की पहचान हैं। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि चर्चा की सामग्री और गुणवत्ता उच्चतम स्तर की हो। साथ ही हमें विकास और जनकल्याण के मुद्दों पर आम सहमति बनाने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश की संस्कृति, विविधता और प्राकृतिक सुंदरता, इस राज्य को भारत में एक विशेष स्थान प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश अरुणाचल प्रदेश की ओर यहां की क्षमता तथा यहां के लोगों की उपलब्धियों के कारण नई दृष्टि से देख रहा है। मुर्मू ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में देश में ह्यप्रकृति के प्रथम कटोरेह्ण के रूप में उभरने की क्षमता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि यह राज्य ह्यखासी मंदारिनह्ण संतरे और कीवी उत्पादन में पहले स्थान पर है, जबकि बड़ी इलायची के उत्पादन में इसका देश में दूसरा स्थान है। उन्होंने कहा कि अरुणाचल की इस धरती पर सदियों से स्वशासन और जमीनी लोकतंत्र की एक जीवंत प्रणाली विद्यमान है। राष्ट्रपति ने कहा कि आदिवासी संस्कृति अपने समूह की आकांक्षाओं को पूरा करने में निष्पक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह बनकर सच्चे लोकतंत्र और सुशासन के मूल सिद्धांतों को आत्मसात करती है। राष्ट्रपति ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश ने ह्यपक्के घोषणा-पत्रह्ण के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के लिए प्रतिबद्धता दिखाने का संकल्प लिया है। मुझे आशा है कि अन्य राज्य भी इससे प्रेरणा लेते हुए इस मॉडल को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें यह देखकर प्रसन्नता होती है कि विकास का सूर्य अरुणाचल प्रदेश को प्रकाशित कर रहा है और आज यह भारत की प्रगति की धारा का महत्वपूर्ण स्रोत है। उन्होंने कहा कि यह राज्य और यहां के सरल तथा निष्ठावान लोग देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं। मुर्मू ने ह्यअपनी विधानसभा को जानेंह्ण पहल की सराहना की।

## अर्पिता मुखर्जी के घर से 52 करोड़ नकद जब्त

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपए के हुए शिक्षक भर्ती घोटाले में अब तक जब्त नकदी और सोने के साथ-साथ बैंक खातों और संपत्तियों की कुल रिकवरी लगभग 111 करोड़ रुपये हो गई है। सूत्रों ने कहा कि यह जब्त और फ्रीज हुए खाते केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय द्वारा मामले में समानांतर जांच के संयुक्त आंकड़े हैं। हालांकि, नकदी और सोने की बरामदगी के मामले में ईडी अपनी सीबीआई से काफी आगे है। इस घोटाले में अधिकतम कैश और सोने की रिकवरी पिछले साल जुलाई में पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव पार्थ चटर्जी की करीबी अर्पिता मुखर्जी के दो आवासों से हुई थी, जहां से कुल रिकवरी लगभग 33 करोड़ रुपए थी।

# सोनभद्र में सिपाही ने खुद को एके-47 से गोली मारी

**हड़कंप**

**अनुभव यादव ग्राम डूहींया थाना सुहवल, गाजीपुर का था निवासी**

**डाला(सोनभद्र)।** हाथीनाला थाना मे तैनात सिपाही दिवान ने मंगलवार की देर सायंकाल एके 47 रायफल से गले में गोली मारकर आत्महत्या कर लिया। दिवान की आत्महत्या की खबर लगते ही पुलिस महकमे में हडकंप मच गई। पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह ने डाक्टरों के पैनल का गठन करके पोस्टमार्टम कराने के लिए निर्देशित किया। अपर पुलिस कालू सिंह ने बताया कि 32 वर्षीय अनुभव यादव पुत्र स्व योगेन्द्र यादव निवासी ग्राम डूहींया थाना सुहवल जनपद गाजीपुर हाथीनाला थाने पर तैनात था, जो सायंकाल गश्त करने के बाद हाथीनाला थाना प्रभारी श्याम किशोर से बोल कर गया कि सर मैं अपने कमरे से आ रहा हूं, कुछ देर बीत जाने के बाद जब वह नहीं लौटा तो तो थाने पर तैनात अन्य साथियों ने फोन लगाया तो फोन नहीं उठ सका। फोन नहीं उठने पर कमरे में अन्य साथियों ने जाकर देखा तो अनुभव खून से लथपथ चारपाई पर पड़ा है, खून से लथपथ अनुभव को देखकर हर चकित हो गया। घटना की सूचना हाथीनाला थाना प्रभारी ने उच्च अधिकारियों को दिया। हेड कांस्टेबल की आत्महत्या करने की जानकारी मिलते ही सोनभद्र पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह हाथीनाला थाना पर पहुंच गए और हर पहलुओं का तहकीकात करने का निर्देश दिया। इस सन्दर्भ में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने बताया कि मृतक अनुभव यादव ने हमराह में मिले राइफल एके 47 से गले में गोली मारकर आत्महत्या कर लिया, घर के लोगों को सूचना दे दी गई है, अनुभव के शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में डॉक्टरों के पैनल से कराया जाएगा।



फाइल फोटो

# होली के बाद तेजस्वी बनेंगे मुख्यमंत्री

**पटना।** रोहतास के दिनारा से फ्खऊ विधायक विजय मंडल ने दावा किया है कि होली के बाद तेजस्वी यादव बिहार के मुख्यमंत्री होंगे। मुख्यमंत्री ने बयान दिया था कि 2025 का चुनाव तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। इस पर उन्होंने कहा कि 2025 अभी दूर है। होली के बाद ही उन्हें जिम्मेदारी सौंप दी जाएगी। खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उन्हें ये जिम्मेदारी सौंपेंगे। विजय मंडल ने सासाराम में कहा कि होली तक तेजस्वी यादव बिहार के सीएम बन जाएंगे, जबकि नीतीश कुमार 2024 के होने वाले चुनाव में पीएम उम्मीदवार के रूप में अपना अभियान शुरू करेंगे।

विजय मंडल ने कहा कि नीतीश कुमार खुद चाहते हैं कि तेजस्वी यादव सीएम बनें। उन्होंने खुद कहा है कि उन्हें तेजस्वी को बढ़ाना है। तेजस्वी को आगे पहुंचाना है। मुझे नीतीश कुमार पर भरोसा है कि वो तेजस्वी को कमान सौंपेंगे और खुद देश का नेतृत्व करेंगे।



**सियासत**

**विजय मंडल ने कहा- 2025 तो दूर है, नीतीश खुद जल्द उन्हें प्रभार सौंपेंगे**

सोमवार को उपेंद्र कुशवाहा के पार्टी छोड़ने के ऐलान के ठीक बाद जेडीयू ऑफिस में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में ललन सिंह ने कहा कि 2025 की बात 2025 में देखेंगे। अभी नीतीश कुमार जेडीयू के नेता हैं और वही पार्टी का नेतृत्व करेंगे। जेडीयू का किसी पार्टी में विलय नहीं हो रहा है। अब आरजेडी विधायक विजय मंडल का यह बयान इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। विधायक नीतीश कुमार की घोषणा की याद दिला रहे हैं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव में उट पद के दावेदार नहीं होंगे। उन्होंने खुद इसकी घोषणा की है। पटना में महागठबंधन के विधायकों की बैठक में नीतीश ने कहा- 2025 का विधानसभा चुनाव तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। मेरा लक्ष्य 2024 लोकसभा में भाजपा को हराना है। मैं उट या ढट पद का उम्मीदवार नहीं बनना चाहता। वित्त मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता विजय चौधरी ने बताया- बिहार विधानसभा के बाद महागठबंधन विधानमंडल दल की बैठक हुई थी। उसमें मुख्यमंत्री ने यह साफ कर दिया कि मेरे बाद जो नेतृत्व होगा वह तेजस्वी यादव का होगा।

# दूल्हे को नोटों की माला पहनाना आरबीआई के नियमों के खिलाफ

**नई दिल्ली।** इनदिनों शादी-ब्याह का सीजन चल रहा है। उत्तर भारत में एक आम चलन हैं कि दूल्हा नोट की माला पहन कर घोड़ी पर चढ़ता है। लेकिन अब एक अलग सी घटना दिखने लगी है। झपटमार दूल्हे के गले से नोटों की माला छीन का भाग जा रहे हैं। यदि दूल्हे के गले में 500 रुपये के नोट की माला हो और माला को बनाने में 100 नोटों का भी उपयोग हुआ हैं, तब यह मामला 50 हजार रुपये का होता है। यह हुआ दूल्हे के नुकसान की बात। लेकिन आपकों पता है कि करेंसी नोट की माला बनाना रिजर्व बैंक के नियमों के खिलाफ है? उत्तर भारत के कई राज्यों में यह रिवाज खूब लोकप्रिय है। कहीं सिर्फ दूल्हे नोट की माला पहनते हैं, तब कहीं दुल्हन को भी नोटों की माला पहनाई जाती है। शादी के परिधान जिस दुकान में मिलते हैं, उसी दुकान में नोटों की माला भी बिकती है। इस समय 10 रुपये, 20 रुपये और 50 रुपये के नोटों की माला काफी बिक रहे हैं। अमीर व्यक्ति 100 और 500 रुपये के नोटों से बने माला भी पहन रहे हैं। इस माला में उपयोग हुए नोटों का तब दाम देना ही पड़ता है, माला बनाने की मजदूरी भी चुकानी होती है।बीते 27 जनवरी को खबर आई थी। पश्चिमी दिल्ली में एक दूल्हे की बारात चल रही थी। दूल्हे के गले में 500 रुपये के नोट की माला थी। उसमें 329 नोट लगे थे। मतलब कि उस माले में 1,64,500 रुपये का उपयोग हुआ था। एक नाबालिग झपटमार ने दूल्हे के गले से वह माला झपटकर भाग गया। हालांकि बाद में वह पकड़ा गया।

# परिवहन निगम: दुर्घटना बीमा राशि बढ़ी

**पहल**

**अब दुर्घटना की स्थिति में मृत्यु होने पर पांच लाख के बदले मिलेंगे साढ़े सात लाख**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** परिवहन निगम की बसों में यात्रा के दौरान यात्री की मृत्यु होने की दशा में निगम की ओर से मिलने वाली बीमा राशि को पांच लाख से बढ़ाकर साढ़े सात लाख रुपये कर दिया गया है। मुख्यालय के सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के निदेशक मण्डल की बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार 13 फरवरी 2016 से लागू यात्री राहत योजना में प्रदान की जाने वाली सहायता राशि को डेढ गुना किया गया है।

मृत्यु की स्थिति में वारिसान को पूर्व सापेक्ष सहायता राशि को पांच लाख से बढ़ाकर साढ़े सात लाख, अवयस्क को रू० 2.50 लाख से बढ़ाकर रू0 3.75 लाख तथा जिन बच्चों का टिकट नहीं लगता है उनके लिए रू0 1.25 लाख से बढ़ाकर 1.875 लाख किया गया है। स्थायी विकलांगता होने पर सहायता राशि उक्तानुसार ही होगी। गम्भीर घायलों होने की स्थिति में रू0 25,000 तक तात्कालिक सहायता दी जायेगी तथा इलाज पर खर्च हुई धनराशि की रू0 7.50 लाख की प्रतिपूर्ति की व्यवस्था की गयी है। परिवहन निगम में कार्यरत महिला कर्मचारियों को शासनादेश के अनुरूप बाल्य देखभाल अवकाश अनुमन्य कर दिया गया है।



### अनियमिता के आरोप में दो एआरएम निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक संजय कुमार ने मंगलवार को अकील अहमद खां सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, हमीरपुर डिपो चित्रकूटधाम क्षेत्र व राजेश कुमार सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक रूहेलखण्ड डिपो बरेली क्षेत्र को निलंबित कर दिया। दोनों के खिलाफ अनियमिता की शिकायत पाये जाने पर जांच करायी गयी थी जांच में दोनों को दोषी पाये जाने पर निलंबन की कार्रवाई की गयी।



## संक्षेप

### बाइक टक्कर में दिव्यांग महिला सहित दो घायल

सारनाथ। चौखंडी स्तूप के सामने मंगलवार को दो बाइक आमने सामने टक्कर होने से दिव्यांग महिला सहित दो लोग घायल हो गए। घायल निजी अस्पताल में अपना उपचार कराया। बताया जाता है कि चौखंडी स्तूप के पास प्रु पुअर के तहत खोदाई के लिए जे सी बी मशीन खड़ी होने से जाम की स्थिति बनी थी। तभी बुद्धा सिटी कालोनी के 20 वर्षीय प्रकाश मकबूल आलम रोड दवा लेने के लिए बाइक से निकला जैसे ही चौखंडी स्तूप के सामने पहुचा सामने से रही बाइक से टक्कर लगने से प्रकाश घायल हो गया। जबकि बाइक गिरने से वही खड़ी घुरहूपुर की दिव्यांग 30 वर्षीय महिला कविता भी घायल हो गयी।

### भौकाल बनाना पड़ा भारी कटा छह हजार का चालान

वाराणसी। भौकाल बनाने के लिए बाइक की नंबर प्लेट पर योगी सेवक लिखना चालक को भारी पड़ा। ट्रैफिक पुलिस ने छह हजार का चालान पकड़ा दिया और फटकारा अलग से। भोजूबीर अर्दली बाजार में एक बाइक सवार अपने नंबर प्लेट को गेरूआ रंग में रंगकर उसपर योगी सेवक लिखवाया था। इतना ही नहीं बाइक के नीचे पुलिस का लोगो और जीरो वन का स्टीकर भी चस्पा किया था। इस बीच किसी ने उक्त बाइक की फोटो खींची और सोशल साइट पर वायरल कर दिया। मामला ट्रैफिक विभाग के संज्ञान में आने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन चालक को छह हजार का चालान थमा दिया।

### बाइक की टक्कर में दिव्यांग महिला सहित दो घायल

सारनाथ। चौखंडी स्तूप के सामने मंगलवार को दो बाइक आमने सामने टक्कर होने से दिव्यांग महिला सहित दो लोग घायल हो गए। घायल निजी अस्पताल में अपना उपचार कराया। बताया जाता है कि चौखंडी स्तूप के पास प्रु पुअर के तहत खोदाई के लिए जे सी बी मशीन खड़ी होने से जाम की स्थिति बनी थी। तभी बुद्धा सिटी कालोनी के 20 वर्षीय प्रकाश मकबूल आलम रोड दवा लेने के लिए बाइक से निकला जैसे ही चौखंडी स्तूप के सामने पहुचा सामने से रही बाइक से टक्कर लगने से प्रकाश घायल हो गया। जबकि बाइक गिरने से वही खड़ी घुरहूपुर की दिव्यांग 30 वर्षीय महिला कविता भी घायल हो गयी।

### 138 चेक बांउस के मामले का वांरटी गिरफ्तार

चोलापुर। चोलापुर पुलिस ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर एक साल से फरार कुर्की जब्ती के वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।चोलापुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी अशोक कुमार वर्मा पुत्र स्वर्गीय सुदामा प्रसाद के ऊपर 138 चेक बाउंस का मुकदमा दर्ज था। अभियुक्त के ऊपर वारंट जारी कर कोर्ट ने कुर्की का आदेश जारी किया गया था। मंगलवार को चोलापुर के उप निरीक्षक विनोद कुमार वर्मा के द्वारा मुखबिर की सूचना पर जगदीशपुर प्राथमिक विद्यालय के पास से वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

रोहनिया। रोहनिया थानाक्षेत्र अंतर्गत बैरवन स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन की चपेट में आने से रेनू दुबे नामक 55 वर्षीय महिला की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार महिला साहबाबाद स्थित एक निजी कंपनी में काम करती थी और घर से निकली थी। रेनू के पति का दो साल पहले सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। रेनू काम करके अपने दो बच्चों का भरण पोषण करती थी।

### पॉक्सो का आरोपी युवक मुकेश गिरफ्तार

रोहनिया। रोहनिया पुलिस ने पाक्सो एक्ट के आरोपी मुकेश को दबोचा। जानकारी के अनुसार मुकेश ने छह जनवरी को नाबालिग को भदवर से साथ लिया और दोनों कैंट रोडवेज पहुंचे। यहां से प्रयागराज और फिर ट्रेन से पुणे महाराष्ट्रा। यहां दोनों पति पत्नी की तरह साथ रहने लगे। इसके बाद दोनों गांव पहुंचे। यहां पुलिस की दबिश देख मोहनसराय की तरफ निकले ही थे कि दोनों को पकड़ लिया गया। आरोपी मुकेश ऐढे लालपुर पांडेपुर का निवासी है।

### पांच वारंटी गिरफ्तार

मिर्जामुराद। मिर्जामुराद थाना पुलिस ने सोमवार को पांच नॉन बेलेबल वारंटियों को गिरफ्तर कर कोर्ट में पेश किया। गिरफ्तार होने वालों में जीउत यादव निवासी खालिसपुर, मदीना बानो, जहरु, मंगरु व जल्लर मास्टर निवासीगण इस्लामपुर है।

### इनामी गो तस्कर गिरफ्तार

मिर्जामुराद। मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के गुड़िया मोड़ के पास से मंगलवार की सुबहे गोवध निवारण अधिनियम के मुकदमें में वांछित चल रहे पांच हजार के इनामिया को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार रणावत ने बताया की मुखबिर की सूचना पर 3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधिनियम में वांछित पांच हजार के इनामिया अभियुक्त अजय कुमार निवासी कोखराज कौशाम्बी को गुड़िया मोड़ से गिरफ्तार किया गया।

### छात्रा को भगाने वाले के खिलाफ केस दर्ज

वाराणसी। चितईपुर थाना क्षेत्र के कर्माजीतपुर स्थित एक निजी कॉलेज की छात्रों को भगाने वाले आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। छात्रा के पिता का आरोप है कि मंडुवाडीह थाना क्षेत्र निवासी कुणाल श्रीवास्तव ने उसकी बेटी को बहलाकर अपने साथ ले गया। इस बात की जानकारी खुद आरोपी ने फोन कॉल पर दी और लखनऊ में होने की बात कही। तहरीर के आधार पर पुलिस रपट दर्ज कर छानबीन में जुट गयी है।

### नाबालिग को भगाने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज

चौबेपुर। चौबेपुर स्थानीय पुलिस ने नाबालिक को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में दी गई तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि चौबेपुर क्षेत्र के एक निकटवर्ती गांव रैमला में अपने बुआ के यहां आयी किशोरी को शाहरुख पुत्र मजीद निवासी गुरेरा थाना बलुआ बहला-फुसलाकर भगा ले गया। जानकारी मिलने के बाद किशोरी के घर वालों ने युवक के खिलाफ चौबेपुर थाना में मुकदमा दर्ज कराया।

### युवती से मारपीट करने वाले पर मुकदमा दर्ज

वाराणसी। युवती से मारपीट और छेड़खानी करने वाले आरोपी युवक के खिलाफ लंका थाने में मुकदमा दर्ज हुआ। नारायणपुर डाफी निवासी प्रीति यादव का आरोप है कि पड़ोस दिलीप राजभर समेत आधा दर्जन लोगों 13 फरवरी को जबरन उसके घर का रास्ता बंद कर रहे थे, इस बात का विरोध करने पर सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट और छेड़खानी की। इस मामले में उसने एडिशनल सीपी के यहां शिकायत दर्ज करायी। उनके निर्देश पर लंका थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पड़ताल शुरु कर दी है।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत

सूचना

मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2021 अनुक्रमांक 216952531 का मूल प्रमाण पत्र खो गया है। विवेक यादव पुत्र केशव यादव ग्राम-हरदासीपुर पो0-हथियर, जिला-वाराणसी उ0.प्र0।

सूचना

मै मानसी किशोर मिरानी पुत्री किशोर मिरानी, निवासी मकान न0 बी 904 महावीर हाइट्स, शिवदासपुर डिवाइन सैनिक स्कूल के सामने, ककरमत्ता, वाराणसी उत्तर प्रदेश - 221004 वया करती हुँ कि मैंने अपना नाम मानसी मिरानी से बदल कर मानसी किशोर मिरानी रख लिया है और भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

आवश्यकता

आवश्यकता है-वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध श्री अभिमन्यु यादव महाविद्यालय लपरी जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनातंर्गत स्नातक कलासंकाय में अंग्रेजी, मनोविज्ञान एक-एक पद व स्नातकोत्तर स्तर पर कलासंकाय में शिक्षाशास्त्र ,राजनीतिशास्त्र विषयों में दो-दो पद प्रवक्ताओं की। योग्यता वेतनमान यूजीसी एव विश्वविद्यालय शासन परिनियमावली अनुसार। अभ्यर्थी 21 दिन के अंदर शैक्षणिक प्रमाण पत्र फोटो के साथ आवेदन भेजे।
प्रबंधक, मो0-8423455767

आवश्यकता है- स्व0 केशव प्रसाद पी0 जी0 कालेज ससना बहादुरपुर बिल्थरारोड, बलिया उ0 प्र0 में स्नातक स्तर पर प्राचार्य एवं हिन्दी, समाजशास्त्र, प्राचीन इतिहास, राजनितिशास्त्र, गृह विज्ञान, भूगोल, संस्कृत, शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी, उर्दू विषयों में एक-एक प्रवक्ताओं की। योग्यता एवं वेतनमान यू0 जी0 सी0 व विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार योग्य अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं 2 फोटो सहित विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें।
प्रबन्धक
मो0-9918681886, 9697605555

आवश्यकता है-बाबा जंगली महिला महाविद्यालय सलेमपुर, रंजीतपुर गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववितपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में प्राचार्य एवं रसायन विज्ञान-3, वनस्पति विज्ञान-2, प्राणी विज्ञान-2, भौतिक विज्ञान-2,गणित-2 तथा स्नातक स्तर पर वाणिज्य संकाय में प्रवक्ताओं की अवश्यकता। योग्यता एवं वेतनमान उत्तर प्रदेश शासन यूजीसी एवम् विश्वविद्यालय परिनियमावली अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साइज का 4 फोटो एवं आधार कार्ड के साथ विज्ञापन तिथि से 21 के दिनों के अंदर प्रबंधक के पद नाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक अथवा दूरभाष द्वारा दी जाएगी।
प्रबंधक-मो0-7379399800

आवश्यकता है-श्री स्वामी कृष्णानन्द इन्टर कालेज विलवार जौनपुर में सहायक लिपिक का एक पद रिक्त है जिस पर नियमानुसार स्थाई रूप से नियुक्ति की जानी है। पद हेतु इण्टरमीडिएट शिक्षा अधिनियम में निर्धारित योग्यता धारी अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमन्त्रित किया जाता है (इण्टरमीडिएट एवं ट्रिपल सी योग्यता होनी चाहिए) पद का वेतनक्रम 5200-20200/इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 15 दिन के अन्दर अपना आवेदन पत्र शैक्षिक योग्यता के साथ विद्यालय के पते पर पंजीकृत डाक से प्रेषित करे। पद हेतु साक्षात्कार दिनांक 12.03.23 को विद्यालय प्रांगण में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। साक्षात्कार हेतु कोई यात्रा भन्ना देय नहीं होगा।
प्रबंधक

# बोलेरो सवार छह युवक बाइक छीनकर भागे

## तीन थानों का चक्कर लगाता रहा युवक लेकिन किसी ने नहीं सुनी

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के विश्व सुंदरी पुल के समीप पुलिस लिखी बुलेरो में सवार छह बदमाशों ने बाइक सवार को रोका। इस बीच वाहन से दो युवक नीचे उतरे और बाइक सवार युवक से कागजात मांगने लगे। युवक ने विरोध किया तो उसे धक्के देकर गिरा दिया और उसकी बाइक लेकर चंदौली की तरफ भाग निकले।

पीड़ित रपट दर्ज कराने के लिए चंदौली पुलिस, रामनगर थाना पुलिस के पास पहुंचा। यहां अधिकार क्षेत्र का हवाला देकर उसे लौटा दिया गया। देर शाम तक पुलिस ने उसकी रपट दर्ज नहीं की। वहीं इंस्पेक्टर लंका ने भी घटना के बाबत अज्ञानता जतायी। हालांकि रमना चौकी प्रभारी ने पीड़ित की तहरीर ली और बुधवार को फिर से बुलाया। जानकारी के अनुसार भदोही के गोपीगंज थाना अतंर्गत सीखापुर का निवासी गगन कुमार पांडेय रामनगर स्थित एक निजी फैक्ट्री में नौकरी करता है। पास में ही किराये के मकान में रहता है। किसी काम से मंगलवार की सुबह सात बजे वह घर के लिए निकला। विश्व सुंदरी पुल से तीन सौ मीटर आगे बढ़ने पर वहां खड़ी बुलेरो में सवार छह लोगों ने रोका और दो युवक वाहन से नीचे उतरे और उससे बाइक का कागजात, लाइसेंस और मोबाइल मांगा। उसने विरोध किया तो जबरन उसकी बाइक ले जाने लगे। गगन का कहना है कि ये सिलसिला करीब 15



मीनट तक चला और इस दौरान वहां भीड़ भी जुटी। लेकिन किसी ने मदद नहीं की और आरोपियों ने उसे धक्का देकर उसकी बाइक छीन ली और चंदौली की तरफ भाग निकले। घटना के बाद युवक भीटी पुलिस चौकी पहुंचा लेकिन वहां कोई पुलिसवाला नहीं मिला तो चंदोली कोतवाली चला गया। चंदोली कोतवाली पुलिसकर्मियों ने उसे रामनगर थाने मामला बताकर वापस लौटा दिया। रामनगर पहुंचने पर लंका थाने का मामला बताया गया। पीड़ित रमना चौकी पर पहुंचा यहां आपबीती सुनाई। चौकी पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसकी शिकायत लेकर बुधवार को बुलाया। युवक का आरोप है कि चौकी पर गलत तहरीर उससे लिखवायी गयी। युवक ने बताया कि बाइक बीते दो जनवरी को भदोही से फाइनेंस कराया था। जिसकी पहली किस्त 4700 जमा कर दिया और दूसरी किस्त आठ मार्च को आनी है। ऐसे में फाइनेंस का कोई विवाद नहीं है।

# तमंचा के साथ चोर गिरफ्तार दो लाख का सामान बरामद

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** भेलपुर थाना क्षेत्र के एक अपार्टमेंट में हुई चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला शातिर चोर सोनू यादव निवासी पुष्कर तालाब को भेलूपुर पुलिस ने तमंचा के साथ दबोचा। उसके पास से चोरी के करीब दो लाख का सामान बरामद हुआ। आगे की कार्रवाई में आरोपी को जेल भेजा गया।

मामले का पर्दाफाश डीसीपी काशी जोन ने किया। उन्होंने बताया कि पुष्कर तालाब के पास एक अपार्टमेंट में रितिक सोनकर का फ्लैट है। 20 फरवरी को रितिक सोनकर अपनी बुआ के के लड़के की शादी में सपरिवार सुदामापुर में गया था। इस बीच चोर ने उसके घर को खंगाला। घटना की जानकारी तब हुई जब रितिक सोनकर रात दो बजे घर लौटा। देखा तो फ्लैट का ताला टूटा है और सामान बिखरा पड़ा हैं। पीड़ित ने तत्काल भेलूपुर थाना पुलिस को सूचना दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु की। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगालने पर आरोपी सोनू की शिनाख्त हुई। डीसीपी ने बताया कि चोरी की वारदात को उसने अकेले ही अंजाम दिया है। तलाशी में सोनू यादव के पास से एक पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ में सामने आया कि चोरी से पहले मकानों की रेकी करता था इसके बाद चोरी की वारदात को अंजाम देता था। पिस्टल इस लिए पास रखता था कि डरा धमका सके। उसे पिस्टल कहां से मिली इसकी जांच पुलिस कर रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी भेलूपुर रमाकान्त दुबे, उपनिरीक्षक आनन्द चौरसिया, वीरेन्द्र यादव समेत अन्य पुलिसकर्मी रहे।

**सफलता**

**सीसीटीवी कैमरे से मिला सुराग, डराने के लिए रखता था तमंचा**

# रियाज ही कलाकारों की सच्ची साधना

**कार्यशाला**

**वाद्य विभाग, संगीत एवं मंच कला संकाय का आयोजन**

**वाराणसी।** वाद्य विभाग, संगीत एवं मंच कला संकाय-बीएचयू की तरफ से सात दिवसीय कार्यशाला के पहले दिन मंगलवार को 'तकनीकी रियाज, बंदिशे एवं रागदारी' विषय पर बोलते हुए मुख्य अतिथि प्रो. ऋत्विक सान्याल ने कहा कि रियाज ही कलाकारों की सच्ची साधना है। मुख्य अतिथि प्रो. ऋत्विक सान्याल ने रियाज की बारीकियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। विशिष्ट अतिथि पं. रविंद्र नारायण गोस्वामी ने कलाकारों को संबोधित किया। मंगलाचरण पं. अखिलेंद्र मिश्र ने प्रस्तुत किया। उस्ताद सईद जफर खान ने राग शुद्धसारंग की प्रस्तुति दी। उनके साथ तबले पर पं. कुबेरनाथ मिश्र ने संगत किया। संचालन डॉ. सुप्रिया शाह ने किया। इस अवसर पर प्रभारी संकाय प्रमुख प्रो. शारदा वेलेंकर, विभागाध्यक्ष प्रो. प्रवीन उद्धव, कार्यकम संजोजिका प्रो. संगीता सिंह, प्रो. संगीता पंडित, डॉ. मीनू पाठक, प्रो. सुमन सिंह आदि उपस्थित थीं।



कार्यशाला में गिटार पर रियाज करते छात्र

# दोस्ती में बनाया संबंध और अश्लील वीडियो कर दिया वायरल

**दानगंज।** चोलापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवती से दोस्ती कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने और बाद में अश्लील वीडियो वायरल करने वाले आरोपी के खिलाफ चोलापुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। चोलापुर थाना क्षेत्र निवासी युवती का आरोप है कि शिवरामपुर ग्राम निवासी मजहर शेख नामक युवक ने उसके साथ दोस्ती की और संबन्ध बनाया। इस बीच उसने वीडियो रिर्काड किया और बाद में वायरल कर दिया। युवती का कहना है कि उसकी शादी घर वालों ने तय कर दी है।

इस बात की जानकारी होने पर आरोपी ने युवती को झांसे में लेने के लिए खुद का धर्म बदलने की बात कही और शादी का दबाव बनाने लगा। युवती जब तैयार नहीं हुई तो आरोपी मजहर शेख ने उक्त वीडियों को एक महिला मित्र की मदद से जहां शादी तय थी वहां भिजवा दिया ऐसे में उसकी शादी टूट गयी। पीड़िता की माने तो आरोपी की शादी पहले हो चुकी है। चोलापुर पुलिस ने रेप, जान से मारने की धमकी समेत अन्य संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक गायब, महिला पर आरोप

**वाराणसी।** आयुर्वेदिक दवा फर्म में काम करने वाला व्यक्ति के संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो जाने पर पत्नी ने एक महिला के खिलाफ लंका थाने में रपट दर्ज करायी। जानकारी के अनुसार हंसराज पटेल लंका थाना क्षेत्र के नगवां शिवपुरी कॉलोनी में एक आयुर्वेदिक दवा फर्म में काम करता था। लेकिन बीते दो साल से संदिग्ध परिस्थितियों में वह गायब हो गया। हंसराज की पत्नी राजमति का आरोप है कि उसके पति के गायब होने में रामनगर साहित्य नाका मोड़ निवासी महिला मनीषा मिश्रा का हाथ है। मनीषा ने हंसराज को जमीन दिलाने के नाम पर आठ लाख रुपये लिया था, साथ ही दवा फर्म से भी दवाईयां उधार ली थी। इन सब बातों को लेकर हंसराज तनाव में चल रहा था। राजमति को आशंका है कि उसके पति को मनीषा ने गायब कर हत्या कर दी है। लंका पुलिस रपट दर्ज कर मामले की छानबीन शुरु कर दी है।

# साहित्यकार सूर्यकान्त त्रिपाठी की मनी जयंती



**वाराणसी।** मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय के निर्देशन में मंडल राजभाषा विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के भारतेंदु सभागार कक्ष में हिंदी के प्रख्यात साहित्यकार सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंडल कार्मिक अधिकारी, राजभाषा अधिकरी एवं अन्य रेल कार्मिकों ने निराला जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि देकर किया। मंडल कार्मिक अधिकारी विवेक मिश्रा ने अध्यक्षीय संबोधन में सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राजभाषा अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह ने निराला जी की कविता सरोज स्मृति की पंक्तियां भी पढ़ी, उपस्थित कर्मचारियों इस अवसर पर मुख्य हित निरीक्षक राहुल भट्ट, कार्यालय अधीक्षक अनीता पाण्डेय, अविनाश मिश्रा, रीना सिंह, पूनम त्रिपाठी, ममता यादव, अजय कुमार सिंह, आरती वर्मा, उपेन्द्र तिवारी, सुरेन्द्र यादव एवं हिमांशु राव सहित उपस्थित कर्मचारियों ने निराला जी की विभिन्न रचनाओं का पाठ किया। धन्यवाद ज्ञापन राजभाषा सहायक पूनम त्रिपाठी ने किया।

# नाले में मिली मासूम की लाश

**वाराणसी।** जैतपुरा थाना के हिदायत नगर में नक्खी घाट के पास चार साल की बच्ची का शव नाले में उतराया मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने डेडबॉडी की शिनाख्त नक्खी घाट निवासी मोहम्मद अफजल की बेटी एलिना परवीन के तौर पर की। परिजनों को सूचना देने और उनके आने के बाद डेडबॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। पिता मोहम्मद अफजाल ने बताया कि उनकी बेटी एलिना सोमवार की दोपहर से गायब थी। खोजबीन कर जैतपुरा पुलिस को मामले से अवगत कराया गया था और पुलिस ने रपट दर्ज की थी। मंगलवार को उनकी बेटी का शव नाले में मिले होने की सूचना पुलिस से मिली। घटना कैसे हुई ये जांच का विषय है। वहीं, स्थानीय लोगों की माने तो नाला खुला होने से यहां हादसे की आशंका बनी रहती है। बेटी की मौत की खबर से घर में मातम पसरा है। प्रकरण की जांच पुलिस कर रही है।

## लहुराबीर से मैदागिन तक चलाया सघन अतिक्रमण अभियान, वसूला जुर्माना

**वाराणसी।** नगर निगम प्रवर्तन दल की ओर से मंगलवार को लहुराबीर से कबीर चौरा, लोहटिया होते हुए मैदागिन तक सघन अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत दुकानदारों द्वारा किए गए तमाम स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण को हटवा कर पूरे इलाके की सड़क और पटरी खाली करवाई गई। अभियान के दौरान अत्याधिक अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों का कुछ अतिक्रमित सामान जब्त कर लिया गया। इस दौरान कुल जुर्माना राशी 6,300 रुपये वसूल की गई। वहीं आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायत के तहत जलालीपुर सुलभ शौचालय के पास झोपड़ी बनाकर किये गये अतिक्रमण को हटवा दिया गया। नायब तहसीलदार शेषनाथ यादव के सहयोग में नदेसर व घौसाबाद स्थित निगम की खाली किये जमीन पर शौचालय बनाने के लिये पैमाइश और निशानदेही कर शौचालय बनाने का काम शुरू किया गया।

# रामकृष्ण अद्वैत आश्रम में मना रामकृष्ण देव का अभिर्भाव दिवस

**शुभाविर्भाव तिथि**

**वेद पाठ के साथ हुआ उद्बोधन**

**वाराणसी।** लक्सा स्थित रामकृष्ण अद्वैत आश्रम में मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ अवतार वरिष्ठ भगवान रामकृष्ण देव की 187वीं शुभाविर्भाव तिथि मनाई गयी। प्रातः 4 बजे मंगलाआरती के पश्चात वेदपाठ व उषा कीर्तन किया गया। प्रातः 6 बजे से स्वामी अलोकानन्द ने विशेष पूजा, अभिषेक व हवन किया। प्रातः स्वामी शास्त्रविदानन्द ने कीर्तन तथा स्वामी धरणीधरानन्द का रामकृष्ण महिमा पर संगीतमय प्रवचन हुआ। संध्या 4 बजे धर्म सभा का आयोजन किया गया। जिसमें उद्बोधन संगीत डॉ स्वामी दयापूर्णानन्द ने किया। स्वामी



अलोकानन्द ने संस्कृत में वक्तव्य रखते हुए कहा कि भगवान श्रीरामकृष्ण ने भक्ति का वास्तविक स्वरूप जन-साधारण के सम्मुख रखा। स्वामी भेदातीतान्द ने बंगला भाषा में अपने वक्तव्य में श्रीरामकृष्ण को मानवता के पुजारी बताया।

करते हुए रामकृष्ण अद्वैत आश्रम के अध्यक्ष स्वामी विश्वात्मानन्द ने कहा कि श्रीरामकृष्ण की आध्यात्मिक आंदोलन ने परोक्ष रूप से देश में राष्ट्रवाद की भावना बढ़ाने का काम किया।

धर्मसभा में अन्नदा देवी गुरुकुल संस्कृत महाविद्यालय की शाश्वती दत्ता ने संस्कृत में अपना वक्तव्य दिया। बीएचयू के छात्र अंकित कुमार ने हिन्दी में सभा को सम्बोधित किया। संचालन उत्कर्ष चौबे ने किया व धन्यवाद ज्ञापन स्वामी हरिकृपानन्द ने किया।

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना धीना जनपद चन्दौली में लावारिस में जब्त वाहनों कि नीलामी दिनांक 28.02.2023 समय करीब 10.00 बजे से 15.00 बजे तक होना प्रस्तावित है।

नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति समय से थाना धीना पर उपस्थित होकर खुली नीलामी प्रक्रिया में भाग लेना सुनिश्चित करें।

थानाध्यक्ष
अमित कुमार
थाना धीना
जनपद चन्दौली

सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा
आर्डर 5 कायदा 1 व 5
बअदालत उपजिलाधिकारी चकिया
जनपद-चन्दौली
बमुकदमा नम्बर टी 202214180201455
सन् 2022 ई0
ललिया देवी बनाम मकबूल आलम आदि
अन्तर्गत धारा 116 उ0 प्र0 रा0 सं0 अधिनियम

अवगत कराना है कि एक किता मुकदमा बटवारा ललिया देवी पत्नी रामजी ने आ09 नं0 180 में रकबा 0.089 हे0, आ0 नं0 22 में रकबा 0.164 हे0 कुल दो गाटा रकबा 0.253 हे0 तथा आ0 नं0 212/2 में रकबा 0.3920 हे0 स्थित मौजा गुड़हुआ उ0 पट्टी चौबिसहा के बाबत वटवारा वाद उपरोक्त न्यायालय में प्रस्तुत किया है इसमें
1. मकबूल आलम पुत्र अकबालुद्दी
2. महमूद आलम पुत्र अकबालुद्दीन
3. नौसाद पुत्र सैयद अहमद
4. शादाब आलम पुत्र स्व0 सैयद अहमद
5/1. संजय पुत्र श्यामलाल
5/2. शैलेन्द्र चौधरी पुत्र श्यामलाल
6. गुलाबी पत्नी रामलाल
7. माया पत्नी नरसिंह
8. फुलझारी देवी पत्नी कपूर चंद कन्नौजिया
9. रामसूरत पत्र स्व0 मोहन
10. दिवाकर पुत्र स्व0 मोहन
11. सुदाकर पुत्र स्व0 मोहन
12. अन्नपूर्णा देवी पत्नी मोहन
सभी निवासीगण ग्राम मुड़हुआ उ0 पट्टी चौबिसहा तहसील चकिया, जनपद-चन्दौली।
13. चन्द्रा देवी पत्नी सुरेन्द्र निवासिनी ग्राम-हरिशंकरपुर, परगना-राल्हूपुर, तहसील-मुगलसराय, जनपद-चन्दौली।
14. सुखा देवी पत्नी नन्दू निवासी ग्राम-मुड़हुआ उ0 पट्टी चौबिसहा, तहसील-चकिया, जनपद-चन्दौली।
15. गायत्री देवी पत्नी राममूरत यादव निवासी ग्राम-हरिशंकरपुर, तहसील-मुगलसराय, जनपद-चन्दौली।

फरीक मुकदमा है। उपरोक्त वाद में सुनवाई हेतु तिथि 27.02.2023 नियत है। उक्त तिथि पर आप लोग स्वयं या जरिये अधिवक्ता प्रस्तुत होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा कार्यवाही एकपक्षीय कर दी जायेगी।
उपजिलाधिकारी, चकिया, चन्दौली

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ0 प्र0)
Email:connectpuregistrar@gmail.com
Fax: (05452) 252344, 252244, Web: www.vbspu.ac.in
प्रेस विज्ञप्ति
26वां दीक्षान्त समारोह, 23 फरवरी 2023
पत्रांक: 9697/मा0प्रशा0/2023, दिनांक : 20.02.2023
कुलसचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत-जमधरवा, विकास खण्ड-रेवती, बलिया
पत्रांक: मेमो/01/21-02-22 दिनांक : 21.02.2023
निविदा सूचना
वित्तीय वर्ष 2022-23 में मनरेगा/राज्यवित्त/पन्द्रहवा वित्त से ग्राम पंचायत जमधरवा वि0 ख0-रेवती में कराये जाने वाले कार्यों हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है।
ग्राम पंचायत जमधरवा में प्राथमिक विद्यालय तोलापुर में बाउण्ड्रीवाल एवं गेट का निर्माण कार्य -अनुमानित लागत - 4.93 लाख
इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 24.02.2023 तक अपनी दरें लेटर हेड पर संलग्न बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय या प्राथमिक विद्यालय तोलापुर जमधरवा प्रस्तुत कर सकते है।
निविदा खुलने की तिथि - 25.02.2023 शाम 4.00 बजे होगी।
नियम व शर्तें कार्यालय ग्राम पंचायत एवं प्राथमिक विद्यालय तोलापुर जमधरवा से प्राप्त कर सकते है।
ग्राम प्रधान
मीना देवी
ग्राम पंचायत-जमधरवा, वि.ख.-रेवती, बलिया
सचिव
मित्रेश कुमार तिवारी
ग्राम पंचायत-जमधरवा, वि.ख.-रेवती, बलिया



# वाराणसी



# पिछड़ा वर्ग आयोग कल शहर में आरक्षण के बाबत लेंगे जानकारी

## व्यक्ति, संस्था या पार्टी लिखित या मौखिक प्रस्तुत कर सकते हैं अपना पक्ष

**करेंगे बैठक**

**वाराणसी एवं आजमगढ़ मंडल के जिलाधिकारियों के साथ बैठक**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम औतार सिंह व सदस्य बृजेश कुमार 23 फरवरी को यहां आयेंगे और अपराह्न तीन बजे वाराणसी एवं आजमगढ़ मंडल के जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर आरक्षण के बाबत जानकारी लेंगे। तत्पश्चात रात्रि विश्राम करेंगे और 24 फरवरी को मीरजापुर प्रस्थान कर जायेंगे। इस बाबत विस्तृत जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग की सचिव रश्मि सिंह ने संबंधित मंडल के कमिश्नर एवं जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर कहा है कि अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व के संदर्भ में अनुभाविक जांच एवं अध्ययन के साथ निकायवार व अनुपातिक आरक्षण के बाबत समकालीन आख्या के लिए यदि किसी व्यक्ति/संस्था/पार्टी को अपना पक्ष प्रस्तुत करना है, तो वह लिखित/मौखिक आंकलन आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं, जिससे वास्तविक निष्कर्ष तक पहुंचा जा सकें। गौरतलब हैं कि नगर निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनैतिक प्रतिनिधित्व के संबंध में अनुभवजन्य साक्ष्य एकत्रित किया जाना है। उसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग ने निर्णय किया है कि उत्तर प्रदेश के सभी जिलों से नगर निकायों के जनप्रतिनिधि मसलन मेयर/उपमेयर/पूर्व मेयर/पूर्व उप मेयर/नगर पालिका अध्यक्ष/नगरपालिका उपाध्यक्ष/पूर्व न.पां. अध्यक्ष/पूर्व न.पा. उपाध्यक्ष/नगर पंचायत अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, सदस्य व कुछ जातीय संगठनों/संस्थाओं/पक्ष व विपक्ष के प्रतिनिधियों का मत राजनीतिक आरक्षण के संबंध में जाना जाय। जिलाधिकारियों से अपेक्षा की गयी है कि वह उपरोक्त सभी व्यक्तियों/संस्थाओं का लिखित अभिमत लेकर आयोग को सात दिन के भीतर दें।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि आयोग के द्वारा मंडल स्तर पर की जाने वाली सभा गोष्ठी (बैठक) में भी ऐसे व्यक्ति अपना लिखित अभिमत/विचार आयोग को स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

## सीएमओ ने अस्पताल का निरीक्षण किया

**सारनाथ।** मुख्य विकास अधिकारी सहित मजिस्ट्रेट ने मंगलवार को सारनाथ स्थित मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था के कर्मचारियों को अधूरे कार्य को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने बाउंड्री के लिए विवादित भूमि का बातचीत कर निपटारा करवाने का भी आश्वासन दिया। सारनाथ स्थित मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल पर दोपहर बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी व मजिस्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने सभी कक्षों का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने नल को चालू करके भी देखा। उन्होंने अस्पताल के तीन तरफ होने वाले बाउंड्री में विवादित भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस प्रकरण में विवादित भूमि का मामला बातचीत कर हल कर लिया जाएगा। लगभग आधा घंटा तक निरीक्षण करने के बाद लोग वापस चले गए।

# पुरानी पेंशन पर एक बार फिर हुंकार

**मांगा अधिकार**

**कर्मचारियों ने कहा कि चाहे जो हो पुरानी पेंशन लेकर रहेंगे**



पुरानी पेंशन की मांग को लेकर धरना देते कर्मचारी

**वाराणसी।** पुरानी पेंशन ही बुढ़ापे का सहारा होता है सारी उम्र सेवा देने के बाद यह पेंशन ही उनका सम्मान है, बावजूद इसके सरकार कर्मचारियों के लिए सकारात्मक नहीं है।

पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर केंद्र और राज्य के कर्मचारियों ने कैंट रेलवे स्टेशन पर संयुक्त रुप से मंगलवार को धरना दिया। धरने की अध्यक्षता कर रहें नार्दन रेल मेंस यूनियन के सुनील कुमार सिंह कहा कि कोई कर्मचारी एनपीएस से संतुष्ट नहीं हैं केन्द्र सरकार को एनपीएस वापस लेकर पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल कर देनी चाहिए यही हमारी प्रमुख मांग है। कार्यक्रम के संयोजक राज्य कर्मचारी संघ परिषद के जिला अध्यक्ष सचिन श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए कहा की नई पेंशन योजना के परिणाम अब दिखने लगे हैं जो अधिवक्ता आयु पूरी होने के बाद पेंशन का निर्धारण किया जा रहा है वह बुढ़ापे का सहारा नहीं हो सकता। हिमाचल प्रदेश के चुनाव से सबक लेना चाहिए और पुरानी पेंशन की बहाली करते हुए 2014 में की गई घोषणा को पूर्ण करना चाहिए। सभा को करने वालों प्रमुख रूप से राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष शशिकांत श्रीवास्तव, राजेश्वर पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष दिवाकर द्विवेदी, जिला मंत्री श्यामराज यादव, मंडल मंत्री दीपेंद्र कुमार श्रीवास्तव, सुधांशु सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय, जिलाध्यक्ष भदोही धर्मराज यादव श्रीप्रकाश लाल श्रीवास्तव, नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह, एमपी रेलवे मजदूर यूनियन मंडल मंत्री एन बी सिंह, डीके सिंह, अखिलेश चौहान, मनोज चौहान ने संबोधित किया। संचालन माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉक्टर दिनेश कुमार तिवारी ने किया।

# युवा आत्मनिर्भर बनेगा तभी देश का विकास होगा



बीएचयू में आयोजित आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि

**बोले कुलगुरु**

**बीएचयू में 14वां आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का शुभारंभ**

**वाराणसी।** नेहरू युवा केंद्र की तरफ से 14वां आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का शुभारम्भ मंगलवार को कृषि विज्ञान संस्थान-बीएचयू के शताब्दी सभागार में हुआ। वक्ताओं ने कहा कि आज का युवा जब आत्मनिर्भर बनेगा, तभी देश का विकास होगा। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. विजय कुमार शुक्ला ने आदिवासी युवाओं को संबोधित करते हुए बताया कि इस विश्वविद्यालय के स्थापना के पीछे महामना पं. मदन मोहन मालवीय का सपना था कि यहां पर देश-विदेश से युवा अध्ययन करने आएं और राष्ट्र निर्माता बनकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। विशिष्ट अतिथि डीसीपी काशी जोन रामसेवक कहा कि युवा भारत के भविष्य हैं। आप लोग आत्मनिर्भर बनें, तभी देश का विकास संभव है। आप सब एक-दूसरे की संस्कृति से जुड़े और उनके बारे में जानें। आंगतुकों का स्वागत करते हुए नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक अनिल कुमार सिंह ने सात दिवसीय आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। संचालन मनोज शर्मा ने किया। कार्यक्रम को डॉ. अनुपम नेमा, डॉ. बाला लखेंद्र, प्रवीण कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट सीआरपीएफ विनोद कुमार सिंह ने विचार व्यक्त किये। इस दौरान जिला युवा अधिकारी निखिल गुप्ता, जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे ऐश्वर्या मिश्रा, लेखा एवं कार्यक्रम सहायक सुभाष प्रजापति व विकास चौरसिया, शाहनाज श्रीवास्तव, राजीव कुमार आदि उपस्थित रहे।

## मिथिला संस्कृति का प्रतीक है मिथिला मोद

**वाराणसी।** प्रख्यात साहित्यकार डा. जितेन्द्र नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में विश्व मातृ भाषा दिवस के अवसर पर मिथिला मोद पत्रिका लोकार्पण समारोह का नागरी प्रचारिणी सभा में आयोजित किया गया। अतिथियों द्वारा वैशेषिक दर्शन के प्रवर्तक ऋषि कणाद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि प्रो श्रद्धानन्द ने कहा कि 21 फरवरी को यूनिष्कों ने विश्व के विलुप्त हो रहे भाषाओं का संरक्षण,संवर्धन के उद्देश्य से विश्व मातृ भाषा दिवस घोषित कर रखा है यह जानकर आश्चर्य होता है कि विश्व के लगभग सात करोड़ लोगों द्वारा मैथिली भाषा बोली जाती है जो कि आज विलुप्ति के कगार पर है। मिथिला मोद पत्रिका का प्रकाशन सन1905 से हो रहा है, और इसे मैथिली भाषा की प्रथम पत्रिका होने का गौरव प्राप्त है। अध्यक्षता साहित्यकार डा. जितेन्द्रनाथ मिश्र ने किया। संचालन गौतम कुमार झा ने व धन्यवाद ज्ञापन संस्था सचिव दास पुष्कर ने किया।

# कैंट, अंधरापुल, चौकाघाट अब लेढूपुर फिर कहां...

**बदल रहा स्थान**

**नगर निगम को प्रति माह लाखों रुपये का कर देने के बाद भी स्थिरता नहीं**

**चुनाव सहित सरकारी आयोजनों में सहयोग के बाद भी होती है उपेक्षा**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** शहर में जाम का हवाला देते हुए बनारस-गाजीपुर मार्ग पर संचालित परमिटशुदा प्राइवेट बसों के लिए लगातार स्थान बदलने की कवायद की जाती रही है। एक बार फिर इसके स्थान को परिवर्तित करते हुए चौकाघाट से आशापुर लेढूपुर कर दिया गया।

पूर्वांचल की धरती पर गाजीपुर के बाजार को व्यापक रूप से समृद्ध करने के लिए वाराणसी के बाजारों की जरूरत थी, इसके लिए वहां के लोगों के लिए वाराणसी आवागमन भी जरूरी था, इन्हीं सब उद्देश्य से आज से लगभग 45 साल पूर्व लोगों को सुविधा देने के लिए वाराणसी-गाजीपुर मार्ग पर बसों के संचालन की शुरूआत की गयी, तो ना सिर्फ दोनों शहरों में व्यापार ने रफ्तार पकड़ी बल्कि कई लोगों को बस संचालन के चलते रोजगार भी मिला, चालीस साल का दिन बीत गया, लेकिन आज तक इस मार्ग पर बस संचालित करने वाले मोटर मालिक से लगायत बस तक की उपेक्षा की जाती रही है।



बस स्टैंड पर लगा निगम टैक्स का बोर्ड

**बसों से जुड़े लोग खाली**

समिति के लोगों की मानें तो बसों की स्थिरता ना होने के चलते बस संचालन से जुड़े चालक, परिचालक, खलासी, सहित सवारी बसों की नंबरिंग करने वाले लोग बेरोजगार हो जा रहे हैं। इन लोगों के सामने रोजी-रोटी समस्या उत्पन्न हो गई है।

**विभागीय आयोजनों पर भी रहते हैं तैयार**

प्राइवेट बस संचालक कल्याण समिति के विजय प्रताप सिंह बताते हैं कि किसी भी विभाग के आयोजन हों या फिर चुनाव हम सभी लोग विभाग से कंधा से कंधा मिलाकर सहयोग करते हैं, जे पी सिंह बताते हैं कि चालीस साल का समय बीत गया, लेकिन बस संचालकों की खाना बदोशी की जिन्दगी स्थिर नहीं हो पायी, समिति के सुशील सिंह व राजू सिंह का कहना था कि हर बार इसी मार्ग की बसों को अग्नि परीक्षा से गुजरना पड़ता है। विभागीय कसौटी पर उतरने के बाद भी ऐसी परीक्षाएं आर्थिक परेशानी उत्पन्न कर देती हैं।

**प्रति माह दो लाख नगर निगम का राजस्व**

चौकाघाट आयुर्वेद महाविद्यालय के समीप से संचालित होने वाली गाजीपुर मार्ग की बसों से प्रति बस 50 रुपया बतौर कर नगर निगम को रोजाना दिया जाता है। इस स्थान पर बाकायदा निगम का बोर्ड भी लगा है जो इस बात को इंगित करता है कि यह स्थान उन्हीं के द्वारा बस संचालकों को एलॉट किया गया है। रोजाना 120 बसें वाराणसी गाजीपुर मार्ग पर सुबह चार बजे से रात आठ बजे तक संचालित होती हैं। ऐसे में 120 बसों से 50 रुपये के हिसाब से छह हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से प्रति माह एक लाख अस्सी हजार रुपये (1,80,000) दिया जाता है। बावजूद इसके उपेक्षा की जा रही है।

## चिरईगांव : यूरिया किल्लत से किसान परेशान

चिरईगांव। स्थानीय ब्लॉक के साधन सहकारी समिति कमौली, जाल्हूपुर, छितौनी, नरायनपुर, छितौना, बर्थराकला, चिरईगांव आदि केंद्रों पर यूरिया समाप्त हो गयी है। केवल साधन सहकारी समिति गोबरहां पर ही यूरिया का स्टाक है। यूरिया की किल्लत से किसान काफी परेशान है। ऐसे में किसान निजी दुकानदारों से महंगें दामों पर यूरिया खरीदने को विवश है। जिला कृषि अधिकारी संगम मौर्य ने कहा कि साधन सहकारी समितियों पर यूरिया अगर नहीं है तो रैक आने वाली है, जल्द ही पहुंच जायेगी। सहायक विकास अधिकारी सहकारिता दिलीप सोनकर का कहना है कि कई समितियों पर यूरिया समाप्त हो गई है। डिमांड की गयी है।

# ग्राम पंचायतों में खेल मैदान विकसित न होने पर सीडीओ नाराज

**समीक्षा बैठक**

**प्रत्येक गांव में अमृत सरोवर तैयार करने का खंड विकास अधिकारियों को दिया निर्देश**

जनसंदेश न्यूज



विकास कार्यों के प्रगति की वर्चुअली समीक्षा करते सीडीओ हिमांशु नागपाल

**वाराणसी।** मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने मंगलवार को वर्चुअल विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कई ग्राम पंचायतों में खेल मैदान विकसित न होने की जानकारी पर नाराजगी जतायी। सीडीओ ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में खेल मैदान विकसित करने के निर्देश पूर्व में दिए गए थे। परंतु अभी तक खेल का मैदान पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है।

उन्होंने निर्देश दिया कि जिन ग्राम पंचायतों में खेल का मैदान है। उनमें रनिंग ट्रेक, वालीबाल का पोल एवं नेट आदि लगवाना सुनिश्चित किया जाए। जिन ग्राम पंचायतों में जमीन की समस्या है तो एसडीएम से समन्वय कर खेल मैदान की जमीन को मुक्त कराकर विकसित किया जाए। अमृत सरोवर की समीक्षा में पाया उन्होंने गया कि अधिकतर सरोवर निर्माणाधीन है।

सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक गांव में अमृत सरोवर तैयार करें। सरोवर की इनलेट/आउटलेट की प्लानिंग ठीक से कर ले। फेंसिंग इंटरलॉकिंग के बाहर नहीं होनी चाहिए । आवास की समीक्षा करते हुए उन्होंने पाया कि कई जगह कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं। उन्होंने इसे तत्काल शुरू कराने और कुर्सी तक बन चुके आवास की दूसरी किस्त की डिमांड प्रेषित करने का निर्देश दिया। ओडीएफ प्लस के तहत लंबित कार्य को पूरा करने को कहा। शौचालय के सर्वे में मिले पात्र लाभार्थियों की डिमांड भेजने का निर्देश दिया। कहा कि एक भी पात्र व्यक्ति छूटने न पाएं। जियो टैगिंग का कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष जताया। उन्होंने शेष कार्य को एक सप्ताह में पूर्ण करने का निर्देश दिया। समीक्षा में पाया कि ग्राम सचिवालय के जन सेवा केंद्रों 794 पंचायत सहायक के सापेक्ष 561 पंजीकृत है। उन्होंने सभी पंचायत सहायकों का पंजीकरण तत्काल सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

कहा कि जो भी पंचायत सहायक कार्य नहीं कर रहे हैं। उन्हें नोटिस देकर हटाने और नए पंचायत सहायकों की तैनाती की जाए। सभी का शत-प्रतिशत खाता भी खुलवाया जाए।

## वाराणसी -लखनऊ के बीच नई बस सेवा

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने वाराणसी से प्रदेश की राजधानी लखनऊ तक नई बस सेवा संचालित करने की योजना बनाई है। यह बस सुबह आठ बजे चलकर दोपहर तक लखनऊ रोडवेज स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में यह बस शाम छह बजे चलकर देर रात वाराणसी आएगी। क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव वर्मा ने बताया कि वाराणसी परिक्षेत्र को दो नई बसे आवंटित हुई है।

# सूचना व तकनीकी ने साहित्य को किया प्रभावित

**बोले कुलसचिव**

**महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन**



महिला महाविद्यालय में आयोजित संगोष्ठी में बोलते वक्ता

**वाराणसी।** बीएचयू के कुलसचिव प्रो. अरुण सिंह ने कहा कि भारतीय समाज में होने वाले परिवर्तन को साहित्य ने बखूबी उजागर किया। लेकिन सूचना एवं तकनीकी ने साहित्य को प्रभावित किया। वह महिला महाविद्यालय में मंगलवार को आयोजित '21वीं सदी में भारतीय साहित्य की वर्तमान प्रवृत्तियां' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि थे।

उन्होंने कहा कि तुलसीदास, कबीरदास, पंत आदि कवियों के योगदान को भारतीय साहित्य से विलगाया नहीं जा सकता। मंडलीकरण और निजीकरण ने साहित्य को बदलने की भरपूर कोशिश की है। सोशल मीडिया भी इसमें अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विशिष्ट अतिथि डॉ. सुनीता चटर्जी ने कहा कि भाषा की अभिव्यक्ति का अधिकार सभी को है। कैसे शब्द बदलकर एक भाषा से दूसरी भाषा में यात्रा करते हैं। मुख्य वक्ता एसके मकबूल इस्लाम ने कहा कि भाषा और उसकी बोलियों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। भाषा प्रवाहमान होती है। उसे किसी परिधि में बांधा नहीं जा सकता। रचना की परंपरा और संभाषण में भले ही स्वरूप बदलता रहता है। भाषा का दस्तावेजीकरण नहीं होना चाहिए, वह इतिहास की विषयवस्तु है न कि साहित्य की। अध्यक्षता करते हुए डॉ. सुब्रत राय चौधरी ने कहा कि भारतीय भाषाओं को वैश्विक स्तर पर उचित प्लेटफार्म नहीं मिल पा रहा है। स्वागत रीता सिंह व संचालन डॉ. अमर सिंह ने किया। धन्यवाद प्रो.अर्चना सिंह ने दिया।

## हाईस्कूल गणित की परीक्षा में 2348 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**वाराणसी।** जनपद में कुल 139 केंद्रों पर बोर्ड परीक्षाएं कराई जा रही हैं। जिनमें मंगलवार को हाईस्कूल की गणित की परीक्षा में पंजीकृत कुल 38519 परीक्षार्थियों में से 2348 अनुपस्थित रहे। जबकि इंटमीडिएट में पंजीकृत कुल 12635 परीक्षार्थियों में से 623 अनुपस्थितों को दर्ज किया गया। बता दें कि मंगलवार को दो पालियों में हुई बोर्ड परीक्षाओं में हाईस्कूल और इंटर मिलाकर कुल पंजीकृत 51154 परीक्षार्थीयों में 2971 अनुपस्थित रहे। जबकि 48183 परीक्षार्थीयों ने परीक्षा दी।

























## संक्षेप

### 'सांख्यकी गणना की विधियां' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन



**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के शिक्षा शास्त्र विभाग के शोधार्थियों के लिए सोमवार को 'सांख्यकी गणना की विधियां' विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. रश्मि रानी ने प्राचलिक एवं अप्राचलिक सांख्यकी विधियों में अंतर करते हुए कहा कि न्यादर्श की संख्या के आधार पर दोनों विधियों में अंतर किया जाता है। विवरणातमक शोध में न्यादर्श चयन की विधियों के सम्यक प्रयोग बरती जाने वाली सावधनियों पर विशेष बल देते हुए कहा कि न्यादर्श चयन के आधार पर ही सांखिकीय विधियों का चयन किया जाना चाहिए। मुख्य अतिथि का स्वागत विभागाध्यक्ष प्रो.शैलेंद्र कुमार वर्मा ने किया। संचालन डॉ. दिनेश कुमार व धन्यवाद डॉ. रमेश प्रजापति ने किया। कार्यक्रम में डॉ. राखी देब, डॉ. वीणा वादिनी, डॉ. अभिलाषा जायसवाल, डॉ. ज्योत्सना राय, कृष्ण कुमार, मनोज यादव, विजेता सिंह, पूनम कुमारी, शालिनी मिश्र, साक्षी मिश्रा, गिरिजेश मिश्रा, आयुषी मिश्रा, कृति यादव, नेहा यादव, शिव नारायण यादव, दिलीप सोनकर व आनंद लक्ष्मी समेत समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### काशी विद्यापीठ में 'कामायनी'का नाट्य-मंचन



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के गांधी अध्ययन पीठ सभागार में सोमवार की शाम नाट्योत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत 'कामायनी' का नाट्य-मंचन किया गया, जिसका निर्देशन डॉ. शुभ्रा वर्मा एवं प्रस्तुति ललित कला विभाग द्वारा हुआ। नाट्य-मंचन का आरंभ कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी के उद्बोधन से हुआ। संचालन डॉ. रामसुधार ने किया। नाट्य-मंचन से पहले शिव स्तुति अभिजीत चक्रवर्ती द्वारा प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर प्रो. अनुराग कुमार, डॉ. सुनील विश्वकर्मा एवं जयशंकर प्रसाद की प्रपौत्री कविता का सम्मान कुलपति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रो. अनिता सिंह, प्रो. पीतांबर दास, प्रो. केके सिंह, प्रो. शेफाली ठकराल, प्रो. शिवराम वर्मा, प्रो. सुमन जैन, प्रो. ऋचा सिंह, डॉ. जितेंद्र नाथ मिश्र, डॉ. विनोद कुमार सिंह, डॉ. दुर्गेश सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बीरापट्टी स्टेशन पर अप लूपलाइन प्रारंभ



**वाराणसी।** उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के वाराणसी-अयोध्या रूट पर बीरापट्टी स्टेशन पर इमरजेंसी क्रॉसओवर के साथ डायरेक्शनल (अप) लूपलाइन का प्रावधान किया किया गया है। मौजूदा पैनल इंटरलॉकिंग (कुल 29 रूट) में बदलाव के साथ इस प्रक्रिया को अमल में लाया गया है। इस प्रक्रिया के द्वारा अप लाइन पर गाड़ियों के अतिरिक्त दबाव को समाप्त करते हुए गाड़ियों को संचालित किया जा सकेगा बीरापट्टी में डाउन लाइन के लिए अप लूप लाइन और कॉमन लूप सुविधा के निर्माण से यात्रियों को अप दिशा में स्टॉपेज वाली ट्रेनों के लिए बीरापट्टी में प्लेटफार्म संख्या एक(एक) पर उतरने में सुविधा होगी और सेक्शन क्षमता में 33 प्रतिशत की वृद्धि होगी।

### भारतीय संस्कृत ज्ञान परीक्षा पुरस्कार युसरा को



**वाराणसी।** बरेका के बाल निकेतन संस्था की कक्षा पांच की छात्रा उत्तरी ककरमत्ता निवासी अफजाल फारूकी की पुत्री यूसरा फारूकी ने भारतीय संस्कृत ज्ञान परीक्षा में नौंवा स्थान प्राप्त किया। संस्था की तरफ से प्रमाण पत्र दिया गया जिसे पाकर युसरा काफी खुश हैं स्कूल से लेकर आसपास के लोगों ने युसरा की इस उपलब्धि पर ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं दीं है। परिजन भी काफी खुश हैं।

### 24 को इमाम हुसैन जयंती और 7 मार्च को शब-ए-बरात

**वाराणसी।** 21 फरवरी यानी 29 रजब को जैसा की उम्मीद थी 1444 हिजरी के आठवें महीने शाबान का चांद दिखाई दिया। देश और दुनिया के साथ अपने शहर बनारस में चांद की तस्दीक करते हुए बताया गया कि कल शाबान की 1 तारीख होगी। शिया मस्जिद काली महल में दुआखानी के दरमियान फरमान हैदर ने बताया के इस हिसाब से 3 शाबान यानी 24 फरवरी को शहीदे कर्बला इमाम हुसैन की जयंती मनाई जाएगी। 25 तारीख को हजरत अब्बास की जयंती मनाई जाएगी और पाक और पाकीजा पर्व शबे बारात 7 मार्च मंगलवार को मनाया जाएगा। देश और दुनिया के साथ- शहर बनारस में भी इन पर्वों पर महफिल का आयोजन होगा। श्री हैदर ने बताया कि 23 फरवरी गुरुवार को नौचंदी जुमेरात के सिलसिले से जगह-जगह दिन में अलम उठाया जाएगा। शाम को शहीदे कर्बला इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की जयंती का जश्न पूरी अकीदत के साथ मनाया जाएगा।

### जूलुस ए शबीह सफर ए मदीना में उमड़ी भीड़

**रामनगर।** इमाम हुसैन और उनके कुनबे के मदीने से कर्बला की यात्रा की याद में सफरे हुसैनी का जुलूस गोलाघाट स्थित हैदरी इमाम बारगाह से उठा। मातम के बीच सोमवार रात्रि में उठे जुलूस में दुलदुल,अमारी और अलम शामिल थे। हैदरी इमाम बारगाह में मजलिस का आयोजन हुआ। जिसमें उलेमा ने कर्बला के मंजर बयान किए। मजलिस का आगाज तिलावते कलामे पाक से आजम रिजवी ने किया। मजलिस को मौलाना सैय्यद हैदर अब्बास ने खिताब किया। प्रोफेसर डॉ. तस्नीम आब्दी, डॉ. यूसुफ रिजवी रईस, नकी बनारसी, समर मौलाई, बाकर रजा ने कलाम पेश किए। जुलूस का परिचय वसी काजमी ने किया। मजलिस में मुख्यरूप से इनाम रजा, मोहम्मद मेहंदी, समर अब्बास, युसूफ रिजवी (रईस), मोहम्मद, सैय्यद अख्तर रजा, मो. हैदर, आजम रिजवी, नदीम आब्दी, अम्बर तुराबी, नकी हसन (विक्की) एस हसन फातमी (शुजा) बाकर रजा, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। मजलिस का संचालन नदीम आब्दी ने किया।

# संस्कृत भाषा संपूर्ण वैदिक व सांस्कृतिक संपदाओं की कोष : प्रो. रामपूजन पांडेय

**मातृ भाषा दिवस**

**अंतर्राष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस पर संस्कृत व अन्य भाषाओं में प्रस्तुत किए गीत**

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** आर्य महिला पीजी कॉलेज के स्वामी ज्ञानानंद सभागार में संस्कृत एवं बंगला विभाग के द्वारा मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस मनाया गया। इसका उद्घाटन प्राचार्या प्रो. रचना दुबे ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्या प्रो. रचना दूबे की अध्यक्षता में संपन्न हुए इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. रामपूजन पांडेय, न्याय-वैशेषिक विभाग, संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा कि संस्कृत भाषा भारतवर्ष की संपूर्ण वैदिक एवं सांस्कृतिक संपदाओं की कोश है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात संस्कृत को राष्ट्रभाषा बानाने के लिए भारतवर्ष के संविधान विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण विकल्प दिया था।

प्रो. बिंदु लाहिड़ी, अध्यक्ष, बांग्ला विभाग, आर्य महिला पीजी कॉलेज ने सभी का स्वागत तथा मातृभाषा दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बीए एवं एमए की छात्राओं ने संस्कृत एवं विविध भाषाओं में गीत प्रस्तुत किये। भोजपुरी में -असुवन भिगेला नयनवा, यह चैती, मैथिली में- जय-जय भैरवी असुर भयावुनी, उड़िया में हे गुरू तुमे मंगलमय कृपा बिनु मुक्ति नाही, बंग्ला में नुपुरेरू छंदो वेणुकार सूर, संस्कृत में सवेर्षां नो जननी भारत धरणी कल्पलतेयं- इत्यादि मनोरम गीतों से परिसर को मधुर रस से भर दिया।

आयोजन में भारत की अनेकता में एकता को दर्शाने का प्रयास किया गया है। जिसमें संस्कृत, बांग्ला, हिंदी, अंग्रेजी, मराठी, मलयालम, आसामी, कन्नड, भोजपुरी, मैथिली, अवधि, उर्दू पंजाबी इत्यादि भाषाओं में कविता, संगीत, नृत्य प्रस्तुत किया गया। संचालन डॉ. पुष्पा त्रिपाठी एवं डॉ. आशीष कुमार साऊ ने किया।

स्वागत प्रो. चंद्रकांता राय व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. स्वप्ना बंधोपाध्याय ने किया। डॉ. सुजाता, डॉ. नागमणि और डॉ. भावना पांडेय ने कार्यक्रम-संयोजन में महत्वपूर्ण योगदान किया। इस मौके पर आयोजित सास्कृतिक का संचालन श्रेष्ठा सिन्हा और आराधना प्रकाशन ने किया। डॉ. मंजू बनिक, अध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग, आर्य महिला पीजी कॉलेज द्वारा भाषा दिवस पर अपना विचार व्यक्त किया गया। आयोजन में प्रो. बृजबाला सिंह, प्रो. जया मिश्रा, डॉ. मंजू बनिक, डॉ. सरिता मिश्रा, डॉ. मंजु मेहरोत्रा, डॉ. अनपुम गुप्ता, डॉ. सुमन सिंह आदि उपस्थित रहीं।

## वीडीए ने 11 बीघा अवैध प्लॉट को कराया ध्वस्त



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण (वीडीए) प्रवर्तन टीम द्वारा मंगलवार को सारनाथ व शिवपुर वार्ड में लगभग 11 बीघा अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। सारनाथ वार्ड अंतर्गत रवींद्र मौर्या कालोनाइजर द्वारा ग्राम खजूही एवं कतवारु राजभर कालोनाइजर द्वारा ग्राम-खजूही, रिंग रोड, फरीदपुर, रिंग रोड पर बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग 10 बीघा में अवैध प्लाटिंग विकसित की गयी थी।

उपरोक्त स्थलों पर किये गये अवैध प्लाटिंग निर्माण के विरुद्ध वीडीए प्रवर्तन टीम ने स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्तिकरण कराया।

इस दौरान वीडीए के जोनल अधिकारी चंद्रभान दीक्षित और अवर अभियंता आरके सिंह मौजूद रहे। वहीं शिवपुर वार्ड अंतर्गत अज्ञात कालोनाइजर द्वारा ग्राम- लोढ़ान में बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग एक बीघा में अवैध प्लाटिंग विकसित की गयी थी। अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध आज प्रवर्तन टीम एवं शिवपुर थाना पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्तिकरण की कार्यवाही हुई। जिसमें वीडीए के जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार और अवर अभियंता रामचंद्र मौके पर मौजूद रहे।

## कांग्रेसजनों ने डीएम को सौंपा पत्रक



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को जिलाधिकारी एस. राजलिंग से मिला और राज्यपाल को संबोधित पत्रक सौंपा। पत्रक में प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय के खिलाफ दायर किये गये फर्जी मुकदमें को हटाने की मांग की गयी है।

पत्रक में कांग्रेसजनों ने उल्लेख किया है कि शासन-प्रशासन के दबाव में प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। ऐसे में इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही भी की जानी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में राजेश्वर पटेल, राघवेंद्र चौबे, प्रजानाथ शर्मा, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, सीताराम केशरी, अशोक सिंह, देवेंद्र सिंह, पंकज चौबे, शैलेंद्र सिंह, राजेंद्र श्रीवास्तव, आशीष गुप्ता आदि शामिल थे।

## भूजल दोहन करने वाले व्यवसायियों को सख्त निर्देश

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश भूजल प्रबंधन एवं विनियमन अधिनियम के तहत आरओ प्लांट और सामूहिक उपभोक्ता (अस्पताल, अपार्टमेंट) एवं ड्रिलिंग एजेंसी उपभोक्ता को भूजल अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के प्रावधान किये गये हैं। जिसके लिए एनओसी लेना अनिवार्य है। नहीं लेने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। उक्त जानकारी देते हुए सीनियर हाइड्रोजियोलॉजिस्ट आरके शर्मा ने बताया कि जनपद में संचालित समस्त प्रकार के उपभोक्ता अधिसूचित गैर अधिसूचित वाणिज्यिक, अवसंरचनात्मक, औद्योगिक, आरओ प्लांट और सामूहिक उपभोक्ता (होटल, लॉज, आवासीय कालोनी, अपार्टमेन्ट, अस्पताल, वाटर पार्क, मैरिज हॉल, शॉपिंग कॉम्पलेक्स, वाहन धुलाई केंद्र आदि) जिन्होने भूजल दोहन के संबंध में अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किया है। ऐसे समस्त उपभोक्ताओं को एक माह के अंदर पोर्टल के माध्यम से आनलाईन आवेदन करते हुए अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा अधिनियम की धारा 39 के अंतर्गत छह माह से एक वर्ष तक का कारावास और दो से पांच लाख तक का जुर्माना के दंड के पात्र होंगे।

## विज्ञान को वित्त से जोड़ना समय की अनिवार्यता



**बोले दुबे**

**नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ सिक्युरिटीज मार्केट्स विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला**

**वाराणसी।** एसईबीआई व भारत सरकार की संस्था एनआईएसएम (नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ सिक्युरिटीज मार्केट्स) के तत्वावधान में कंप्यूटर विज्ञान एवं अनुप्रयोग विभाग में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का मंगलवार को स्नातक एवं स्नानकोत्तर स्तर पर विद्यार्थियों के लिए प्रारंभ किया गया।

विभागाध्यक्ष प्रो. सत्या सिंह द्वारा विषय का प्रवर्तन एवं वक्ताओं व सहभागियों का स्वागत किया गया। प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता एसईबीआई व एनआईएसएम से फाइनेंशियल ट्रेनर, अनिल नारायण दुबे द्वारा वित्तीय निवेश के महत्व पर विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान करते हुए बताया गया की विज्ञान को वित्त से जोड़ना समय की अनिवार्यता है, जिसके लिए डिजिटल लिटरेसी के साथ ही फाइनेंशियल लिटरेसी महत्वपूर्ण है। इसके उपरांत मुख्य वक्ता अनिल नारायण दूबे द्वारा वित्तीय निवेश के अवसरों पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न वित्तीय निवेश के साधनों, इक्विटी बनाम डेबीट प्रोडक्ट, शेयर व म्यूचुअल फंड्स में निवेश के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। धन्यवाद ज्ञापन सह समन्यवक रवि प्रकाश जायसवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बीएससी कंप्यूटर विज्ञान, एमसीए, पीजीडीसीए के कुल 61 विद्यार्थी एवं समन्यवक विजेंद्र प्रताप सिंह, सह समन्यवक रवि जायसवाल, शिक्षक गुरु चरण वर्मा, शक्ति सिंह, अंबुज मिश्रा आदि सम्मिलित हुए।

## जी-20 को लेकर सुंदरीकरण के लिए जन जागरूकता

**तैयारी**

**एडीएम (सिटी) ने की व्यापारियों, नागरिकों संग बैठक**

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** काशी में आगामी जी-20 की बैठक के दृष्टिगत नगर में चल रहे सुंदरीकरण एवं फसाड पेंटिंग के जन जागरूकता के संबंध में मंगलवार को अपर जिलाधिकारी (नगर) गुलाब चंद्र ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में बैठक ली। जिसमें क्लस्टर संख्या पी-23, पी24 से संबंधित व्यापार मंडल के उपस्थित पदाधिकारियों, स्थानीय दुकानदार, मंदिर व मस्जिद के व्यवस्थापकगण, स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद स्थापित किया गया।


सभी से अपेक्षा की गई कि समस्त सड़क के किनारे दुकान व मकान मालिक अपना बाहरी हिस्सा फसाड पेंटिंग करा कर नगर की सुंदरता को बढ़ाएं जिससे विभिन्न देशों से आने वाले जी-20 की बैठक में काशी नगरी उनका स्वागत सत्कार बेहतर ढंग से कर सके।

उन्होंने बताया कि शासन प्रशासन द्वारा सड़क, स्ट्रीट लाइट, नाली एवं शासकीय संपत्ति का सुंदरीकरण कराया जा रहा है। सभी नागरिकों को इस पुनीत कार्य में सहयोग करना आवश्यक है। बैठक में अपर जिलाधिकारी (नगर) गुलाब चंद्र, पार्षद मदन दुबे, समीउल्लाह, कैलाश सिंह, सोनू गुप्ता, व्यापार मंडल के पदाधिकारी व डिवीजनल वार्डेन संजय कुमार राय, नागरिक सुरक्षा के डिप्टी डिवीजनल वार्डेन अरविंद विश्वकर्मा, अयन बोस, उप नियंत्रक नीरज मिश्रा, अमूल्य श्रीवास्तव वरिष्ठ सहायक आदि मौजूद रहे।

## वीडीए परिसर में लोन मेले का आयोजन

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना अंतर्गत नगर में साईं सिटी दासेपुर हरहुआ में 608 एवं कुरहुआ में 250 आवास निर्मित कराये गये। जिन्हें विकास प्राधिकरण (वीडीए) द्वारा आवंटित किया गया। आवंटियों की सुविधा के लिए मंगलवार को वीडीए कार्यालय परिसर में विभिन्न बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं के माध्यम से लोन मेला आयोजित किया गया। जिसमें एचडीएफसी बैंक, यस बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, उज्जवल बैंक, यूको बैंक आदि बैंकों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। लोन मेला, ऐसे आवंटी, जो आवंटित आवासों की किस्तों का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं उन्हें बैंकों व वित्तीय संस्थाओं से ऋण सहायता उपलब्ध करायी जा सके, इसके लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 31 आवंटी उपस्थित हुये जिनके द्वारा बैंक प्रतिनिधियों से ऋण प्राप्ति के लिए संवाद स्थापित किया गया।

## सोच विचार के संपादक नरेन्द्रनाथ का सम्मान



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान की ओर से संपादकाचार्य बाबूराव विष्णु पराड़कर सम्मान से नवाजे गये सोच विचार के संपादक नरेन्द्रनाथ मिश्र को गोकुल आर्ट्स के अध्यक्ष डॉ. शिवसुंदर गांगुली ने उनको उनके ईश्वरगंगी स्थित आवास पर जाकर सम्मानित किया। उन्होंने श्री मिश्र को उत्तरीय व स्मृति चिह्न भेंट किया। इस अवसर पर डॉ. गांगुली ने कहा कि लगातार चौदह वर्षों तक मासिक पत्रिका का नियमित प्रकाशन अपने आप में एक इतिहास है। पत्रिका के अब तक के संपादकीय लेखों का संग्रह संपादकनामा का प्रकाशन साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में एक असाधारण उपलब्धि है। जिसे पराड़कर पुरस्कार प्रदान करके हिंदी संस्थान ने स्तुत्य कार्य किया है। इस मौके पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. जितेन्द्रनाथ मिश्र का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नितांश जायसवाल एडवोकेट समेत कई लोग मौजूद थे।

**सम्मान**

**पराड़कर पुरस्कार प्रदान करके हिंदी संस्थान ने किया स्तुत्य कार्य**

## कामायनी एक महाकाव्य के साथ-साथ एक सफल कृति है : प्रो. सुरेंद्र प्रताप



जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

**काशी विद्यापीठ में जयशंकर प्रसाद की जयंती पर तीन दिवसीय नाट्योत्सव व राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन**

**वाराणसी।** जयशंकर प्रसाद का संपूर्ण साहित्य, राष्ट्र निर्माण एवं राष्ट्र की संकल्पना से ओत-प्रोत है। उनके साहित्य में प्रेम, करुणा, दया, ममता आदि के भाव को महसूस किया जा सकता है। उक्त बातें काशी विद्यापीठ के हिंदी विभाग के पूर्व आचार्य प्रो. सुरेंद्र प्रताप ने 'जयशंकर प्रसाद के सृजनात्मक साहित्य में राष्ट्रवाद की अवधारणा' विषयक तीन दिवसीय नाट्योत्सव एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी के तीसरे दिन के समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए कहा।

उन्होंने कहा कि कामायनी एक महाकाव्य के साथ-साथ एक सफल कृति है, इसका पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्व्याख्या होना चाहिए। इस सत्र के मुख्य वक्ता बीएचयू के प्रो. आशीष त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्र की संकल्पना प्रसाद के साहित्य में प्रबल है वे आधुनिक होते हुए भारत के लेखक है।

विशिष्ट वक्ता डॉ. राम सुधार ने कहा है कि प्रसाद का साहित्य स्त्री स्वाधीनता एवं संघर्ष की महागाथा है। डॉ. संगीता घोष ने प्रसाद के काव्य में संगीतमयता पर अपना सारगर्भित वक्तव्य दिया। इस सत्र का संचालन डॉ. सुरेंद्र प्रताप सिंह व धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अनुराग कुमार ने किया। संचालन शोध छात्रा आरती तिवारी व धन्यावाद ज्ञापन डॉ. प्रीति ने किया। इस अवसर पर कविता, अवधेश, प्रो. निरंजन सहाय, प्रो. राजमुनी, प्रो. रामाश्रय सिंह, प्रो. अनुकूल चंद राय, प्रो. नरेंद्र नारायण राय, प्रो. इशरत जहां, प्रो. दानपति त्रिपाठी, डॉ. दिनेश चंद्र शुक्ल, डॉ. विजय रंजन, डॉ. कविता आर्या, डॉ. सुमन ओझा, डॉ. गोपाल, डॉ. शैलेश, डॉ. वीरेंद्र, डॉ. वर्षा सिंह आदि मौजूद रहे।

### अर्थशास्त्र विभाग में तृतीय पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा मंगलवार को तृतीय पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन हुआ। अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने बताया कि यह आपसी अनुभवों को सांझा करने का समय है जब पुराने विद्यार्थी एक साथ उपस्थित हुए है। मुख्य अतिथि समाज विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. बृजेश कुमार सिंह ने पुरातन छात्र सम्मेलन के महत्व को बताया। विशिष्ट अतिथि संपूर्णानंद विश्वविद्यालय के प्रो. राजनाथ ने बताया कि अनुशासन ही सबसे बड़ी पूंजी है। विशिष्ट अतिथि अंग्रेजी विभाग के प्रो. और विश्वविद्यालय अलुमनाई एसोसिएशन के निदेशक प्रो. एनएस कामिल ने कहा कि हमें सदैव प्रयासरत रहना चाहिए कि किस प्रकार से विश्वविद्यालय का पठन-पाठन का कार्यक्रम समृद्ध हो। अतिथियों का स्वागत अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. राकेश कुमार तिवारी ने किया। संचालन पीएचडी कोर्स वर्क के विद्यार्थी नितेश और सुलभा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. उर्जस्विता सिंह, सह-संपादक डॉ. पारिजात सौरभ, प्रो. शरद, डॉ. शेफालिका राय, डॉ. राकेश कुमार तिवारी, प्रो. उदित नारायण चौबे आदि लोग उपस्थित रहे।

### हम सब ने अपनी मातृभाषा के साथ न्याय नहीं किया है : प्रो. रश्मि




**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के मनोविज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर एक दिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन किया गया। एक दिवसीय शिविर की शुरूआत राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत से किया गया। प्रथम सत्र में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परीक्षा नियंत्रक प्रो. बंशीधर पांडे ने मातृभाषा के महत्व, इससे जुड़े मिथकों और इसके वास्तविक अर्थ के बारे में विस्तार से स्वयंसेवकों को अवगत कराया। एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक एवं संकाय अध्यक्ष, छात्र कल्याण संकाय प्रो. केके सिंह ने एनएसएस के मूल उद्देश्यों एवं स्वयंसेवकों से अपेक्षित सेवा कार्यों के साथ ही साथ मातृभाषा के ऐतिहासिक एवं व्यावहारिक महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर का आयोजन एवं संचालन स्वयंसेवकों के द्वारा किया गया। जिसमें स्वयंसेवकों की तरफ से काव्य-पाठ, भाषण एवं वाद-विवाद विधाओं में सहभागिता की गई। द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों के द्वारा निर्मित अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस विषय पर आधारित पोस्टर्स के साथ सभी स्वयंसेवकों ने विश्वविद्यालय परिसर तथा परिसर के बाहर रैली के माध्यम से जन-जागरूकता का प्रयास किया।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोपीगंज, जनपद-भदोही**

पत्रांक स्था 107/न0पा0प0गो0/ दिनांक 21.02.2023

**सार्वजनिक सूचना/इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती लल्ली बेगम पत्नी स्व0 अंदाज अली ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 16.02.2023 द्वारा भवन संख्या-07 मोहल्ला जी0टी0रोड वार्ड नं0-17 में स्थित मकान पर अंकित श्री अन्दाज अली, निजामुद्दीन, फिरोज पुत्र स्व0 मुन्नौवर के वरासत के आधार पर श्रीमती महरुनिशा पत्नी स्व0 निजामुद्दीन उर्फ लोकई, नेक मोहम्मद, दीन मोहम्मद पुत्र स्व0 निजामुद्दीन उर्फ लोकई व फातमान बेगम पत्नी स्व0 फिरोज अहमद, गुलाब हुसैन, सद्दाम हुसैन, अल्ताफ हुसैन पुत्रगण स्व0 फिरोज अहमद व लल्ली बेगम पत्नी स्व0 अन्दाज अली पीर मोहमद, कमल हसन पुत्र स्व0 अन्दाज अली का नाम अंकित करने हेतु अनुरोध किया गया है। इस नामान्तरण प्रार्थना पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त अवधि के उपरान्त प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गोपीगंज भदोही**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोपीगंज, जनपद-भदोही**

पत्रांक स्था 108/न0पा0प0गो0/ दिनांक 21.02.2023

**सार्वजनिक सूचना/इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मालती देवी पत्नी स्व0 भोलानाथ ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 16.02.2023 द्वारा भवन संख्या-15, 42, 91 मोहल्ला अंजही धईकरान पश्चिम मोहाल वार्ड नं0-5 व 9 में स्थित मकान पर अंकित श्री भोलानाथ पुत्र विश्वनाथ के वरासत के आधार पर श्रीमती मालती देवी पत्नी स्व0 भोलानाथ व रेनू देवी पुत्री स्व0 भोलनाथ पत्नी चिन्ता मणि का नाम अंकित करने हेतु अनुरोध किया गया है। इस नामान्तरण प्रार्थना पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त अवधि के उपरान्त प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गोपीगंज भदोही**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोपीगंज, जनपद-भदोही**

पत्रांक स्था 109/न0पा0प0गो0/ दिनांक 21.02.2023

**सार्वजनिक सूचना/इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री पिन्टू पुत्र स्व0 छेदी लाल ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 20.02.2023 द्वारा भवन संख्या-116 मोहल्ला सोनिया तालाब वार्ड नं0-07 में स्थित मकान पर अंकित श्री छेदी लाल पुत्र मंगल मोची के वरासत के आधार पर श्री पिन्टू पुत्र स्व0 छेदी लाल का नाम अंकित करने हेतु अनुरोध किया गया है। इस नामान्तरण प्रार्थना पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त अवधि के उपरान्त प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गोपीगंज भदोही**

# प्रगतिशील भोजपुरी समाज का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**नाराजगी**

## भोजपुरी भाषा को संवैधानिक मान्यता देने की मांग

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर प्रगतिशील भोजपुरी समाज के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को भोजपुरी भाषा को संवैधानिक मान्यता दिये जाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने अपने मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद किया। तत्पश्चात गृह मंत्री को संबोधित ज्ञापन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

वक्ताओं ने कहा कि भोजपुरी गंवारों की भाषा नहीं, बल्कि परिभार्जित संस्कार की भाषा है। आज यूनेस्को की पहल पर पूरी दुनिया में मातृभाषा की महत्ता को साबित करने के मकसद से मातृभाषा दिवस मनाया जा रहा है।

इस क्षेत्र की मातृभाषा भोजपुरी है, जिसका तिरस्कार होता रहा है। अब जरूरी है कि भोजपुरी को संवैधानिक मान्यता दी जाय। भोजपुरी गायन, सिनेमा एवं विज्ञापन में बढ़ रही अश्लीलता पर चिंता जाहिर करते हुए तत्काल इस पर रोक लगाने की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि भोजपुरी की संस्कृति आध्यात्मिक रही है। इसे कबाड़ा करने और धन कमाने वाले गायकों, फिल्मकारों का सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए।

इस अवसर पर डा. हरिगोविन्द राय, डाक्टर विजय बहादुर गुप्त, विजय बहादुर यादव, ओमप्रकाश, फतेहचंद्र बेचैन, प्रेमदेव, सत्यप्रकाश वर्मा, उत्तम चंद्र, रामप्रसाद मनहर, श्रीराम सरगम, कु.खा, राधिका तिवारी, सूर्यदेव तिवारी, राजीव शाह, जितेन्द्र पासवान, प्रभुनाथ पांडेय, आशुतोष तिवारी, कृष्ण कुमार, डा. आदित्य कुमार अंशु, शिवजी पांडेय, रविन्द्र नाथ यादव आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता डॉक्टर भोला प्रसाद आग्नेय तथा संचालन डॉक्टर जनार्दन सिंह ने किया।



कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते प्रगतिशील भोजपुरी समाज के पदाधिकारी

# पार्क के सामने बनेगा वेंडिंग जोन, मिलेगी सुविधाएं

जनसंदेश न्यूज

**पहल**

## पार्किंग व जाम से लोगों को निजात मिलने की उम्मीद

**बलिया।** शहर के लोगों को जाम और पार्किंग की समस्या से अब जल्द ही निजात मिलने की उम्मीद है। इसके लिए नपा की ओर से प्रस्ताव तैयार किया गया है। सब कुछ ठीक रहा तो अगले कुछ दिनों में लोगों को घूमने-फिरने के साथ ही लजीज व्यंजन व साग-सब्जी एक ही जगह पर उपलब्ध होगी। पार्किंग व जाम की समस्या से भी काफी हद तक निजात मिलेगी।

शहर के उत्तर कलक्ट्रेट परिसर से सटे चंद्रशेखर उद्यान के कुछ हिस्से में पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की प्रतिमा स्थापित की गयी है। उस जगह को पार्क बनाने के साथ ही पाथ-वे एवं ओपेन जिम तथा बच्चों के लिए झूला आदि लगाए हैं। पार्क खुलने के साथ ही वहां पर लोगों की भीड़ जुट रहीं है। ऐसे में पार्क में घूमने-फिरने वाले लोगों के लिए पार्क के सामने (टीडी कालेज-कुंवर सिंह चौराहा) मार्ग के पश्चिम वेंडिंग जोन बनाया जायेगा। इसके लिए अधिकारियों ने राजस्व विभाग की टीम से जमीन की पैमाइश करायी है।

वर्तमान समय में उक्त भूमि पर लोक निर्माण विभाग का अलकतरा स्टोर बनाया गया है। अधिकारियों ने उस जमीन को खाली करने का भी निर्देश दे दिया है। सूत्रों की मानें तो साफ-सफाई के बाद उस पर मिट्टी डालकर समतल किया जायेगा। इसके बाद जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय गेट से जीजीआईसी के अंतिम छोर तक की जमीन को वेंडिंग जोन के लिए अधिगृहित किया जायेगा। वहां पर पटरी दुकानदारों को दुकान लगाने की अनुमति होगी। वेंडिंग जोन शुरु होने के बाद खाने-पीने के सामानों के साथ साग-सब्जी की दुकानें लगेगी। साथ ही पार्किंग का भी इंतजाम होगा।

### जल्द शुरू होगा काम

**बलिया।** इस संबंध में नगर पालिका बलिया के अधिशासी अधिकारी सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि मुख्य राजस्व अधिकारी की पहल पर चंद्रशेखर पार्क के वैडिंग जोन बनाये जाने का प्रस्ताव है। जमीन की पैमाइश कर प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। इस योजना पर जल्द ही काम शुरु हो जायेगा। इसके बन जाने से लोगों को काफी राहत मिलेगी।

# आरोपियों का शस्त्र लाइसेंस रद्द

**नंदलाल आत्महत्या कांड**

## डीएम ने रद्द किये आरोपी सहित परिजनों के 12 लाइसेंस

**बलिया।** असलहा व्यापारी नंदलाल गुप्ता आत्महत्या प्रकरण का मामला अभी गर्माया हुआ है। पुलिस द्वारा लगातार आरोपी सूदखोरों पर एक के बाद एक कार्रवाई किया जा रहा है। असलहा व्यवसायी आत्महत्या कांड के नौ आरोपियों तथा उनके घरवालों के नाम से जारी असलहा के लाइसेंस को डीएम सौम्या अग्रवाल ने निलम्बित कर दिया है। उन्होंने करीब एक दर्जन शस्त्र का लाइसेंस ससपेंड किया है।

पुलिस की इस कार्रवाई से सूदखोरों सहित उनके परिजनों में हड़कम्प मचा हुआ है। एक फरवरी को स्टेशन मालगोदाम रोड निवासी नंदलाल ने असलहा की दुकान में खुद की गोली मारकर आत्महत्या कर लिया था। इस प्रकरण में सुसाइड नोट व पत्नी मोनी की तहरीर पर 12 नामजद, चार-पांच अज्ञात व कानपुर की दो फर्मों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

अधिकांश आरोपितों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। घटना के बाद पुलिस की ओर से आरोपित सूदखोरों तथा उनके घरवालों के पास मौजूद शस्त्र लाइसेंस का ब्योरा तैयार कर डीएम को रिपोर्ट सौंप दिया। सोमवार को डीएम ने नौ आरोपियों और उनके परिजनों के 12 असलहों का लाइसेंस निलंबित कर दिया है।

पुलिस के अनुसार जिन आरोपितों का लाइसेंस निलंबित किया गया है, उनमें दुबहड़ निवासी अखिलेश प्रताप सिंह का पिस्टल, जापलिनगंज निवासी सहजानंद का रिवाल्वर, सुरेमनपुर पिपरपाती निवासी अनिल चौबे का पिस्टल व राइफल, मिड्ढी निवासी आलोक सिंह का पिस्टल, बांसडीह रोड के पिपरपाती निवासी राहुल चौबे का पिस्टल, परिखरा निवासी सुनील मिश्र का पिस्टल, परिखरा निवासी राकेश सिंह का रिवाल्वर, भृगु आश्रम निवासी अजय सिंह का राइफल पिस्टल तथा रामपुर महावल निवासी रणजीत उर्फ हनुमान सिंह का राइफल व पिस्टल का लाइसेंस शामिल है।

# एआरटीओ ने वाहन स्वामियों को दी चेतावनी

**बलिया।** बलिया से बक्सर के बीच अवैध रूप से चलाये जा रहे डग्गामार वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करने से पहले सहायक परिवहन अधिकारी अरूण कुमार राय एवं यातायात निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से माल्देपुर स्थित स्टैण्ड पर वाहन स्वामियों एवं जिला टैक्सी स्टैण्ड के अध्यक्ष महेन्द्र यादव को चेतावनी दिया। इस दौरान अधिकारियों ने कराया 150 के स्थान पर 100 रुपये करने एवं डग्गामार वाहनों के संचालन पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया। जिला टैक्सी स्टैण्ड के अध्यक्ष ने एआरटीओ को उनकी टीम को आश्वस्त किया कि किराया 100 रूपये प्रति यात्री लागू कर दिया जायेगा। अवैध रूप से चल रहे वाहनों को तत्काल हटाया जाना संभव नहीं है। इसके लिए उन्होंने एआरटीओ से कुछ समय दिये जाने की मांग की। इस अवसर पर विजय कुमार गुप्त, अशोक कुमार गुप्त, विरेन्द्र सैनी आदि मौजूद रहे।

# अपराह्न 12 बजे खुला आपूर्ति विभाग का कार्यालय

**लापरवाही**

## शिकायत पर एसडीएम ने आपूर्ति निरीक्षक को लगायी फटकार

**बैरिया।** आपूर्ति विभाग की कार्यशैली बैरिया में निराली है। सप्ताह में दो से तीन दिन आपूर्ति विभाग का कार्यालय खुलता है। शेष दिन भी अपराह्न बारह बजे के बाद ही कर्मचारी आते है। इस कार्यशैली से आम जनता को काफी परेशानी हो रही है। फिर भी विभाग पर कोई असर नहीं पड़ रहा है।

दर्जनों लोग मंगलवार को अपना-अपना काम लेकर सुबह दस बजे से ही आपूर्ति विभाग के कार्यालय के सामने खड़े थे, लेकिन कार्यालय बन्द था। जब कार्यालय पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे तक नही खुला तो रानीगंज निवासी रितिक सोनी, मठिया निवासी सर्वजीत मिश्र, टोला शिवन राय निवासी रवि यादव, छेड़ी निवासी निर्मल मिश्र, दलकी नंबर एक निवासी वीरबल, भगवानपुर निवासी राजू कुमार साह ने उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र से जाकर आपूर्ति विभाग का कार्यालय बन्द होने की शिकायत की तो उन्होंने दूरभाष पर आपूर्ति निरीक्षक की जमकर क्लास लगाया। उसके बाद आपूर्ति विभाग के कार्यालय का ताला अपराह्न बारह बजे खुला।

एसडीएम ने चेताया है कि भविष्य में कार्यालय बन्द होने की शिकायत नही मिलनी चाहिए। जनता का कार्य सर्वोपरि है। अन्यथा कठोर कार्यवायी होगी।



बैरिया में आपूर्ति विभाग के कार्यालय पर लटक रहा ताला

### विद्यालयों का निरीक्षण एवं सुपरविजन करने का निर्देश

**बलिया।** 25 फरवरी को आयोजित कमिश्नर की बैठक से पहले डीएम सौम्या अग्रवाल ने लक्ष्य के सापेक्ष विद्यालयों का निरीक्षण तथा सुपरविजन करने का निर्देश दिया है। इसी क्रम में बीएसए मनिराम सिंह ने समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, डायट मॅटर्स, एसआरजी एवं एआरपी को 23 फरवरी तक लक्ष्य के सापेक्ष विद्यालयों का निरीक्षण तथा सुपरविजन शत्-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया है। बीएसए ने स्पष्ट किया कि संबंधित इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरते।

# भारत के प्राकृतिक उत्पादों की विश्व में बढ़ी मांग

**बोले वीरेन्द्र सिंह मस्त**

## किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए किया जाय प्रोत्साहित

**बलिया।** कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, चंद्रशेखर उद्यान में प्रगतिशील किसानों के साथ उद्यान विभाग की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को व्यापारपरक कृषि करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल एवं सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने प्रगतिशील किसानों को नर्सरी के पौधे और शहद उत्पादन करने की किट प्रदान किया।

सांसद ने किसानों का ध्यान प्राकृतिक खेती की तरफ आकर्षित करते हुए कहा कि यह सरकार की प्राथमिक योजनाओं में शामिल है। विश्व को आज प्राकृतिक खेती की आवश्यकता है। इस आवश्यकता की पूर्ति भारत ही कर सकता है। नमामि गंगे कार्यक्रम इसी के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल है। यह योजना जनपद के कई जिले में चलाई जा रही है। प्राकृतिक खेती के लिए बलिया एक प्रमुख जनपद है। सांसद ने डीएम से कहा कि इस योजना से किसानों को लाभान्वित किया जाए। प्राकृतिक खेती के अंतर्गत शहद एक प्रमुख अवयव है। भारत के प्राकृतिक उत्पादों की विश्व में बहुत मांग है। अभी हाल ही में बलिया की सब्जियों को विदेशों में भेजने का काम डीएम ने किया है।

सांसद ने उद्यान अधिकारी से कहा कि इस कार्यक्रम को और तत्परता से कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिल सके और एक जनपद-एक उत्पाद को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि मसूर का उत्पादन बलिया में बहुतायत से होता है। मुस्लिम देशों में मसूर की बहुत ही मांग है। किसानों के उत्पादों के मार्केटिंग की व्यवस्था सरकार ने कर रखी है। उन्होंने कृषि अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में अधिक से अधिक मोटे अनाजों का उत्पादन किया जाए। इनमें ज्वार, बाजरा, कोदो को भी शामिल किया जाए। डीएम सौम्या अग्रवाल ने कहा कि उद्यान विभाग की बहुत सी योजनाएं किसानों के लिए चलाई जा रही है। उसका प्रचार-प्रसार करके किसानों को उसकी जानकारी दी जाए और उन्हें इन योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। सीडीओ प्रवीण वर्मा ने प्रगतिशील किसानों को टोकन के रूप में पौधे तथा शहद उत्पादन करने की किट प्रदान करने की बात की।



किसान को पौधे की नर्सरी देते सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त व डीएम सौम्या अग्रवाल

# एचटी तार की चपेट में आने से मजदूर झुलसा

**बैरिया।** एचटी तार की चपेट में आने से बैरिया कस्बा निवासी 36 वर्षीय मजदूर बुरी तरह से घायल हो गया। यह घटना तब हुई, जब वह बैरिया थाना क्षेत्र के गोबिन्दपुर गांव में ट्रैक्टर की ट्राली में भरा गिट्टी उतारने के बाद ट्रैक्टर ट्राली पर बैठकर वापस लौट रहा था। घायल मजदूर को उसके साथियों ने सीएचसी सोनबरसा पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा था। बैरिया कस्बा निवासी मजदूर वीरेन्द्र पासवान पुत्र स्व. विश्वनाथ बैरिया की एक गिट्टी की दुकान से ट्रैक्टर ट्राली में गिट्टी भरकर गोबिंदपुर गया था। गिट्टी गिराने के बाद जब मजदूर वापस आ रहे थे, तभी काफी नीचे तक लटक रहे हाईटेंशन तार की चपेट में वीरेन्द्र पासवान आ गया। करेंट लगते ही वह ट्राली से नीचे जा गिरा। घायल मजदूर को उसके साथी इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनबरसा ले गये, जहां उसका इलाज चल रहा है। गौरतलब हैं कि क्षेत्र के दर्जनों गांवों में बिजली के जर्जर तार काफी नीचे तक लटक रहे हैं। बिजली का तार कब कहां टूटकर गिर जाय? कहना मुश्किल हैं।

# एसडीएम ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण



**बैरिया।** बोर्ड परीक्षा में नकल कराना तो दूर की बात है। नकल के बारे में सोचना भी महंगा पड़ सकता है। परीक्षा की सूचिता भंग होने नही दी जायेगी। यह बातें उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने मगंलवार को हाईस्कूल गणित विषय की परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण एवं निरीक्षण के दौरान व्यक्त किया। उन्होने बताया कि बैरिया तहसील क्षेत्र में कुल 19 परीक्षा केन्द्र है। सारे परीक्षा केन्द्रों पर नकल विहिन परीक्षा हो रही है। परीक्षा से पूर्व ही केन्द्र व्यवस्थापक, पुलिस कर्मी, राजस्वकर्मी व परीक्षा कराने में सहभागिता करने वाले सभी को बैठक कर शासन की मंशा से अवगत करा दिया गया है। कहीं कोई गड़बड़ी की गुंजाइश नहीं है। अगर कहीं भी कोई नकल कराने की बात सोचता है तो वह गलत है।

नकल किसी भी कीमत पर होने नहीं दिया जायेगा। एसडीएम ने छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से भी अनुरोध किया है कि नकल का विरोध करें और बच्चों में पढ़ने की प्रवृत्ति पैदा करें। ऐसा करने से समाज में बदलाव आएगा और शिक्षा का स्तर काफी ऊंचा होगा। उन्होंने आधा दर्जन से अधिक परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। उधर, बोर्ड परीक्षा में नकल ना होने के कारण कई छात्र-छात्राओं ने परीक्षा भी छोड़ दिया है।

# ट्रेनों के निरस्त होने से परेशान रहे यात्री

**दिक्कत**

## छपरा जाकर पकड़ा बलिया-सियालदह एक्सप्रेस

**बैरिया।** बलिया-छपरा रेलखंड रुट से ट्रेनों के निरस्त एवं मार्ग बदलाव के कारण यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को बलिया-सियालदह एक्सप्रेस को बलिया की बजाय छपरा से ही चलाया गया।

बलिया-सियालदह एक्सप्रेस पकड़ने के लिए जब यात्री सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे तो पता चला कि यह ट्रेन छपरा से जाएगी। ऐसे में यात्री बलिया-सियालदह एक्सप्रेस को पकड़ने के लिए छपरा जाने वाले ट्रेनों की जानकारी के बाबत स्टेशन मास्टर से पूछताछ करते रहे। यात्रियों को दिक्कत तब हुई, जब डाउन उत्सर्ग एक्सप्रेस भी कैंसिल थी। ऐसे में कुछ यात्री टिकट कैंसिल कराकर लौट गए तो कुछ ने चार पहिया वाहन रिजर्व करके छपरा जंक्शन जाकर बलिया-सियालदह एक्सप्रेस को पकड़े। यही नहीं मंगलवार को अप उत्सर्ग एक्सप्रेस व छपरा-वाराणसी सिटी पैसेंजर ट्रेन को भी कैंसिल किया गया, जबकि डाउन सेनानी व डाउन साबरमती एक्सप्रेस को औड़िहार, भटनी के रास्ते डाईबर्ट कर संचालित किया गया। अप सरयू यमुना एक्सप्रेस को भी डाईबर्ट कर चलाया गया।

ऐसे में यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुरेमनपुर के स्टेशन अधीक्षक एलपी वर्मा ने बताया कि सुरेमनपुर से रेवती के बीच डबल लाइन का काम 28 फरवरी तक चलेगा। इस बीच यात्रियों को परेशान होना पड़ सकता है।

# पूर्व प्रधान हत्या प्रकरण में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** रसड़ा पुलिस ने हत्या से संबंधित दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से अवैध पिस्टल एवं दो जिंदा कारतूस बरामद करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उनको न्यायालय के सुपुर्द कर दिया, जहां से उनको जेल भेज दिया गया।

पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रसड़ा पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। 16 फरवरी को रसड़ा कोतवाली में वादी मुकदमा द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि उनके पिता सुरेन्द्र वर्मा को दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोली मार कर हत्या कर दी गयी है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सुसंगम धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। अब तक एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है।

विवेचना के क्रम में मंगलवार को प्रकाश में आए अन्य दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। उपरोक्तप्रकरण की गम्भीरता के दृष्टिगत रसड़ा पुलिस टीम द्वारा तत्परतापूर्वक घटना के शीघ्र अनावरण हेतु सीसीटीवी फुटेज सहित तकनीकी साक्ष्यों का संकलन करते हुए मुखबीर की सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर एक हनुमान मंदिर के पास एक अभियुक्त सौरभ उपाध्याय पुत्र देवेन्द्र उपाध्याय निवासी पंडितपुरा, असनवार, थाना गड़वार को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही से आलाकत्ल पिस्टल मय कारतूस आलोक सिंह के खेत से बरामद किया गया। पुनः विवेचना के क्रम में प्रकाश में आए एक अभियुक्त देवेन्द्र उपाध्याय पुत्र स्व. विजय शंकर उपाध्याय निवासी ग्राम पंडितपुरा, असनवार, थाना गड़वार को मुखबीर सूचना के आधार पर मन्दा रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त सौरभ उपाध्याय ने बताया कि मेरे गांव के पूर्व प्रधान सुरेश वर्मा का हमारे परिवार से जमीनी विवाद चल रहा था, जिससे मेरे पिता एवं घर के सभी लोग बहुत परेशान रहते थे। मैने अपने पिता के कहने पर अपने दोस्त आलोक सिंह के साथ मिलकर 16 फरवरी को ग्राम सभा नत्थोपुर-संवरा-लोहटा मार्ग पर सुरेश वर्मा की गोली मार कर हत्या कर दी थी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हिमेन्द्र सिंह, उनि अमरजीत यादव, उनि हितेश सिंह, उनि अजय कुमार यादव, हेकां. भैया लाल, कां. बेचन यादव, कां. आशीष यादव, कां. उदय बीर चन्द्र, कां. आशीष यादव, मकां. पूजा पाण्डेय, मकां. सुषमा यादव शामिल रहे।



घटना के बारे में जानकारी देते एसपी

## संक्षेप

### निवेशकों के पैसे का भुगतान करने की मांग



**बलिया।** भगवान विश्वकर्मा न्यास पीठ अयोध्या उप्र की आवश्यक बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में हुई। इसमें सहारा समूह के जमाकर्ता एवं उनके परिवार के लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि गरीब, मजदूर, रिक्शा चालक आदि ने एक-एक पाई जुटाकर सहारा इंडिया में जमा किया। अब मैचुरिटी पूरा होने के बाद भी निवेशकों का भुगतान नहीं किया जा रहा है। आमजन ने अपनी बेटी की शादी, मकान बनाने, बीमारी एवं बुढ़ापे के लिए पैसा जमा किया था, लेकिन अब उनके पैसे का भुगतान नहीं हो रहा है। न्यास पीठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम अवध शर्मा ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, वित्त मंत्री, चेयरमैन सेबी मुम्बई को पत्र लिखकर निवेशकों का भुगतान करने की मांग किया है। कहा कि सहारा इंडिया के बलिया रिजनल एवं जोनल आफिस वाराणसी से संपर्क किया गया तो कर्मियों ने स्पष्ट शब्दों में बताया कि निवेशकों का जमा पैसा उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार सेबी मुंबई में जमा किया जा चुका है। इस अवसर पर प्रमोद यादव, चंदन विश्वकर्मा, राहुल यादव, रितेश यादव, विवेक कुमार, मोनू खान आदि मौजूद रहे।

### रासेयो के सप्त दिवसीय शिविर का शुभारंभ



**बलिया।** टीडी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के चारों सप्त दिवसीय शिविर का प्रारंभ उच्च प्राथमिक विद्यालय जीराबस्ती किया गया। महाविद्यालय से निकलकर स्वयंसेवक-सेविका टोली बनाकर उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में पहुंचे। सभी ने विद्यालय प्रांगण की साफ-सफाई कर अपना समान कमरों में व्यवस्थित किया। इसके पश्चात टीडी कालेज के प्राचार्य डॉ. रविंद्र नाथ मिश्र एवं प्राध्यापकों ने मां सरस्वती एवं विवेकानन्द के तैल चित्रों पर माल्यार्पण कर कैम्प का शुभारंभ किया। प्रो. जैनेंद्र पांडेय ने स्वयंसेवकों एवं सेविकाओं को मातृ भाषा दिवस के बारे में बताया। विश्वविद्यालय के समन्वयक डा.साहेब दुबे ने अनुसाशन के महत्व को बताया। अंत में प्राचार्य डा.रविंद्र नाथ मिश्र ने स्वयंसेवक एवं सेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में बताया। इस अवसर पूर्व प्राचार्य डॉ. दिलीप श्रीवास्तव, नेहरू युवा केन्द्र के वर्तमान युवा अधिकारी रविंद्र मोहन, प्रो. अशोक सिंह, डॉ. अनिल कुमार, प्रो. निशा राघव, प्रो. अखिलेश राय, डॉ. कौशल पांडेय, डॉ. शिवनारायण यादव, प्रो. अमलदार निहार, डॉ. राजीव शुक्ला, अमित सिन्हा उपस्थित रहे। संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शिवनारायण यादव ने किया।

### अक्षयवर नाथ अध्यक्ष, मंत्री बने विरेन्द्र

**बलिया।** राजकीय वाहन चालक संघ चिकित्सा स्वासयि एवं परिवार कल्याण शाखा बलिया का अधिवेशन मंगलवार को कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी की उपस्थिति में हुई। इसमें सर्वसम्मति से राकेश कुमार सेंगर को सलाहकार, कृष्ण कुमार शर्मा को संरक्षक, अक्षयवर नाथ पांडेय को अध्यक्ष, सरफराज अहमद को उपाध्यक्ष, विरेन्द्र कुमार यादव को मंत्री, बब्बन प्रसाद को संयुक्त मंत्री, सुरेन्द्र कुमार को संगठन मंत्री, रमेश कुमार को प्रचार मंत्री, मनोज कुमार यादव को कोषाध्यक्ष एवं राजकुमार को आडिटर चुना गया।

### सक्रिय टीबी रोगी खोज अभियान शुरू

**बलिया।** क्षय रोगियों की खोज के लिए सोमवार से सक्रिय टीबी रोगी खोज अभियान शुरू हो गया है। इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों पर मरीजों की जांच किया जा रहा है। यह अभियान पांच मार्च तक चलाया जाएगा। अभियान के तहत टीम द्वारा लोगों की जांच करायी जा रही है। साथ ही उनके बलगम लेकर जांच के लिये भेजा जा रहा है। जिला कार्यक्रम समन्वयक आशीष सिंह ने बताया कि जिले में इस समय 3044 टीबी मरीजों का इलाज चल रहा है। इनमें 98 एमडीआर टीबी के रोगी हैं। जनवरी 2022 से अब तक कुल 6228 टीबी रोगी नोटिफाई किये जा चुके हैं। वर्ष 2018 से अभी तक निक्षय पोषण योजना में 13 हजार 630 क्षय रोगियों को 3.54 लाख रुपए का भुगतान डीबीटी के जरिये किया जा चुका है।

### गंगा की दशा व दिशा पर व्यक्त की चिंता

**बलिया।** गंगा की हिफाजत में तिजारत खोजने की प्रवृत्ति से नदी की नाराजगी बढ़ेगी। सभ्यता का प्रस्थान बिन्दु ही नदियों की अविरलता तथा निर्मलता से अवतरित हुआ है, जिस पर जीवनयापन की अति आधुनिक शैली ने सवाल खड़ा कर दिया है। उक्त बातें गंगा मुक्ति एवं प्रदूषण विरोधी अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी रमाशंकर तिवारी ने मंगलवार को कटहल नाले के गंगा में गिरने वाले स्थान का मौके पर अवलोकन करने के पश्चात व्यक्त किया। कहा कि बांध एवं बैराज से खंडित तथा विभक्त गंगा को अवरोध रहित नहीं किया गया तो वह इतिहास की अंधेरी गुफा में विलीन हो जायेगी। इससे जीवन प्रणाली की निरंतरता बाधित होगी। श्री तिवारी ने कहा कि गंगा की रक्षा एवं सुरक्षा की जिम्मेवारी सरकार तथा समाज दोनो पर समान रूप से है। इस अअवसर पर डा. कमलाकर तिवारी, विनय कुमार पांडेय, मनीष कुमार सिंह, राजकुमार शाह, सुरेन्द्र गुप्त आदि मौजूद रहे।

### बच्चों के साथ इनरव्हील क्लब ने मनायी होली

**बलिया।** संत रविदास स्कूल हरिजन बस्ती जगदीशपुर में इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने फिर से एक नयी सोच के साथ अपनी टीम के संग स्कूल के बच्चों के साथ होली का त्योहार बनाया। इस दौरान बच्चों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगााकर होली की मुबारकबाद दी। वहीं, इनरव्हील क्लब की ओर से बच्चों को उपहार स्वरूप पिचकारी, रंग, गुझिया, नमकीन, बिस्कुट, चप्पल आदि देकर होली की शुभकामनाएं दी। वही, विद्यालय के प्रधानाचार्य ने इनरव्हील क्लब का आभार व्यक्त किया। इस दौरान क्लब की सदस्यों ने बच्चों के बीच गुड टच और बैड टच की जानकारी दी। साथ ही अपने आस-पास साफ-सफाई रखने के लिये भी जागरूक किया। इनरव्हील क्लब के सदस्यों ने बच्चों को टीकाकरण के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर नीलिमा सिंह, उषा पांडेय, कविता सिंह आदि मौजूद रहीं।



### चोरी की भैंस एवं पाड़ा के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** फेफना पुलिस ने चोरी की तीन भैंस एवं एक पाड़ा साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने एक अभियुक्त के पास से चाकू बरामद किया। पुलिस ने पकड़े गये अभियुक्तों को संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया। एसपी राजकरन नय्यर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष फेफना रोहन राकेश सिंह, उनि उमाशंकर यादव सदल-बल माल्देपुर तिराहा पर मौजूद थे। इसी बीच मूखबीर ने सूचना दिया कि नसीराबाद से जो भैंस चोरी हुई है, उसे लेकर कुछ लोग माल्देपुर में गंगा नदी घाट पर बने पीपा पुल के पास खड़े है। वह पीपा पुल के रास्ते बिहार जाने की फिराक में है। थानाध्यक्ष ने क्षेत्र में मासूर उनि सागर कुमार रंगू को तलब किया, जो हेकां. मंगला प्रसाद उपाध्याय के साथ माल्देपुर तिराहा पर पहुंचे। पुलिस जब पीपा पुल के पास पहुंची देखा कि तीन व्यक्ति तीन भैंस एवं एक पाड़ा को रस्सी में बांधकर पकड़े हुए है। पुलिस ने उनको पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम मनभरन यादव पुत्र स्व. नंदजी यादव निवासी अगरसंडा, पौहारीपुर, थाना फेफना, कमलेश यादव पुत्र कैलाश यादव निवासी यारपुर बेदुआ नई बस्ती, थाना कोतवाली बलिया एवं मुन्ना उर्फ अशोक यादव पुत्र स्व. रामसागर यादव निवासी दरामपुर, थाना फेफना बताया। मुन्ना उर्फ अशोक के पास से एक चाकू बरामद किया गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष रोहन राकेश सिंह, उमाशंकर यादव, सागर कुमार, जयकिशुन पाल, मंगल प्रसाद, रामप्रीत यादव, उमाशंकर, शैलेन्द्र कुमार शामिल रहे।



# विजय शंकर के चित्र पर अर्पित किया पुष्प



**बेल्थरारोड।** लिटिल फ्लावर ग्रुप आफ स्कूल के संस्थापक विजय शंकर यादव के त्रयोदशी संस्कार के उपरान्त मंगलवार को श्रद्धांजलि एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गृह स्थान लिटिल फ्लावर चिल्ड्रेन स्कूल, पावर हाउस रोड निजामुद्दीनपुर, मऊ में संस्थापक विजय शंकर यादव के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया।

प्रसाद वितरण में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर संस्थापक स्व. यादव की शिक्षा के क्षेत्र में दिये गये योगदान तथा जीवनी का एक संक्षिप्त विवरण की प्रति सभी में वितरित की गयी। ज्ञातव्य है कि संस्थापक यादव का स्वर्गवास बीते 08 फरवरी की प्रातः में बीमार हालत में हो गया था। इस मौके पर सतीश दूबे, बंशीधर यादव, अमरजीत यादव, महेन्द्र यादव, विजय बहादुर यादव, जय बहादुर यादव, अशोक यादव, आरके यादव, चुन्नू यादव, विश्वनाथ यादव, रामप्रवेश यादव, रामवृक्ष यादव, हरिनाथ यादव, ओमप्रकाश यादव आदि मौजूद रहे। शोकाकुल परिवार में अखिलेश यादव, मुरलीधर यादव, गिरधर यादव, राम लखन यादव, श्रीधर यादव, प्रियांशु विजय, श्रीयांशु विजय आदि ने अपनी सक्रिय भूमिका अदा की।

**याद**

**प्रसाद वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए हजारों लोग**

# ग्राम न्यायालयों के विरोध में उतरे अधिवक्ता

**नाराजगी**

**कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर डीएम को सौंपा ज्ञापन**

जनसंदेश न्यूज



कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते अधिवक्ता

**बलिया।** ग्राम न्यायालयों का सभी तहसीलों में स्थानांतरण करने संबंधी जानकारी होने पर क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिएशन तथा दी सिविल बार एसोसिएशन के वकीलों ने संयुक्त बैठक कर कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया। इस दौरान बार के अधिवक्ताओं ने कहा कि हर हालत में हम ग्राम न्यायालयों का विरोध करेंगे। बिल्थरारोड, सिकंदरपुर, बैरिया, रसड़ा के अधिकार क्षेत्र में आने वाले समस्त दीवानी एवं फौजदारी वादों की सूची बनाकर ग्राम न्यायालयों में भेजने की तैयारी को हम अमलीजामा नहीं पहनने देंगे।

वकीलों ने मंगलवार को कोर्ट परिसर से सरकार की गलत नीतियों के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में जमकर नारे लगाए। इसके उपरांत डीएम सौम्या अग्रवाल से मिलकर पत्रक सौंपा। इस आशय का प्रस्ताव पारित कर वकीलों ने जिला सत्र न्यायाधीश बलिया व जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल से मिलकर शासन को वकीलों की मंशा से अवगत कराने का अनुरोध किया। साथ ही चेताया कि अगर शासन स्तर पर हमारी बातें नहीं मानी जाती है तो हम उग्र आंदोलन भी करेंगे। मंगलवार को कार्य बहिष्कार के साथ ही वकीलों ने करीब दो घंटे तक बैठक की और सरकार के गलत नीतियों को कोसने का कार्य किया। कहा कि ग्राम न्यायालयों के नाम पर गरीब वादकारियों को दोहरी मार झेलनी पड़ेगी। जहां ग्राम अदालतों में छोटे-मोटे वादों के लिए तहसीलों का चक्कर काटना पड़ेगा, वहीं सेशन ट्रायल हुआ जिला जज स्तरीय मुकदमों के लिए जिला मुख्यालय भी आना पड़ेगा। ऐसे में एक ही मुकदमे में वादकारियों को दो जगहों का चक्कर काटना पड़ेगा। क्रिमिनल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र नाथ मिश्रा ने कहा कि हम ग्राम न्यायालयों का तब तक विरोध करेंगे, जब तक शासन और हाईकोर्ट अपने इस गलत निर्णय को वापस नहीं लेता। उन्होंने जिलाधिकारी से मिलकर यह मांग रखा कि अधिवक्ताओं व अधिकारियों के हित को देखते हुए शासन को अवगत कराया जाए। अन्यथा की दशा में हम सभी नाले न्यायालयों का कार्य बहिष्कार करते हुए तालाबंदी भी करेंगे। इस मौके पर सिविल बार के अध्यक्ष देवेंद्र दुबे, महासचिव कुबेरनाथ पाण्डेय, क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिएशन के महासचिव अनिल कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष शिवकुमार तिवारी, प्रदीप कुमार गुप्ता, दयाशंकर तिवारी, सुभाष चंद श्रीवास्तव, मनोज राय हंस, सत्य प्रकाश यादव, अखिलेश सिंह, डा. निर्भय नारायण सिंह आदि मौजूद रहे।

# मार्च में शुरू हो जाएगा कूड़ा निस्तारण केंद्र

**बलिया।** बसंतपुर में नगर पालिका परिषद की ओर से बनाया जा रहा कूड़ा निस्तारण मार्च के अंत तक शुरू हो जाएगा। इसके चालू हो जाने से कूड़ा डंपिंग का संकट दूर हो जाएगा। उस कूड़े से जैविक खाद तैयार किया जाएगा। यही नहीं, रोजाना निकलने वाले खराब प्लास्टिक के सदुपयोग पर भी काम होगा।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कूड़ा निस्तारण की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कूड़ा निस्तारण केंद्र के संचालन के लिये जिले से लेकर शासन स्तर तक प्रयास किया। कई वर्षों से लंबित इस प्लांट के निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद नवंबर 2022 में कार्य भी शुरू हो गया। एएफसी इंडिया ने निर्माण शुरू किया और महज तीन माह में 70 फीसदी से अधिक कार्य पूरा करते हुए मंत्री को आश्वस्त किया कि मार्च तक इसका संचालन शुरू कर देंगे।

इसके निर्माण में कुल तीन करोड़ 60 लाख रुपये खर्च होंगे। प्लांट के शुरू होते ही नगर का कूड़ा इधर-उधर नहीं फेंका जाएगा और समुचित निस्तारण हो सकेगा। अभी निस्तारण की व्यवस्था नहीं होने से महावीर घाट पर कूड़ा डंप किया जा रहा है, जिससे गंगा स्नान जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस प्लांट का निर्माण वर्ष 2006 में शुरू कराया गया था। तब कार्य करा रही फर्म को पहली किश्त धनराशि मिल गयी थी। कुछ काम करने के बाद फर्म की ओर से लापरवाही देखने को मिली।

नगर पालिका परिषद ने जब फर्म पर शिकंजा कसना शुरू किया तो मामला कोर्ट तक पहुंच गया। कोर्ट की ओर से इस प्लांट को बनाने के लिये कुछ शर्तों के साथ फर्म को निर्माण करने का एक और मौका मिला। लेकिन तय सीमा के अंदर फर्म नहीं निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया। इसके बाद 2020 में फर्म को टर्मिनेशन आदेश जारी कर दिया गया। कूड़ा निस्तारण केंद्र के शुरू हो जाने से आस-पास के नगर पंचायतों का कूड़ा भी यहां लाकर निस्तारण किया जाए। इससे पड़ोस की नगर पंचायतों में भी कूड़े की समस्या का समाधान हो सकेगा।

### शहर को एक बड़ी समस्या से मिलेगी निजात

**बलिया।** इस मामले में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि कूड़ा निस्तारण केंद्र मार्च माह में शुरू हो जाएगा। इससे शहर को एक बड़ी समस्या से निजात मिल जाएगी। कूड़ा में मौजूद प्लास्टिक से बायोडीजल बनाने की दिशा में भी प्रयास हो रहा है। इन्वेस्टर्स से इस संबंध में वार्ता हुई है। इसके लिये प्लांट के पास ही जमीन उपलब्ध कराया जाएगा। इस प्लांट के शुरू हो जाने से नगर के लोगों को सड़क पर इधर-उधर फैले कूड़ों से निजात मिल जाएगी।

# परियोजना के लिए हुई 73.39 प्रतिशत जमीन की रजिस्ट्री

**ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे**

**काश्तकारों के खाते में भेजी गई लगभग 250 करोड़ की धनराशि**

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** गाजीपुर से बलिया-मांझी घाट तक ग्रीन फील्ड परियोजना से प्रभावित कुल 98 गांव शामिल है। सदर तहसील क्षेत्र के 83 गांव और बैरिया तहसील क्षेत्र के कुल 16 गांव इस परियोजना में शामिल होंगे। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिये 73.39 प्रतिशत जमीन की रजिस्ट्री हो चुकी है। इसमें सदर तहसील 76.25 और बैरिया में 66. 58 प्रतिशत रजिस्ट्री हो चुकी है।

ऐसे में विभाग ने लगभग ढाई सौ करोड़ की धनराशि रजिस्ट्री के बाद किसानों, काश्तकारों के खाते में भेज चुकी है। वैसे कार्यालय विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी बलिया के अनुसार लगभग 750 करोड़ रूपये जमीन पर खर्च होंगे। इसमें से 250 करोड़ रूपये दिये जा चुके है।

ग्रीन फील्ड परियोजना में कुल 458. 7163 हेक्टेयर जमीन की आवश्यकता है। उस परिक्षेत्र में विभाग काम कर रहा है। इसी तरह गाजीपुर जिले के विभिन्न तहसील क्षेत्रों के अंतर्गत 86 गांव शामिल हैं। यहां पर 69.66 प्रतिशत जमीनों की रजिस्ट्री हो चुकी है। 27 फरवरी को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे की आधारशिला चितबड़ागांव में रखेंगे। इसको लेकर शासन और जिला प्रशासन स्तर से तैयारी जोर-शोर से चल रही है।



ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे की जमीन के लिए काश्तकारों का नाम चेक करते अधिकारी



ग्रीन फील्ड परियोजना के लिए काश्तकारों के खाते में धनराशि भेजने में जुटे कर्मचारी

### बलिया तहसील के इन गांवों से गुजरेगी परियोजना

**बलिया।** सदर तहसील के 82 गांवों से ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे गुजरेंगी। इसमें शाहापुर, लाकड़ा, बढ़लिया, अवगिलवा, हरदरपुर, बंकापुर, टिकासुर, टिकरी, मुस्तफाबाद, बसारतपुर, सुल्तानपुर, कोटवारी, कुरूचुंदा मु. सिंहपुर, कल्यानपुर, कुरूचंदा एकौनी, एकौनी (गड़हा), टेटेडांड, एकौनी (को.शर्की), पाहतीखा, तीखा, वीरपुर, चेरूइंयां, नरहीं, गंगहरा, वैना, बघेजी, खाप नसीराबाद, सरफुद्दीनपुर उर्फ मुबारकपुर, देवरिया खुर्द, खाप सरफुद्दीनपुर, खाप खोरीपाकड़, हैबतपुर खाप, हैबतपुर, परसीपट्टी, माल्देपुर, विजयीपुर, बनकटा, मखदुमही, बेदुआं, हीरपुर, नेउरी तालुका जमुआं चंदनपुर, कंसपुर, परिवरहीं, मुर्की, जमुआ, किशुननगर, मोहनछपरा, नगवां, हरलाल, छपरा, जनाड़ी, जनाड़ी माफी, भेड़सर, भीमपट्टी, उग्रसेनपुर, ओझा कछुवा, कछुवा खास, रामपुर, टिटिही, पोछरी, पिंडारी, भरखोखा, कठहीं, मुड़ाडीह, लाखपुर, मलिकपुरा उर्फ जगछपरा, दुधैला, खजुहटी, वरूणा मु. दीघार, रघुनाथपुर मु.दीघार, पुन्नीपुर, चुरैली, दुलारपुर, कमालपुर, जाजर अदाई, जाजर माफी, पिंडारी गड़हा, बधौना खुर्द, भरौली खास, सिंहाकुंड, सागरपाली, दरामपुर शामिल है।

### बैरिया तहसील में यहां से गुजरेगा एक्सप्रेस-वे

**बलिया।** बैरिया तहसील में कंचनपुर, केवा, रामपुर, छेरडीह, नौकागांव, बलिहार, दयाछपरा, दलपतपुर, जगदेवा, हरखपुर, बैरिया, टेंगरही, भोजापुर, सोनबरसा, इब्राहिमाबाद उपरवार, चांददीयर गांवों से ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे गुजरेगा।

### सीएम के आने की हो रही चर्चा

**बलिया।** 27 फरवरी को ग्रीन फील्ड परियोजना के शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने की चर्चा हो रही है। हालांकि इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन भाजपा के राजनीतिक गलियारों में इसकी चर्चा जरूर है। वैसे, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आना तय है। इसको लेकर सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू आदि लोग तैयारियों में लगे हुए है।

## संक्षेप

### मजदूरों को दी अधिकार एवं कानून की जानकारी



**बलिया।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊके निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया जितेन्द्र कुमार पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन में मंगलवार को मजदूरों के अधिकारों के विषय में विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन विशुनपुरा (सोबईबांध), करनई में अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव नरेन्द्र पाल राणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव नरेन्द्र पाल राणा ने कहा कि यह कार्यक्रम नालसा योजना के तहत आयोजित किया गया है। इसमें श्रमिकों के अधिकारों, बालश्रम प्रतिषेध, नशामुक्ति, नशा उन्मूलन, विधिक सहायता, सलाह से जुड़े कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरुक किया गया। मजदूरों को उनके न्यूनतम मजदूरी के अधिकार तथा कानून की जानकारी दी गई।

### आमजन को फाइलेरिया से बचाव की दी जानकारी



**मझौवां।** अमरनाथ मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय दूबेछपरा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी स्वयंसेवी कतारबद्ध खड़े हुए और राष्ट्रगान एवं लक्ष्य गीत का गायन किया। इसके बाद स्वस्थ जागरूकता अभियान के अंतर्गत कतारबद्ध होकर फाइलेरिया रोग के विरुद्ध नारे लगाते हुए ग्राम उदयई छपरा, दूबे छपरा एवं गोपालपुर में भ्रमण किए। तदुपरान्त टोलियों में बंटकर ग्रामीणों के बीच फाइलेरिया रोग के कारण और बचाव हेतु जन जागरण अभियान चलाया। वापस महाविद्यालय में आकर बौद्धिक विमर्श के अंतर्गत गोष्ठी हुई। विषय प्रवर्तन करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी संजय मिश्र ने अंतर्राष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस मनाए जाने का कारण तथा इसके उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता अमित कुमार राय ने कहा कि भारत एक बहुभाषी देश है, जहां भाषा और बोलियों की विविधता है। उन्होंने सभी को हिंदी का पाठक बनने की अपील की। स्वयंसेवी रानी ठाकुर, अर्जुन सिंह, सतीश प्रजापति, रविशंकर तथा आर्यन ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर राजू, गोपाल, इंद्रजीत, सिद्धार्थ कुमार, डॉ. श्रेयांशी, परमानंद, ओमप्रकाश, संतोष, रविंद्र योगेंद्र आदि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का उद्घाटन



**रसड़ा।** हीरानन्द महाविद्यालय नारायणपुर रसूलपुर रसड़ा के प्रांगण में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. श्रीविलास त्रिपाठी के द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्रीविलास त्रिपाठी ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक कार्यक्रम नहीं समाज को जागरूक करने का काम करता है इसमें साफ स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत अच्छे-अच्छे कार्य सिखाए जाते हैं, जो समाज को स्वच्छ सुंदर बना रहे, जिसमें महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी कमलेश मिश्रा डॉ. शिवजी गुप्ता, विनोद तिवारी, अनिल यादव, श्रवण कुमार यादव, बब्बर यादव, अमरेश सिंह, ओमप्रकाश सिंह समस्त महाविद्यालय के लोग उपस्थित रहे।

### बाइक सवार अमीन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**रसड़ा।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के कमतैला गांव के समीप बाइक सवार विनोद यादव अमीन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के अहीरपूरा गांव निवासी अमीन विनोद यादव 50 वर्ष पुत्र राधा मोहन यादव पेशे से अमीन थे। 6 महीना पहले रसड़ा क्षेत्र से इनकी ट्रांसफर बेल्थरा रोड तहसील में हो गई थी। मंगलवार को बाइक से बेल्थरा रोड से आते समय कमतैला गांव के पास उनकी हालत गंभीर होने लगी वहीं गिर पड़े मौके पर आस-पास के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य के निधन पर शोक



**रसड़ा।** कोतवाली क्षेत्र के अहमर पट्टी उत्तर के पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं वरिष्ठ सपा नेता स्व. नूरुल बसर अंसारी की पत्नी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य साजिदा बेगम 60 वर्ष का निधन मंगलवार को सुबह लगभग 10 बजे मऊ अस्पताल ले जाते समय हो गयी। उनका पार्थिव शरीर उनके गांव लाया गया जहां सुभासपा के राष्ट्रीय महासचिव व अरुण राजभर, आदित्य, विनय शंकर, अभय कौशल, सतीश, शिवानंद वागले, आफताब अहमद, विनय शंकर, बीरबल राम, जावेद , पिन्टू आदि सैकड़ों लोगों ने उनके आवास पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को दोपहर 1:00 बजे किया जाएगा।

### रेवती रेलवे स्टेशन के एक ट्रैक को हटाने का काम शुरू

**रेवती।** एक तरफ रेवती की स्टेशन बचाओ संघर्ष समिति के लोग रेलवे स्टेशन को पूर्व के दर्जा में शामिल करने के लिए किए जा रहे संघर्ष के क्रम में रेल स्टेशन को उसके पुराने दर्जे में कायम रखने की मांग को लेकर रेल मंत्री को संबोधित पत्र तैयार कर मंगलवार को भेजने के काम में लगे थे तो उधर अंग्रेजी शासन के समय में बिछाए गए लगभग सवा सौ वर्ष पुराने रेल ट्रैक को उसी दिन रेल विभाग के द्वारा उखाड़ कर हटाने का काम शुरू था। स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में अंग्रेजी शासन के विरोध में रेवती में स्वतंत्रता सेनानियों ने रेवती रेल लाइन को उखाड़ दिया था। बाद में अंग्रेजी सत्ता के द्वारा उक्त लाइन पर ट्रैक स्थापित करने का काम किया गया। तब से लेकर अब तक रेवती रेल स्टेशन पर तीन ट्रैक थे। मंगलवार को स्टेशन के तरफ की ट्रैक को रेल विभाग के द्वारा उखाड़ने का काम जारी था। स्थानीय स्टेशन को आईबीएस बनाए जाने को लेकर क्षेत्र वासियों में आक्रोश व्याप्त है।

## संक्षेप

### इन्क्लूसिव ग्रोथ व पार्टिसिपेटरी डेवलपमेंट राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन



**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन स्थित सभागार में मंगलवार को जी20 'इन्क्लूसिव ग्रोथ एवं पार्टिसिपेटरी डेवलपमेंट' विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कल्पलता पाण्डेय ने किया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि आईएएस ज्ञान प्रकाश उपाध्याय (कैबिनेट सेक्रेटरी, सिक्किम सरकार) ने अपने उद्बोधन में कहा कि संपूर्ण विश्व विकास के लिए भारत की ओर देख रहा है। वर्तमान समय में जब सभी विकसित देशों की अर्थव्यवस्था मंदी के दौर से गुजर रही है, तब भारत सबसे तेज विकास कर रहा है। समारोह के विशिष्ट अतिथि एपी उपाध्याय पूर्व अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, उप्र ने छात्रों को संबोधित किया और विवि तथा बलिया के विकास के लिए उनके प्रयत्नों को आवश्यक बताया। अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए प्रो. कल्पलता पाण्डेय ने कहा कि लिविंग रिजल्ट ऑफ बलिया के सदस्यों के कायार्नुमत का लाभ बलिया और विवि को प्राप्त होगा। इनकी विशेषता का लाभ शिक्षण अनुसंधान और बलिया के समावेशी विकास में क्रियान्वयन किए जाने की दिशा में निर्णायक भूमिका अदा करेगा। कुलपति ने कहा कि जी20 भारत के विकास के लिए आवश्यक है। प्रत्येक भारतीय अपने स्तर से समर्पित होकर कार्य करें तो आने वाले समय में भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में परिलक्षित होगा। इसी क्रम में प्रो. एचके सिंह, काशी हिंदू विवि, वाराणसी और डॉ. सत्यप्रकाश गुरु, घासीदास विवि, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ ने भी जी20 की अपार संभावना पर विचार व्यक्त किए। कुलपति प्रो. कल्पलता को कर्नल रैंक से सम्मानित जननायक चंद्रशेखर विवि बलिया के कुलपति प्रो. कल्पलता को एक सादे समारोह में एनसीसी कर्नल की मानद उपाधि प्रदान की गई। एनसीसी 93वीं बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एम. हनु राव और कुलानुशासक प्रो. अरविंद नेत्र ने इस अवसर पर कुलपति महोदया को बैच एवं कैप पहनाकर ऑनरेरी कर्नल रैंक से सम्मानित किया गया। उनकी हमेशा से सेना में सम्मिलित होकर देश की सेवा करने की इच्छा थी जो आज इस अवसर पर पूर्ण हुई। इस अवसर पर प्रो. नीरजा सिंह, प्राचार्य गुलाब देबी महाविद्यालय, डॉ. धर्मात्मानंद, प्राचार्य मथुरा डिग्री कॉलेज रसड़ा, 90 एवं 93वीं बटालियन एनसीसी के समस्त अधिकारीगण तथा विश्वविद्यालय के प्राध्यापक तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### एक परिवार एक पहचान योजना का प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**मऊ।** उत्तर प्रदेश में अभ्यासित परिवारों के लिए फैमिली आईडी एक परिवार एक पहचान योजना के क्रियान्वयन के लिए समस्त एसडीएम एवं खण्ड विकास अधिकारियों को फैमिली आईडी के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान ई-डिस्टिक मैनेजर आशीष कुमार मिश्रा ने बताया कि फैमिली आईडी क्या है और कौन-कौन से लोग आवेदन कर सकते हैं। एक परिवार एक पहचान योजना से संबंधित सभी प्रकार के प्रश्नों का निस्तारण भी किया गया। किसी भी परिवार का कोई भी सदस्य फैमिली आईडी के पोर्टल पर जाकर दो आसान प्रक्रिया से अपनी फैमिली आईडी प्राप्त कर सकता है। फैमिली आईडी प्राप्त करने के लिए आवेदक के साथ-साथ परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड तथा उससे लिंक मोबाइल नंबर का होना अनिवार्य है। फैमिली आईडी से संबंधित जानकारी के लिए फैमिली आईडी के पोर्टल पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं।

### जालसाज गिरफ्तार, कब्जे से लैपटॉप व मोबाइल बरामद

**मऊ।** थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा सोमवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान रनतपुरा से किसान सम्मान निधी के फर्जी केवाईसी वेरिफिकेशन तथा धनउगाही के आरोप में सूरज कुमार यादव पुत्र लक्ष्मण निवासी हरिहाकला थाना रेवती जनपद बलिया को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरुद्ध मुअसं 35/23 धारा 420 भादवि में अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

### एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** मंगलवार को थाना घोसी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान बड़ागांव से मुअसं 74/23 धारा 354,452 भादवि व धारा 7/8 पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त आफताब आलम पुत्र खुर्शिद आलम निवासी बड़ागांव थाना घोसी जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# पेंशन योजना के तहत आधार सीडिंग का कार्य शीघ्र करें पूर्ण

**बोले डीएम**

**समाज कल्याण, दिव्यांग कल्याण तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न**



**मऊ।** मंगलवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार द्वारा समाज कल्याण एवं दिव्यांग कल्याण तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के कार्यो की समीक्षा की गई। समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल 781 जोड़े लाभान्वित हो चुके हैं तथा 2 मार्च को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन विकासखंड परदहा में प्रस्तावित है, जिसके लिए अभ्यर्थियों से आवेदन लिए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी ने सामूहिक विवाह के दौरान जोड़ों को दिए जाने वाले सामानों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश जिला समाज कल्याण अधिकारी को दिए। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन के दौरान अभी भी कुछ लाभार्थियों के आधार सीडिंग ना होने पर जिलाधिकारी ने इसे शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश दिए।

राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना की चर्चा के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में 549 लाभार्थियों हेतु कुल 164.70 लाख की धनराशि व्यय की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार उत्पीड़न योजना में अब तक इस चालू वित्तीय वर्ष में 206 प्रस्तावो के सापेक्ष 198.50 लाख रुपए की धनराशि व्यय की जा चुकी है।

योजना के अंतर्गत शेष 39 प्रस्तावो के भुगतान हेतु 34.90 लाख रुपए की धनराशि प्राप्त होने पर लाभार्थियों के खातों में धनराशि प्रेषित की जाएगी। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की चर्चा के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में 73 छात्र पंजीकृत हैं। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मौजूदा वित्तीय वर्ष में बजट के सापेक्ष दिव्यांग उपकरणों का वितरण कार्य पूर्ण हो चुका है दिव्यांग पेंशनरों का 90 प्रतिषत से ज्यादा आधार सीडिंग का कार्य भी पूर्ण हो चुका है।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने छात्रवृत्ति योजना एवं किन्नर कल्याण योजना के संबंध में भी विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर भी उपस्थित थे।

### साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**मऊ।** पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय के निर्देशन में साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम में मंगलवार को साइबर सेल मऊ टीम द्वारा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया आरएसईटीआई परदाहा मऊ में मनोज कुमार अग्रणी जिला प्रबंधक मऊ, अशोक पांडेय महाप्रबंधक फिनो पेयटेक वाराणसी, पंकज राय क्षेत्र प्रमुख फिनो पेयटेक, शैलेन्द्र कुमार सुमन निदेशक यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार एवं प्रशिक्षण संस्थान मऊ, पंकज धर द्विवेदी एवं अभिषेक कुमार पांडेय, बैक मित्र, वीसी सखियाँ व सीएसपी संचालको को साइबर अपराध जागरूकता जैसे- व्हाट्सएप, फेसबुक पर फेंक विडियो काल, अज्ञात लिंक फ्राड, बैंक ओटीपी अंगूठा से पैसे ट्रान्जैक्शन करते समय सावधानी बरतना, फर्जी नौकरी, फर्जी लुभावने त्यौहार ऑफर आदि से बचने के उपाय तथा साइबर अपराध हो जाने पर सर्वप्रथम साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व वेबसाईट पर शिकायत दर्ज करने के बारे मे अवगत कराया गया। इस दौरान मुख्य आरक्षी शैलेन्द्र कुमार कन्नौजिया, आरक्षी अनूप कुमार यादव तथा वन्दना आदि रही।

### अनियंत्रित आटो ने मजदूर को मारी टक्कर, घायल

**कोपागंज, मऊ।** थाना क्षेत्र के इंदारा बाजार में अनियंत्रित आटो ने एक मजदूर को मारा टक्कर, मजदूर बुरी तरह घायल, ग्रामीणों ने घायल को एम्बुलेंस से अस्पताल भेजवाया, ग्रामीणों ने पीछा कर के डाईबर व आटो को पकड़कर किया पुलिस के हवाले। कोपागंज थाना क्षेत्र के इंदारा गांव के बिजुलिया मुहल्ला निवासी रामभवन राजभर पुत्र वर्मा राजभर उम्र 52 वर्ष इंदारा बाजार स्थित बालू गिट्टी की दुकान पर मजदुरी कर के अपने परिवार का पालन पोषण करता है। मंगलवार की सुबह रामभवन राजभर पैदल ही इंदारा बाजार जा रहा था की मऊ की ओर से तेज गति से आ रहे आटो ने अनियंत्रित होकर मऊ मधुबन शहीद मार्ग पर हनुमान मंदिर के पास सड़क के किनारे से जा रहे रामभवन राजभर की टक्कर मार दिया। जिसमें रामभवन सड़क पर गिरकर घायल हो गया और डाईबर आटो लेकर से भागने लगा। ग्रामीणों ने बाइक से पीछा कर इंदारा गांव के पास डाईबर सहित आटो को पकड़ लिया और उसको पुलिस के हवाले किया।

# एम दानिश गाह पब्लिक स्कूल में सामान्य ज्ञान स्पर्धा के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत



**मऊ।** विगत दिनों एम दानिश गाह पब्लिक स्कूल द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें सैकड़ो की तादाद में छात्रों ने प्रतिभाग किया था! इस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन बाई पास रोड स्थित मुहल्ला अस्तुपुरा के एम दानिश गाह पब्लिक स्कूल में किया गया।

अध्यक्षता मौलाना इफ्तिखार अहमद मिफ्ताही नायब सदर जमीयत उलमा ए हिंद ने किया तथा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मोहतरम आरिफ अंसारी साहब (रॉयल) व विशिष्ट अतिथि के रूप में नौशाद अंसारी पत्रकार व फिरोज अख़्तर उपस्थित हुए कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता सालिम अंसारी ने किया। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे मौलाना इफ्तेखार अहमद ने छात्र और छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही कामयाबी की कुंजी है इसलिए शिक्षा हासिल करने के लिए जी तोड़ मेहनत करनी चाहिए। स्कूल के डायरेक्टर मास्टर इजहारुलहक ने छात्र/छात्राओं के गार्जियन को संबोधित करते हुए कहा कि आपके बच्चे स्कूल में मात्र 6 घंटे रहते हैं। उन घंटों में हमारे स्कूल के शिक्षक उन्हें शिक्षा के साथ साथ जीवन जीने के तरीके आदि सिखाते हैं लेकिन यहां से जाने के बाद बच्चे 18 घंटे आपके पास रहते हैं तो आपकी भी बेहद बड़ी जिम्मेदारी है कि बच्चों की सेहत और उनके व्यवहार को विशेष तवज्जो देकर उनके साथ समय गुजारने का काम करें। प्रतियोगिता के 'अ' वर्ग में तमीम शफक को प्रथम, मोहम्मद सादान को द्वितीय तथा कहकशां को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ एवं प्रतियोगिता के 'ब' वर्ग में तुबा अनीस को प्रथम, मोहम्मद ओसैरम, मारिया शमीम व अलिया जररिन को संयुक्त रूप से द्वितीय तथा ओबैदुर्रह्मान को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। स्कूल के छात्र शाहरुख, रय्यान खुर्शीद, अली हसन ने भी अपनी प्रस्तुति पेश की। मौके पर स्कूल की शिक्षिकाएं ताबिन्दा हयात, रुश्दा अम्बर, तसनीम इब्राहीम, नुजरा खातून आदि उपस्थित रहे।

# सात हजार रिश्वत लेते लेखपाल गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज



सैदपुर कोतवाली में रिश्वखोर लेखपाल पर कागजी कार्रवाई करती टीम।

**गाजीपुर।** सैदपुर तहसील में तैनात लेखपाल को भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। उसके पास से रिपोर्ट लगाने के लिए मांग गए सात हजार रूपए बरामद की है। एंटी करप्सन की टीम ने आरोपी को सैदपुर कोतवाली में सौंप कर रिपोर्ट दर्ज कराया है।

भीतरी गांव निवासी परवेज अहमद पुत्र स्व. दुल्ला की पोखरे की पैमाइश करनी थी। परवेज पोखरे की पैमाइश को लेकर काफी दिनों से तहसील का चक्कर काट रहा था।

क्षेत्रीय लेखपाल विनोद कुमार यादव उससे पैमाइश के बदले सात हजार रिश्वत की मांग की थी। जिसकी शिकायत परवेज भ्रष्टाचार निवारण संगठन से की थी। एंटीकरप्सन टीम ने लेखपाल को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। टीम ने शिकायतकर्ता को मंगलवार को लेखपाल विनोद यादव को देने के लिए सात हजार रूपए में रंग लगाकर दे दिया। लेखपाल के रिश्वत लेते ही पहले से मौजूद एंटी करप्सन टीम ने रंगे हाथ पकड़ लिया। जिसके बाद टीम ने आरोपी लेखपाल को कोतवाली में सौंप कर रिपोर्ट दर्ज कराया।

## राजस्व वसूली में लापरवाही पर होगी कार्रवाई: अनूप कुमार

**गाजीपुर।** विद्युत मुख्य अभियंता अनूप कुमार ने जिला पंचायत सभागार में अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक की।

विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों के साथ बैठक कर उन्होंने वार्षिक राजस्व वसूली को लेकर कहा कि फरवरी व मार्च के लक्ष्य को हर हाल में पूरा कराये।

समस्त अधिकारियों को राजस्व वसूली केवाईसी, विद्युत विच्छेदन लक्ष्य दिये गये तथा ग्रीष्म कालीन ऋतु में परिवर्तकों का रख-रखाव एवं विद्युत उपकेन्द्रों को दुरुस्त करने के लिए निर्देशित अवर अभियंताओं को किया गया।

वही लक्ष्य पूरा नहीं करने पर लापरवाह अभियंताओं पर कठोर कार्यवाही करने को चेताया। बैठक में अधीक्षण अभियन्ता राकेश मोहन,अधिशाषी अभियंता मनीष निषाद, संजय सिंह,आशिष चौहान, हेमन्त कुमार सिंह आदि रहें।

# बिना मान्यता सैंतालीस लाख की हड़पी छात्रवृति!

## प्रदेश में होम्योपैथिक में 38 और आयुष फर्जीवाड़े में 28 कॉलेजों पर चल रही जांच

**कसा शिकंजा**

### चर्चित सन शाइन कॉलेज आफ एजुकेशन संचालक पर गिरेगी गाज

**गाजीपुर।** जिले के चर्चित सन शाइन कालेज आफ एजुकेशन में बिना मान्यता के ही होम्योपैथिक फार्मेसी के नाम पर लाखों की छात्रवृति के फर्जीवाड़ा का मामला सामने आया है। विभाग के अधिकारियों ने इसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं इसकी जांच आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन( ईओडब्ल्यू) को मिली है। ईओडब्ल्यू कालेज संचालक को नोटिस भेजकर छात्रवृति से संबंधित अभिलेख मांगे है।

योगी पार्ट-2 में प्रदेश सरकार भ्रष्टाचारियों और घोटालेबाजों पर लगातार शिकंजा कस रही है। खासकर शिक्षा माफियाओं पर शासन का डंडा चलने लगा है। जो कालेज संचालक स्कॉलरशिप घोटाले कर सरकार की आंखो में धूल झोक रहे थे। स्कॉलरशिप घोटाले के दम पर कालेज संचालक अकूत संपत्ति के मालिक बन बैठे है। घोटाले को उजागर होने के भय से या तो सत्ताधारी पार्टी में शामिल हो गए है। या सत्ता की हनक दिखाकर अधिकारियों पर दबाव बना रहें है। लेकिन सीएम योगी आदित्यनाथ ने भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई का आदेश दिया है। जिसके बाद होम्योपैथी से आयुष कालेजों में फर्जीवाड़े पर लगातार कार्रवाई हो रही है। प्रदेश के होम्योपैथी में 38 कालेज और आयुष फर्जीवाड़े में 28 कालेजों पर जांच चल रही है।

### प्रदेश के 38 कॉलेजों में 47.74 करोड़ का घोटाला?

बतादें, उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड सयुक्त सचिव शैलेन्द्र कुमार ने एफआईआर में दिखाया है कि वर्ष 2019-20, 2020-21,2021-22 में निजी शिक्षण संस्थाओं में चल रहे डीएचपी कोर्स के छात्रों की छात्रवृति में अनियमितता होने की शिकायत मिली थी। तीनों सत्र के प्रथम व द्वितीय वर्ष के सभी निजी होम्योपैथी कालेजों की डाटा व अन्य जानकारियां समाज कल्याण विभाग के निदेशक से मांगी गई। निदेशक ने तीनो सालों में हुए गबन की रिपोर्ट विगत 12 जुलाई 2022 को सौंपी थी। जांच में सामने आया था कि मेडिसिन बोर्ड के तत्कालीन कर्मचारियों ने शिक्षण संस्थाओं से साठगांठ कर आयुष विभाग के नियमों को दरकिनार कर फर्जीवाड़ा किया। जाली दस्तावेज बनवाकर ऑनलाइन डिजिटल सिग्नेचर कर 47.74 करोड़ रूपए का गबन कर लिया। जिसमें मेडिसिन बोर्ड ने समाज कल्याण विभाग के निदेशक से जांच कराने को कहा था। जांच में दो संविदाकर्मी और 38 फर्जी संस्थाओं के प्रबंधकों की मिलीभगत सामने आई थी।

### आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन कर रहा जांच

सन शाइन कालेज आफ एजुकेशन के संचालक विपिन सिंह ने होम्योपैथी फामेर्सी कोर्स की फर्जी मान्यता दिखाकर 44 लाख 76 हजार 920 रूपए की छात्रवृत्ति हड़प लिया। शासन के आदेश पर संयुक्त निदेशक समाज कल्याण जांच अधिकारी आर के सिंह ने अपनी जांच आख्या में बीते 12 जुलाई 2022 को विस्तृत उल्लेख किया है। इस मामले में कालेज संचालक के खिलाफ लखनऊ के वजीरगंज थाने में मुकदमा दर्ज है। वहीं जांच आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन( ईओडब्ल्यू) कर रही है।

# बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो की मौत

**दुखद**

### धरकला ब्रिज के पास सोमवार की देर सांय हुआ था हादसा

जनसंदेश न्यूज



रोते-बिलखते परिजन।

**कासिमाबाद।** क्षेत्र के धरकला ब्रिज के पास सोमवार की देर शाम दो बाइक सवारों की आमने-सामने टक्कर हो गई थी जिसमें तीन सवार युवक बुरी तरह घायल हो गए थे। जिनका मऊ जनपद में इलाज चल रहा था। जहां गोलू राजभर और रामप्रताप बलिया जनपद निवासी की इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह मौत हो गई । पुलिस ने गोलू राजभर को मऊ जनपद पीएम के लिए भेजा और रामप्रताप चौहान के शव को लेकर परिजन कासिमाबाद कोतवाली पहुंच गए तो पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बलिया जनपद के नगरा थाना अंतर्गत घोघरा गांव निवासी श्रवण चौहान का पुत्र रामप्रताप चौहान (35) सोमवार की देर शाम अपनी बाइक से सलामतपुर मार्ग होते हुए सर्विस लेन पकड़कर बढ़ाईपुर रिश्तेदारी में जा रहा था। जैसे ही धरवार गांव के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे ब्रिज के पास पहुंचा विपरीत दिशा से आ रहे एक बाइक पर दो सवार प्रदीप साहनी उम्र 19 पुत्र जयप्रकाश साहनी निवासी बहादुरगंज वार्ड नंबर 2 संग गोलू राजभर उम्र 20 पुत्र सुब्बन राजभर निवासी बहादुरगंज वार्ड नंबर 2 की टक्कर हो गई । जिसमें तीनों बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गए। ग्रामीणों ने एंबुलेंस को सूचना देकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कासिमाबाद पहुंचाया जहां हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने तीनों घायलों को मऊ जनपद रेफर कर दिया।

जहां गोलू राजभर बहादुरगंज निवासी एवं रामप्रताप चौहान बलिया जनपद नगरा थाना अंतर्गत घोघरा गांव के युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई।नगरा थाना गांव घोघरा निवासी मृतक रामप्रताप चौहान के शव को लेकर परिजन कासिमाबाद कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर गाजीपुर जनपद पीएम के लिए भेजा दिया तो वहीं गोलू राजभर का मऊ जनपद में पीएम के लिए भेजा गया। कासिमाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि इत्तेफाक घटना थी।

परिजनों के द्वारा कोई तहरीर नहीं मिला है। शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया। बहादुरगंज निवासी गोलू राजभर अपनी बड़ी दीदी के सास के मरने की सूचना पर प्रदीप साहनी संग बरेसर थाना क्षेत्र के मटवा गांव गया हुआ था।

वापसी के दौरान यह हादसा हो गया। मृतक गोलू राजभर दो भाइयों में सबसे छोटा था। दो बहनों की शादी हो चुकी है। मृतक युवक की मां निमा देवी और पिता सुब्बन राजभर सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# रेलवे ट्रैक के पास मिला युवक का शव



बारा कला हाल्ट-कर्मनाशा पुल के बीच रेलवे ट्रैक पर बरामद शव की जांच करते चौकी प्रभारी बारा मनोज कुमार तिवारी।

**बारा।** दानापुर-पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेल खंड पर बारा कला हाल्ट-कर्मनाशा पुल के बीच मगरखाई गांव के समीप एक 40 वर्षीय अज्ञात युवक का शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बारा चौकी पुलिस ने युवक के किसी ट्रेन की चपेट में आकर मृत्यु हो जाने की आशंका व्यक्त की है।

बारा कला हाल्ट-कर्मनाशा रेलवे पुल के बीच मंगलवार को मगरखाई गांव के ग्रामीणों ने अप रेलवे ट्रैक पर क्षत - विक्षत शव को देखा जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के पास ऐसा कुछ भी नहीं मिला जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। युवक की उम्र लगभग 40 वर्ष बताई जा रही है। मृतक लोवर और काले रंग का टी - शर्ट पहना है। उसका सिर और चेहरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे उसकी पहचान नहीं हो पा रही है। चौकी प्रभारी बारा मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर शव बरामद किया है। तलाशी के दौरान कुछ भी ऐसा नहीं मिला जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। शव के पहचान की कवायद की जा रही है।

## संक्षेप

### कांग्रेस का सरजू पांडेय पार्क में धरना प्रदर्शन



**गाजीपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार को कांग्रेस पार्टी ने सरजू पांडेय पार्क में धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित एक पत्रक दिया। जिसमें पूर्व मंत्री और प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय को राजनीतिक विद्वेष के चलते झूठे मुकदमे में फंसाए जाने और उस झूठे केस को हटाए जाने की बात लोकतांत्रिक तरीके से कही गई। जिलाध्यक्ष सुनील राम ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी जी के विमान को उतारने की अनुमति नहीं दी गई, जिस पर दिए गए बयान के उपरांत प्रांतीय अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी अजय राय के ऊपर शासन प्रशासन के दबाव में एयरपोर्ट निदेशक द्वारा रिपोर्ट लिखवाई गई है। यह राजनीतिक विद्वेष की भावना सें की गई कार्रवाई है।इस अवसर पर अजय कुमार श्रीवास्तव, राघवेंद्र कुमार, सुमन चौब, चंद्रिका सिंह,दिव्यांशु पांडे,हिमांशु श्रीवास्तव,मनीष राय, संदीप विश्वकर्मा, शशि भूषण राय, हामिद अली , रईस अहमद ,सुधांशु तिवारी, राकेश राय,अखिलेश राय, माधव कृष्ण,राजेश गुप्ता आदि रहें।

### सोशल साइंस में शुभम् को मिलेगा गोल्ड मेडल



**गाजीपुर।** राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज झोटारी में सत्र 2021-22 में अध्ययनरत छात्र शुभम कुमार वर्मा पुत्र डा. ए के वर्मा ने वीर बहादुर सिंह विश्वविद्यालय जौनपुर एम ए द्वितीय वर्ष में सोशल साइंस में गोल्ड मेडल हासिल किया है। जिन्हे 23 फरवरी को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के द्वारा प्रशस्ति पत्र और गोल्ड मेडल से सम्मानित करेंगी। राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर लालजी यादव ने छात्र के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिया है। छात्र के कामयाबी से कॉलेज परिवार में खुशी का माहौल है। वर्तमान में शुभम वर्मा दिल्ली में यूपीएससी की तैयारी कर रहे हैं।

### विद्यालयों में नहीं बन रहा मीनू के तहत मध्याह्न भोजन

**गहमर।** विकास खंड भदौरा शिक्षा क्षेत्र के गहमर, बारा, करहिया, कुतुबपुर, भतौरा, सायर, रायसेनपुर, हथौरी, बकैनिया, पिपरौल आदि गांवों के अधिकांश परिषदीय विद्यालयों में मीनू के अनुसार बच्चों को मध्याह्न भोजन नहीं मिल रहा है। दूध व फल तो बच्चों के लिए गुजरे जमाने की बात हो गई है। बार-बार शिकायत के बावजूद विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मध्यान्ह भोजन योजना की जांच नहीं कर रहे हैं। जांच के लिए गठित स्वयं सहायता समूह की भोजन माताएं भी किसी विद्यालय में नहीं जाती। अलबत्ता प्रधानाध्यापकों द्वारा प्रेषित किए जाने वाले पंजिका पर हस्ताक्षर जरूर कर देती हैं। परिषदीय विद्यालयों में सप्ताह के 6 दिन अलग-अलग व्यंजन बच्चों को परोसना है। लेकिन व्यवहार में ऐसा नहीं हो रहा है। ब्लाक स्तर पर भी एमडीएम की जांच के लिए सरकारी अधिकारियों की कमेटी है। जिसमें उपजिलाधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत, नायब तहसीलदार तथा आपूर्ति निरीक्षक के अलावा उप जिलाधिकारी से नामित सदस्य एमडीएम की जांच कर सकते हैं। इस बाबत उपजिलाधिकारी सेवराई राजेश कुमार चौरसिया ने बताया कि ग्रामीणों को भी जागरुक होकर एमडीएम पर नजर रखनी चाहिए। अगर कहीं इस तरह की बात हो रही है तो तुरंत सूचना करें त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

### नितिन गडकरी करेंगे ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे का भूमिपूजन

**बाराचवर।** भाजपा मण्डल प्रथम और द्वितीय की मंगलवार को एक पैलेस में बैठक हुई। जिसमें 27 फरवरी को चितबड़ागांव में होने वाले ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के भुमिपुजन को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई गई। पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि छह हजार करोड़ की लागत से बनने वाले ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का भूमिपूजन बतौर मुख्य अतिथि केद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी करेंगे। कार्यकर्ताओं से अपील किया कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाए। इस दौरान प.श्यामराज तिवारी, कालीचरन राजभर, बृजेन्द्र सिंह, बिपुलेन्द्र प्रताप सिंह, अमन सिंह, नथुनी सिंह, शिवजी सिंह, विरेन्द्रनाथ राय, भीष्मदेव सिंह, नन्दलाल सिंह, मनोज राजभर,बंशीधर पासवान, विजयनारायण शर्मा, डा.रामकरन बिन्द, रमेश सिंह, देवेन्द्र कुमार सिंह, अभिषेक सिंह मिन्टू देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### डा.धर्मेंद्र ने मानद पुस्तकालयाध्यक्ष का संभाला पद

**जमानियां।** स्टेशन बाजार स्थित हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.अखिलेश कुमार शर्मा शास्त्री ने अंग्रेजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.धर्मेंद्र यादव को महाविद्यालय का मानद पुस्तकालयाध्यक्ष का प्रभार सौंपा। महाविद्यालय के प्रबंधक लछिराम सिंह यादव की अनुशंसा पर प्राचार्य प्रो.शास्त्री ने मंगलवार को दोपहर कार्यभार ग्रहण कराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पुस्तकालय मां सरस्वती निवास स्थान होता है। डॉ धर्मेंद्र काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी के पुरा छात्र एवं सौम्य स्वभाव के बेहद मिलनसार व्यक्ति हैं। इस अवसर पर प्रो. अरुण कुमार, डा. संजय कुमार सिंह, डा. राकेश कुमार सिंह, डा. सुनील कुमार चौधरी, डा. लाल चंद पाल, बिपिन कुमार, डा. अमित कुमार, डा. जितेंद्र कुमार सिंह, सौरभ कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, डॉ अमित कुमार सिंह, राकेश चौबे, वीरेंद्र कुमार राय, पप्पू कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### प्राथमिक विद्यालय में ताला तोड़कर चोरी

**दुल्लहपुर।** थाना क्षेत्र के मीरा रेहटी प्राथमिक विद्यालय में बीती रात चोरों ने ताला तोड़कर मिड डे मील के सारे बर्तन और कार्यालय का ताला तोड़कर सामान लेकर चोर फरार हो गए। इस सिलसिले में प्रधानाध्यापक संतोष कुमार ने दुल्लहपुर थाने में अज्ञात में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि रसोईघर से बर्तन सहित ढोलक, हारमोनियम ,चेयर, सहित राशन , भगोना,कराई, बाल्टी, बच्चों को खाने के लिए स्टील प्लेट, गिलास लोटा लेकर फरार हो गए।

### पारा चढ़ने के साथ ही बढ़ी बिजली की खपत

**गाजीपुर।** तापमान बढ़ने के साथ बिजली की खपत बढ़ने लगी है। इसको देखते हुए बिजली विभाग ने अलर्ट जारी किया है। विभाग की ओर से इसको लेकर विशेष एहतियात बरता जा रहा है। घरेलू के साथ-साथ खेती के लिए भी बिजली की मांग बढ़ी है। इसमें पारा बढ़ने के साथ बढ़ोत्तरी बढ़ने की संभावना तय है। बिजली विभाग की मानें तो मार्च महीने में अब तक 20 फीसदी बिजली खपत बढ़ी है। पंखा, कूलर और एयर कंडीशर चलने लगे हैं। किसान में सब्जी, केला, उड़द में पानी की खपत बढ़ने का असर बिजली की मांग पर मिल रही है। बिजली विभाग की मानें तो निर्बाध विद्युत सप्लाई के लिए टीमों को क्षेत्रवार सक्रिय किया गया है। इस संबंध में बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि मार्च से धीरे-धीरे बिजली की मांग बढ़ने लगती है। अभी 20 फीसदी तक मांग बढ़ी है। सप्लाई को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है।

# नहर में मिला युवक का शव



मुहम्मदपुर कुसुम गांव में शव मिलने के बाद ग्रामीणों की भीड़।

जनसंदेश न्यूज

**कासिमाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के सीधागर घाट से सलामतपुर जाने वाले मार्ग पर मंगलवार को मुहम्मदपुर कुसुम गांव के सामने नहर में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करने में जुट गई। सिधागर घाट से सलामतपुर जाने वाले मार्ग पर मुहम्मदपुर कुसुम गांव के सामने नहर में मंगलवार को कबाड़ी वाले ने शव मिलने की जानकारी ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाल कर शव को शिनाख्त करने के लिए काफी प्रयास किया लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी।

शव देखने से 35 वर्ष का लग रहा है । काला रंग का पेंट, काला रंग का ईनर ,सफेद बनियान,भूरे रंग का लोबर पहना हुआ है।

कासिमाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि अज्ञात युवक का शव मिला,जिसकी पहचान करने की कोशिश की जा रही है। शव के पास से फिरोड़ान जहर मिला।

### शिक्षकों को मेहनत का नहीं मिला मानेदय

**नंदगंज।** गत वर्ष यूपी बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी करने वाले कक्ष निरीक्षकों का एक वर्ष बीतने के बाद भी अब तक पारिश्रमिक नहीं मिला। शिक्षक पारिश्रमिक हेतु जिस विद्यालय में ड्यूटी किए थे, वहां के चक्कर काट रहे हैं। जबकि यूपी बोर्ड परीक्षा 2023 प्रारंभ हो चुकी है। पारिश्रमिक को लेकर कक्ष निरीक्षकों में रोष व्याप्त है। स्मरण रहें कि कक्ष निरीक्षकों को प्रति पाली पारिश्रमिक 48 रुपये देय है। कक्ष निरीक्षकों को एक वर्ष बीत जाने के बाद भी उनके पारिश्रमिक का भुगतान अब तक नहीं हुआ। स्थानीय शहीद स्मारक इंटर कालेज तथा इन्दिरा बालिका हाई स्कूल नंदगंज में भी कक्ष निरीक्षको को पारिश्रमिक नहीं मिला है। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय गाजीपुर द्वारा गत वर्ष ड्यूटी किए कक्ष निरीक्षकों के पारिश्रमिक बिल की मांग की थी। ताकि शिक्षकों को पारिश्रमिक समय से भुगतान हो सके। शिक्षको का आरोप है कि गत वर्ष ड्यूटी करने वाले कक्ष निरीक्षकों का पारिश्रमिक बिल कई विद्यालयों द्वारा डीआईओएस कार्यालय भेजा ही नहीं गया है। शिक्षको ने बोर्ड परीक्षा में की गयी ड्यूटी की पारिश्रमिक की माँग की है।

# खाद तस्करी के खेल पर नहीं लग रही लगाम

**मनमानी**

### छापेमारी कर कार्रवाई में की जा रही खानापूर्ति

जनसंदेश न्यूज



ताड़ीघाट-बारा मार्ग के रास्ते ई-रिक्शा से खाद लेकर बिहार जाते तस्कर।

**बारा।** जिले की सीमा से सटे बिहार में खाद की तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रही है। तस्कर बारा व देवल कर्मनाशा पुल के रास्ते बिहार में खाद की तस्करी कर रहे हैं। पिछले एक महीने में गहमर कोतवाली में खाद तस्करी के दो मामले दर्ज हो चुके हैं। क्षेत्र में यूरिया के लिए हाहाकार है और सीमा पार बिहार में यूपी की यूरिया से खेतों में हरियाली छाई है। प्रतिदिन सुबह से शाम तक ट्रैक्टर, पिकअप व अन्य वाहनों सहित ठेले पर लोड कर यूरिया सीमा पार कर बिहार भेजा जाता है। तस्कर सीमा पर स्थित दुकानों से यूरिया लेकर बिहार तक पहुंचाते हैं।

हालांकि इस समय पुलिस भी सक्रिय है। कई तस्कर पुलिस के हत्थे भी चढ़े हैं। पिछले एक महीने में 220 बोरी यूरिया गहमर कोतवाली पुलिस ने जब्त की है। अनुदानित दर पर 266 रुपये में एक बोरी यूरिया मिलती है। ब्लैक मार्केट में 400 से 500 रुपये में एक बोरी आसानी से उपलब्ध है। बिहार लेजाकर आठ सौ से एक हजार तक में बिकती है। सीमावर्ती क्षेत्र के तस्कर बारा, गहमर, भदौरा के दुकानों से खाद बिहार भेज रहे हैं। रबी के सीजन के कारण किसानों को यूरिया की जरूरत है। गेहूं की सिंचाई के बाद फसल में यूरिया खाद के छिड़काव की आवश्यकता है। जिला कृषि अधिकारी की जांच के बाद यूरिया अवैध पाए जाने पर दुकानदार व चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। किसानों को परेशानी नहीं हो, इसके लिए विभाग गंभीर है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई भी की गई है। सीमावर्ती गांव के किसानों के खेत बिहार में भी है, जरूरत के अनुसार वे खाद ले जाकर फसल में छिड़काव करते हैं। - मृत्युंजय सिंह, जिला कृषि अधिकारी।

# एनएचआई की जमीन पर अवैध कब्जा

**दबंगई**

### तहसीलदार ने लेखपाल और कानूनगो को लगाई फटकार

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** योगी सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद अतिक्रमणकारी सरकारी भूमि पर कब्जे से बाज नही आ रहे है। जिलाधिकारी ने भी अवैध कब्जेधारियों को जेल भेजने की चेतावनी दे चुकी है। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सरकार की मंशा के अनुरूप सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण को खाली कराया जाय।

डीएम के फरमान के बाद अधिकारी अलर्ट हो गए है। सदर तहसीलदार अभिषेक राय मरदह विकास खंड के बरही अवैध कब्जे की शिकायत पर सोमवार को धमक पड़े। उन्होंने अवैध कब्जे को देखकर मौके पर ही लेखपाल,कानूनगो कड़ी फटकार लगाई। निर्देश दिया कि किसी भी हालत में सरकारी जमीन से कब्जा हटवाएं। दरअसल, बरही गांव निवासी शिकायतकर्ता जितेंद्र बरनवाल ने डीएम से लगायत तहसीलदार को प्रार्थना पत्र सौंप कर एनएचआई की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया था।

जितेंद्र ने आरोप लगाया कि बरही गांव निवासी मनीष जायसवाल,लक्ष्मण गोंड,फागु जायसवाल,रमाशंकर जायसवाल आदि लोगों ने सरकारी मुआवजा पाने के बावजूद एनएचआई की जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान निर्माण कराया है। आरोप लगाया कि मौके पर इन लोगों की नाममात्र की जमीन बची हुई है। तहसीलदार अभिषेक राय ने बताया सरकारी जमीन पर कब्जे के साथ-साथ एनएचआई की जमीन पर कब्जे की शिकायत मिली थी। मौके पर निरीक्षण किया गया । जल्द ही कब्जा करने वालो के खिलाफ नोटिस जारी की जाएगी।

### ई-रिक्शा चालक बेलगाम, सो रहे हुकमरान, लग रहा जाम

**गाजीपुर।** शहर में करीब डेढ़ हजार ई-रिक्शा बिना पंजीकरण सड़कों पर दौड़ रहे हैं। ये ई-रिक्शा आमजन के लिए राहत कम मुसीबत ज्यादा पैदा कर रहे हैं। प्रशासन ने इनके मार्ग तय किए हैं, लेकिन चालक इन मार्गों पर रिक्शों का संचालन न कर मनमर्जी रास्तों पर दौड़ा रहे हैं।

**मुख्य बाजारों व मार्गों पर जरूरत से ज्यादा हो रहा ई-रिक्शों का संचालन**

इस कारण शहर में अक्सर जाम लग जाता है। पुलिस प्रशासन ने ई रिक्शों के संचालन के लिए प्रमुख चौराहों से संचालन के लिए मार्ग तय किए हैं, लेकिन इस पर अमल नहीं हो सका। चालक अपनी मर्जी के मुताबिक मार्गों पर ई रिक्शा दौड़ा रहे हैं। मुख्य बाजारों व मार्गों पर तो जरूरत से ज्यादा ई-रिक्शा का संचालन हो रहा है।

# रोजगार मेला का होगा आयोजन

**गाजीपुर।** जनपद के बेरोजगारों के लिए एक बार फिर रोजगार पाने का सुनहरा मौका दिया जायेगा। जनपद के सभी विधानसभाओं में रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा।

जखनिया, सैदपुर, जहुराबाद, मोहम्मदाबाद, जमानियाँ, जंगीपुर व सदर में अधिक से अधिक बेरोजगार युवकों को सेवायोजित कराने के उद्देश्य से रोजगार मेला एवं प्री-कॅरियर कॉउंसलिंग के आयोजन हेतु उक्त विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले विकास खण्डों के परिसर में तिथि एवं कार्यक्रम स्थल निर्धारित की गयी है।

जखनियाँ में 25 फरवरी, सैदपुर 27 फरवरी, कासिमाबाद 28 फरवरी, मोहम्मदाबाद एक मार्च, जमानियाँ दो मार्च, मरदह तीन मार्च एवं राजकीय आईटीआई परिसर तुलसीपुर21 मार्च को रोजगार मेला एवं कॅरियर-कॉउंसलिंग का आयोजन प्रातः 10.30 बजे से विकास खण्ड परिसर में आयोजित किया जायेगा। इस मेले में विभिन्न कम्पनियाँ/नियोजक प्रतिभाग करेंगे।

# होली की तैयारियों में जुटी पुलिस

गाजीपुर। महाशिवरात्रि का त्योकार सकुशल संपन्न होने के बाद पुलिस अब होली की तैयारियों में जुट गई है। पुराने रिकार्ड खंगाले जा रहे हैं। साथ में इस वर्ष के ऐसे विवादों को चिह्नित किया जा रहा है। जिनकी वजह से होलिका दहन के दिन कोई विवाद न पनप जाए। साथ में पुराने व नए रिकार्ड के अनुसार होलिका दहन स्थलों को चिह्नित करने व खुराफातियों को पाबंद करने की प्रक्रिया भी शुरू होने जा रही है। जिले में होली का त्योहार पिछले कुछ वर्षों से शांतिपूर्वक ढंग से मनाया जा रहा है।

चूंकि शहर बेहद संवेदनशील श्रेणी में है और ग्रामीण क्षेत्रों में रंजिशें ऐसे मौके पर उभर आती हैं। इसे लेकर पुलिस के स्तर से महाशिवरात्रि के बाद होली की तैयारी शुरू कर दी है। अभी से सभी तरह के विवादों पर नजर रखी जा रही है। कहीं कोई विवाद फसाद का कारण न बने, इस बात का ध्यान रखा जा रहा है। साथ में पुराने व नए विवादों को जोड़कर संवेदनशील व अतिसंवेदनशील श्रेणी के होलिका दहन स्थल चयनित करने की तैयारीहै। साथ में यह भी देखा जा रहा है। कि जिले में कहीं किसी होलिका दहन स्थल को लेकर विवाद तो नहीं है। इस विषय में एसपी ओमवीर सिंह इतना ही बताते हैं कि होली को लेकर शांति समिति की बैठकें जल्द ही शुरू करा दी जाएंगी।

## कड़ाई से परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**भांवरकोल।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र में शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित परीक्षा मंगलवार को शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न हो गई। क्षेत्र के परीक्षा केंद्र जग नारायण इंटर कॉलेज बीरपुर पर कुल 260 परीक्षार्थियों में 16 , परीक्षा केंद्र सदाशिव आदर्श इंटर कॉलेज तरांव पर कुल 79 परीक्षार्थियों में दो तथा परीक्षा केंद्र श्री महादेव बाबा इंटर कॉलेज मसोन में 335 में 43 छात्र-छात्राओं में परीक्षा छोड़ दिया। परीक्षा को सुचारू रूप से चलाने के लिए अधिकारी चक्रमण करते रहे। थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय सहित अन्य उपनिरीक्षक परीक्षा केंद्रों पर चक्रमण करते रहें।

## जनसंपादकीय


# राष्ट्रकवि को नमन

**भारतेंदु मिश्र**



बिन्दकी, फतेहपुर उत्तर प्रदेश में जन्मे राष्ट्र कवि सोहनलाल द्विवेदी जी हिन्दी के बड़े प्रसिद्ध कवि थे। हिन्दी कविता के माध्यम से देश में राष्ट्रीय नवजागरण की जो अजस्त्र धारा बह रही थी उसमें मैथिलीशरण गुप्त, माखनलाल चतुर्वेदी, बालकृष्ण शर्मा नवीन, रामधारी सिंह दिनकर जैसे कई कवियों का बहुत योगदान था। इसी कड़ी में उनका नाम भी आदर से लिया जाता है । उनकी कवितायें राष्ट्रीय कविसम्मेलनों से लेकर आकाशवाणी, दूरदर्शन और विद्यालयों के समारोहों में लगातार पढ़ी सुनी जाती थीं । राष्ट्रीय ऊर्जा और चेतना से भरपूर रचनाओं के इस रचयिता को सर्वप्रथम राष्ट्रकवि की उपाधि से अलंकृत किया गया। महात्मा गांधी के दर्शन से प्रभावित द्विवेदी जी ने किशोरों के चरित्र निर्माण के लिए और बालोपयोगी पाठ्यचर्या वाली रचनाएँ भी लिखीं। आपको 1969 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री उपाधि प्रदान कर सम्मानित भी किया था।

मेरा सौभाग्य सन 1981 में पहली बार उनके दर्शन करने और उनका आशीर्वाद लेने का सुअवसर मिला । उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान और शहीद स्मारक के पास गांधी भवन में उनदिनों ऐसे राष्ट्रवादी साहित्यकारों का अक्सर आना जाना होता था और मैंने इन्ही दिनों तुकबंदी शुरू की थि। हमारे युवा मित्रों की संस्था युवारचनाकार मंच भी इन्ही दिनों शुरू की थी।



अशोक कुमार पाण्डेय अशोक, उमेशचान्द्र पाठक, सुरेश कुमार (आवारा नवीन), अजय प्रसून, राजहंस मिश्र दीपक, राजेश विद्रोही, अशोक ऋषिराज, रंजना श्रीवास्तव, ममता त्रिपाठी ,अनुराधा शर्मा जैसे कई लिखने पढ़ने वाले युवा साथी इस मंच से जुड़े थे। इनमें अधिकाँश लखनऊ विश्वविद्यालय के साथी छात्र थे। हम लोग साहित्यिक आयोजनों के पोस्टर हाथ से बनाकर लखनऊ भर के कालेजों में चिपकाते थे । साइकल से तब पूरा लखनऊ घूमना कठिन न था। हिन्दी संस्थान में जब भी कोई साहित्यिक आयोजन होता हमारी संस्था के मित्र अवसर निकालकर पहुँच जाते। तभी सूचना मिली कि बालदिवस के अवसर पर द्विवेदी जी हिन्दी संस्थान में आने वाले हैं।

पंडित सोहनलाल द्विवेदी जी को भी इन्ही दिनों देखा और सुना था। खादी का सफेद कुर्ता धोती और गांधी टोपी उनकी पोशाक थी। सर्दियों में नेहरू जैकट का चलन था। वे केवल कहने के लिए नहीं अपितु आचरण व्यवहार से भी राष्ट्रकवि दिखते थे । बाद में पता चला कि वे महामना मालवीय जी के शिष्य और पं हजारी प्रसाद द्विवेदी जी के सहपाठी भी थे।भारतीय राष्ट्रीय अस्मिता और खादी से अनुराग के साथ ही गांधीवादी विचारों से वे गहरी तरह प्रभावित थे। सन 1930 में वे अपने गाँव जवार के किसान साथियों के साथ गांधी जी की डांडी यात्रा में भी शामिल हुए थे। उनकी कुछ कवितायें तो उन्ही दिनों बहुत प्रसिद्ध हुई थीं। उनका स्वर गुरु गंभीर था सधी हुई वाणी जो कविता फूटती थी वह सीधे हृदय में घुस जाती थी। हिन्दी संस्थान में गंभीर स्वर में उनके मुख से जब एक बार सुना - 'वन्दना के इन स्वरों में एक स्वर मेरा मिला लो, हो जहाँ बलि शीश अगणित एक सिर मेरा मिला लो।'

तब समझ पाया इस कविता का राष्ट्रीय स्वर कैसे युवा मन को रोमांचित कर देता था। सिद्ध कवि के मुख से कविता सुनने में जो रस का भावन होता है वह कदाचित स्वयं पढ़ने में संभव नही होता। तब सामाजिक राजनीतिक भेदभाव की विकृतियाँ आज जैसी नहीं थीं। राष्ट्रवादी चेतना को सकारात्मक ढंग से ग्रहण किया जाता था। यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों का सबसे अधिक प्रिय और प्रेरणादेने वाला गीत था। तब भारतीयता को राष्ट्रीय जातीय मूल्य के तौर पर देखा जाता था न कि वोट की राजनीति के तौर पर। इसके साथ ही बाद में उनकी अनेक प्रेरणा देने वाली कवितायें भी पढ़ी तो उनके प्रति मन सदैव आदर से भरता रहा। खासकर उनकी निम्न पंक्तियाँ देखें जो आज भी कोटि कोटि नवयुवकों को प्रेरित करती हैं -लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती। कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।

भैरवीप्रबंध काव्य के अलावा बाल साहित्य की उनकी अनेक पुस्तकें चर्चित हुईं। अनेक वर्षों तक उन्होंने 'बालसखा' का संपादन किया। यह पत्रिका लखनऊ से ही निकलती थी। परन्तु महात्मा गांधी जी की चेतना और गांधी की जनव्याप्ति को जिस भाषा और संवेदना से सोहनलाल द्विवेदी जी ने लिखा वैसा शायद अन्य किसी ने नहीं लिखा-चल पड़े जिधर दो डग मग में,चल पड़े कोटि पग उसी ओर। पड़ गई जिधर भी एक दृष्टि,गड़ गये कोटि दृग उसी ओर। जिसके सिर पर निज धरा हाथ,उसके शिर-रक्षक कोटि हाथ। जिस पर निज मस्तक झुका दिया,झुक गये उसी पर कोटि माथ। हे कोटिचरण, हे कोटिबाहु! हे कोटिरूप, हे कोटिनाम! तुम एकमूर्ति, प्रतिमूर्ति कोटि,हे कोटिमूर्ति, तुमको प्रणाम!

इस कविता के प्रत्येक शब्द को उन्होंने जिया और देखा था। राष्ट्रीय स्वतंत्रता आन्दोलन में गांधी जी एक बड़े जादूगर तो थे ही जिनके एक आह्वान पर कोटि कोटि जन एकत्र हो जाते थे । एक गांधी के अलावा ऐसा अन्य कोई नेता तब देश में न था जिसके साथ इतने लोग एकत्र खड़े होते थे। गांधी जी को आदर्श राष्ट्र नायक मानने वाले लोगों में तब कोटि कोटि लोग होते थे। स्वतंत्रता के बाद नेहरू से लेकर आज तक बापू के त्याग और बलिदान का सम्मान लेशमात्र कम नही हुआ। राष्ट्रवादी कवि सोहनलाल द्विवेदी जी एक खादी गीत सुनाया करते थेखादी आजादी के साथ ही नए आर्थिक समाधान का भी प्रतीक बनी थी, खादी के धागे-धागे में अपनेपन का अभिमान भरा। माता का इसमें मान भरा, अन्यायी का अपमान भरा।

ये ऐसे कवि थे जिनके मन में देश आजाद होने के बहुत समय बाद तक राष्ट्रीय चेतना स्वयं मूर्तिमान होकर स्थित दिखाई थी। स्वतंत्रता आन्दोलन के समय जन सभाओं में उनके ये प्रस्थान गीत बच्चे बूढ़े और नौजवान सभी मिलकर गाते थे। सबको ये पंक्तियाँ लगातार प्रेरित करती हैं -न एक हाथ शस्त्र हो/ न एक हाथ अस्त्र हो/न अन्न वीर वस्त्र हो/ बढ़े चलो बढ़े चलो।

मेरा सौभाग्य रहा कि मुझे ऐसे शब्दसिद्ध तपस्वी कवि के चरण स्पर्श करने का अवसर मिला। तब उन्हें स्पर्श करके मुझे लगा था कि मानो मैंने महात्मागांधी का स्पर्श पा लिया हो। दूसरी बार भी हिन्दी संस्थान में ही सन 1983 में उनसे भेंट करने का सुअवसर मिला एक बार उनकी अध्यक्षता में बाल साहित्य पर कोई गोष्ठी थी तो उसमें उनकी कविता और उनका व्याख्यान सुनने को मिला। वे सहज राष्ट्रीय चेतना और बाल साहित्य के विशेषज्ञ समझे जाते थे` ऐसे राष्ट्रकवि की स्मृति को प्रणाम।

**(संपर्कः- सी-45/वाई-4,दिलशाद गार्डन, दिल्ली-110095, फोन- 986 803 13 84)**

# औपनिवेशिक स्त्री विमर्श और कस्तूरबा

**विशेष**



**डॉ.चित्रा माली**

कस्तूरबा से एक बार पूछा गया कि बापू के 'सत्य के साथ मेरे प्रयोग' में आप कहाँ है ? कस्तूरबा ने हंसकर कहा,'मैंने पढ़ी तो नहीं, पढ़ नहीं सकती थी । लेकिन इतना जानती हूं कि उन्होंने मेरे अनपढ़ होने का दायित्व दोनों के बीच बांटा है । मैं सजाकर रखी गई एक मूर्ति की तरह उसमें मौजूद हूं । बड़े दिवान जी के न रहने का कारण मैं ही हूं । बापू ने जो सत्य के साथ प्रयोग किए हैं,उन्हें मैंने भोगा है'। कस्तूरबा कभी कभी सोचती थी कि क्या वह बापू के सत्य को नापने का मापक थी ... या माध्यम ? कस्तूर और गांधी में परिवार,समाज और प्रयोगों को लेकर कई असहमतियां थी जो कभी जाहिर हो पाती थी कभी नहीं,फिर चाहे पोरबंदर में परिवार को आर्थिक मदद भेजना हो या पारिवारिक जिम्मेदारियों के निर्वहन संबंधी । गांधी जब लंदन से बैरिस्टर बनकर लौटे तो घर में काफी कुछ परिवर्तन किए गए । इन परिवर्तनों को करने में गांधी भी शामिल थे लेकिन वे अपनी आर्थिक जिम्मेदारियों से अनभिज्ञ बने रहे जिसका भान कस्तूर को कराना पड़ा । इस बात से गांधी इतने क्रोधित हुए की कस्तूर और हरिलाल को अगले ही सुबह की ट्रेन में बिठाकर उनके मायके भेज दिया गया । कस्तूर बिना उफ किए चुपचाप चली गई थी । कस्तूर ने सीख लिया था कि अपने जीवनसाथी के क्रोध को सहजता से कैसे लिया जा सकता है । यह भी कस्तूर का प्रतिरोध का एक तरीका था । इसके साथ ही स्वाद को दबाने का अभ्यास जबकि गांधी और कस्तूर दोनों ही खाने के शौकीन थे लेकिन गांधी जी का मानना था कि ₹हमारा खाना भौतिक आवश्यकताओं के लिए है₹ । कस्तूर खाने को मन से खाने,सुख प्राप्त करने और सेहत बनाने के माध्यम के रूप में देखती है । 1910 में लंदन वार्ता के असफल होने पर जब गांधी पहली बार फिनिक्स आश्रम पहुंचे तो कस्तूर उन्हें काफी कमजोर लगी जिससे कस्तूर की तंदुरुस्ती का जिम्मा गांधी ने लिया और खान पान संबंधी दिशा निर्देश जारी कर दिए । गांधी ने कस्तूर से कहा कि दाल खाना छोड़ दो और दाल कस्तूर की पसंदीदा चीज थी । यह सुनकर कस्तूर उत्तेजित हो गई और उल्टा गांधी जी से उन्होंने कहा कि 'आप क्यों नहीं उड़द की दाल खाना छोड़ देते'। गांधी जी ने बिना किसी उत्तेजना के इस चुनौती को स्वीकार कर लिया और कहा कि 'आज से एक वर्ष तक के लिए मैंने दाल छोड़ दी'। जबकि गांधी खाने में उड़द की दाल और एक फलीदार सब्जी जरूर खाते थे । गांधी के इस निर्णय से कस्तूर अवाक रह गई । कस्तूर ने गांधी से कहा कि वे यह निर्णय वापस ले लें,मैं वही खाऊंगी जो आप कहेंगे,लेकिन गांधी नहीं माने,उन्होंने कस्तूर से कहा कि तुमने मुझे एक महत्वपूर्ण सीख दी है । अगर मैं किसी से उसकी प्रिय वस्तु को छोड़ने के लिए कहता हूं तो मुझे भी अपनी प्रिय वस्तु को छोड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए । यही न्यायसंगत है । कस्तूर हरिलाल और गांधी के बीच की धुरी भी थी और कई बार वो पत्नी और मां के नाते लाचार, विवश और मजबूर भी दिखाई दी है । गांधी के आदर्शों और प्रयोगों ने कई बार कस्तूर के लिए धर्मसंकट की स्थितियों को उत्पन्न किया है । 1869 में काठियावाड़ के पोरबंदर नगर में जन्मी कस्तूर का विवाह मात्र तेरह वर्ष की आयु में गाँधी के साथ हो गया था । विवाह के बाद का जीवन सामान्य पति-पत्नी के जीवन से शुरू होकर एक दूसरे के सच्चे मित्र हो जाने तक का सफर था । कस्तूर ने सबसे पहला प्रतिरोध शादी के बाद गांधीजी के पतित्व की धारणा के बाद किया था,जिसमें एकपत्नी व्रत का पालन गांधीजी के द्वारा किया जा रहा था और वे कस्तूर से भी एकपति व्रत का पालन करवाना चाह रहे थे,जिसके चलते उन्होंने कस्तूर के कहीं भी आने जाने पर अपना नियंत्रण रखना चाहा था लेकिन कस्तूर ने गांधी जी के द्वारा लगाए अंकुशों का विरोध किया । कस्तूर अपने निर्णय स्वयं लेती थीं,गांधी जी जितनी रोक-टोक लगाते वह उनको नहीं मानती थी । अपने विवाह के आरंभिक जीवन में ही कस्तूर के महत्वपूर्ण गुणों को देखा जा सकता है,जिसमें पहला निडरता और दूसरा आत्मविश्वास था जो उस दौर की महिलाओं में बहुत ही कम पाया जाता था । अपने पति की आज्ञा की अवज्ञा करना उस दौर में सामान्य नहीं था,लेकिन साहसिक कस्तूर के द्वारा अवज्ञा की गई । सविनय अवज्ञा और सत्याग्रह के व्यवहारिक प्रयोगों को गांधी ने कस्तूर से ही सीखा था । कस्तूर और गांधी के जीवन का दूसरा अध्याय गांधी के विदेश प्रवास से प्रारंभ होता है । इंग्लैंड प्रवास से लौटने के बाद शीघ्र ही गांधी को दक्षिण अफ्रीका जाना पड़ा । दक्षिण अफ्रीका के दूसरे प्रवास के समय गांधी अपने साथ कस्तूर को ले गए । गांधी और कपाड़िया परिवार से पहली महिला विदेश यात्रा कर रही थी,यह बात कस्तूर के लिए गौरव की थी,साथ ही आधी आबादी के लिए भी जो आज तक अपने स्वतंत्र अस्तित्व की तलाश में हैं । गांधी दक्षिण अफ्रीका में फीनिक्स आश्रम की स्थापना कर एक ऐसे समाज का निर्माण करने का प्रयास कर रहे थे जहां धर्म,जाति,रंग,नस्ल या लिंग के आधार पर किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव न हो । सबके साझे सरोकार और सबके साझे सुख दुःख हो । जहाँ सभी कार्य आश्रमवासियों के द्वारा स्वेच्छा से किए जाएँ । जहां तक कस्तूर का आश्रम में रहने का सवाल था तो वह गांधी की सहधर्मिणी बनकर उनके प्रयोगों में शामिल होने का प्रयास कर रहीं थीं । लेकिन कस्तूर जिस सामाजिक संरचना से समाज व्यवस्था से आई थीं वहां कार्यों का स्पष्ट विभाजन था जो गाँधी के द्वारा किए जा रहे प्रयोगों के अनुकूल नहीं था । जिससे विवादों का होना लाजमी था । लोगों द्वारा कस्तूर को गांधी की अनुयायी या अनुगामी कहा जाता था,पर ऐसा था नहीं,उनका अपना स्वतंत्र अस्तित्व था । कस्तूर के अपने स्वतंत्र विचार और धारणाएं थी जो गाँधी से भिन्न भी थी और वे अपनी असहमतियों को लगातार दृढ़ता से दर्ज कराती थी । गांधी की सबसे बड़ी आलोचक कस्तूर थीं जो गांधी के हर कदम पर सही गलत का आकलन करती थी । 1913 में दक्षिण अफ्रीका में एक काला कानून पास हुआ था । जिसके विरोध में कस्तूर स्वेच्छा से सत्याग्रह में शामिल हुई और तीन अन्य महिलाओं के साथ जेल गई । जेल का भोजन शाकाहारी न होने के कारण कस्तूर ने जेल अधिकारियों से फलाहार की मांग की और इस मांग को पूरा करने के लिए सत्याग्रह भी किया । जेल में चार दिन तक बिना खाए कस्तूर को रहना पड़ा । पांचवे दिन से तीन टमाटर प्रतिदिन फलाहार के रुप में कस्तूर को दिया जाने लगा,जो संतुलित आहार की दृष्टि से काफी कम था । तीन माह तक कस्तूर इसी आहार पर रही,जिससे उनके स्वास्थ्य पर काफी असर पड़ा । यह कस्तूर के जीवन का पहला सार्वजनिक सत्याग्रह और जेल में अहिंसक प्रतिरोध था । कस्तूर की गिरफ्तारी की खबर ने महिलाओं को सत्याग्रह में सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया । 1915 में जब कस्तूर गांधी के साथ भारत लौटीं तब पत्रकारों ने उनसे सवाल किया था,क्या आप वहां जेल में रही थीं ? तब उनका जवाब था, हाँ मैं उस काले और दमनकारी कानून के खिलाफ जेल में गई थी । उस दौर में किसी भारतीय महिला का जेल जाना सामान्य बात नहीं थी । इसमें गौर करने वाली और महत्वपूर्ण बात यह थी कि इस सत्याग्रह में कस्तूर का शामिल होना,उनका आत्मनिर्णय था, गांधी ने इसके लिए उन्हें प्रेरित किया था,प्रभावित नहीं किया था । भारत में आने के बाद गांधी ने सत्य के साथ जितने प्रयोग किए उन सभी प्रयोगों में कस्तूर ने अपनी भागीदारी या कहें सक्रिय भागीदारी अदा की । चाहे वह चंपारन के तिहरवा गांव में रहकर दवाई वितरण का कार्य हो या खेड़ा सत्याग्रह के समय घूम-घूमकर स्त्रियों में उत्साह का संचार करना हो । 1922 में जब गांधी जी को गिरफ्तार किया गया और उन्हें छह साल की सजा हुई उस समय कस्तूर ने कमान संभाली और भाषण दिया जिसने उन्हें वीरांगना के रुप में प्रतिष्ठित किया । यहां गांधी से अलग उनकी अपनी अस्मिता का निर्माण हुआ जो कस्तूर को कस्तूरबा में परिवर्तित कर रहा था । कस्तूर ने अब सामाजिक और राजनैतिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करना प्रारंभ कर दिया था । 1939 में राजकोट के ठाकुर साहब ने प्रजा को कतिपय अधिकार देना स्वीकार किया था किंतु बाद में मुकर गए । जनता द्वारा इसका विरोध किया गया और विरोध स्वरूप सत्याग्रह करने का निश्चय लिया गया ।

कस्तूर ने जब यह सुना तो उन्हें लगा कि राजकोट उनका अपना घर है और उन्हें वहां सत्याग्रह में भाग लेना चाहिए । यह उनका कर्तव्य है,लेकिन वे जब राजकोट पहुंची तभी उन्हें सविनय अवज्ञा के अभियोग में नजरबंद कर लिया गया । इस पूरी लड़ाई में कस्तूर असमानता व भेदभाव तथा अन्य कई मुद्दों पर अकेली लड़ती दिखाई देती हैं ।

भारत छोड़ो आंदोलन के आह्वान के लिए जब गांधी जी को 9 अगस्त 1942 को गिरफ्तार कर लिया गया तब कस्तूर ने शिवाजी पार्क (बम्बई) में भाषण देने का निर्णय लिया,किंतु पार्क के द्वार पर पहुँचते ही गिरफ्तार कर लिया गया था । ऐसे अवसर कस्तूर के जीवन में कई बार आए और उन्होंने इन अवसरों का इस्तेमाल राष्ट्रीय आंदोलन और स्वतंत्रता प्राप्ति का अलख जगाए रखने में किया । लेकिन आज अगर हम कस्तूर पर अलग से विमर्श कर रहे हैं तो इसके कई कारण हमारे सामने मौजूद हैं । लगातार कस्तूर के अस्तित्व का विलय गांधी के अस्तित्व में किया जाता रहा है जो कहीं न कहीं भारतीय समाज का चरित्र भी है । जिससे कस्तूर पर भी कोई नया विमर्श सामने नहीं आया है



। सामान्य पति पत्नी की नोंक-झोंक से गांधी का महात्मा बनना और कस्तूर का 'बा' बन जाना आसान नहीं था । किसी भी स्त्री के लिए श्रृंगार, कपड़ों, गहनों का मोह अपने परिवार, बच्चों का मोह त्यागना आसान कार्य नहीं है । यह सभी कस्तूर ने स्वेच्छा से, आत्मनिर्णय से किया होगा । जिसका अलग से कोई वर्णन हमें दिखाई नहीं देता है । कहीं-न-कहीं कस्तूर ने प्रतिरोध किया होगा,कोई वाद-विवाद या बहस या तर्क-वितर्क गांधी और कस्तूर में हुआ होगा,जो कि निहायत ही निजी रहा होगा । ऐसे ही कई और प्रश्न भी हमारे सामने उपस्थित हैं,जैसे ब्रह्मचर्य के प्रयोग जब गांधी कर रहे थे तो कस्तूर की स्वीकृति का प्रश्न, जबकि आज भी महिलाएं अपनी सेक्स लाइफ पर किसी तरह की कोई टिप्पणी सार्वजनिक और निजी कम ही करती हैं या न के बराबर,तब कस्तूर की स्वीकृति या अस्वीकृति के प्रश्नों का कहीं स्पष्ट जवाब नहीं मिलता है । नारीवादी दृष्टिकोण से इन प्रश्नों पर विमर्श की दरकार हैं ।

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में महिलाओं की सक्रिय उपस्थिति का कारण कस्तूर ही थी,अन्यथा आधी आबादी को जोड़ पाना आसान कार्य नहीं था,आधी आबादी का साथ आना और सत्याग्रह में सक्रिय भागीदारी करना,कस्तूर के नेतृत्व का ही कमाल था,जिसे गाँधी जानते थे,कई जगहों पर गाँधी ने कस्तूर को रोल मॉडल की तरह प्रस्तुत भी किया है,चाहे वह आंदोलनों में भाग लेना हो या स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग या फिर आजादी की लड़ाई के यंत्र के रूप में चरखे के इस्तेमाल का प्रयोग ।

गांधी जैसे व्यक्तित्व की पत्नी के रूप में एक स्त्री का स्वयं अपने और साथ ही देश की आजादी के आंदोलन से जुड़े दोहरे संघर्ष को जानना समझना कस्तूर और कस्तूर बा के अलग-अलग अस्तित्व और व्यक्तित्व को जानना समझाना है जिसमें वह पत्नी,माँ और देश की आजादी के लिए एक समर्पित कार्यकर्त्ता के रूप में दिखाई देती है । जिनकी अपनी स्वतंत्र सोच और विचार हैं, जो निर्णय लेने में समर्थ हैं`

22 फरवरी 1944 के दिन का बहुत ही मार्मिक चित्रण 'गाँधी' फिल्म में रिचर्ड एडनबरो ने किया हैं । जिसमें पुणे के आगा खा पैलेस में गाँधी के मन की बैचनी और कस्तूर के गाँधी के दूर न जाने के आग्रह को देखा जा सकता है जो प्रेम की एक सशक्त अभिव्यक्ति है । आज कस्तूर की पुण्यतिथि है उन्हें शत शत नमन ।

**(सहायक प्रोफेसर,गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता)**

# डाइवर्सिटी एजेंडा लागू होना चाहिए

**प्रसंगवश**



**एच. एल. दुसाध**

आज भारत में आर्थिक और सामाजिक विषमता जिस तरह शिखर पर पहुंची है;जिस तरह नीचे की प्रायः 50% आबादी महज 3% नेशनल वेल्थ पर गुजर-बसर करने के लिए विवश है; जिस तरह भारत ने नाइजीरिया को पीछे छोड़ते हुए दुनिया के ह्यपॉवर्टी कैपिटलह्न अर्थात ह्यगरीबी की राजधानी ह्यका खिताब अपने नाम किया है; जिस तरह देश की आधी आबादी को आर्थिक समानता पाने में 257 साल लगने के कयास लगाये जा रहे हैं और सर्वोपरि जिस तरह शासक वर्ग की नीतियों से बहुसंख्य वंचित समाज उस स्टेज में पहुंचा दिया गए है, जहां सारी दुनिया में वंचितों को मुक्ति- संग्राम में उतरना पड़ा है।? ऐसी दशा में अधिकांश बहुजन बुद्धिजीवियों को निगाहें बहुजन लेखकों के संगठन ह्यबहुजन डाइवर्सिटी मिशनह्न (बीडीएम) पर टिक गयी हैं.बहुजन लेखकों का यह संगठन पिछले डेढ़ दशक से सेना व न्यायालयों सहित सरकारी और निजीक्षेत्र की सभी स्तर की,सभी प्रकार की नौकरियों, पौरोहित्य,डीलरशिप; सप्लाई,सड़क-भवन निर्माण इत्यादि के ठेकों,पार्किंग,परिवहन; शिक्षण संस्थानों, विज्ञापन व एनजीओ को बंटने वाली राशि,ग्राम-पंचायत,शहरी निकाय, संसद-विधानसभा की सीटों; राज्य एवं केन्द्र की कैबिनेट;विभिन्न मंत्रालयों के कार्यालयों; विधान परिषद; राज्यसभा;राष्ट्रपति,राज्यपाल एवं प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के कार्यालयों इत्यादि के कार्यबल अर्थात शक्ति के समस्त स्रोतों में सामाजिक और लैंगिक विविधता लागू करवाने की वैचारिक लड़ाई शिद्दत से लड़ रहा है. इसके दस सूत्रीय एजेंडे को जहां भाजपा-कांग्रेस जैसे राष्ट्रीय दलों के साथ के साथ कई क्षेत्रीय पार्टियों ने अपने चुनावी मैनिफेस्टो में जगह दिया है,वहीँ कई राज्य सरकारों ने लागू भी किया है. बहुजन बुद्धिजीवियों का मानना है कि यदि बीडीएम के दस सूत्रीय एजेंडे को ठीक से लागू कर दिया जाय तो दलित, आदिवासी,पिछड़े, अल्पसंख्यक और महिलाएं शक्ति के स्रोतों में अपनी वाजिब हिस्सेदारी पा जाएँगी और भारत पलक झपकते आर्थिक विषमताजन्य समस्त समस्यायों से निजात पा जायेगा!

इसमें कोई संदेह नहीं कि हिंदी पट्टी के बहुजनवादी दलों ने मंडल उत्तरकाल में विराट सम्भावना जगाया, किन्तु वह चिरस्थायी न हो सका और 2009 के लोकसभा चुनाव से वे सामाजिक न्याय की राजनीति से विचलन का संकेत देने लगे. दरअसल 2009 तक वे बहुजन समाज को अपने वोटों का गुलाम समझने लगे थे. वे यह मानकर निश्चिन्त थे कि कुछ नहीं भी करने पर बहुजनों का वोट उन्हें थोक भाव में मिलते रहेगा. इसलिए उन्होंने न सिर्फ सारा ध्यान सवर्णों पर लगाना शुरू किया, बल्कि उनके हिसाब से एजेंडा भी सेट करने लगे. वे बहुजनों की भागीदारी को दरकिनार कर गरीब सवर्णों के लिए आरक्षण की आवाज बुलंद करने लगे थे. इस समय तक खुद को जातिमुक्त दिखाने के लिए उन्होंने तिलक तराजू .. और भूराबाल जैसे नारों से पूरी तरह दूरी बना लिया था. वे सवर्णों के सहारे पीएम बनने के सपनों में विभोर हो गए थे. सामाजिक न्याय की राजनीति से उनके विचलन का परिणाम 2009 के लोकसभा चुनाव में गहरी शिकस्त के रूप में आया।


सामाजिक न्याय की राजनीति 2014 में और बदतर स्थिति में पहुँच गयी. 2009 के पराजय के बाद उन्हें सामाजिक न्याय की उग्र राजनीति की ओर लौटना था,पर वे खुद को नहीं बदले और अच्छे दिन लाने की उम्मीद जगा कर 2014 के लोकसभा में उतरे नरेंद्र मोदी नामक तूफान के सामने उड़ से गए. सबसे बुरी स्थिति बसपा की हुई. सामाजिक न्याय से भारी दूरी बनाने के कारण मायावती जी की बसपा शून्य पर पर पहुँच गयी.2014 में मुखर बहुजन नेता रामविलास पासवान सामाजिक न्याय का खेमा बदलकर मोदी के साथ हो लिए. बहरहाल बहुजनवादी दलों में अगर 2009 में लोजपा; 2014 में बसपा शून्य पर पहुंचने का रिकॉर्ड बनायीं तो 2019 में सामाजिक न्याय की बेहद मुखर पार्टी राजद शून्य पर पहुँच गयी. वास्तव में प्रधानमंत्री मोदी के उदय के बाद बहुजनवादी पार्टियां चुनाव दर चुनाव अपनी स्थिति कारुणिक बनाती गईं. इसका प्रधान कारण यह रहा कि जिस सामाजिक न्याय के राजनीति की जोर से भाजपा को शिकस्त दी जा सकती थी, इन्होंने वह मुद्दा उठाया ही नहीं. एकमात्र अपवाद रहे लालू प्रसाद यादव जिन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव 2015 में डाइवर्सिटी केन्द्रित मुद्दा उठाकर लोकप्रियता के शिखर पर काबिज मोदी की भाजपा को शिकस्त दे दिया. 2015 के बाद हिंदी पट्टी में चार चुनाव हुए : 2017 में यूपी विधानसभा चुनाव, 2019 में लोकसभा चुनाव, 2020 में बिहार विधानसभा चुनाव और 2022 में फिर यूपी विधानसभा चुनाव. आश्चर्य की बात यह रही कि अज्ञात कारणों से यूपी और बिहार के बहुजन नेतृत्व ने इन चुनावों में सामाजिक न्याय से जुड़ा जरा भी मुद्दा नहीं उठाया. एक ऐसे दौर में जबकि मोदी सत्ता में आने के बाद राजसत्ता का अधिकतम इस्तेमाल निजीकरण, विनिवेशीकरण और लैटरल इंट्री के जरिये आरक्षण के खात्मे और संविधान के उद्देश्यों को व्यर्थ करने में कर रहे थे, इन्होंने चारों चुनावों में आरक्षण को विस्तार देने वाला मुद्दा उठाया ही नहीं. जबकि इनके समक्ष लालू प्रसाद यादव का दृष्टांत था, जिन्होंने डाइवर्सिटी केन्द्रित हल्का सा मुद्दा उठाकर 2015 मोदी जी को आराम से शिकस्त दे दिया था. यदि इन्होंने कायदे से डाइवर्सिटी टाइप मुद्दा उठाया होता, मोदी की 2019 में न तो सत्ता में वापसी हो पाती और न ही बहुजनों के गुलामों की स्थिति में पहुचने की नौबत आती.

ऐसा लगता है मोदी के उत्तरोत्तर अप्रतिरोध्य बनते जाने के साथ अज्ञात कारणों से बहुजन नेतृत्व में सत्ता हासिल करने की इच्छाशक्ति मरती गयी, जबकि सत्ता में आने के बाद जिस तरह जूनून से मोदी आरक्षण के खात्मे और शक्ति के समस्त स्रोत सवर्णों के हाथ में देने में मुस्तैद हुए थे, उससे वंचित बहुजनों को आक्रोशित कर सत्ता दखल की बेहतर जमीन तैयार होने लगी थी. किन्तु जैसा पूर्व पंक्तियों में कहा कि इनमें सत्ता हासिल करने की इच्छाशक्ति ही विलुप्त सी हो गयी, इसलिए उन्होंने मोदी की बहुजन विरोधी नीतियों के सद्व्यवहार में कोई रूचि ही नहीं ली. अगर ऐसा नहीं होता तो वे कहते कि हम सत्ता में आने के 24 घंटे के अन्दर सवर्ण आरक्षण का खात्मा कर देंगे और जाति जनगणना कराकर उनको उनके संख्यानुपात में हर क्षेत्र में अवसर देंगे तथा उनके हिस्से का 65 से 75 प्रतिशत अतिरक्त अवसर दलित, आदिवासी पिछड़ो और अकलियतों के मध्य बाटेंगे. जिस तरह मोदीराज में लाभजनक सरकारी उपक्रमों को अन्धाधुन बेचा गया, वे कह सकते थे कि हम सत्ता में आने पर बेचीं गयी सरकारी कंपनियों और परिसंपत्तियों की समीक्षा कराएँगे और प्रयोजन होने पर पुनः राष्ट्रीयकरण करेंगे. वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति सहित सत्ता में आने पर सरकार के हर बहुजन विरोधी फैसलों को पलटने की बात कहकर अपने समर्थकों में सामाजिक न्याय का सपना दे सकते थे पर, इच्छाशक्ति खत्म होने के कारण ऐसा न कर सके.

सबसे बड़ी बात तो यह है कि मोदी सरकार ने अपनी बहुजन विरोधी नीतियों से सापेक्षिक वंचना को तुंग पर पंहुचा दिया , किन्तु इच्छा शक्ति के अभाव में बहुजन नेतृत्व इसके सद्व्यवहार से मीलों दूर रहे. क्रांति का अध्ययन करने वाले तमाम समाज विज्ञानियों के मुताबिक जब वंचित वर्गों में सापेक्षिक वंचना का भाव पनपने लगता है, तब उन में शक्ति संपन्न वर्ग के खिलाफ आक्रोश की चिंगारी फूट पड़ती है और वे शासकों को सत्ता से दूर धकेल देते हैं.जिस तरह आज मोदी की सवर्णपरस्त नीतियों से जन्मजात सुविधाभोगी वर्ग का शक्ति के स्रोतों- आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षिक और धार्मिक- पर बेहिसाब कब्जा कायम हुआ है, उससे सापेक्षिक वंचना के तुंग पर पहुंचने लायक आज जो हालात भारत में पूंजीभूत हुए हैं, वैसे हालात विश्व इतिहास में कहीं भी नहीं रहेः यहाँ तक कि फ्रांसीसी क्रांति और रूस की जारशाही के खिलाफ उठी वोल्सेविक क्रांति में भी नहीं रहे ! लेकिन मोदी सरकार द्वारा लगातार देश को बेचने तथा बहुजनों को गुलामों की स्थिति में पहुचाने का उपक्रम करते देखकर भी बहुजनवादी विपक्ष कभी सापेक्षिक वंचना के सद्व्यवहार के लिए आगे इसलिए नहीं आया, क्योंकि अदृश्य व अज्ञात कारणों से उसमें सत्ता हासिल करने की इच्छा शक्ति शायद विलुप्त हो गयी है. अतः जिन बहुजनवादी दलों में सत्ता में आने की चाह विलुप्त सी हो गयी, उनसे यह प्रत्याशा नहीं की जा सकती कि वे शक्ति के समस्त सोतों के वाजिब बंटवारे की हिमायत करने वाले बहुजन डाइवर्सिटी मिशन के दस सूत्रीय एजेंडे में कोई रूचि लेंगे! ऐसे में इसे लागू करवाने के लिए अन्य विकल्पों पर विचार करना होगा!

**(लेखक बहुजन डाइवर्सिटी मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं. संपर्क : 9654816191)**

**व्यंग्य**



## गांव का मेला बनाम पुस्तक मेला

**अरविन्द तिवारी**

बचपन में गांव के मेले देखे थे,उनकी याद अमिट है।मेले में सबसे ज्यादा आकर्षण नौटंकी का था।उसके डायलॉग आज तक याद हैं।₹छप्पन छुरी बहत्तर चाकू।मेरा नाम है सुल्ताना डाकू।₹गांव के मेले में दिन भर घूमकर नहीं थकते थे,तो रात को भी चले जाते थे।मिट्टी के तेल के हंडे की रोशनी, मेले को एक नया लुक देती थी।सच कहता हूं उस रोशनी के आगे आधुनिक मैरिज होम की रोशनी भी फीकी लगती है!बड़े हुए तो किताबें पढ़ने लगे।कुछ और बड़े हुए तो नई दिल्ली के प्रगति मैदान में लगने वाले पुस्तक मेले में जाने लगे।तब हर दो वर्ष बाद विश्व पुस्तक मेला भरता था,जो अब सालाना हो गया है।

पिछले तीस वर्षों से पुस्तक मेले में जाते रहने के बाद हमें इल्म हुआ ,यह पुस्तक मेला तो गांव के मेले की जैसा ही है।गांव के मेले में कई भोले भाले ग्रामीण मेला देखने आते थे।पुस्तक मेले में आने वाले पाठकों और लेखकों को देखें,तो वे भोले भाले ग्रामीणों से कम नहीं हैं।उन्हें कोई भी आसानी से ठग सकता है।रही बात लेखकों की तो वह ठगे जाने के लिए ही जन्में हैं।दुख तब होता है,जब एक लेखक दूसरे को ठगने की कोशिश करता है!जिक्र कर चुका हूं,गांव के मेले में सबसे ज्यादा आकर्षण नौटंकी का होता था।पुस्तक मेले में हर स्टाल पर नौटंकी होती देखी जा सकती है।इसी नौटंकी के बरक्स एक दिन में एक किताब का विमोचन चार चार बार हो जाता है।थोड़ा बहुत चर्चित साहित्यकार मेले में आ जाए,तो प्रकाशकों के स्टाल उसे उसी तरह लपकते हैं,जैसे टूरिस्ट प्लेस पर लपके विदेशी सैलानियों को।

गांव के मेले में जादूगर भी आते थे।ये जादूगर आदमी को हवा में उड़ाने का दावा करते थे।एक आदमी जमीन पर लेटा हुआ होता था।बार बार डुगडुगी बजाकर जादूगर घोषणा करता था कि शीघ्र ही यह आदमी हवा में उड़ेगा।आदमी के उड़ने की घोषणा करते हुए वह जादू के अन्य करतब दिखाया करता था।पुस्तक मेले का जो लेखक मंच होता है,वहां हूबहू इसी तरह का जादू दिखाया जाता है। गांव के मेले वाले जादू में आदमी अंत तक नहीं उड़ पाता था,पर पुस्तक मेले के लेखक मंच वाले जादू में वह लेखक शुरू से ही हवा में उड़ने लगता है,जिसकी पुस्तक पर चर्चा हो रही है।खुद के रुपयों से किराए पर लिया मंच,जब माइक पर घोषणा करता है कि लेखक ने नई जमीन तोड़ी है,तो लेखक सचमुच उड़ने लगता है!कोई वक्ता उसे प्रेमचंद जैसा या मुक्तिबोध जैसा बता दे,तो वह उड़ता हुआ लेखक आसमान में उसी तरह गुलाटी खाने लगता है,जैसे हाल ही में भारतीय विमानों ने बैंगलोर में आयोजित विमान प्रदर्शनी में खाईं थीं।जैसे ही लेखक मंच पर कार्यक्रम समाप्त होता है वैसे ही वह लेखक,आसमान से नीचे आ गिरता है।जमीन पर उसी तरह पड़ा दिखाई देता है,जैसे गांव के मेले में उड़ने वाला आदमी पड़ा रहता था।जिसके उड़ने का आश्वासन वह जादूगर लगातार देता रहता था।

गांव के मेले में ग्रामीण महिलाएं मेला देखने आती थीं।पुस्तक मेले में भी महिलाओं की भीड़ लगी रहती है।ज्यादातर लेखिकाएं होती हैं।गांव के मेले में महिलाएं चाट वाले से जब चाट खरीदकर खातीं,तो उन्हें इल्म होता,दोने में तो मटर है।वे एक दूसरे को असलियत बतातीं,बहना ये तो मटरा है।इतनी महंगी मटरा!इधर पुस्तक मेले में गांव का मेला याद आ जाता है,जब अस्सी रुपए की कॉफी और चालीस रुपए में पानी की बोतल मिलती है।गांव के मेले में जो समान बिकता था,वह घटिया किस्म का होता था।पुस्तक मेले में भी कई किताबें,खासकर शब्दकोश सिर्फ. वजन में भारी होते हैं,शब्दों में नहीं।जैसे गांव के मेले में दुकानदार मेला खत्म होने से पहले समान औने पौने दामों में बेचते हैं,वैसे ही पुस्तक मेले में पुस्तकें बेची जाती हैं।प्रकाशकों से ज्यादा मुनाफा छोले कुल्चे वालों को हो जाता है।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# हाईस्कूल गणित की परीक्षा में धराए चार मुन्ना भाई

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** जनपद में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंगलवार को हाई स्कूल की गणित की परीक्षा कराई गई। सभी 326 केंद्रों पर लगातार अधिकारियों द्वारा चक्रमण किया जाता रहा। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने भी परीक्षा केंद्रों पर पहुंच कर हाल जाना। एसपी व डीएम द्वारा मंगलवार को मौलाना आजाद इंटर कॉलेज अंजान शहीद एवं मॉडर्न एरा इंटर कॉलेज जीयनपुर में चल रही परीक्षा एवं सीसी टीवी कैमरे आदि का निरीक्षण किया गया। उन्होंने परीक्षा दे रहे अभ्यर्थियों से रैंडमली पूछताछ की।

सेंटर पर परीक्षा दे रहे अभ्यर्थियों को रैंडमली खड़ा कर पूछताछ की जाती रही। इसी दौरान चार परीक्षा केंद्रों पर चार मुन्ना भाई धर लिए गए। लालगंज तहसील क्षेत्र के अंतर्गत लालगंज स्थित श्रीकृष्ण गीता इंटर कॉलेज में तहसीलदार व नायब तहसीलदार के औचक निरीक्षण में तीन मुन्ना भाई पकड़ लिए गए।



एक परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थी से पूछताछ करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक

इसमें एक अरविंद विश्वकर्मा है

**कार्रवाई**

**सभी 326 केंद्रों पर लगातार अधिकारियों द्वारा चक्रमण किया जाता रहा**

जो सलाहुद्दीन के स्थान पर परीक्षा दे रहा था।

वहीं विशाल निषाद के स्थान पर मुकेश निषाद पुत्र चंद्रदेव निषाद निवासी बम्मावन थानागद्दी जिला जौनपुर परीक्षा देते हुए पकड़ा गया। इसके अलावा आदित्य मौर्य के स्थान पर सुनील कुमार पुत्र धर्मेंद्र कुमार निवासी ब्योहरा लालगंज पकड़ा गया। इसके अलावा सदर तहसील क्षेत्र के महाराजपुर में बाबा भैरवनाथ जी इंटर कालेज में रोशन गोंड के स्थान पर एक अन्य छात्र परीक्षा देते हुए पकड़ा गया।

# पंखे के हुक से लटकता मिला विवाहिता का शव

**फरिहा (आजमगढ़)।** निजामाबाद थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव में मंगलवार की रात 25 वर्षीय विवाहिता का पंखे के हुक से लटक रहे शव को देख परिवार में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग को लेकर हत्या करने तथा साक्ष्य छिपाने के लिए आत्महत्या का रूप देने का आरोप लगाया। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की छानबीन में जुट गई है। फूलपुर क्षेत्र के बहाउद्दीनपुर ग्राम निवासी सियाराम यादव ने एक वर्ष पूर्व अपनी 25 वषीर्या पुत्री आराधना की शादी निजामाबाद क्षेत्र के महमूदपुर ग्राम निवासी अरविंद यादव के साथ की थी। अरविंद यादव के बचपन में माता-पिता की मृत्यु हो जाने पर उनका पालन पोषण ननिहाल में हुआ था और ननिहाल के लोगों ने अरविंद की शादी ननिहाल से ही की थी। ननिहाल में अरविंद यादव अपनी पत्नी आराधना के साथ रह रहा था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मोबाइल को लेकर एक दिन पहले

**मायके वालों ने लगाया हत्या करने का आरोप**

झगड़ा हुआ था। दूसरे दिन विवाहिता की लाश घर में पंखे से लटकती मिली। सोमवार की रात परिजनों के साथ भोजन के बाद अपने कमरे में सोने चली गयी। रात में किसी समय उसने कमरे की छत में लगे पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। घटना की जानकारी परिवार के लोगों को मंगलवार की सुबह हुई। आनन-फानन दुपट्टे को काटकर शव को नीचे उतारा गया। इसकी सूचना स्थानीय थाने के साथ ही मृतका के मायके वालों को दी गई। सूचना पाकर मायके वाले मौके पर पहुंच गए और ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग को लेकर नवविवाहिता आराधना की हत्या करने का आरोप लगाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में निजामाबाद थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिल गई है। 6 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है जिसमें 2 महिला और चार पुरुष हैं।

# पट्टीदारों पर लगाया रास्ते पर अवैध कब्जा करने का आरोप

**मांग**

**पीड़िता ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार**

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** फूलपुर तहसील अंतर्गत पवई थाना क्षेत्र के सवाई गांव निवासी विद्या देवी ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अवैध रूप से कब्जा किए हुए रास्ते से कब्जा हटाने की मांग की।

पीड़िता विद्या देवी ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि उसके पट्टीदार कमलेश यादव और अखिलेश यादव ने रास्ते की जमीन में अवैध रूप से मडई रखकर जबरन कब्जा कर लिया है जिससे पीड़िता का रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है।

पीड़िता ने बताया कि उसने उपजिलाधिकारी फूलपुर को इस संबंध में प्रार्थना पत्र दिया था जिनके आदेश पर एक नवंबर 2021 को



जिलाधिकारी कार्यालय पर गुहार लगाती पीड़िता विद्या देवी

तहसीलदार द्वारा सुलहनामा बनवाया गया था जिसमें विपक्षियों ने मडई हटाने की सहमति बना ली थी।

लेकिन उसके बाद फिर विपक्षी मुकर गए। पीड़िता ने कई बार इस मामले को उच्चाधिकारियों को अवगत कराया लेकिन अभी तक उचित कार्रवाई नहीं की गई। आज एक बार फिर पीड़िता ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर रास्ता खाली करवाने की मांग की है।

# चोरों ने फिर बनाया दो घरों को निशाना



चोरों का सुराग लगाती खोजी कुतिया



घटना स्थल पर जुटी लोगों की भीड़

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गनपतपुर मिश्रौलिया गांव में दो घरों में हुई चोरी के बीते अभी 24 घण्टे भी नहीं हुए कि चोरो ने क्षेत्र में फिर दो घरों को निशाना बनाकर पुलिस को खुली चुनौती दे दी।

थाना अतरौलिया में हुई सबसे बड़ी सनसनीखेज चोरी की वारदात में पुलिस जहाँ चोरों का कोई सुराग नहीं लगा सकी, वहीं चोरों ने इसी अंदाज में क्षेत्र के बनवारी पट्टी गांव में फिर दो घरों को अपना निशाना बनाया और पुलिस को खुली चुनौती दे दी।

अतरौलिया थाना क्षेत्र के गनपतपुर मिश्रौलिया गांव में चोरों ने बुलंद

**चुनौती**

**घटनाओं का पदार्फाश करने में नाकाम हो रही पुलिस**

हौसले से भयमुक्त होकर एक ही रात्रि में अगल-बगल के दो घरों में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दे डाला तो वहीं दूसरी रात को बनवारी पट्टी गांव में दो घरों को निशाना बना कर लाखों की चोरी को अंजाम दे दिया। दुःसाहसिक चोरों की हिम्मत इतनी बढ़ गई है कि घरों में सो रहे लोगों का कमरा बाहर से कुण्डी लगा कर बंद करके बड़े इत्मीनान से रोडवेज के वरिष्ठ लिपिक शेषनाथ मिश्रा व चक्र भुवन मिश्रा के घर में रखे लोहे की आलमारी का लॉक तोड़ कर नकदी एवं लाखो के सोने का आभूषण लेकर फरार हो गए। अभी इस घटना से पुलिस उबर भी नहीं पाई कि क्षेत्र के बनवारी पट्टी गांव में चन्द्रजीत यादव पुत्र स्व.राम सम्हारे तथा कल्पनाथ यादव पुत्र लालचंद के घर में पीछे के रास्ते घुसकर चोरो ने नगदी समेत लाखो रुपये के गहने चुरा लिए। परिजनों द्वारा स्थानीय थाने पर सूचना दी गई। मौके पर थाना प्रभारी प्रमेंद्र कुमार सिंह तथा फॉरेंसिक व डॉग स्क्वायड की टीम पहुंचकर घटना की छानबीन में जुट गई। पीड़ित चंद्रजीत यादव ने बताया कि पीछे के रास्ते चोर घर में घुसे और लगभग 5 लाख के जेवरात व 25 हजार नगदी उठा ले गये। वहीं कल्पनाथ यादव ने बताया कि अज्ञात चोरों द्वारा लगभग 4.5 लाख रुपए के गहने व 70 हजार नगदी चोरी कर ली गयी। पीड़ित द्वारा स्थानीय थाने पर तहरीर दी दी गयी है। इस तरह से क्षेत्र में हो रही चोरी की वारदात पुलिस के लिए सिरदर्द बनी हुई है तो वहीं पूरे क्षेत्र में लोगों के अंदर चोरी की घटनाओं का भय बना हुआ है। क्षेत्र में अलग-अलग हुई चोरी की घटनाओं में 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस अंधेरे में तीर चला रही है।

## संक्षेप

### क्षेत्राधिकारी को किया गया सम्मानित



क्षेत्राधिकारी सौम्या सिंह को सम्मानित करते संजय कुमार पांडेय

**आजमगढ़।** क्षेत्राधिकारी सगड़ी सौम्या सिंह को बुके और वार्षिक पत्रिका आइडियल इंडिया देकर सम्मानित किया गया। आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव साहित्यकार संजय कुमार पाण्डेय ने पुलिस लाइन पहुंच कर वहां उपस्थित क्षेत्राधिकारी सगड़ी सौम्या सिंह का स्थानांतरण नोएडा में असिस्टेंट कमिश्नर पद पर किए जाने पर उन्हें बुके एवं एसोसिएशन की वार्षिक पत्रिका आइडियल इंडिया भेंट कर सम्मानित किया। श्री पांडेय ने कहा कि क्षेत्राधिकारी ने अपने कार्यकाल में बड़े ही सहज और सरल स्वभाव से लोगों की समस्याओं को सुना और उसका निदान कराने का पूरा प्रयास किया। उनके स्थानांतरण से लोगों को बहुत दुख हुआ है लेकिन खुशी इस बात की है कि आपको नोएडा जैसी जगह में तैनाती मिली है। इस अवसर पर पंकज कुमार यादव, स्वतंत्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

### बहुगुणा की याद में मुशायरा 26 को



**आजमगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री स्व.हेमवती नंदन बहुगुणा महान स्वतन्त्रा संग्राम सेनानी थे उनके जीवन का मकसद देश सेवा था। उनके हृदय में गरीबों अल्पसंख्यकों, दलितों शोषितों वंछितों की तरक्की के लिए अथाह दर्द था। अपने जीवन काल में उन्होंने समाज में भाईचारा को बढ़ावा दिया। पूरे देश में उनके चाहने वाले आज भी हैं। उनका जीवन बहुत सादा था। छात्र जीवन से ही स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ गए थे। अंग्रेजों ने उन पर जिन्दा या मुर्दा पकड़े जाने पर इनाम घोषित किया था। उक्त बातें बहुगुणा स्मृति समिति के जिलाध्यक्ष साजिद खान आजमी ने प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि जेल जाने के बाद भी उनके हौसले बुलन्द थे और देश की आजादी की लड़ाई लड़ते रहे। देश अजाद हुआ तो विभिन्न पद पर रह कर देश की सेवा की। वह अविभाजित उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। इस के अलावा वित्त मंत्री समेत भारत के विभिन्न पदों के कई बार मंत्री रहे और देश की सेवा की। उर्दू भाषा से उन्हें लगाव था। भारत की गंगा जमुनी तहजीब में विश्वाश रखते थे। ऐसे महान व्यक्ति को याद न करना नाइंसाफी होगी। उनकी याद में इस बार 26 फरवरी को मार्टिनगंज तहसील क्षेत्र के कंवरा गहनी में मुशायरा कराया जा रहा है।

### फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु 25 हजार का इनाम घोषित

**आजमगढ़।** अन्तर्जनपदीय कुख्यात वांछित, फरार अपराधी अनिल यादव उर्फ अप्पू यादव की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने 25 हजार रुपए का नकद पुरस्कार घोषित किया है। बीते 14 को थाना बरदह क्षेत्र की एक महिला ने शिकायत किया कि विपक्षी अनिल यादव उर्फ अप्पू यादव, निवासी बेलहरी, थाना सरायमीर आदि 7 लोगों द्वारा वादिनी के पति शिवनाथ को जान से मारने की धमकी देते हुए 8 लाख रुपए की मांग की गयी व शिवनाथ द्वारा डरवश 4 लाख का चेक दिया गया तथा बाद में शिवनाथ द्वारा उक्त चेक को निरस्त करा दिया गया। इसी बात को लेकर रंगदारी की रकम न मिलने पर विपक्षियों द्वारा गोली मारने की धमकी दी गयी थी। उक्त के सम्बन्ध में 4 नामजद व 3 अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध थाना बरदह पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियुक्त अनिल यादव उर्फ अप्पू यादव एक कुख्यात अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद सहित जौनपुर में ढाई दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमें हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, रंगदारी वसूलने संबंधित दर्ज हैं। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित, फरार अभियुक्त अनिल यादव उर्फ अप्पू यादव की गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार का नकद पुरस्कार घोषित किया गया।

### अज्ञात का शव मिलने से सनसनी

**आजमगढ़।** शहर कोतवाली क्षेत्र के ठंडी सड़क पर मंगलवार की सुबह एक अज्ञात 18 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी मच गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तलाशी में उसके जेब से सल्फास की शीशी मिली। पुलिस शव की पहचान की कराने में लग गई।

### भंग नहीं है मुहम्मदपुर ब्लॉक इकाई

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संघ के जिला मीडिया प्रभारी जाहिद खां ने बताया कि संगठन के मुहम्मदपुर इकाई के प्रति भ्रामकता फैलाई जा रही है। जाहिद ने कहा कि भ्रामकता फैलाई जा रही है कि मुहम्मदपुर ब्लाक इकाई भंग कर दी गयी है जबकि ऐसा नहीं है। जिले से लेकर प्रदेश तक संगठन मांगो को लेकर संघर्ष कर रहा है। ब्लाक इकाई भंग का अधिकार जिला इकाई को है। ऐसा कृत्य संगठन कमजोर करने के लिए हो रहा है।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 215 मरीजों का हुआ इलाज

**आजमगढ़।** सऊद मेमोरियल हॉस्पिटल की वर्षगांठ पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 215 मरीजों की निःशुल्क चिकित्सा की गई। इस अवसर पर डॉ.मोहम्मद आसिफ खान शुगर रोग एवं दिल के विशेषज्ञ मौजूद रहे। इस शिविर में शुगर थायराइड कोलेस्ट्रोल एचडीबीपी गुर्दा के 215 मरीजों का इलाज किया गया।

### पांच दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का समापन

**ओबरा।** रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है, जो सदैव समाजसेवा व राष्ट्र सेवा के लिए तैयार रहते है। रोवर्स रेंजर्स को आपातकाल के लिए तैयार किया जाता है, जिसके अंतर्गत उन्हें तंबू बनाना, सेतु बनाना, प्राथमिक सहायता, बिना बर्तन का भोजन बनाना, संकेत वार्ता जैसे महत्वपूर्ण विषय की जानकारी दी जाती है। जब भी आप लोगों को अवसर मिले, मानव कल्याण के काम में लगे रहे। यह बातें राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे रोवर्स रेंजर्स के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ प्रमोद कुमार ने कही। डॉ राधाकान्त पाण्डेय व डॉ अमूल्य कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# विद्युत बकायेदारों के खिलाफ चला चेकिंग अभियान

**फूलपुर (आजमगढ़)।** बकायादारों के विद्युत विच्छेदन अभियान व विद्युत उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन आन लाइन अपडेट अभियान में उपखण्ड कार्यालय अंतर्गत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में चलाए जा रहे अभियान में अवर अभियंता फूलपुर निखिल शेखर सिंह के नेतृत्व में निकली टीम ने शाबाना आजमी मार्ग मिर्चा मंडी न्यू कालोनी में घर घर बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान 25 उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत विच्छेदन की कार्यवाही की गयी।

1250 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन आन लाइन अपडेट किये गए। एक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया जो मीटर के पास से बाईपास करके बिद्युत चोरी कर रहा था। वहीं ग्रामीण अवर अभियंता फूलपुर मनीष कुमार की टीम द्वारा महुवारा शमसाबाद गांव में घर घर चेकिंग ऑनलाइन अपडेट कनेक्शन अभियान में 1117 उपभोक्ताओं के



मीटर चेक करती विद्युत विभाग की टीम

कनेक्शन आन लाइन किये गए। वहीं फर्जी रूप से ईंट भठ्ठा पर चोरी से बिद्युत प्रयोग कर रहे दो भठ्ठा संचालकों व एक मुर्गी फार्म मालिक सहित छः अन्य के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया। भठ्ठा संचालको के खिलाफ हुई कार्यवाही से पूरे क्षेत्र के भठ्ठा संचालकों में हड़कंप मच गया। इस अवसर पर प्रशांत, पंकज, आशीष पाल, रमाकान्त, देविश्याम, अंगद, प्रमोद, अरविंद, अभिषेक आदि उपस्थित रहे।रानी की सराय प्रतिनिधि के अनुसार मंगलवार को कस्बा और कोटिला में 32 कनेक्शन काटे गये। अभियान से बकायेदारों में खलबली है। एक पखवाड़े में दो सौ कनेक्शन काटे गये। मंगलवार को जेई रामकृष्ण यादव के निर्देशन में कस्बे में 15 और कोटिला बाजार में 17 कनेक्शन काटे गये। जेई ने बताया कि बकायेदारों के विरुद्ध अभियान चलता रहेगा। उपभोक्ता बकाये को जमा करें।

### ट्रक से कुचल कर बाइक सवार की मौत

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रीवा सुलतानपुर गांव के पास फूलपुर दुवार्सा मार्ग पर ट्रक से कुचल कर बाइक सवार की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। इरशाद 25 वर्ष पुत्र सिरताज निवासी शम्भूपूर अहिरौला अपनी बुआ के घर भियांव जलालपुर अम्बेडकर नगर गया था। मंगलवार को अपनी बुआ के लड़के इशरार पुत्र मेहदी हसन के साथ बाईक पर बैठकर वापस शम्भूपुर जा रहा था। रीवा सुल्तानपुर गांव के पास बाईक अनियन्त्रित हो गया जिससे दोनों गिर गये। इसी दौरान सामने से आ रही गन्ना लदी ट्रक के नीचे पीछे बैठा इरसाद चला गया जिससे दोनो घायल हो गये। ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों ने इरशाद को मृत घोषित कर दिया। इशरार का इलाज प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। ट्रक चालक गाड़ी छोड़ मौके से फरार हो गया। मृतक इरशाद के भाई मुश्ताक पुत्र सिरताज ने थाना कोतवाली में तहरीर दी। शव को पुलिस ने चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

# एक माह में ही उठ गया बच्चों के सर से माता-पिता का साया

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** कहते हैं कि समय जब प्रतिकूल हो तो मुसीबतें भी इम्तिहान लेती हैं। ऐसी ही कुछ घटना मेंहनगर थाना क्षेत्र के गोपालपुर में घटित हुई है। पति की मौत के बाद रोजी रोटी के लिए चक्की आटा चलाते समय 9 फरवरी 2023 को रात्रि 9 बजे बुरी तरह घायल पत्नी पद्ममा 44 वर्ष पत्नी स्व.अमित की इलाज के दौरान मंगलवार को लखनऊ के निजी अस्पताल में मौत हो गई। बड़ी बेटी श्वेता 19 वर्ष और बेटा हिमांशु 17 वर्ष पर जैसे मुसीबतों का पहाड़ टूट गया है और दोनों का रोते रोते बुरा हाल है। मां का शव गांव पंहुचते ही फफक फफक रो पड़े। गोपालपुर गांव के बबलू उर्फ अमित कुमार सिंह 46 वर्ष पुत्र स्व.हरिशंकर सिंह का देहांत 17 जनवरी को हृदयाघात से हो गया था, जिनकी तेरहवीं 29 जनवरी को की गई थी। अभी महीना भी नहीं गुजरा था कि पत्नी पद्मा अभी पति की मौत से उबर भी



मां की मौत से बेसुध पड़ी बेटी

**दुखद**

**मां के शव से लिपट फफक फफक रोए बच्चे**

नहीं पाई थी कि बच्चों को पालने के लिए आटा चक्की चलाते समय साड़ी का पल्लू पट्टे में फसनें के कारण बुरी तरह से घायल हो गई और ईलाज के दौरान मौत होने से परिवार में कोहराम मच गया। वहीं दुर्घटना के बाबत परिजनों ने स्थानीय थाने में मामला दर्ज कराने और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिए जाने वाले दुर्घटना बीमा के लिए राजस्व टीम को सूचना दी है।

# अजय सिंह अध्यक्ष तो पंकज बने मंत्री

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील सभागार में मंगलवार को लेखपाल संघ ईकाई मेंहनगर का चुनाव नामित अधिकारी, लेखपाल संघ अध्यक्ष ईकाई निजामाबाद अंजनी तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद के लिए लेखपाल अजय कुमार सिंह, कुंजन यादव और अमर सिंह ने नामांकन दाखिल किया। मंत्री पद के लिए पंकज कुमार और दीपक मद्धेशिया ने पर्चा भरा। मतदान में लेखपाल संघ ईकाई मेंहनगर के 57 लेखपालों ने हिस्सा लिया। वहीं अध्यक्ष पद के लिए 22 मत पाकर अजय कुमार सिंह विजयी रहे जबकि अमर सिंह को 18 मत और कुंजन यादव को 17 मत प्राप्त हुए। वहीं मंत्री पद पर 31 मत पाकर पंकज कुमार विजयी रहे। दूसरे स्थान पर दीपक मद्धेशिया को मात्र 25 मत पाकर संतोष करना पड़ा। जबकि एक मत अवैध पाया गया। कार्यकारिणी सदस्यों बरिष्ठ





पद और गोपनीयता की शपथ दिलाते चुनाव अधिकारी

**चुनाव**

**लेखपाल संघ ईकाई मेंहनगर का चुनाव सम्पन्न**

उपाध्यक्ष विनय पाण्डेय, कनिष्ठ उपाध्यक्ष निरज यादव, उप-मंत्री राजू विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष गौरव सिंह, आय-व्यय निरीक्षक राहुल कुमार चुने गए। इस मौके पर पूर्व लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष हरिद्वार सिंह पालीवाल, पूर्व जिला मंत्री पंकज कुमार अस्थाना, संतोष कुमार सिंह, रामप्यारे यादव, जितेन्द्र नाथ सिंह, राम जन्म सिंह आदि उपस्थित रहे।

### सेंध लगाकर नकदी व जेवरात पर चोरों ने किया हाथ साफ

**आजमगढ़।** निजामाबाद थाना क्षेत्र के शेखपुर दाऊद गांव निवासी एक व्यक्ति के घर में पीछे से सेंध काट कर चोरों ने लाखों की नकदी व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। मंगलवार की सुबह जानकारी होने पर पीड़ित परिवार ने पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी। शेखपुर दाऊद गांव निवासी छट्टू मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने उसके घर के पीछे से सेंध काट कर अंदर घुसे और लाखों के जेवरात व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। मंगलवार की सुबह घटना की जानकारी पीड़ित परिवार को हुआ। पीड़ित छट्टू के अनुसार उसकी पांच बेटिया है और सभी की शादी हो चुकी है। एक बेटी पति के साथ दिल्ली जा रही थी तो अपने जेवरात वह मायके में रख कर गई थी। इसके अलावा बिजली का बकाया जमा करने के लिए वह घर में 35 हजार रुपये नकद जुटा कर रखा था। चोर बेटी के जेवरात व बिजली बिल के रखे 35 हजार नकद उठा ले गए। बेटी के चोरी हुए जेवरातों की कीमत छट्टू ने लगभग दो लाख रुपये बताया है। घटना के बाबत पीड़ित ने निजामाबाद थाने में तहरीर दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई।

# तत्काल उपलब्ध करायें जियो टैग आवासों का प्रस्तावः डीएम

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में ग्राम्य विकास सेक्टर की बैठक हुई। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास, अमृत सरोवर, मनरेगा, मिशन 20, खेल का मैदान, ओपन जिम, एनआरएलएम एवं पशुपालन आदि की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण की समीक्षा में जिलाधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि लक्ष्य के सापेक्ष जितने आवासों का पंजीकरण व जियोटैग हो चुके हैं, उसके प्रस्ताव तत्काल उपलब्ध कराएं एवं जो अवशेष हैं, उसको समर्पित करें। उन्होने कहा कि जो अमृत सरोवर अभी तक पूर्ण नहीं है, उसको गुणवत्तायुत्त जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। समस्त विकास खंडों में खेल का मैदान, ओपन जिम लगाने का कार्य चल रहा है, जो पूर्ण नहीं है, उसको



समीक्षा बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज

तत्काल पूर्ण कर एमआईएस पर अपलोड कराएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में जो आईडी जनरेट हो गए हैं, उसका मस्टरोल जारी करायें एवं प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) में जो आवास स्वीकृत हैं व उसमें अभी आईडी जनरेट नहीं है, तो उसको जल्द से जल्द आईडी जनरेट कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि मॉडल ग्राम के अंतर्गत जो निर्माण कार्य चल रहे हैं, उसका समस्त खंड विकास अधिकारी साप्ताहिक निरीक्षण करें। कायाकल्प ऑपरेशन के अंतर्गत जिन प्राथमिक विद्यालयों में बॉयज व गर्ल्स टॉयलेट, ड्रिंकिंग वाटर छूटे हैं उसको जल्द पूर्ण करायें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित समस्त खंड विकास अधिकारी, एडीओ (पंचायत) उपस्थित रहे।

# गोंड़ जनजाति को प्रमाण पत्र जारी करने की मांग

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** गोंड़ जाति को न्याय दिलाने के लिए भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह ने जिलाधिकारी को पत्रक सौंपा।

जिलाधिकारी को सौंपे गये पत्रक में श्री सिंह ने उल्लेख किया है कि गोंड़ जनजाति के संबंध में जारी शासनादेशों एवं आदेशों के बावजूद तहसीलों में गोंड़ जनजाति के साथ अन्याय किया जा रहा है। उन्हें अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा रहा है। 11 सितम्बर 2021 को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद के समस्त तसीलदार एवं गोंड़ जनजाति संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों के बीच सम्पन्न द्विपक्षीय वार्ता के बाद जारी आदेश के बाद प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गयी परंतु तत्कालीन जिलाधिकारी एवं तसीलदारों के स्थानान्तरण के बाद पुनः मनमानी करते हुए गोंड़ जनजाति को न्याय नहीं दिया जा रहा है जो शासनादेशों एवं डीएम के आदेशों की स्पष्ट अवहलेलना है। उन्होंने जिलाधिकारी से स्पष्ट आदेश जारी कर गोंड़ जनजाति को न्याय दिलाने की मांग की। इस मौके पर शत्रुघ्न प्रसाद गोंड़, सुआल प्रसाद गोंड़, विजय कुमार गोंड़, दीपू खरवार आदि मौजूद रहे।



अजय सिंह के नेतृत्व में डीएम को पत्रक देने जाते गोंड़ जनजाति के लोग

# बारात की विदाई के पहले ही दूल्हे की गला रेतकर हत्या

**दुखद**

### गड़ौली सामूहिक विवाह में हुआ था विवाह

### 12 फरवरी को थी शादी, 18 से ही था लापता





**मीरजापुर।** कछवां में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में विवाह रचाने वाले मैनेजर की गला रेतकर हत्या कर दी गई। 18 तारीख से लापता युवक का शव सोमवार की रात पुलिस ने अपने कब्जे में लिया। हिंदू रीति रिवाज के अनुसार 5 मई को उसका बारात जाना तय किया गया था। धूमधाम से बारात के पूर्व ही दुल्हे की गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच में जुटीं हैं। बताया गया है कि मड़िहान थाना क्षेत्र के रैकरा गाँव के अलग अलग मजरा में रहने वाले मैनेजर 23 वर्ष और निशा 19 वर्ष 12 फरवरी को गडौली सामूहिक विवाह समारोह में दाम्पत्य सूत्र में बंधे थे। निशा के पिता बंशी लाल की इच्छा थी कि बारात उसके घर आये। इसके लिए दुल्हे के पिता बिहारी से वार्ता कर 5 मई 2023 को बारात की तिथि तय किया गया था। विवाह सूत्र में बंध चुके अपनी पत्नी निशा से उसकी मुलाकात सीवान में हुई थी। इसके बाद पेशे से ट्रक चालक अपने घर नहीं लौटा। परिवार के लोग खोज में लग गए। कही पता नहीं चला। दूसरे दिन भी खोज जारी रहा। बताया जाता हैं कि गाँव का ही एक बालक सीवान में सोमवार की शाम शौच करने गया था। वहां देखा की कुत्ते किसी इंसान के शव को नोचकर खा रहे है। यह देख डर के मारे बिना शौच किए वह अपने घर आ गया। इसकी जानकारी अपने पिता को दी। उन्होंने ग्राम प्रधान महेंद्र को दिया। बताया कि मनोज के खेत में किसी का शव पड़ा है। ग्राम प्रधान की सूचना पर सोमवार की रात पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई में लगी है। चर्चा हैं कि आशनाई के चलते दुल्हे की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या किया गया है। सामूहिक विवाह समारोह में सात फेरे लेने के बाद सातवें दिन ही मैनेंजर की हत्या कर दी गई। सामूहिक विवाह के बाद निशा की विदाई नहीं हुई थी। बारात आने के बाद विदाई तय किया गया था। युवक का शव मिलने के बाद दुल्हा दुल्हन के परिवार में कोहराम मचा हैं। गाँव में भी गम छा गया है। युवक का शव दो दिन बाद घर से महज तीन सौ मीटर की दूरी पर सीवान में मिला हैं। सीओ नक्सल अनिल पांडेय ने बताया कि मामले की तहकीकात की जा रही हैं। जल्द ही खुलासा किया जायेगा।

# विंध्याचल दर्शन करने आयी नव विवाहिता प्रेमी के साथ फरार

जनसंदेश न्यूज

**हड़कंप**

### पत्नी की तलाशकर हारा पति, पुलिस से लगाई गुहार

### होटल से लेकर नदी किनारे तक ढूंढ़ा, सीसी कैमरे ने खोली पोल

**मीरजापुर।** पति और सास के साथ माता विंध्यवासिनी का दर्शन करने आयी नवविवाहिता प्रेमी के साथ फरार हो गई। काफी खोजबीन के बाद जौनपुर निवासी पति ने थाना में तहरीर दी हैं। 10 फरवरी को उसका विवाह हुआ था। टायलेट जाने की बात कह कर निकली महिला कुछ दूर पैदल आने के बाद लाल रंग की पल्सर पर सवार होकर निकल गई। बताया जाता है कि जौनपुर निवासी युवक का विवाह 10 फरवरी 2023 को आजमगढ़ में सकुशल संपन्न हुआ था। दुल्हे राजा भी अपनी दुल्हनिया को नाचते हुए गए और विदा कराकर जौनपुर ले आये। विवाह की खुशी के बीच मेहमानों के चले जाने पर नव विवाहित अपनी सास, पति और ससुराली जन के साथ विंध्याचल दर्शन करने पहुंची थी। विवाह के बाद ससुराल से पहली बार मां विंध्यवासिनी का दर्शन करने पहुंची दुल्हन फिल्मी स्टाइल में फरार हो गई। पति परिवार के साथ खा रहा था। इसी दौरान टायलेट जाने के लिए विवाहिता ने दस रुपया पति से माँगा। उसने अपना मोबाइल पति को दे दिया। इसके बाद वह अकेले ही निकली। कुछ दूर पैदल आने के बाद पहले से ही इंतजार कर रहे युवक के पास पहुंची। लाल रंग की पल्सर बाइक पर बैठकर वह निकल गई। जो पास में ही लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। घंटो हलकान रहने के बाद पति के अनुरोध पर कैमरा चेक किया गया तो प्रेमी के साथ गायब होने का खुलासा हुआ। इसके पूर्व विंध्याचल के साथ ही नदी किनारे पति ने परिजनों के साथ तलाश किया। तलाश करके थक चुके पति ने पुलिस को अपनी बीबी के लापता होने की सूचना दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हैं।

## संक्षेप

### सड़क पर लगाया गया सोलर कैटाई



**राजगढ़।** स्थानीय क्षेत्र अन्तर्गत एक के बाद एक लगातार हो रही सड़क दुघर्टना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं दुर्घटना में मरने वाले परिवारों में मातम का माहौल छाया हुआ है। विगत दो सप्ताह के भीतर आधा दर्जन लोगों की जान सड़क दुघर्टना में जा चुकी है और दर्जनों लोगों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है जिसके बाद क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर दुर्घटना जोन घोषित करते हुए राजगढ़ थानाध्यक्ष एवं उपजिलाधिकारी मड़िहान के अथक प्रयास से जगह जगह बने स्पीड ब्रेकर पर सोलर कैटाई लगाने का कार्य प्रारंभ किया गया है। माना जा रहा है कि इससे दुर्घटना पर ब्रेक लगेगा और तेज रफ्तार से दौड़ रही गाड़ियों की गति पर भी नियंत्रण रहेगा।

### दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र का संकाय प्रमुख ने किया निरीक्षण

**मीरजापुर।** राजीव गांधी दक्षिण परिसर काशी हिंदू विश्वविद्यालय, बरकछा, में दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र स्नातक व परास्नातक के 11 कोर्स चल रहे है, जिसमें 18 शैक्षणिक और 3 गैर शैक्षणिक तथा 1000 से ऊपर छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे है। मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी विषय में राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणन हेतु पांच प्रयोगशालाएं कार्यरत है। संकाय प्रमुख प्रो. विजय बहादुर सिंह की अध्यक्षता में गठित समिति के सदस्य प्रो. ओंकार नाथ सिंह प्रो एम पी अहिरवार एवं समन्यवक वोकेशनल प्रोग्राम प्रो लालजी श्रावक, प्रो अशफाक अहमद, डा. अशोक सिंह, ने मंगलवार को डीडीयू कौशल केंद्र में चल रहे शैक्षणिक निरीक्षण किया। समिति के सभी सदस्यों ने क्लासरूम में जा कर सभी छात्रों से शैक्षणिक कार्यक्रम के बारे में पूछा तथा प्रयोगशालाओं में जा कर उपकरण रसायन एवं पद्धतियों के बारे में जानकारी ली। अपराह्न में केंद्रीय प्रयोगशाला में शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक तथा विद्यार्थियों के साथ संगोष्ठी की। समिति ने यह भी जानकारी दी मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी के विद्यार्थी अपने चिकित्सालय कार्यशाला अब सर सुंदरलाल व ट्रॉमा सेंटर चिकित्सा विज्ञान संस्थान में कर सकेंगे। इस जानकारी से छात्रों में अति उत्साह है जो कि उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल प्रमाणन के लिए आवश्यक था। आचार्य प्रभारी वी. के. मिश्रा के संस्तुति से अग्निशमन, प्रदूषण प्रमाणन का निरीक्षण भी अग्रसर है।

### कांग्रेसियों ने हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम का किया आयोजन

**लालगंज।** विकास खंड क्षेत्र के दुबार कला में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत कांग्रेस जनों को समाज में व्याप्त नफरत उन्माद को दूर करने के लिए कांग्रेस का हाथ हर व्यक्ति के साथ जोड़ने के लिए 26 जनवरी से 26 मार्च तक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आप सब के बीच सामाजिक सौहार्द बनाए जाने के लिए देश में सामाजिक प्राणियों की संख्या घटने और राजनैतिक प्राणियों की संख्या बढ़ने से सामाजिक सौहार्द कम होता जा रहा है। इसीलिए हम कांग्रेस जन आपके बीच आए है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के राष्ट्रीय सचिव शशि भूषण दूबे कंचनीय ने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी का पैगाम हर हाथ के साथ के लिए कांग्रेस कटिबद्ध है। कार्यक्रम की अध्यक्षता लालगंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिव शंकर पाण्डेय और संचालन वरिष्ठ नेता शशि भूषण दूबे कंचनीय ने किया। इस अवसर पर कृष्ण गोपाल चौधरी, बाबू गुलाब सिंह, बाबू अनिल सिंह, छानने विधान सभा युवक कांग्रेस अध्यक्ष डा शहाबुद्दीन, आदि लोग उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की हुई मौत

**मीरजापुर।** कटरा थाना क्षेत्र के नटवा हथिया फाटक निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताते चलें कि कटरा थाना क्षेत्र के नटवा हथिया फाटक निवासी 34 वर्षीय युवक रियाज की संदिग्ध परिस्थितियों में घर के बाहर पड़ा मिला। वही आनन-फानन में परिजनों ने उसे जिला मंडलीय अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को कब्जे में लेकर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।

### नई तकनीकी से किसानों को करनी चाहिए खेती

**जिगना।** छानबे दिन मंगलवार को ग्राम पंचायत चतुरिया में शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में से कृषि से संबंधित योजनाएं जन जन तक पहुंचाने के लिए समूचे प्रदेश में कृषि वैज्ञानिकों ने ग्रामीण स्तर के किसानों को प्रशिक्षित कर नई तकनीकी से खेती करने के लिए जागृत किया। परती भूमि विकास विभाग एवम भूमि संसाधन विभाग भारत सरकार द्वारा डब्ल्यूडीसी प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2 के अंतर्गत एक दिवसीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। परती भूमि को उपजाऊ करने की तरीके बताए गए। जल संरक्षण करके सिंचाई और पीने के लिए करा सकते है। काशी हिंदू विश्व विद्यालय से भी कई योजनाएं संचालित की गई है। एसएन सिंह ने बताया कि सोखता गड्ढा नही होने पर केला का पौधा लगाएं। किसी खेत में आलू रोग ग्रस्त हो जाने पर 2 वर्ष तक उस खेत में आलू नही बोना चाहिए। ग्राम प्रधान बृजभूषण मौर्य ने कहा कि हम सबको नई तकनीकि से खेती करना चाहिए। जिससे ऊपर और पैदावार बढ़ेगी। कृषि वैज्ञानिक बीएचयू वाराणसी एस एन सिंह, प्राविधिक सहायक ग्रुप सच्चिदानंद, सचिव राकेश कुमार, कोऑपरेटिव वीर चंद्र, ग्राम प्रधान बृजभूषण मौर्या, देवेंद्र कुमार सिंह प्राविधिक सहायक, राधे कृष्णा प्राविधिक सहायक, रोहित आनंद पीएससी कल्पनाथ मौर्य अनूप कुमार पांडेय, पीएससी चंद त्रिपाठी, सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

### बीईओ के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले सहायक अध्यापक व शिक्षा मित्र

**हलिया।** बीएसए गौतम प्रसाद के निर्देश पर मंगलवार को सीखड़ विकास खंड के खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने विकास खंड के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जहां एक अध्यापक सहित तीन शिक्षा मित्र अनुपस्थित पाए गए। बीईओ ने अनुपस्थित पाए गए अध्यापक व शिक्षा मित्रों का एक दिन का वेतन रोकने की कार्रवाई करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। बीईओ ने सबसे पहले कंपोजिट विद्यालय बेदउर का निरीक्षण किया जहां शिक्षामित्र गीता देवी अनुपस्थित मिली। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय हरसड़ का औचक निरीक्षण किया जहां सहायक अध्यापक दीपक कुमार शुक्ला व शिक्षामित्र ज्ञानचंद भी अनुपस्थित पाए गए। प्राथमिक विद्यालय मगरबिला में भी शिक्षा मित्र अनुपस्थित मिली। इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी ने कंपोजिट विद्यालय कोटार, वीरपुर, पुरवा औसान सिंह आदि विद्यालयों का निरीक्षण किया और अध्यापकों को समय से विद्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया और विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के पठन-पाठन पर विशेष रूप से ध्यान देने के लिए कहा। बीईओ सीखड़ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय बेदउर, प्राथमिक विद्यालय हरसड़ आदि का औचक निरीक्षण किया गया। विद्यालय में अनुपस्थित पाए गए। सहायक अध्यापक व शिक्षा मित्रों का एक दिन वेतन रोकने की कार्रवाई करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### पिछड़ा वर्ग आयोग की बैठक 24 फरवरी को

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का 24 फरवरी को समय प्रातः 11 बजे आयुक्त कार्यालय, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर में आगमन एवं बैठक कार्यक्रम प्रस्तावित है। अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधि के सन्दर्भ में अनुभाविक जाँच एवं अध्ययन के साथ निकायवार एवं अनुपातिक आरक्षण के बाबत समकालीन आख्या के लिए यदि किसी व्यक्ति, संस्था, पार्टी को अपना पक्ष प्रस्तुत करना है तो वह लिखित, मौखिक आकलन आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं, जिससे वास्तविक निष्कर्ष तक पहुँचा जा सके।

### अवैध तमंचा, कारतूस व नगदी समेत आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** मोटरसाइकिल की डिग्गी तोड़कर रिष्टि करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस मय नगदी बरामद किया। थाना को0शहर पर सात दिसम्बर को श्यामधर पाण्डेय पुत्र शालिग्राम पाण्डेय निवासी गोपालपुर अष्टभुजा थाना विन्ध्याचल मीरजापुर द्वारा अज्ञात के विरुद्ध अपनी मोटरसाइकिल की डिग्गी तोड़कर रिष्टि करने के सम्बंध में लिखित तहरीर दी थी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0शहर पर धारा 461 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा घटना कारित करने वाले आरोपी की गिरफ्तारी व बारामदगी के सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक को0शहर को निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के अनुक्रम में मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक को0शहर अरविन्द कुमार मिश्रा मय पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त व चेकिंग में भ्रमणशील थे कि इस दौरान थाना को0शहर क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त की विवेचना से प्रकाश में आये आरोपी राहुल यादव पुत्र स्व0राजेश यादव निवासी नयाटोला जुराबगंज थाना कोड़ा जिला कटिहार बिहार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी उपरोक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 कारतूस सहित नगदी बरामद की गयी। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# सामूहिक विवाह में विकास खंड स्तरीय कर्मचारियों की लगायें ड्यूटी : डीडीओ

जनसंदेश न्यूज

**चर्चा**

### स्वस्थ्य संतुलित हो आहार एनर्जी दे शरीर को अपार

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजना अन्तर्गत विकास खण्ड हलिया के महुगढ़ ग्राम पंचायत में संचालित कान्हा प्रेरणा महिला लघु उद्योग एवं विकास खण्ड पटेहरा में संचालित खुशी प्रेरणा महिला लघु उद्योग पुष्टाहार उत्पादन इकाई का निरीक्षण जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय द्वारा किया गया।

जिला विकास अधिकारी द्वारा खण्ड मिशन प्रबन्धक हलिया से उत्पादन की स्थिति पर चर्चा की गयी। उत्पादन प्रति दिवस 05 मैट्रिक टन से कम होने पर खण्ड मिशन प्रबन्धक हलिया एवं पटेहरा कलां को निर्देशित किया गया कि उत्पादन क्षमता बढ़ाएं। वर्तमान समय में ढाई से तीन मैट्रिक टन का उत्पादन किया जा रहा है। तत्पश्चात विकास खण्ड हलिया के सभागार में जिला विकास अधिकारी द्वारा विकास कार्यों की समीक्षा की गयी। जिसमें आयुष्मान कार्ड की प्रगति बढ़ाने हेतु विकास खण्ड स्तरीय सम्बन्धित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजनान्तर्गत विकास खण्ड में आयोजित होने वाले सामुहिक विवाह कार्यक्रम हेतु विकास खण्ड स्तरीय समस्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मनरेगा के अद्यतन प्रगति पर समीक्षा की गयी। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी हलिया, जिला मिशन प्रबन्धक, रा0ग्रा0आ0मि0, सहायक विकास अधिकारी, खण्ड मिशन प्रबन्धक, ग्राम पंचायत/ग्राम विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं का धरना प्रदर्शन

**मीरजापुर।** वाराणसी एयरपोर्ट पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के खिलाफ फर्जी मनगढ़ंत मुकदमें दर्ज किए जाने से भड़के कांग्रेस कार्यकताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। राज्यपाल को सम्बोधित पत्रक जिला प्रशासन को सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। सौंपे गए पत्रक में कहा गया है कि 18 फरवरी को एयरपोर्ट अर्थॉरिटी बाबतपुर ने प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ शासन सत्ता के इशारे पर मनगढ़ंत मुकदमा दर्ज किया गया। जबकि प्रांतीय अध्यक्ष ने शासन सत्ता या एयरपोर्ट अर्थॉरिटी के खिलाफ कोई आंदोलन या तोडफोड़ जैसा कार्यवाही नहीं किया था। जनहित के मुद्दों पर लगातार संघर्ष करने वाले कांग्रेस पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष राय के आवाज को दबाने के लिए उनके खिलाफ मुकदमा किया गया है। इस मौके पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भगवान दत्त उर्फ राजन पाठक, इरफान खान, विकास ओझा, अमर कुमार दुबे,आयुसी शुक्ला, नितेश तिवारी, मोहित मिश्रा, छोटू एवं गुड्डू मौजूद रहे।

# गरीबों की सेवा के लिए हमेंशा कैम्प का होगा आयोजन : अनिल सिंह

**आयोजन**

### सीडीओ ने निशुल्क जांच शिविर कार्यक्रम किया का उद्घाटन

जनसंदेश न्यूज



शिविर का उद्घाटन करतीं सीडीओ बगल में हैं प्रमुख कोन व अनिल सिंह

**मीरजापुर।** विकासखंड कोन में प्रमुख क्षेत्र पंचायत कोन मीनाक्षी सिंह व समाजसेवी अनिल कुमार सिंह के पहल से मेदांता मेडिसिटी गुरुग्राम के प्रशिक्षित अनुभवी डॉक्टर द्वारा निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी बीएस द्वारा किया गया। जाँच शिविर में विकासखंड कोन के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम वासी का मेदांता हास्पिटल के मैनेजर सुनील उपाध्याय, हार्ट के स्पेशलिस्ट डॉ. सुरेंद्र कुमार तनेजा एवं पूरी टीम द्वारा ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, हार्ट आदि का जाँच किया गया। यह जानकारी देते हुए समाजसेवी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि जो लोग अपना चेकअप कराने में सक्षम नहीं है उनके लिए यह कैंप लगाया गया था। आगे भी इस तरह के कैंपों का आयोजन कर लोगों की जांच कराने का काम किया जाएगा। इससे लोगों को राहत मिल जाती है। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी राकेश शुक्ला, सहायक विकास अधिकारी पंचायत बरसातू राम, प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव चंदू, समाजसेवी क्षेत्र पंचायत सदस्य भारतेंदु यादव, सुरेश सोनकर, संदीप सिंह, विनोद कुमार पांडे, प्रधान अरुण कुमार यादव, अशोक कुमार यादव, ओम प्रकाश दुबे, राजेंद्र प्रताप, सचिव अक्षैवर नाथ यादव, अभिषेक पाराशर, विनोद यादव, प्रथम विनीत मौर्य, कृष्ण लाल, उदय प्रकाश, मंगल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# लावारिस लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी

**दुखद**

### तलाशी के दौरान जेब से मिला ओझाई का सामान

जनसंदेश न्यूज



शव मिलने की सूचना पर जांच करती पुलिस

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरौंधा चौकी अंतर्गत नैड़ी कठारी के सिवान में लावारिश लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

घटना की सूचना पर अपर पुलिस महेश अत्रि, क्षेत्राधिकारी दिक्षांत राज, लालगंज इंस्पेक्टर ज्ञानू प्रिया, बरौंधा चौकी इंचार्ज धर्म नारायण भार्गव, फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच कर ग्राम प्रधान की मौजूदगी में शव का पंचायत नामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जनपद प्रयागराज और मीरजापुर के बार्डर पर 50 वर्षिय अधेड़ के हत्या की सूचना पर घटना स्थल पर सैकड़ों की तादात में लोग जुट गए। फोरेंसिक टीम के अधिकारियों द्वारा तलाशी लिए जाने पर मृतक के जेब से जायफर, कपूर और लवांग बरामद किया गया। पुलिस द्वारा काफी देर तक शिनाख्त कराया गया किंतु मृतक कहां का और कौन है इसका पता नहीं चल सका। घटना स्थल पर साफ साफ जाहिर हो रहा था कि हत्या किसी अन्यत्र स्थान पर करके शव को ठिकाने लगाया गया है। मृतक के बारे में लोगों द्वारा तरह तरह का अनुमान लगाया जा रहा है। मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है जिसका जल्द ही खुलासा किया जायेगा।

# नगर में धड़ल्ले से चल रही अवैध डिजिटल लाइब्रेरी

**मीरजापुर।** नगर में कई जगहों पर अवैध रूप से डिजिटल लाइब्रेरी का संचालन किया जा रहा है। बताते चले कि नगर के पुलिस लाइन, शुक्लहा, भरूहना, टंडन पुरी कॉलोनी, मुसफ्फर गंज, पांडेयपुर अन्य कई जगहों पर डिजिटल लाइब्रेरी बिना सेफ्टी जोन व बिना लाइसेंस के अवैध रूप से चलाए जा रहे हैं और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। नगर में इस समय डिजिटल लाइब्रेरी की भरमार हो गई जहां बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जो कि अवैध रूप से चलाए जा रहे हैं और मनमाना पैसा वसूला जा रहा है। इससे बच्चों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। अवैध रूप से डिजिटल लाइब्रेरी चलाने से विभाग के राजस्व को संचालक चूना लगा रहे हैं। आखिर विभाग द्वारा इन अवैध रूप से चलाए जा रहे डिजिटल लाइब्रेरी के संचालकों के ऊपर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर आंदोलन का किया आगाज



स्टेशन पर प्रदर्शन करते कर्मचारी

**मीरजापुर।** प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर पुरानी पेंशन बहाली हेतु आंदोलन का आगाज हुआ। कार्यक्रम अनुसार प्रथनम चरण में मंगलवार को रेलवे मुख्यालय पर रेलवे संगठनों को समर्थन देते हुए सामूहिक जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जनजागरण व सम्बोधन के पश्चात प्लेटफार्म नंबर 1 से होकर रैली निकाली गई। प्लेटफार्म 2 व 3 होते हुए रैली प्लेटफॉर्म 1 पर समापन हुआ। रेल संगठनों को समर्थन देने राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद मीरजापुर के घटक संगठन व पदाधिकारी उपस्थित रहे। वक्ताओं में विनोद तिवारी, राजाराम, उमाकांत प्रसाद, विनय तिवारी, प्रशांत मिश्र, बृजेश सिंह, पीयूष दुबे, राकेश तिवारी, श्रीराम शाखा मंत्री रमेश कुमार प्रजापति, शाखा मंत्री एसके अकेला, मोहम्मद शकील, मुमताज अहमद खान, सीबी सिंह व अन्य साथी उपस्थित रहे। सभी साथियों ने पुरानी पेंशन बहाली के संकल्प को दोहराते हुए पुनः मार्च 21 को जिला मुख्यालय पर होने वाले धरना प्रदर्शन में उपस्थित रहने का संकल्प लिया।

# दुर्घटना जोन में तब्दील हुआ बरौंधा का प्रयागराज मोड़

जनसंदेश न्यूज

**सावधानी**

### बरौंधा ओवरब्रिज के नीचे गति अवरोधक लगाने की उठी मांग

**लालगंज।** नेशनल हाई-वे पर फरार्टा मार रहे वाहनों से आये दिन हो रही दुर्घटनाओं से क्षेत्रिय जनता भयाक्रांत हो उठी है किंतु अधिकारियों की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ता दिख रहा है। बताते चलें कि बरौंधा-माण्डा मार्ग पर अशोक चौराहा के पास से नेशनल हाई-वे की सर्विस रोड पकड़ कर फरार्टा मारते हुए चौबिसों घंटे वाहनों का आवागमन होता है। इस दरम्यान तेज रफ्तार के चलते आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। अब तक में दर्जनों लोग वाहनों की तेज रफ्तार के चपेट में आकर जीवन और मौत से जूझ रहे हैं। वही कई लोगों को अपनी जान तक भी गंवानी पड़ चुकी है। बरौंधा बाजार में अपनी तमाम जरूरतों को लेकर हजारों लोगों का प्रतिदिन का आवागमन होता है। बरौंधा स्थित बैंक, पुलिस चौकी, विद्यालय, अस्पताल, राजकीय बालिका इंटर कालेज और तमाम आवश्यकताओं के चलते आए दिन लोग बरौंधा माण्डा चौराहे पर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। बिगत गुरुवार को क्षेत्र के हंथियाबांध के पूर्व प्रधान अब्दुल बारी की पत्नी आयशा बानो 45 की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। जिससे स्थानीय लोगों का आक्रोश भड़क उठा। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता इंद्रदेव में मिश्र उर्फ लाला मिश्रा ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर तत्काल प्रभाव से गति अवरोधक लगवाने की मांग की है। वहीं क्षेत्रीय जनता ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए चेतावनी दी है कि अगर समस्या का निराकरण अविलंब नहीं किया गया तो लोग नेशनल हाईवे पर धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे।

# ट्रक ने मोपेड में मारी टक्कर भाभी की मौत, ननद घायल

**अदलहाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र के टेढुआ वीर मंदिर के सामने वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर ट्रक ने मोपेड में टक्कर मार दिया जिससे भाभी की मौत मौके पर हो गई तथा ननद घायल हो गई। वहीं मोपेड चालक बाल-बाल बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नंदू राम 46 वर्ष पुत्र स्वर्गीय रामजीत निवासी भौरही थाना चुनार अपनी ससुराल गया हुआ था। मंगलवार को अपनी मोपेड़ पर पर अपनी पत्नी दुर्गा 42 वर्ष स्त्री नंदू राम तथा अपनी सरहज मालती 60 वर्ष स्त्री कल्लू निवासी धारा थाना जमालपुर को बैठाकर अपनी सरहज को मायके वनइलिया छोड़ने जा रहा था। वह गंगा नहर मार्ग से आकर टेढुआ वीर मंदिर के सामने वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर लगभग ज्योहि चढ़ा कि नारायणपुर की ओर से अदलहाट की ओर जा रही अज्ञात ट्रक ने मोपेड में बगल से टक्कर मार दिया जिससे दोनों महिलाएं सड़क पर गिर पड़ीं और ट्रक मालती को कुचलते हुए भागने में सफल रही। वहीं दुर्गा घायल हो गई। जिसे ट्रामा सेंटर वाराणसी भेजा गया। चालक नंदू बायें गिरने से बाल-बाल बच गया। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक संजय कुमार सिंह ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया।

# टीबी रोगी का 48 घंटे के अंदर शुरू होता है इलाज : सतीश शंकर

**अभियान**

### सात बैरकों में निरुद्ध 432 बंदियों की कराई गई स्क्रीनिंग

जनसंदेश न्यूज



जेल में कैदियों को जानकारी देते सतीश शंकर यादव

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शासन स्तर से सक्रिय टीबी रोगी खोजी अभियान के अंतर्गत जनपद में 20 फरवरी से कार्य प्रारंभ किया जा चुका है।

अभियान के अंतर्गत जनपद के 20% जनसंख्या को टारगेट करते हुए शहरी एवं ग्रामीण मलिन बस्ती वह हाइड्रिक्स जनसंख्या के साथ-साथ अनाथालय, वृद्धा आश्रम, नारी निकेतन, बाल संरक्षण गृह, मदरसा, नवोदय विद्यालय, कारागार, ईट भट्ठा, स्टोन क्रेशर प्लांट, खदानें सब्जी मंडी आदि को लक्ष्य करते हुए छिपे टीबी रोगी खोजने का कार्य क्षय विभाग द्वारा किया जा रहा है। मंगलवार को जिला कारागार में क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव के नेतृत्व में विभागीय टीम द्वारा जेल के सात बैरक में निरुद्ध 432 बंदियों का स्क्रीनिंग किया गया। स्क्रीनिंग के दौरान कुल पांच संदिग्ध टीबी रोगी पाए गए, जिनको तत्काल मौके पर ही बलगम जांच कराने हेतु स्पूटम कप दिया गया। वही सतीश यादव द्वारा बंदियों के बीच टीबी के समस्त लक्षणों से परिचित कराते हुए कहा गया कि पाए गए टीबी रोगी को जांचोपरांत 48 घंटे के अंदर इलाज शुरू कर दिया जाएगा। साथ ही रोगी को पोषण योजना के तहत 500 प्रतिमाह पूरे इलाज अवधि तक उसके खाते में दिया भी जाएगा। इस गंभीर बीमारी को 2025 तक भारत देश से पूर्णरूपेण समाप्त करने के लक्ष्य में सहयोगी बनें। उक्त कार्यक्रम के दौरान डिप्टी जेलर सुभाष यादव, फार्मासिस्ट श्याम नारायण बिंद, संध्या गुप्ता डीपीसी, पंकज सिंह, अवध बिहारी कुशवाहा, अंशुमान द्विवेदी उपस्थित रहे।

# भू माफियाओं पर डीएम का आदेश बेअसर

**अनदेखी**

## रोक के बाद भी सरकारी जमीन पर बनाए जा रहे मकान, राजस्व व वन महकमा मौन

## बेखौफ कर रहे सरकारी भूमि पर कब्जा

**बीजपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरसोती ग्राम पंचायत के टोला नकटू स्थित बैढ़न मोड़ के पास गवर्मेंट ग्रांट और ग्राम पंचायत बंजर खाते तथा वनभूमि पर रात के अंधेरे में मकान बनाए जा रहे हैं। वन समिति के सचिव और अध्यक्ष सहित ग्रामीणों के भारी विरोध पर जिलाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से उक्त नम्बर पर निर्माण कार्य से रोक लगा दिया था, लेकिन दबंग भूमाफिया नियम कानून को ताख पर रख रातों रात आधा दर्जन जेसीबी मशीन से पहाड़ काट समतलीकरण कर उस पर मकान और बाउन्ड्री निर्माण कार्य करने में लगे हुए हैं। बताया जाता है कि रकबा नम्बर 286 क नकटू अधौरा के नाम 13 बीघा शामिल खाता है।

इसी नम्बर में गवर्मेन्ट ग्रांट के अनुसूचित जनजाति के नाम कुछ पट्टा दिया गया है, बाकी खाली पड़ी जमीन बंजर खाते ग्राम पंचायत सिरसोती और वनभूमि धारा 20 दर्ज है। इसी नबंर से गवर्मेन्ट ग्रांट की जमीन को महज कुछ रुपये के स्टैम्प पर खरीद बिक्री कर मकान और बाउन्ड्री निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि महकमे के कई अधिकारियों को जानकारी होने के बाद भी 28 फरवरी तक कब्जे की छूट दी गयी है।

जिससे तमाम शिकायतों के बाद भी वन महकमा कान में तेल डाले सो रहा है। इस बाबत सीडीओ शौरभ गंगवार ने बताया कि यह दुद्धी एसडीएम स्तर का मामला है, बात कर जांच करवाता हूं। क्षेत्रीय लेखपाल सन्तोष यादव ने कहा कि वहां बंजर खाते की जमीन नही, बल्कि सुरक्षित वन भूमि और गवर्मेन्ट ग्रांट की जमीन है।

### हत्या मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**सोनभद्र।** एसपी डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को पुलिस ने हत्या व 7 सीएलए से सम्बंधित आरोपी आशुतोष कुमार सिंह उर्फ आशु पुत्र विनोद सिंह निवासी नौंगाव खुर्द, राबर्ट्सगंज, योगेन्द्र कुमार सिंह उर्फ कल्लू पुत्र कन्हैया व मनोज कुमार सिंह उर्फ महेन्द्र पुत्र कृष्णा सिंह निवासी ओरगाईं थाना राबर्ट्सगंज को रेलवे स्टेशन के बाहर से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

# बंजर भूमि घोषित की जा रही धारा 80 के तहत आबादी

**बाजार गर्म**

## मझौली गांव का मामला मौके पर पत्थर व पहाड़

जनसंदेश न्यूज

**दुद्धी।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के अंतर्गत मझौली में बंजर व पहाड़ी स्वरूप भूमि को धारा 80 के तहत आबादी घोषित किया जाना तहसील प्रशासन पर सवालिया निशान खड़ा करने लगा है। मझौली में कुछ आदिवासी अपनी भूमि धारा 80 के तहत आबादी घोषित कराकर या तो उसे औने पौने दाम बेच रहे हैं या दान पत्र लिख रहे हैं। इसके लिए कथित दलालों का एक बड़ा सिंडिकेट काम कर रहा जिसमें एक पूर्व जनप्रतिनिधि का भी नाम सामने आ रहा है।

बड़ी बात यह है कि जिस नम्बर की भूमि को आबादी घोषित की जा रहा है उस भूमि पर मकान आदि आबाद भी नही है लेकिन आबादी घोषित किये जाने के तुरंत बाद भूमि क्रय किये जाने के बाद खरीदार द्वारा अब निर्माण कराया जा रहा है और पहाड़ी को जेसीबी व ड्रिलिंग मशीन का प्रयोग कर बोल्डर निकाल कर समतलीकरण किया जा रहा है जिसको लेकर ग्रामीणों में चर्चाओं का बाजार गर्म है। पहाड़ी सरीखे जमीन जो कभी आदिवासियों को पट्टे में कृषि हेतु मिली थी उस जमीन बिना घर मकान धारा 80 की कैसे जा रही है यह सवालिया निशान है। बता दें कि प्रदेश राजस्व संहिता जब 2006 लागू किया तो इसमें गैर कृषक भूमि को धारा 80 कराने का प्राविधान लाया जिससे आदिवासियों की भी गैर कृषक जमीन प्लाटिंग कर विक्रय आदि के प्रायोजन में लाया जा सके। लेकिन सरकार के इस नियम को दलाल भोले भाले आदिवासियों के जमीन औने पौने दामों पर खरीदने के लिए भुना रहे हैं और आदिवासियों को मामूली रकम भूमि बेचने के एवज में मिल रही है।


पहाड़ी भूमि को समतल करता ट्रैक्टर

### पिछले 5 सालों में धारा 80 के भूमि बैनामे की हो जांच

**दुद्धी।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आदिवासियों की भूमि की धारा 80 व इसके उपरान्त तुरंत किये गए बैनामे की जांच की मांग प्रबुद्धजनों ने उठाई है। उन आदिवासियों की भूमि जिनकी भूमि धारा 80 हुई उन्होंने कितने रुपये में अपनी भूमि बेची और कितनों किसे दानपात्र लिखे।

## संक्षेप

### ब्रेक फेल होने से पहाड़ी से टकराया ट्रक, चालक जख्मी


बचाव कार्य में जुटे लोग

**सोनभद्र।** चोपन थाना क्षेत्र के मारकुंडी घाटी में मंगलवार की सुबह ब्रेक फेल हो जाने से अनियंत्रित ट्रक पहाड़ से टकरा गया। इस हादसे में ट्रक चालक ट्रक चालक रंजन चौहान 43 पुत्र रामवृक्ष निवासी नशीरपुर, चंदौली केबिन में दबकर जख्मी हो गया। हादसा होते ही मौके पर जुटे आस पास के लोगों ने आनन-फानन में आस-पास के लोगों ने गैस कटर से केबिन को काटकर दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाल कर एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय भेजवाया। जबकि खलासी अजीत कुमार 28 पुत्र स्व. अवधेश निवासी चिरईगाँव, चौबेपुर, वाराणसी बाल बाल बच गया। ट्रक गाजीपुर से ईट लादकर चोपन गिराने जा रहा था। खलासी के मुताबिक ब्रेक फेल हो जाने के कारण यह हादसा हुआ।

### सोशल आडिट के लिए तैयार किया जायेगा पैनल

**सोनभद्र।** जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने बताया कि महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत ग्राम सभा द्वारा सम्पादित की जाने वाली सोशल आडिट को फैसिलिटेट करने के लिए जनपद स्तर पर ब्लाक संसाधन व्यक्तियों का पैनल तैयार किया जाना प्रस्तावित है। पैनल में सम्मिलित व्यक्तियों को आवश्यकतानुसार ग्राम पंचायतों में सोशल आडिट को फैसिलिटेट करने का दायित्व सौंपा जा सकेगा। इस हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत के सोशल आडिट के लिए ब्लाक संसाधन व्यक्ति को दो हजार व्यावसायिक शुल्क तथा पांच सौ व्यावसायिक यात्रा शुल्क की अनुमन्यता प्राविधानित है। इंगेज किए जाने वाले ब्लाक संसाधन व्यक्ति बीआरपी से सोशल आडिट का कार्य आवश्यकतानुसार लिया जाना है किन्तु वास्तविक रूप से कितनी ग्राम पंचायतों के सोशल आडिट में सहयोग प्राप्त किया जाएगा, यह निर्णय निदेशक, सोशल आडिट के विवेकाधीन होगा। यह भी संभव है कि पैनल में रखे गए किसी बीआरपी को वर्ष में एक भी ग्राम पंचायत में सोशल आडिट को फैसिलिटेट करने का अवसर न मिल सके। ब्लाक संसाधन व्यक्ति से सोशल आडिट से सम्बन्धित अन्य कार्य भी यथावश्यक निर्धारित व्यावसायिक शुल्क पर लिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि तैयार किया गया पैनल 31 मार्च 2025 तक के लिए मान्य होगा। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए जिला विकास अधिकारी कार्यालय से जानकारी प्राप्त करने के साथ ही आवेदन पत्र निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है अथवा संगठन की वेबसाइट से डाउनलोड भी किया जा सकता है।

### बेटी ने पिता पर लगाया दुष्कर्म का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**बीजपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में सगी बेटी ने अपने कलयुगी पिता पर छेड़छाड़ एवं दुष्कर्म करने का आरोप लगा थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कस्बा स्थित एक टोले की युवती ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसका पिता कई दिनों से उसके साथ दुष्कर्म एवं छेड़छानी कर रहा है। पहले तो लोक लाज शर्म के मारे सब सहती रही जब सहने की शक्ति खत्म हो गयी तो आप बीती अपनी मां को बतायी। बेटी की ब्यथा सुन मां के पैरों तले जमीन खिसक गयी और सोमवार की शाम स्थानीय थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी। प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर संगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। लड़की का मेडिकल जिला चिकित्सालय में कराया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### सपा महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष का आगमन आज

**सोनभद्र।** सपा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष विजय यादव ने बताया कि समाजवादी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव का जनपद में 22 फरवरी को आगमन हो रहा है। वे जिला पार्टी कार्यालय पर समाजवादी महिला सभा की बैठक करेंगी। इसमें जिला पदाधिकारी, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विधानसभा पदाधिकारी ब्लॉक पदाधिकारी नगर पदाधिकारी, जिला प्रकोष्ठ पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति आवश्यक है।

### एकल नृत्य में नन्हें-मुन्नों ने मोहा मन


नृत्य प्रस्तुत करती छात्रा

**अनपरा।** तापीय परियोजना आवासीय परिसर स्थित संत फ्रांसिस स्कूल में एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रार्थना गीत के साथ हुआ। जूनियर कक्षाओं के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कक्षा एक के पार्थ चौरसिया, शौर्य खण्डेलवाल, कक्षा दो के अक्षरा मेहता, तन्वी गोयल, कक्षा तीन की श्रुति थापा, नव्या सिंह, कक्षा चार की अनुष्का गौतम, नीति जायसवाल तथा कक्षा पांच के अन्वी श्रीवास्तव और गौरी पाण्डेय ने प्रथम स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक जीता। संचालन कक्षा चार की छात्रा आराध्या सिंह ने किया। सुनील कटियार और शांतिप्रिया डिसूजा निर्णायक की भूमिका रही। प्रधानाचार्य फादर रॉबर्ट सुनील नोरोन्हा ने सभी प्रतिभागियों को बधाइ देते हुए पाठ्य-सहगामी क्रियाओं को विद्यार्थियों के बहुमुंखी विकास के लिए आवश्यक बताया।

### निमोनिया से डेढ़ माह के मासूम की मौत, लाल का शव देख बिलखती रही मां

**दुद्धी।** स्थानीय सीएचसी पर मंगलवार की सुबह भर्ती एक डेढ़ माह के निमोनिया से पीड़ित बच्चे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अपने नवजात अबोध बालक के दम तोड़ने से उसकी मां अस्पताल में रोने बिलखने लगी। बच्चे का पिता अपनी पत्नी को ढांढस बांध रहा था। बताया गया कि बरखोरहा निवासी संजय कुमार का डेढ़ माह का पुत्र जय प्रकाश ने सीएचसी में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। चिकित्सक शाह आलम के मुताबिक बच्चा निमोनिया से पीड़ित था, उसका उपचार शुरू ही किया गया कि उसने कुछ समय बाद दम तोड़ दिया। हालांकि उसे बचाने की पूरी कोशिश की गई। उन्होंने बताया कि बच्चे का शुरूआती उपचार कस्बे के एक निजी अस्पताल के चिकित्सक द्वारा किया गया था। जब वहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया तो परिजन यहां लेकर आये थे। उन्होंने कहा कि जागरूकता के अभाव में लोग अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ डा. प्रवीण कुमार के होने के बावजूद भी बाहर छोलाछाप चिकित्सकों के यहां अपने बच्चों का उपचार कराते हैं।

# सोन प्रेरणा कैंटीन का डीएम ने किया उद्घाटन

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट मोड़ पर बजरंगबली आजीविका महिला स्वयं सहायत समूह द्वारा संचालित सोन प्रेरणा कैंटीन एवं बाजार का उद्घाटन फीता काटकर किया। जिलाधिकारी ने कहा कि यहां यह दुकान एक मॉडल दुकान के रूप में विकसित की जाएगी, जहां पर आप समूह द्वारा बनाए गए समस्त उत्पाद उपलब्ध रहेंगे, साथ ही समूहों की गतिविधियों को भी आप आसानी से एक जगह से देख सकेंगे कि जनपद में समूह की महिलाओं के द्वारा कौन-कौन से रोजगार किए जा रहे हैं।

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका को बढ़ाने के लिए एवं उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों की बिक्री के लिए सार्वजनिक स्थानों, विभागीय प्रांगण, ब्लॉक कैंम्पस, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आदि जगहों पर दुकाने खुलवाएं, जिससे महिलाओं द्वारा बनाई गई सामग्री को आसानी से बाजार उपलब्ध हो सकेगा। समूह की महिलाओं द्वारा बनाई गई वस्तुओं को देखा और इसके सम्बन्ध में डीसी एनआरएलएम से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि आगामी माह में जनपद के अन्य सार्वजनिक स्थानों सीएचसी एवं पीएचसी केंद्रों पर प्रेरणा कैंटीन एवं बाजार की स्थापना की जाएगी। प्रत्येक विकास खंड में जल्द से जल्द इसे खोलने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे कि महिलाओं को स्वतंत्र रोजगार उपलब्ध हो सके। इस मौके पर सीडीओ सौरभ गंगवार, एमजी रवि, इम्तियाज आलम, सतेन्द्र गौतम उपस्थित रहे।


फीता काटकर कैंटीन का उद्घाटन करते डीएम

### 89 अभ्यर्थियों का हुआ प्लेसमेंट

**दुद्धी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को कैम्पस प्लेसमेन्ट कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न निजी क्षेत्र की 10 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें लगभग 350 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया एवं कम्पनियों द्वारा प्रथम दृष्टया 89 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष मनोज सिंह, प्रधानाचार्य जीएस यादव, जिला सेवायोजन अधिकारी, कम्पनियों के प्रतिनिधि समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनी रामकृष्ण जयंती

**दुद्धी।** रामकृष्ण विवेकानन्द सेवाश्रम द्वार मंगलवार को रामकृष्ण देव का 187वां जन्मोत्सव समारोह अपने सेवा आश्रम के कार्यालय पर मनाया गया। पूरे विधि विधान से रामकृष्ण का पूजन नन्दकिशोर तिवारी ने यजमान विंध्याचल प्रसाद व अरुण कुमार विश्वास सपरिवार से कराया। इस दौरान वक्ताओं ने रामकृष्ण के जीवनी पर प्रकाश डाला। सेवाआश्रम के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि यदि हम सब सच्चे मन भगवान की आराधना करें तो भगवान की प्राप्ति हो सकती है और मन कभी बिचलित नही होगा। सेवाभाव को प्राथमिकता देते हुए रामकृष्ण की जयन्ती पर मुक्ति नाथन से अनुमति मिलने के बाद कैम्प लगा चिन्हित कर गम्भीर बीमारियों से ग्रस्त मरीजों का निःशुल्क इलाज रामकृष्ण पाली क्लिनिक लखनऊ में कराया जायेगा। समारोह में आश्रम के सभी पदाधिकारी व सभी सदस्यों समेत तमाम लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### महिला पतंजलि योग समिति की बहनों को दी गई जिम्मेदारी

**सोनभद्र।** स्वामी रामदेव की शिष्याएं एवं सन्यासी बहनें साध्वी देव पवित्रा एवं साध्वी देव पूर्णिया पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से योग को घर-घर पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर पिछले तीन महीने से प्रदेश के भ्रमण पर निकली हैं। इसी परिप्रेक्ष में मंगलवार को सोनभद्र की धरा पर राज्य प्रभारी शशि आर्या के साथ आगमन हुआ। राबर्ट्सगंज के मारवाड़ी धर्मशाला में उनका स्वागत गर्मजोशी के साथ जिला प्रभारी उषा कोमलन एवं अनीता गुप्ता द्वारा किया गया। जिले में फिर से समिति का गठन किया गया, जिसमें सोनभद्र के क्षेत्र को देखते हुए बहनों के कार्य को आसान करने के लिए दक्षिणांचल व उत्तरांचल दो हिस्सों में विभाजित कर दिया गया। दक्षिणांचल का दायित्व ममता श्रीवास्तव को दिया गया तथा उत्तरांचल का दायित्व अनीता गुप्ता को दिया गया। इसके अतिरिक्त और भी जिले के पदों पर परिवर्तन किए गए हैं। तहसीलों में भी परिवर्तन किया गया है। इस अवसर पर प्रतिभा सोनी, अर्चना, ममता श्रीवास्तव, पल्लवी कुमारी, ममता गुप्ता, बीना गुप्ता, उषा द्विवेदी, अनीता गुप्ता, सरोज द्विवेदी, रवि त्रिपाठी, सुनील कुमार चौबे, सुनील आदि उपस्थित रहे।

# युवा संवाद में रोजगार संकट के सवाल पर परिचर्चा

**अभियान**

## पलायन रोकने के लिए जनपद में रोजगार सृजन की गारंटी हो

जनसंदेश न्यूज

**म्योरपुर।** युवा मंच द्वारा संचालित रोजगार अधिकार अभियान के तहत आश्रम मोड़ में आयोजित युवा संवाद में शिक्षा-स्वास्थ्य और रोजगार के सवाल को हल करने की मांग सरकार से की गई। युवा मंच द्वारा सीएम योगी आदित्यनाथ को ट्वीट कर बजट में प्रावधान कर सोनभद्र में आदिवासियों समेत गरीब छात्राओं के लिए महिला महाविद्यालय समेत नर्सिंग, कंप्यूटर कोर्स एवं फामेर्सी पाठ्यक्रम जैसे शिक्षण संस्थानों को खोलने, रिक्त पड़े पदों को तत्काल भरने, पलायन रोकने के लिए युवाओं के रोजगार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई। युवा मंच संयोजक राजेश सचान ने कहा कि जनपद में आजीविका संकट बेहद गंभीर है, बड़े पैमाने पर युवाओं का अन्य राज्यों में रोजीरोटी की तलाश में पलायन हो रहा है।

भारी संख्या में लड़कियां भी बंगलुरू जैसे शहरों में काम करने के लिए जा रही हैं। जनपद में शिक्षा-स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। आदिवासी व गरीब पृष्ठभूमि की छात्राओं में पढ़ाई की दर काफी ज्यादा है। आदिवासी बहुल इस क्षेत्र के लिए बड़ी बड़ी बातें की जाती हैं, लेकिन वास्तव में क्षेत्र सरकारी उपेक्षा की वजह से बेहद पिछड़ा बना हुआ है। वक्ताओं ने परियोजनाओं में स्थानीय लोगों को रोजगार व नौकरी देने में वरीयता की मांग उठाई। कार्यक्रम में आईपीएफ के कृपा शंकर पनिका, लाल बाबू, रूबी सिंह गोंड़, गुंजा गोंड़, दीपक पटेल, शिव प्रसाद गोंड़, रंजू भारती, आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में शामिल लोग

# 20वें सोनाचल कप की चैंपियन बनी एनई आर रेलवे वाराणसी की टीम

जनसंदेश न्यूज

**ओबरा।** 20वां सोनाचल कप का फाइनल मुकाबला मंगलवार को एनी आर रेलवे वाराणसी बनाम भदोही के बीच खेला गया, जिसमें पहले टास जीत कर भदोही ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भदोही ने एनी आर रेलवे को 196 रनों का लक्ष्य दिया। भदोही की ओर से संदीप भारती ने 5 छक्के और 7 चौकों की मदद से 42 गेंदों पर 61 रनो की पारी खेली और उमर ने 41 गेंदों पर 42 रनो की पारी खेली।

एन ई रेलवे के गेंदबाजी क्रम में तोयज ने 3 व मानस चौबे ने 1 विकेट प्राप्त किया। जवाब में उतरी एन ई आर रेलवे के ओर से बल्लेबाजी करने उतरे मानस चौबे ने बल्लेबाजी करते हुए सात चौको के मदद से 47 गेंदों पर 73 रनों की पारी खेली और निशांत राय ने 9 चौको की मदद से 40 गेंदों पर 64 रन बनाए। भदोही की ओर से संदीप भारती ने 5 ओवर में 35 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि उमर ने 5 ओवर में 32 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किए। एन ई रेलवे वाराणसी ने यह मैच 3 विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज तथा बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार वाराणसी के मानस चौबे को दिया गया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि रमेश वैश्य द्वारा विजेता ट्राफी तथा 65000 का नगद पुरस्कार तथा उपविजेता टीम को विशिष्ट अतिथि क्षेत्राधिकारी शंकर प्रसाद द्वारा ट्राफी तथा 45000 नगद का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर रमेश सिंह यादव, रमेश वर्मा, अजीज खान, कलीम खान, फैजल, राजू यादव, अनिल यादव, अरविंद यादव, केके पासवान, मुकेश तिवारी, नीरज भाटिया समेत तमाम लोग मौजूद रहे।


विजेता टीम को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि रमेश वैश्य

# कलेक्ट्रेट में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

**नाराजगी**

## विपक्ष की आवाज दबाने का लगाया आरोप

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** प्रयागराज जोन अध्यक्ष पर दर्ज मुकदमे के विरोध में कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष रामराज सिंह गोड़ की अध्यक्षता में कांग्रेसियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर राज्यपाल को नामित ज्ञापन जिला प्रशासनिक अधिकारी ओमकार नाथ यादव को सौंपा। बीजेपी सरकार पर लोकतंत्र को कमजोर करने व विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि बीते दिनों प्रयागराज के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष/सांसद राहुल गांधी का विमान वाराणसी हवाई अड्डे पर निरस्त कर दिया गया। शासन के दबाव में एयरपोर्ट निदेशक की तहरीर पर प्रयागराज प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया, जो राजनीति से अभीप्रेरित है। राज्यपाल से तत्काल इसे खत्म करने की मांग की गयी है। शहर अध्यक्ष फरीद खान व राजू त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार फर्जी मुकदमें करा कर लोगों की आवाज दबाना चाहती है, जो ठीक नहीं है। पीसीसी सदस्य आशुतोष कुमार दुबे ने कहा कि लोकतंत्र के अंदर हर व्यक्ति का अधिकार है कि अपनी बात कर सके, लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा लोकतांत्रिक व्यवस्था को ही समाप्त किया जा रहा है। कांग्रेस लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ाई जारी रखेगी। इस मौके पर जितेंद्र पासवान, राजबली पांडे, नामवर कुशवाहा, बाबूलाल पनिका, लल्लूराम पांडे, आशीष सिंह, शीतला सिंह पटेल, मोहन बियार, सुजीत मिश्रा, सुमित पाल, दुर्गेश पाल, प्रदीप पटेल, तीरथ गोड़, बाबूलाल भारती उपस्थित रहे।


कलेक्ट्रेट पर धरना देते कांग्रेसी

### ग्राहक बनकर दुकान पर पहुंचे युवक ने उड़ाया मोबाइल

**करमा।** थाना क्षेत्र के बाजार स्थित कृष्णा ट्रेडर्स शॉप पर एक ग्राहक ने मोबाइल देखते-देखते एक एप्पल मोबाइल फोन पर हाथ साफ कर दिया। सारी करामात दुकान में लगे कैमरे में कैद हो गयी। बताया गया कि सुरेश द्विवेदी की कृष्णा ट्रेडर्स की दुकान है, जहां एक युवक मंगलवार को ग्राहक बन कर उनकी एग्रीकल्चर सम्बन्धित दुकान से सामान लेने गया। इसी बीच दुकान मालिक लंच करने के लिए कमरे में चले गए और अवसर का लाभ लेते हुए निडर होकर युवक ने मोबाइल फोन पर हाथ साफ कर दिया। मजे की बात यह है कि फोन को स्विच ऑफ कर वह फरार भी हो गया। भुक्तभोगी ने थाने में तहरीर देकर मोबाइल फोन बरामद करने की गुहार लगाई। इस सम्बंध में थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि नम्बर को सर्विलांस पर लगाया जा रहा है, जल्द ही चोरी करने वाले को पकड़ लिया जायेगा। इधर भुक्तभोगी द्वारा भी अपनी तरफ से युद्ध स्तर पर खोजबीन शुरू कर दिया गया है।

# एएसपी ने किया परेड का निरीक्षण, ली सलामी


परेड की सलामी लेते एएसपी

**सोनभद्र।** अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के पश्चात उन्होंने शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए जवानों से दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई गयी तत्पश्चात पुलिस लाइन का भ्रमण कर आर्मरी, क्वार्टर गार्द, स्टोर रुम, अर्दली-कक्ष का निरीक्षण कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह समेत तमाम अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# चंदौली में 62 करोड़ से बनेगी आधुनिक मत्स्य मंडी

**किसान मेला**

## कृषि विज्ञान केंद्र में तीन दिवसीय किसान मेला का हुआ आयोजन

**चंदौली।** कृषि विज्ञान केन्द्र चंदौली के प्रांगण में मंगलवार को एग्रोक्लाइमेटिक जोनवार तीन दिवसीय किसान मेला (विन्ध्य जोन) का आयोजन किया गया। इसका शुभारम्भ जिलाधिकारी ईशा दुहन द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तीन दिवसीय विराट किसान मेला में कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, कृषि विज्ञान केन्द्र, चन्दौली काला चावल समिति, कृषि निदेशालय ब्यूरो, इफको, एफपीओ, ग्रामीण आजीविका मिशन एवं निजी कृषि यंत्र विक्रेताओं द्वारा स्टाल लगाये गये है। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक, चन्दौली द्वारा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं वर्ष 2022-23 की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में बहुप्रतीक्षित चंद्रप्रभा बांध के पुनरुद्धार कार्य हेतु लगभग 12 करोड़ का प्रोजेक्ट का स्वीकृत कराया गया है। मत्स्य मण्डी के निर्माण हेतु 62 करोड़ की लागत का प्रोजेक्ट स्वीकृत हो गया है, जल्द ही मत्स्य कृषकों हेतु जनपद में ही मत्स्य मण्डी का निर्माण प्रारम्भ हो जायेगा। धान खरीद हेतु जनपद में निर्धारित लक्ष्य 2.50 लाख मीट्रिक टन के सापेक्ष पारदर्शी रूप से 2.52 लाख मीट्रिक टन की खरीद की गयी है, जो एक उपलब्धि है। जिलाधिकारी द्वारा मेला में उपस्थित समस्त किसान भाई-बहनों को कृषि विविधिकरण को अपनाते हुए पारम्परिक खेती के अतिरिक्त मत्स्य पालन, औद्योनिक खेती एवं बहुफसली खेती हेतु प्रेरित किया गया। जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सकें। उन्होंने कहा कि जनपद में किसानों को उन्नत खेती की सभी जानकारियां, प्रशिक्षण दिलाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक किसान बंधु तीन दिवसीय विराट किसान मेले में आएं, यहां से जानकारी लेकर जाएं, अपने खेतों में प्रयोग करें और लाभ उठाएं। उन्होंने किसानों से आर्गेनिक और मिलेट्स की खेती किए जाने हेतु प्रेरित किया। संयुक्त कृषि निदेशक, वाराणसी मण्डल, वाराणसी के द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान वर्ष 2023 को अन्तराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। किसान मेला में जनपद में अग्रणी कृषक रतन कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, रमेश सिंह, अनन्त कुमार सिंह एवं शैलेन्द्र पाण्डेय कृषि के क्षेत्र में अपना विशेष योगदान देने हेतु शाल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।


किसान मेले में लगे स्टालों का जायजा लेती डीएम ईशा दुहन।


किसान मेले में आयोजित गोष्ठी में उपस्थित जनपद के किसान।

### आईटीसी का स्टाल बना आकर्षण का केंद्र

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित कृषि विज्ञान केंद्र पर किसान गोष्ठी व प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। जहां पर प्रदर्शनी का अवलोकन जिलाधिकारी ईशा दुहन ने किया। वही आईटीसी की ओर से लगाए गए स्टाल किसानों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। यही नहीं जिलाधकारी ने भी उक्त स्टाल का लोगों का आह्वान किया कि किसानों की समस्याओं के समाधान और उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आईटीसी का सराहनीय कार्य है। इससे किसानों को अच्छा लाभ मिल रहा है। इस दौरान आईटीसी इंचार्ज सुनील सिंह, सुशील सिंह, दीपक सिंह, आशीष यादव आदि उपस्थित रहे।

# सचिव की मनमानी को लेकर एसडीएम को दिया पत्रक


सकलडीहा तहसील में उपस्थित बीडीसी सदस्य व ग्रामीण।

**सकलडीहा।** क्षेत्र के पपौरा गांव में तैनात सचिव की मनमानी को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को गांव के ग्राम प्रधान सहित बीडीसी सदस्य एसडीएम से मिलकर सचिव के रवैया को लेकर पत्रक सौपा। एसडीएम ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पपौरा गांव के रहने वाले मुकेश खरवार गांव में बीडीसी सदस्य है। मेहनत मजदूरी करके जीविकोपार्जन करते है। जर्जर मकान में रहने को विवश है। इन्होंने आवास के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप है कि सचिव द्वारा धन की मांग किया गया था। पैसे न देने पर बिना जांच किये अपात्र घोषित कर दिया। अन्य गांवों में भी हर काम के लिए सुविधा शुल्क की मांग की जाती है। इससे क्षुब्ध होकर प्रधान, बीडीसी सदस्य व ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से मिलकर शिकायत किया। उधर, सचिव ने ग्रामीणों के आरोप को निराधार बताया। इस मौके पर प्रधान सत्येंद्र सिंह, नरेंद्र गुप्ता, मुकेश खरवार, आनन्द सिंह, बंशीधर, विकास राजभर, लक्ष्मी देवी, सुमन कुमारी, रीता राय, नागेंद्र राय, रविकांत चैहान, संजय कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## संक्षेप

### फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में शुभम को मिला गोल्ड मेडल

**डीडीयू नगर।** उत्तर प्रदेश रेसलिंग एसोसिएशन द्वारा बागपत में 18 से 20 फरवरी तक फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 70 किलो भार वर्ग में डीडीयू नगर के मानसनगर निवासी शुभम किशोर यादव ने मात्र 30 सेकेंड में अपने भार वर्ग के पहलवान को हरा कर गोल्ड मैडल जीता। शुभम की इस सफलता से नगर के लोगों और पहलवानों में खुशी की माहौल है। मंगलवार को शुभम के पिता रविन्द्र यादव ने बताया कि वह खुद अंतरराष्ट्रीय पहलवान रहे है और डीडीयू मंडल रेल के प्लांटडिपो में कार्यरत है, शुभम ने गोल्ड मेडल पाकर जिले का नाम बढ़ाने का काम किया है। अपने बेहतर प्रदर्शन के बल पर इस क्रम को आगे बरकरार रखने का पूरा प्रयास किया जाएगा।


गोल्ड मेडल के साथ शुभम।

### नहर में डूबने से बाइक सवार युवक की मौत

**शहाबगंज।** थाना क्षेत्र के रज्जूपुर गांव के पास लेफ्ट कर्मनाशा नहर में बाइक सवार युवक योगेन्द्र कुमार 28 वर्ष की डूबने से मौत हो गयी। सुबह नहर शव तैरता देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। बताते हैं कि सैयदराजा थाना क्षेत्र के कांटा गांव निवासी दयाशंकर ने बताया कि मेरे पुत्र योगेन्द्र कुमार का ससुराल शहाबगंज थाना क्षेत्र के परथनपुर गांव में है। सोमवार की रात 9:30 बजे मेरा पुत्र मोटरसाइकिल से अपने मित्र सत्यप्रकाश पटेल के साथ अपने ससुराल गया था। वहां से रात में ही अपने मित्र को घर छोड़कर पुनः अपने ससुराल जाने लगा। वह जैसे ही रज्जूपुर गांव के पास पहुंचा मोटरसाइकिल के साथ नहर में चला गया जिससे पानी में डूबने से मौत हो गयी। वही पुलिस ने बताया कि मंगलवार की सुबह टहलने निकले लोगों ने पानी शव तैरता देख हो हल्ला मचाया और सूचना दिया। वही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कार्यवाहक थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

### अजय पर दर्ज फर्जी मुकदमें वापस ले भाजपा सरकार


कलेक्ट्रेट में राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते कांग्रेसजन

**चंदौली।** भाजपा सरकार के इशारे पर प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज किए जाने के विरोध में कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचा। इस दौरान कांग्रेसियों ने महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार के द्वारा कांग्रेस कार्यकताओं का उत्पीड़न बंद किया जाए। प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के ऊपर दर्ज फर्जी मुकदमे वापस लिए जाएं। कहा कि भाजपा सरकार जनहित के मुद्दे पर विफल है। अपने वादों को पूरा करने की बजाय वह द्वैष की भावना से कांग्रेस नेताओं के ऊपर फर्जी मुकदमा लादने का काम कर रही है जो उसकी तानाशाही का प्रमाण है। इस दौरान डा.नारायण मूर्ति ओझा, आनंद शुक्ला, रामजी गुप्ता, गंगाराम, कुलदीप वर्मा, दशरथ चैहान, मधु राय, प्रमोद मौर्या, विवेक सिंह, राज किशोर सिंह, इंद्रजीत मिश्रा मौजूद रहे।

# डीएम ने एडीएम को सौंपा पॉलिटेक्निक प्रकरण की जांच का जिम्मा

**आदेश**

## पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू के पत्र पर जिलाधिकारी ने लिया संज्ञान

**चंदौली।** सैयदराजा के पूर्व विधायक मनोज कुमार सिंह डब्लू के चंदौली पालीटेक्निक से जुड़े शिकायती पत्र को जिलाधिकारी ईशा दुहन ने संज्ञान में लिया है। उन्होंने शिकायती पत्र की मूल प्रति को अपने इस आशय के आदेश के साथ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश मिश्रा को जांच का दायित्व सौंपा है। डीएम ने चंदौली पालीटेक्निक में विगत 20 वर्षों से बंद कृषि अभियंत्रण विभाग की प्रयोगशाला की जांच समेत छह बिंदुओं पर आधारित समस्याओं की जांच करते हुए एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। विदित हो कि गत दिनों जिलाधिकारी ईशा दुहन से मुलाकात कर चंदौली पालीटेक्निक कालेज के शिक्षकों के आवास पर अधिकारियों का कब्जा होने की शिकायत को दर्ज कराने के साथ ही छात्र-छात्राओं के हास्टल के निर्माण सहित अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को उठाया और पालीटेक्निकल कालेज में बेहतर शैक्षणिक माहौल की स्थापना की आवश्यकता जताई। साथ ही भ्रष्टाचार जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए वित्तीय जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की थी। जिलाधिकारी पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू के शिकायती प्रार्थना-पत्र को संज्ञान में लेते हुए जांच का जिम्मा अपर जिलाधिकारी को सौंपा और छह बिंदुओं पर समस्याओं की जांच करके रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए है। इससे चंदौली पालीटेक्निक कालेज में व्याप्त समस्याओं के निराकरण की उम्मीद जगी है। साथ ही जर्जर हो चुके छात्रों के छात्रावास के साथ ही निमार्णाधीन छात्राओं के आवास का निर्माण पूर्ण होने से विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा। इस संबंध में पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू ने कहा कि डीएम के जांच आदेश से चंदौली पालीटेक्निक में व्याप्त समस्याएं दूर होने की उम्मीदें जगी है। यदि उम्मीदों पर प्रशासनिक अमला खरा नहीं उतरा हो समाजवादी पार्टी आंदोलन का रुख अख्तियार करेगी। शिक्षकों के आवास पर अधिकारियों का कब्जा हटाने की पहल हो, ताकि शिक्षक शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने में अपना योगदान दे सके।


डीएम कार्यालय द्वारा जारी आदेश पत्र।

### बबुरी में कंपोजिट स्कूल के बच्चों को नहीं मिल पा रहा अनाज

**बबुरी।** लाकडाउन के दौरान सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले, मध्यान्ह भोजन से वंचित बच्चों को एमडीएम का लाभ देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार जहां प्राधिकार पत्र बांट कर अनाज दे रही है वहीं दूसरी ओर बबुरी में ग्राम प्रधान और कोटेदार की लापरवाही के कारण एक सप्ताह से बच्चे व अभिभावक अनाज के लिए कोटे का चक्कर काट रहे हैं। बताते हैं कि कस्बे स्थित कंपोजिट विद्यालय में अनाज प्राप्ति के लिए बाटा जाने वाला प्राधिकार पत्र लगभग एक सप्ताह पहले ही बच्चों में बांटा जा चुका है। कोटेदार तथा ग्राम प्रधान द्वारा कुछ बच्चों को अनाज बांटने के बाद बच्चों में अनाज का वितरण बंद कर दिया गया, जिससे बच्चों और अभिभावकों को अनाज के लिए कोटे का चक्कर काटना पड़ रहा है। इस सम्बन्ध में कोटेदार जवाहर पासवान ने बताया कि बच्चों को कुछ अनाज का वितरण किया गया है और बच्चों को बाटना बाकी है। अभी कोटे का अनाज बांटा जा रहा है। बच्चों को दिया जाने वाला अनाज ग्राम प्रधान के पास है। जब वे देंगे तब बच्चों में वितरण किया जाएगा। गौरतलब है कि सरकार बच्चों को उनकी सुविधा के लिए स्कूलों में राशन का वितरण करा रही है।

# सवर्णों को अपमानित करने की बंद हो राजनीतिः अंजनी सिंह

**चंदौली।** देश में दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक सहित सर्वधर्म संप्रदाय के लोगों का सम्मान एक समान होना चाहिए। यही राष्ट्रीय संविधान का सम्मान है। सम्मानित जनता को वैचारिक रूप से भटकाकर उनकी भावनाओं को एक दूसरे के खिलाफ भड़काकर वोटों का ध्रूवीकरण करना लोगों को जाति धर्म के नाम सामूहिक रूप से उकसाकर सत्ता हासिल करने की नीति को ही अगर राजनीति कहते हैं तो लानत है ऐसी राजनीति पर।

अंजनी सिंह ने कहा कि सवर्ण समाज के लोगों का अपमान करके उन्हें हाशिए पर रखकर राजनीति करने का कलुषित एवं कुंठित प्रयास संपूर्ण राष्ट्र के भीतर सख्ती से बंद होना चाहिए, क्योंकि यह राष्ट्रीय सामाजिक समरसता एवं बंधुत्व के लिए घातक है किसी जाति धर्म को टारगेट करके की जाने वाली बयानबाजी संविधान और समाज दोनों को चोट पहुंचाती है। देश प्रदेश में चाहे किसी भी दल की सरकार शासन करे गलत करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करे। कहा कि भारत में आपसी सामाजिक भाईचारे की मजबूती हर किसी के परिपेक्ष में मानवतापूर्ण नजरिया एवं वास्तविक दुःखी जरूरत मंद लोगों की मदद एवं सर्वजन के हित वाली राजनीति होगी चाहिए। आमजन की बुनियादी जरूरतों, सामाजिक शासानिक-प्रशासनिक भेदभाव, सरहद की सुरक्षा, ग्रामीण जीवन में विकास जैसे तमाम जनहित राष्ट्रहित के ज्वलंत मुद्दों पर सार्थक राजनीति की देश को सख्त जरूरत है।


अंजनी सिंह।

# कड़ी निगरानी में सम्पन्न हुई हाईस्कूल व इंटर की बोर्ड परीक्षाएं

**चंदौली।** जिलाधिकारी के निर्देशन में बुधवार को कड़ी निगरानी में बोर्ड परीक्षा प्रथम पाली में हाईस्कूल की गणित एवं इण्टरमीडिएट की मुद्रण, बहीखाता, रेडियों एवं टेलीवीजन व रंगीन फोटोग्राफी की परीक्षा सम्पन्न हुई। हाईस्कूल के गणित में कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 24518 के सापेक्ष उपस्थित 21923 और 2595 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार इण्टर में मुद्रण विषय में कुल व्यवसायिक पंजीकृत छात्र 06 में से 01 उपस्थित एवं 05 अनुपस्थित बीता में कुल पंजीकृत छात्र 04 में से 01 उपस्थित एवं 03 अनुपस्थित रेडियो एवं टेलीविजन में कुल पंजीकृत छात्र 71 में से 69 उपस्थित एवं 02 अनुपस्थित, रंगीन फोटोग्राफी में कुल पंजीकृत छात्र 81 में से 77 उपस्थित एवं 04 अनुपस्थित थे। दूसरी पाली में हाईस्कूल की कम्प्यूटर एवं इण्टरमीडिएट की गृह विज्ञान एवं व्यवसायिक शिक्षा की परीक्षा सम्पन्न हुई, जिसमें हाईस्कूल के कम्प्यूटर में कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 303, उपस्थित 289 और 14 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें । इसी प्रकार इण्टर के गृह विज्ञान में कुल पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 6086, उपस्थित 5453 एवं अनुपस्थित परीक्षार्थी 633, व्यवसायिक शिक्षा में कुल पंजीकृत छात्र 434 में से 410 उपस्थित एवं 24 अनुपस्थित थे। जिला विद्यालय निरीक्षक चन्दौली द्वारा प्रथम पाली में कुल 06, वरिष्ठ प्रवक्ता डायट डा.माया सिंह द्वारा 05, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चन्दौली द्वारा 02, प्रधानाध्यापिका राजकीय हाईस्कूल दैथा द्वारा 06 एवं विता एवं लेखाधिकारी (बेसिक शिक्षा) द्वारा 04 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में द्वितीय पाली में विभिन्न सचल दस्तों द्वारा कुल 08 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त सेक्टर मजिस्ट्रेटों द्वारा भी कई परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। परीक्षा केन्द्रों पर सकुशल एवं शान्तिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न हुई।

### यूपी में जदयू को मजबूत करने पर हुई चर्चा

**डीडीयू नगर।** नगर क्षेत्र के नई बस्ती स्थित एक लान में जनता दल यूनाइटेड का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बिहार प्रांत के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार रहे। कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठन को गांव-गांव, नगर-नगर, खेत खलिहान तक मजबूत बनाने के लिए कार्यकताओं का आह्वान किया गया। इसी दौरान ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि जिला कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से पूरे प्रदेश में अपने संगठन को मजबूत करेंगे। आने वाले हर चुनौतियों का सामना डटकर करेंगे। देश के सामने जो चुनौतियां है उससे निपटने के लिए कार्यकताओं को टिप्स भी दे रहे हैं। देश की आधी आबादी महिलाएं शराबबंदी की मांग कर रही हैं नौजवानों का भविष्य बनाने के लिए बिहार में नीतीश सरकार ने शराबबंदी पर पूर्ण रूप से रोक लगा दिया है। कहां की बेरोजगारी महंगाई का आलम है। भारतीय जनता पार्टी सरकार को हटाने के लिए पार्टी के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार देश के तमाम राजनीतिक पार्टी के नेताओं से बातचीत कर रहे हैं अभी तक एक राउंड बात हो चुकी है। इस दौरान टिंकू निगम, धर्म प्रकाश तिवारी, संजय सिन्हा,अजय कुमार साहनी, गिरीश श्रीवास्तव, राजू पांडे, प्रेम यादव, राजेश कुमार आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नई तकनीकि शिक्षा के माध्यम से बच्चों को बनाये निपुण : डायट प्राचार्य


संकुल शिक्षकों के साथ नवाचार के बारे में जानकारी देती डायट प्राचार्य संगीता चैधरी।

**जनसंदेश न्यूज**

**सकलडीहा।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश के निर्देश पर प्रत्येक माह के तीसरे मंगलवार को होने वाली शिक्षक संकुल की फरवरी माह की मासिक बैठक उच्च प्राथमिक विद्यालय सकलडीहा पर आयोजित की गई। इस बैठक में डायट प्राचार्य संगीता चैधरी ने शिक्षकों को नई तकनिकी के माध्यम से बच्चों को निपुण बनाने का आवाहन किया। डायट प्राचार्य संगीता चौधरी ने संकुल के शिक्षकों को निपुण भारत के तहत बच्चों का नई नई तकनीक के माध्यम से शिक्षित करने व जागरूक करने के बारे में जानकारी दिया।

इसके पूर्व डायट मेंटर डा. रोशन सिंह एवं डा. बैजनाथ पाण्डेय ने शिक्षकों का मार्गदर्शन करते हुए विद्यालयों में होने वाले नवाचार पर चर्चा की और सभी अध्यापकों से यह उम्मीद जताई कि सभी अध्यापक अपने-अपने विद्यालयों में जो नवाचार करेंगे। उसको शिक्षक संकुल की बैठकों में सभी अध्यापकों के साथ साझा करेंगे। शिक्षक संकुल की इस बैठक में निर्धारित एजेंडे के अनुसार चर्चा की गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से शिक्षक संकुल हिमांशु कुमार पांडेय, चन्द्रधर दीक्षित, संजय सिंह, जगरदेव, मीरा टाइगर, दुर्गा प्रसाद गुप्त, धीरज शाह, फाफा साहब भारती तथा संकुल के नामित अध्यापक सम्मिलित हुए।

## गंगा कटान रोकने के लिए किसान नेता ने डीएम को सौंपा पत्र

**चंदौली।** भारतीय किसान मजदूर संयुक्त के मंडल अध्यक्ष दीनानाथ श्रीवास्तव ने मंगलवार को स्थान मिला के दौरान जिलाधिकारी को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान दीना श्रीवास्तव ने कहा कि 3 करोड़ से अधिक रुपए की लागत से गंगा कटान रोकने के लिए सरकार की ओर से जारी होगा। इसमें पूरी तरह से पारदर्शिता बरती जाए ताकि धन का दुरुपयोग ना हो। गुरैनी लघु डाल नहर के पास गंगा कांटा रोकने के लिए 3.75 करोड़ रुपए धनराशि अवमुक्त हो चुकी है लेकिन आज तक इस पर कोई अमल नहीं किया गया इसकी जांच कराकर तत्काल उचित कारवाई किया जाए ताकि गंगा कटान रोकने के साथ-साथ किसानों को इस समस्या का समाधान मिल सके।

# प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाने पर ही पर्यावरण होगा अनुकूल : प्राचार्य

**सकलडीहा।** सकलडीहा पीजी कॉलेज में मंगलवार को भूगोल विभाग की ओर से जलवायु परिवर्तन एवं आपादा जोखिम नियंत्रण थीम पर आधारित सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एमए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर भूगोल विभाग के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्हें जलवायु परिवर्तन की समस्या पर विस्तार से जानकारी देते हुए आम जनमानस को जागरूक करने को बताया गया। अध्यक्षता करते महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रकृति के साथ सामंजस्य ही जलवायु परिवर्तन की समस्या का समाधान है। जलवायु परिवर्तन भारत में ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर अपना प्रभाव दिखा रहा है। जी-20 सम्मेलन इस आपदा के विषय में चर्चा तथा प्रभावी कदम उठाने का अच्छा अवसर है। इसके पूर्व कार्यक्रम प्रभारी संदीप कुमार सिंह भूगोल विभागाध्यक्ष व मुख्य वक्ता प्रोफेसर एमपी सिंह व डा.इंद्रजीत सिंह और डा.विकास कुमार जायसवाल ने छात्र छात्राओं ने जलवायु परिवर्तन एवं आपदा जोखिम नियंत्रण के विषय में विस्तार से जानकारी दिया। अंत में उप प्राचार्य प्रोफेसर प्रमोद कुमार सिंह ने जलवायु परिवर्तन को युवा शक्ति के समक्ष आने वाली चुनौतियों एवं समस्याओं जिनका संदर्भ सिर्फ राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय भी है से परिचित कराया। जलवायु परिवर्तन की बारीकियों को वीडियो प्रजेंटेशन के माध्यम से समझाया गया। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर शमीम राइन, डा.अजय कुमार सिंह यादव, डा.योगेंद्र तिवारी, डा.प्रवीण मिश्रा, डा. राजेश यादव, अभय सिंह, लखनराज, मुराहू रामसौम्या, आशीष कुमार गुप्ता, इंदल गिरी, अंजली यादव, शिवांगी, प्रज्ञा सिंह, प्रेक्षा जायसवाल, अभिमन्यु आदि मौजूद रहे।

### घायल युवक को डीएम ने पहुंचाया अस्पताल

**शहाबगंज।** थाना क्षेत्र फत्तेपुर गांव के पास चकिया-चन्दौली मार्ग पर सोमवार की रात में साइकिल सवार को बचाने के चक्कर मोटरसाइकिल लेकर सड़क पर गिर गया। जिससे सड़क पर गिरने पर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसी समय चन्दौली जा रही जिलाधिकारी ने घायल युवक को अपने वाहन से जिला चिकित्सालय ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया। जहां चोंट गंभीर देख चिकित्सक ने इलाज के लिए ट्रांमा सेंटर रेफर कर दिया। जिलाधिकारी के कार्यप्रणाली को लेकर ग्रामीणों में ने खुशी का इजहार किया। सकलडीहा थाना क्षेत्र के टेकापुर गांव का निवासी अनिल कुमार बारी पुत्र छन्नू प्रसाद बारी उम्र 38 वर्ष शहाबगंज में मजदूरी का कार्य करता था। सोमवार की रात लगभग 8 बजे घर वापस जाते समय फत्तेपुर गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे साईकिल सवार को बचाने के चक्कर में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गयी, जिससे युवक सड़क पर छटपटाने लगा। उसी समय नौगढ़ से जिलाधिकारी ईशा दुहन का काफिला जिला मुख्यालय को जा रहा था।

# गोष्ठी में डॉल्फिन की रक्षा करने पर हुआ मंथन

**टांडा कला।** नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा के नमामि गंगे के तहत गंगा डॉल्फिन संरक्षण दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ गंगा सेवा समिति द्वारा बलुआ गंगा तट पर हुआ। इस मौके पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। गंगा डॉल्फिन संरक्षण गोष्ठी में उत्कृष्ट कार्य हेतु गंगा सेवकों और गंगा प्रहरियों अंकित जायसवाल गोलू, जुगनू पासवान, राजेश सोनकर, अवनीश पांडेय, अंकित जायसवाल, दिलीप कुमार, राजेश साहनी को गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष ने सम्मानित किया गया। वही लोगो हर हर गंगे नमामि गंगे नारो के साथ गंगा को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया ।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा की जलीय जीवन के संरक्षण हेतु गंगा डॉल्फिन को बचाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, गंगा में विचरण करने वाली डॉल्फिन मिलनसार चंचल और परोपकारी होती है। जिनकी उम्र 15 से 50 वर्ष तक होती है। इसलिए इनकी रक्षा करने के लिए नदियों में कूड़ा कचरा प्लास्टिक जैसी चीजों को विसर्जित नहीं करना है और तेल निकालने के लिए इनका शिकार नहीं करना है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे। गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष ने कहा कि डॉल्फिन गंगा नदी के स्वास्थ्य की निशानी है। केन्द्र सरकार 18 मई 2009 को गंगा डॉल्फिन को भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया है। डॉल्फिन समुद्री स्तनधारी जीव है। गंगा को स्वच्छ रखना इनका कार्य है। इनको बचाने के लिए व गंगा निर्मलीकरण के लिए हर सम्भव प्रयास करना है। इस मौके पर दरोगा वनरक्षक राजकुमार, जितेंद्र यादव, अभिषेक कुमार यादव, प्यारेलाल, अभिमन्यु चैहान, लव यादव, कुश यादव, सेकेट्री जागृति यादव आदि लोग उपस्थित रहे।


बलुआ पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर डॉल्फिन बचाने को शपथ लेते लोग।

# स्पोर्ट्स

### भारतीय जूनियर टीम ने दक्षिण अफ्रीका में सभी मैच जीते

जोहांसबर्ग। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने अपने अंतिम मैच में भी दक्षिण अफ्रीकी अंडर-21 टीम को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हरा दिया। इसी के ही भारतीय टीम ने अंडर-21 के अपने इस दौरे में दक्षिण अफ्रीकी टीम के खिलाफ अपने सभी मैच जीत लिए हैं। अंतिम मैच में दोनो ही टीमें तय समय तक गोल नहीं कर पायीं। जिससे यह मैच अतिरिक्त समय में चला गया। इसके बाद भी फैसला नहीं होने पर शूट आउट भी मैच पहुंचा जिसमें भारतीय टीम ने 4-3 से जीत दर्ज की । दक्षिण अफ्रीका का यह दौरा आगामी अंडर-21 एशिया कप को देखते हुए अहम माना जा रहा है। यह आगामी एफआईएच महिला हॉकी जूनियर विश्व कप का क्वालीफिकेशन टूनार्मेंट भी है। इसमें भारतीय टीम 24 और 25 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका ह्यए के खिलाफ दो मैच खेलेगी।

## भारतीय टीम टी-20 महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची

केपटाउन। भारतीय टीम ने वर्षा बाधित मुकाबले में आयरलैंड को हराकर टी-20 महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। स्मृति मंधाना के 87 और शैफाली वर्मा के 24 रनों की सहायता से भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 155 रन बनाए थे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड ने 8.2 ओवर में दो विकेट पर 54 रन बनाये। इसके बाद बारिश के कारण खेल रुक गया। बारिश नहीं रुकने पर डीएलएस नियम के तहत भारतीय टीम को पांच रन से विजेता घोषित कर दिया गया। इस मैच में भारतीय टीम ने जीत तो हासिल कर ली पर उसके मध्यक्रम का प्रदर्शन



अच्छा नहीं रहा। मंधाना और शेफाली के अलावा अन्य बल्लेबाज संघर्ष करती नजर आयीं। इन दोनो के अलावा केवल जेमिमा रॉड्रिग्स ही 12 गेंदों पर तीन चौकों के साथ 19 रन बना पायीं।

भारत की शुरूआत धीमी रही। सलामी बल्लेबाज शेफाली को भी रनों के लिए जूझना पड़ा, पर मंधाना ने आक्रामक बल्लेबाजी कर रन बनाना जारी रखा। शेफाली ने 29 गेंदों पर 3 चौके लगाकर 24 रन बनाए। आयरलैंड के गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए कप्तान हरमनप्रीत कौर को भी कोई अवसर नहीं दिया। हरमनप्रीत 20 गेंद खेलकर केवल 13 रन ही बना पायी। इसी बीच मंधाना ने तेजी से बल्लेबाजी करते हुए हरमनप्रीत के साथ दूसरे विकेट के लिये 52 रन जोड़े। मंधाना को 46 रन के स्कोर पर एक जीवनदान भी मिला जब कैरा मरे की गेंद पर मिडविकेट पर खड़े फील्डर ने उनका कैच छोड़ दिया।

मंधाना ने इसका पूरा-पूरा लाभ उठाते हुए 14वें ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर अपने पचास रन पूरे किये। ऋचा घोष खाता खोले बिना ही पेवेलियन लौट गयीं। मंधाना ने हालांकि एक छोर से रन बनाते हुए अंतिम 5 ओवरों में 50 रन जोड़। मंधाना के आउट होने के बाद जेमिमा ने कमान संभाली।

## रमीज राजा ने भारतीय टीम के साथ ही जडेजा व अक्षर के प्रदर्शन को सराहा

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर रमीज राजा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भी भारतीय टीम की शानदार जीत पर उसकी जमकर प्रशंसा की है। रमीज ने दोनो ही मैचों में शानदार प्रदर्शन के लिए ऑलराउंडर अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा की विशेष रुप से सराहना की है। अक्षर ने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में दबाव के बीच भी 74 रन बनाकर भारतीय टीम को संभाला था जबकि जडेजा ने मैच में कुल 10 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी को ढ़हा दिया था।

रमीज ने कहा, अक्षर की पहली पारी निर्णायक पारी थी। उन्होंने मैच के ऐसे समय में अश्विन के साथ एक अहम साझेदारी की, जब ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को कम स्कोर पर आउट कर बड़ी बढ़त लेने का प्रयास कर रही थी। इस दौरान ऑस्ट्रेलियाई टीम मानसिक रुप से मजबूत नहीं दिखी। उनकी बल्लेबाजी में स्पष्ट रूप से कई तकनीकी खामियां दिखीं। स्पिनरों को खेलने के लिए उनके बल्लेबाजों को कई सुधार करने होंगे। उनके बल्लेबाजी ने कई गलत शॉट भी बल्लेबाजी में लगाये थे।

उन्होंने साथ ही कहा, ऑस्ट्रेलिया पर्थ या ब्रिस्बेन में उप-महाद्वीप की टीमों के साथ जिस प्रकार से पेश आता है। वैसा ही भारतीय टीम ने अपनी धरती पर उसके साथ किया है।

इससे पता चलता है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम की तैयारी सही नहीं थी। क्योंकि भारतीय टीम को उसी की धरती पर हराना आसान नहीं है। भारत में यह स्पिन के खिलाफ एक सामान्य प्रदर्शन था। उन्होंने एक ही सत्र में 9 विकेट गंवाए। जडेजा ने मैच में असाधारण गेंदबाजी की। रमीज पाक क्रिकेट बोर्ड पीसीबी के अध्यक्ष भी रहे हैं पर टी20 विश्वकप में टीम की हार के बाद उन्हें हटा दिया गया था।

## बॉलीवुड न्यूज

### स्टार प्लस में अमनदीप सिद्धू अपने शो लेकर हैं थोड़ी नर्वस



मुंबई। स्टार प्लस अपने दर्शकों के लिए लुभावने और दिलचस्प कंटेंट देने के लिए जाना जाता है। जिसे देखते हुए कह सकते हैं कि यह एक ऐसा हब है जहां दर्शकों को अपने चहेते शोज के जरिए प्यार, ड्रामा, बदला जैसे हर तरह के इमोशन्स देखने का मौका मिलता है। इस चैनल पर अनुपमा, ये रिश्ता क्या कहलाता है, तेरी मेरी डोरियां, इमली, ये है चाहतें, रज्जो और फालतू जैसे कई ऐसे कमाल के डोले सोप्स है, जो फैमिली ड्रामा और रोमांस पर फोकस करता है और साथ ही साथ दर्शकों को भरपूर एंटरटेन भी करता है। अब चैनल अपने एक और नए शो चाशनी के साथ दर्शकों के लिए एक धामाकेदार या कहे की मसालेदार कहानी लेकर सामने आया है जो अपने नाम से एकदम अलग है और मनोरंजन से भरपूर है। स्क्रीन पर रिश्तों के एक बिग मिक्स को पेश करते हुए, यह शो दो बहनों, चांदनी और रोशनी के बीच एक असामान्य और उलझे हुए बंधन पर आधारित होगा, जो सास बहू, चांदनी और रोशनी में बदल जाती हैं। इस नए शो के साथ स्टार प्लस एक नई और मसालेदार कहानी के जरिए भारतीय टेलीविजन में अपना लेवल और बढ़ा रहा है, जो दो बहनों पर बेस्ड है, जो बाद में सास-बहू बन जाती है। बहुत सारे ट्विस्ट और टर्न्स से भरपूर, स्टार प्लस दर्शकों के लिए एक नई कहानी लाने वाला है, जो इस नए शो चाशनी के साथ टेलीविजन पर पहले कभी नहीं देखी गई है। हाल में स्टार प्लस ने अपने सबसे मसालेदार शो चाशनी का प्रोमो जारी किया था। प्रोमो में दो बहनों की कहानी दिखाई गई है जो भावनात्मक उतार-चढ़ाव से गुजरती हैं। रोशनी की भूमिका निभाने वाली अमनदीप सिद्धू, शो में एक फायर फाइटर हैं, जबकि चांदनी एक आजाद ख्यालात वाली रेबेल है। शो में एक घटना ने उनके इक्वेशन और रिश्ते से जुड़ी पूरी दुनिया बदल दी है। दरअसल, चांदनी जो कि छोटी बहन है, वह बड़ी बहन रोशनी की सास बन जाती है। यह शो 9 मार्च से रात 11 बजे स्टार प्लस पर प्रसारित होगा।

### फर्जी में जबरदस्त प्रतिक्रिया के लिए राशि खन्ना ने जताया आभार



इंदौर। बहुभाषी स्टार राशि खन्ना वर्तमान में अपने नवीनतम शो फर्जी के लिए प्रशंसा और प्यार से सराबोर हैं, उसी के लिए अपना आभार व्यक्त करते हुए अभिनेत्री ने पूरी टीम को एक दिल को छू लेने वाला नोट लिखा। पुरुषों की दुनिया में एकमात्र महिला होने के नाते, राशि खन्ना की मेघा व्यास ने स्क्रीन पर अपने ईमानदार और भावुक व्यक्तित्व के साथ दर्शकों पर गहरा प्रभाव डाला। प्रतिभाशाली अभिनेत्री ने न केवल शाहिद कपूर, विजय सेतुपति और के के मेनन जैसे प्रभावशाली कलाकारों सहित कलाकारों के बीच अपनी जगह बनाई। प्रदर्शन के लिए शानदार प्रशंसा प्राप्त करते हुए, राशी खन्ना पर प्यार बरस रहा है, उसी का प्रतिफल देते हुए अभिनेत्री ने अपने किरदार मेघा व्यास की तस्वीरों के साथ एक दिल छू लेने वाली टिप्पणी के साथ साझा किया। राशि खन्ना ने कहा, "सभी #फर्जी चीजों के बीच आपका 'असली' प्यार बेहद जबरदस्त रहा है। फजी कई कारणों से इतना खास है- लोग, अनुभव और अविश्वसनीय प्यार! मैं तहें दिल से सर की आभारी हूँ, मुझे मेघा को स्क्रीन पर जीवन देने के लायक समझने के लिए और को भी शुक्रिया मुझे ये अवसर देने कि लिए। अपने पहले वेब शो रुद्रः द एज ऑफ डार्कनेस में किरदार के साथ छाप छोड़ने के बाद राशि खन्ना ने फर्जी में अपने प्रभावशाली प्रदर्शन से दर्शकों को फिर से प्रभावित किया है।

## वार्नर बार्डर-गावस्कर सीरीज के बचे हुए दोनों टेस्ट मैचों से बाहर हुए

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर बार्डर-गावस्कर सीरीज से बाहर हो गये है। वार्नर दूसरे टेस्ट में बल्लेबाजी के दौरान चोटिल हो गये थे। वार्नर दोनो ही मैचों में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये थे, ऐसे में उनके बाहर होने से ऑस्ट्रेलियाई टीम पर प्रभाव पड़ने की कोई संभावना नहीं है। ऑस्ट्रेलियाई टीम अभी तक इस सीरीज में पहले दोनो ही मैचों में हारी है। ऐसे में वह सीरीज में 2-0 से पीछे चल रही है और अब अंतिम दोनो मैचों में किसी प्रकार सीरीज को बराबरी पर लाना चाहेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) की एक रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली टेस्ट में हल्के फ्रैक्चर के कारण वार्नर के ठीक होने में अभी समय लगेगा।

दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के दौरान ही चोट लगने के बाद वार्नर की जगह पर मैथ्यू रेनशॉ को उतारा गया था। इसके बाद एक्स-रे में पता चला कि वार्नर को हल्का फ्रैक्चर है। इसी को देखते हुए सीए ने कहा है कि वार्नर स्वदेश लौट जाएंगे और सीरीज में आगे नहीं खेलेंगे।

वहीं आगे की जांच के बाद, उन्हें रिहैबिलिटेशन की जरुरत होगी, इस कारण वह इस सीरीज जो टेस्ट श्रृंखला के शेष भाग में किसी भी तरह से शामिल नहीं होंगे। वहीं वार्नर के एकदिवसीय सीरीज में शामिल होने की संभावनाएं अभी भी बनी हुई हैं क्योंकि सीए ने एकदिवसीय सीरीज में उनकी अनुपलब्धता को लेकर कोई बात नहीं कही है।

## ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की सहायता के लिए तैयार हूं : हेडन

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर मैथ्यू हेडन ने कहा है कि भारतीय स्पिनरों के खिलाफ परेशानी का सामना कर रहे बल्लेबाजों की सहायता के लिए वह तैयार हैं। भारत दौरे में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज आर अश्विन और रविन्द्र जडेजा का सामना करने में नाकाम रहे हैं। हेडन के अनुसार अगर उनसे कहा जाएगा तो वह बल्लेबाजों की सहायता कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों पर पहले दो टेस्ट में भारतीय स्पिनरों ने अंकुश लगा दिया जिसके कारण वे एक के बाद एक पेवेलिन लौटने लगे।

इस कारण टीम को दोनो ही मैचों में करारी हार का सामना करना पड़ा है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने नागपुर और नई दिल्ली में रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के नेतृत्व में भारतीय स्पिनरों के खिलाफ अधिकतर विकेट खोये। हेडन



ने कहा कि वह भारतीय स्पिनरों के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की मदद करने के लिए खुशी-खुशी आगे आने के लिए तैयार है इसके लिए वह किसी प्रकार की फीस भी नहीं चाहते हैं।

इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा, ह्यह्यमुझे जब भी कुछ भी करने के लिए कहा जाता है तो मैं हमेशा किसी भी समय उसके लिए तैयार हूं। वहीं पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने भी टीम प्रबंधन से हेडन की सेवाएं लेने को कहा है। हेडन ने स्टीव वॉ के नेतृत्व में 2001 के दौरे पर 110 की औसत से रन बनाए थे और 2004 में श्रृंखला जीतने वाली एडम गिलक्रिस्ट के नेतृत्व वाली टीम का भी वह हिस्सा थे। गिलक्रिस्ट की कप्तानी वाली टीम 1969 के बाद भारत में श्रृंखला जीतने वाली एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई टीम थी। हेडन ने कहा कि वह ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ समय बिताने के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से कोई पैसा नहीं लेंगे पर चाहते हैं कि संचालन संस्था मौजूदा खिलाड़ियों को पिछली पीढ़ी के साथ जोड़े। वहीं

ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा है कि अगर खिलाड़ी मौजूदा कोचिंग स्टाफ के साथ हेडन को जोड़ना चाहते हैं तो वह इसके लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, ह्यह्यअगर मैथ्यू व्यक्तिगत खिलाड़ियों को फायदा पहुंचा सकता है तो मुझे भरोसा है कि वे व्यक्तिगत खिलाड़ी निश्चित रूप से उसके साथ बातचीत में शामिल होंगे।

## वॉर्नर ने परिवार के साथ तस्वीरें साझा कीं

नई दिल्ली। भारत दौरे के पहले दोनो ही टेस्ट मैचों में रन बनाने में विफल रहे ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर खाली समय में अपने परिवार के साथ घूम रहे हैं। इसी के तहत ही वह हुमायूं का मकबरा देखने पहुंचे। वॉर्नर ने अपने इंस्टाग्राम अकाऊंट पर पूरे परिवार के साथ एक तस्वीर भी साझा की है। इसे क्रिकेट प्रशंसकों ने काफी पसंद किया है। वॉर्नर दिल्ली में हुए दूसरे टेस्ट के दौरान चोटिल भी हो गये थे इस कारण उनकी जगह मैट रेनशॉ को मैदान में उतारना पड़ा। वार्नर के अब सीरीज में खेलने की संभावनाएं समाप्त हो गयी हैं।

दूसरे टेस्ट में वार्नर को बल्लेबाजी के दौरान भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की एक गेंद कोहनी पर लगी थी। वहीं बाद में प्राथमिक रिपोर्ट में पता चला है कि वॉर्नर को इससे उभरने में समय लग सकता है।

## एसपी से मिला अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का प्रतिनिधि मंडल

जनसंदेश न्यूज

चंदौली। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा के नेतृत्व में व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल से मंगलवार को मिला। जिसमें दवा व्यवसायी धीरज गुप्ता के हत्यारे की सफल गिरफ्तारी पदार्फाश को लेकर स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया गया।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि चंदौली पुलिस जिस तरह से दवा व्यापारी हत्याकांड का खुलासा किया वह काबिले तारीफ है और इसकी जितनी भी प्रसंशा की जाए वह कम है वही अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने मांग किया कि जिस तरह से चंदौली की घटना का पदार्फाश हुआ वैसे ही सैयदराजा नगर पंचायत चेयरमैन वीरेंद्र जायसवाल के



एसपी अंकुर अग्रवाल को स्मृति चिह्न भेंट करते जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा।

आभूषण दुकान चोरी का पदार्फाश भी हो। साथ ही साथ व्यापार हितों में व्यापारियों की समस्याओं पर भी सकारात्मक बातचीत हो और समस्या के निदान के लिए पुलिस की ओर से प्रभावी पहल होनी चाहिए। एसपी अंकुर अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि व्यापारी उनसे मिलकर अपनी समस्याओं को बताए। मौके पर बबलू सोनी, अमित कुमार, महेंद्र गुप्ता, बाबू खान, अनुपम व जिला मीडिया प्रभारी अमीय कुमार पांडेय उपस्थित रहे।

## क्रिकेटर पृथ्वी से बदसलूकी मामले में सपना सहित तीन आरोपियों को जमानत

मुम्बई। सेल्फी को लेकर क्रिकेटर पृथ्वी शॉ के साथ बदसलूकी के मामले में आरोपी सपना गिल सहित तीन लोगों को जमानत मिल गयी है। इनपर पृथ्वी से धक्का मुक्की के साथ ही उनकी कार पर बेसबॉल के बल्ले से हमला के भी आरोप हैं। इससे पहले दिन में अदालत ने सपना, उसके दोस्त शोभित ठाकुर, रूद्र सोलंकी और साहिल सिंह सिंह को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया था। इसके बाद आरोपियों द्वारा जमानत याचिका दायर करने और संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट सी.पी. काशिद ने इन सभी को जमानत दे दी। इस मामले में गिरफ्तारियां पिछले सप्ताह हुई थीं।

इस मामले में वकील काशिफ अली खान ने कहा था कि सपना के खिलाफ दर्ज की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) पूरी तरह से गलत है। वहीं सरकारी वकील आतिया शेख ने जमानत अर्जी का विरोध किया और कहा कि मामले की जांच अभी पूरी



नहीं हुई है। अभियोजक, आतिया शेख ने तर्क दिया कि आरोपी ने बदला लेने के इरादे से ही पृथ्वी की कार का पीछा किया था क्योंकि उसने उनके साथ एक सेल्फी लेने से इंकार कर दिया था। साथ ही कहा कि आरोपी संभावित रूप से 23 वर्षीय क्रिकेटर को नुकसान पहुंचा सकते थे।

सपना ने छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की वहीं सपना ने पृथ्वी और उनके दोस्तों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग करते हुए मुंबई पुलिस को शिकायत दी है।

अंधेरी के एयरपोर्ट थाने में सपन के वकील काशिफ अली खान के जरिये दायर शिकायत में पृथ्वी और उनके दोस्त आशीष यादव और अन्य के खिलाफ कथित छेड़छाड़ और लज्जा भंग करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। सपना की शिकायत के अनुसार वह और उनके दोस्त शोभित ठाकुर नियमित रूप से क्लब में आते जाते हैं, जहां ठाकुर ने शॉ को देखा, जो दोस्तों के साथ पार्टी कर रहे थे और से नशे में थे। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि क्रिकेट प्रशंसक होने के नाते ठाकुर सेल्फी के लिए शॉ के पास गए जिनके साथ मारपीट की गयी तब सपना उसे बचाने के लिए गयी थी। इस दौरान उसके साथ ही छेड़छाड़ की गयी।

## अल्कराज ने नॉरी को हराकर अर्जेंटीना ओपन जीता

ब्यूनस आयर्स। स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने हैमस्ट्रिंग की चोट के बाद शानदार वापसी करते हुए अर्जेंटीना ओपन जीता है। विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्कराज ने सत्र की शुरूआत में ही ब्रिटेन के कैमरुन नॉरी को 6-3, 7-5 से हराकर अपना सातवां एटीपी टूर खिताब जीता है। अल्कराज ने मैच के बाद कहा, मैं फाइनल खेलने के दौरान काफी सहज था क्योंकि मुझे पहले से ही पता था कि यह कठिन मुकाबला होने वाला था। मैंने इस बात पर ध्यान केंद्रित करना शुरू कर दिया था कि मुझे शुरूआत में ही क्या करना है। अल्कराज ने जीत के साथ ही एक अहम उपलब्धि भी अपने नाम की है। साल 2015 में राफेल नडाल के बाद ही ब्यूनस आयर्स ट्रॉफी जीतने वाले वह स्पेन के पहले खिलाड़ी हैं। वह एटीपी टूर पर गुस्तावो कुर्टेन के साथ सर्वोच्च रैंक वाले खिलाड़ी भी बने हैं। अल्कराज ने साल की शुरूआत सबसे कम उम्र के विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी के रूप में की थी।


### पावरलिफ्टिंग में दम दिखाने वाले सूरज बिंद का सम्मान

नियामताबाद। बरहुली में मंगलवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पिछले दिनों पूर्वांचल पॉवरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में बरहुली ग्राम के सूरज बिन्द (पहलवान) का जनपद में प्रथम स्थान एवं पूरे पूर्वांचल में द्वितीय स्थान आया, जिससे गांव में खुशी का माहौल देखा गया छोटे गांव से उभरकर पूर्वांचल स्तर की पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसी खुशी में सूरज बिंद का स्वागत करेंट कोचिंग सेंटर पर जन सहायता हॉस्पिटल के प्रबंधक डा.वीरेंद्र बिंद द्वारा पहलवान सूरज बिंद का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि डा.वीरेंद्र बिंद ने कहा कि खिलाड़ियों का हमेशा मनोबल बढ़ाना चाहिए जिससे वह जिले से होकर प्रदेश स्तर, प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें। ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं, बस ध्यान देने की जरूरत है। मौके पर प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भोला बिन्द,रघु बिन्द मास्टर, डा.राजू बिन्द, सुजीत बिन्द एवं युवा साथी उपस्थित रहे।

## महीनों बाद भी शिविर पाइप और सड़क निर्माण कार्य अधूरा

सकलडीहा। विकास खंड की सबसे बड़ी ग्राम सभा सकलडीहा कस्बा में सचिव और प्रधान की उपेक्षा का दंश ग्रामीण महीनों से झेल रहे है। कस्बा में मात्र पांच सौ मीटर शिविर पाइप लाइन और सड़क निर्माण कार्य महीनों से अधूरा है। कच्छप गति से कार्य होने व धन का दुरूपयोग किये जाने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है। सीडीओ से हो रहे निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग किया है। कस्बा के छोटी मस्जिद मार्ग पर पूर्व में लाखो रुपए खर्च करके इंटरलॉकिंग लगाया गया था। लेकिन नाली की सुविधा नही होने पर समस्या हो रही थी। वर्तमान प्रधान द्वारा महीनों पूर्व इंटर लॉकिंग मार्ग को उखाड़कर शिविर पाइप बिछाया जा रहा है। मात्र पांच सौ मीटर सीवर पाइप लाइन बिछाने का कार्य कच्छप गति से चलने पर आवागमन में ग्रामवासियों को काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सचिव और प्रधान पंचाचती धन का खुलेआम दुरूपयोग कर रहे है। सचिव या किसी अधिकारी द्वारा निर्माण कार्य के गुणवत्ता का भी निरीक्षण नही होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की जिला प्रशासन से जांच कराने की मांग किया है। इस बाबत बीडीओ अरूण कुमार पांडेय ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर ग्रामीणों की जांच कराया जायेगा। गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं होने पर कार्रवाई होगा।

### सर्वोदय इंटर कॉलेज में सम्पन्न हुई बोर्ड परीक्षा



कंदवा। सर्वोदय इंटर कालेज अरंगी में आयोजित यूपी बोर्ड की परीक्षा के क्रम में मंगलवार को सुबह की पाली मे आयोजित हाईस्कूल की गणित की परीक्षा के दौरान मुख्य गेट पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्णकांत तिवारी की देख रेख में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। मुख्य गेट पर परीक्षार्थियों की तलाशी के बाद ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जा रहा था। इस दौरान प्रधानाचार्य कृष्णकांत तिवारी ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक जयप्रकाश के कुशल निर्देशन में परीक्षा चल रही है। बताया कि सर्वोदय इंटर कालेज में राजकीय हाईस्कूल दैथा सहित कुल 550 परीक्षार्थी 12 कक्ष में परीक्षा दे रहें हैं कड़ाई की वजह से प्रतिदिन परीक्षार्थियों के परीक्षा छोड़ने का सिलसिला जारी है।

### नृत्य-संगीत के साथ तिब्बतियों ने मनाया लोसर पर्व

सारनाथ। केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान के अतिशा सभागार में मंगलवार को तिब्बतियों ने 2150 वां लोसर पर्व (तिब्बती नव वर्ष) मनाया। इस दौरान उन्होंने तिब्बती परम्परानुसार नृत्य संगीत कार्यक्रम की प्रस्तुति की। तीन दिन तक चलने वाले लोसर पर्व (तिब्बती नव वर्ष) की शुरूआत केंद्रीय उच्च तिब्बती संस्थान के अतिशा सभागार में हुई। संस्थान के कुलपति प्रो. गेशे नवांग सामतेन के नेतृत्व में तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा के तैल चित्र के समक्ष विश्व में शांति, समृद्धि स्थापित करने व मंगलकामना के लिए तिब्बती परम्परानुसार पूजा अर्चना की गई। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत टाशीशोपा डांस, तिब्बती सिंह नृत्य (स्नो लायन डांस) की आकर्षक प्रस्तुति की। उपस्थित तिब्बती दर्शक भावविभोर हो गए। इसके बाद सुख, शांति व समृद्धि के लिए तिब्बती नाटक की प्रस्तुति की गई। इस दौरान फुटबाल, क्रिकेट, टेबल टेनिस व कैरम खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन 41 एमएमसी की ओर से किया गया था।

## मुगल व ब्रिटिश काल में भी नहीं जली थी मानस की प्रतियां :शुक्ल

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। रामेश्वर नाथ महादेव अखाड़ा राम कुंड लक्सा में चल रहे 44 में मानस सम्मेलन में मंगलवार को मानस मर्मज्ञ एवं काशी विद्युत परिषद के पदाधिकारी पं परमेश्वरदत्त शुक्ल ने कहा कि श्रीरामचरितमानस मानव के जीवन का आधार है व हमेशा रहेगा। कहा कि आज श्रीरामचरितमानस को लेकर जो बातें कही जा रही हैं वह पूरी तरह से निराधार है।

श्रीरामचरितमानस मानव जीवन के प्रेरणा का स्त्रोत है और मानस में हर उस समस्या का समाधान है जो मानव के जीवन में घटता है। श्रीरामचरितमानस को लेकर जो आज टिप्पणी की जा रही है वो सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक रोटी सेकने के लिए की जा रही है जो बहुत ही गलत है। कहा कि मुगलों और अंग्रेजों के काल



में भी इस तरह से श्री रामचरितमानस की प्रतिया नहीं जलाई गई थी जबकि उस समय सनातन धर्म का कड़ा विरोध था। हिंदुओं पर तमाम अत्याचार हो रहे थे उसके बावजूद भी इस तरह की बातें नहीं होती थी।

मानस मर्मज्ञ रामा शास्त्री ने कहा कि श्रीरामचरितमानस बनवासी आदिवासी, गरीबों को जोड़ने का काम करती है ना कि तोड़ने का। मानस मर्मज्ञ डॉ प्रभाकर शास्त्री ने कहा कि श्रीरामचरितमानस को जीवन में उतारने से जीवन पूरी तरह से राम में बन जाता है।

### रक्त संचरण समिति की बैठक सम्पन्न

वाराणसी। चिकित्सालय रक्त संचरण समिति की बैठक मंगलवार को मण्डलीय अस्पताल में एसआईसी डॉ एसपी सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें सदस्यों ने रक्तकोष की सुविधा बढ़ाने पर चर्चा हुई। बैठक में सीएमओ डॉ संदीप चौधरी, महिला अस्पताल की एसआईसी डॉ मनीषा सिंह सेंगर, एडीएम सिटी, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ पीयूष राय, रक्तकोश प्रभारी डॉ मुकुंद श्रीवास्तव, सर्जन डॉ रवि, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ अंजन श्रीवास्तव, पैथालॉजिस्ट डॉ श्वेता, महेश्वरी क्लब के रवि सारदा, एक मित्र परिवार फाउंडेशन की संगीता देवी, जितेन्द्र पटेल आदि मौजूद थीं।

# यूरोपीय देशों में रोजगार के अवसर ज्यादा : रणवीर सिंह



दीक्षोत्सव

## भूमंडलीकरण के दौर में अलग पहचान बनानी होगी : कुलपति

## पीयू और ईआईएफई के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में मंगलवार को दीक्षोत्सव के परिप्रेक्ष्य में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसका विषय यूरोपियन कौशल विकास व्यवहार : शिक्षकों और छात्रों के लिए अवसर था।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि यूरोप इंडिया फाउंडेशन फार एक्सीलेंस (ईआईएफई) दिल्ली के मैनेजिंग डायरेक्टर रणवीर सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति केंद्रित रहना चाहिए। वर्तमान समय में यूरोपीय देशों में नौकरी के अवसर अधिक है। उन्होंने कहा कि आज के समय में यूरोप में 50 लाख नौकरियां हास्पीटलिटी से संबंधित है। इसे पाने के लिए विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा के साथ-साथ वहां की स्थानीय भाषा का ज्ञान जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगर फार्मेसी के क्षेत्र में छात्र आगे बढ़ना चाहते है तो यूरोपीय देशों में उनके लिये अधिक अवसर है। इस दौरान ईआईएफई और पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मध्य एक समझौता हस्ताक्षर हुआ। विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति ईआईएफई की ओर से संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर ने हस्ताक्षर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि इस तरह के समझौते आगे बढ़ाने के लिए कोशिश होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भूमंडलीकरण के दौर में यदि हम खुद को सबसे अलग नही बनाएंगे तो हमारी अलग पहचान नहीं हो पाएगी। इस समझौते से दोनों संस्थाओं के शिक्षक और विद्यार्थियों को कौशल विकास के क्षेत्र में लाभ होगा। संचालन डॉ. मनोज कुमार पांडे ने किया। अतिथियों का स्वागत और धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर अविनाश पार्थडीकर ने किया। अतिथियों का परिचय डॉ. आशुतोष सिंह ने दिया। इस मौके पर परीक्षा नियंत्रक बीएन सिंह, प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. वंदना राय, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. रजनीश भाष्कर, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. गिरिधर मिश्र, डॉ. राजकुमार सहायक कुलसचिव अजीत सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार विश्वकर्मा, डॉ. रामांशु, प्रो. प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# भाषा के साथ सीखने को मिलती है सभ्यता भी : प्रो. निर्मला एस. मौर्य

**जौनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में भाषा उत्कृष्टता केंद्र, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर एवं भाषा संकाय गुरु नानक कॉलेज चेन्नई के संयुक्त तत्वावधान में 30 घंटे का 'सर्टिफिकेट कोर्स ऑफ लर्निंग तमिल' का उद्घाटन सत्र आयोजित किया गया।

आयोजन

## 'सर्टिफिकेट कोर्स ऑफ लर्निंग तमिल' का हुआ उदघाटन



उद्घाटन सत्र में विषय विशेषज्ञ के रूप में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने तमिल भाषा में सामान्य बोलचाल के शब्दों को हिंदी, तमिल और अंग्रेजी में बताया। उन्होंने तमिल भाषा में रोजमर्रा जीवन में उपयोग किए जाने वाले शब्दों को हिंदी एवं अंग्रेजी के माध्यम से समझाया। इसके साथ ही उन्होंने प्रतिभागियों को सही उच्चारण पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि बहुत जल्दी हिंदी दुनिया की सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा होगी। उन्होंने कहा कि भाषा के साथ ही साथ हम उस भाषा क्षेत्र की सभ्यता भी सीखते हैं। यह प्रशिक्षण कार्यशाला ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों में आयोजित की गई। कार्यशाला के विशेष वक्ता के रूप में गुरु नानक कॉलेज, चेन्नई के प्राचार्य डॉ. एमजी रागुनाथन ने बहुभाषी होने का महत्व बताते हुए कहा कि आज के विकासशील समय में बहु भाषा का ज्ञान आवश्यक है। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता गुरु नानक कॉलेज चेन्नई के महासचिव मनजीत सिंह नैयर ने किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला तमिल-काशी भाषा संगम को दर्शाती है और इस कार्यशाला के माध्यम से तमिल ही नहीं अपितु चेन्नई से जुड़े लोग भी हिंदी भी सीखेंगे। इस सर्टिफिकेट कोर्स के समन्वयक के रूप में डॉ. स्वाती पालीवाल ने इस कोर्स के विभिन्न पहलुओं को प्रतिभागियों को बताया। इस सर्टिफिकेट कोर्स के संयोजक के रूप में गुरुनानक कॉलेज के तमिल विभाग के सहायक आचार्य डा. एन प्रवीण कुमार, विभागाध्यक्ष डॉ. मूर्ति के साथ संयुक्त रूप से करेंगे। आज के इस उद्घाटन सत्र के विशिष्ट अतिथि के रूप में यूरोप इंडिया फाउंडेशन फॉर एक्सीलेंस, नई दिल्ली के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह नैयर एवं वर्षा सिंह रहीं। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय की तरफ से विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकों ने उपस्थिति विशेष रूप से रही। धन्यवाद ज्ञापन कोर्स के सह-समन्वयक डॉ. मनोज कुमार पांडेय, नोडल अधिकारी एमओयू ने किया। उद्घाटन सत्र का संचालन कोर्स की सह-समन्वयक डॉ. डॉली ने किया।

# लक्ष्य के लिए विद्यार्थी करें प्रयास : कुलपति



पुरस्कृत हुए छात्रों के साथ कुलपति प्रो. मौर्य व अतिथिगण

**पीयू में हुआ दीक्षोत्सव पुरस्कार वितरण का आयोजन**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में मंगलवार को दीक्षोत्सव के परिप्रेक्ष्य में दीक्षोत्सव पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी मंजिल पाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा मंच संचालन से उनके व्यक्तित्व का निर्माण होता है। दीक्षोत्सव की रिपोर्ट डॉ. विनय वर्मा ने दी। अतिथियों का स्वागत प्रो. अजय द्विवेदी ने किया। संचालन दीपमाया और आफरा ने किया। संयोजक प्रो. प्रदीप कुमार की देखरेख में कार्यक्रम हुआ। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. बीबी तिवारी ने दिया।

इस मौके पर प्रो. वंदना राय, प्रो. देवराज सिंह, डॉ. डॉली, वर्षा सिंह, डॉ. गिरिधर मिश्र, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. रेखा पाल, डॉ. मनोज कुमार पांडे, प्रो. रसिकेश आदि मौजूद रहे।

# 25 हजार का इनामिया बल्लर मुठभेड़ में घायल

जनसंदेश न्यूज

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अरंद गांव में गोतस्करों से मुठभेड़ में एक तस्कर को पैर में गोली लगी है।

कार्रवाई

## प्रभारी निरीक्षक के बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी गोली

## जवाबी फायरिंग में कोतवाली प्रभारी की गोली से तस्कर हुआ घायल



घायल बदमाश को अस्पताल ले जाते पुलिसकर्मी

वहीं तस्कर द्वारा फायर हुई एक गोली प्रभारी निरीक्षक के बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी। मुठभेड़ देर रात ढाई बजे अरंद नहर के पास हुई।

आजमगढ़-अरनौला मार्ग पर शाहगंज की ओर से तस्कर के आने की सूचना पुलिस को मिली जिस पर नहर के समीप रुक कर इंतजार किया गया। बाइक पर सवार एक व्यक्ति आता दिखा। रोकने पर पुलिस पर फायरिंग कर भागने लगा। गोलीबारी में एक गोली प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय के बुलेट प्रूफ जैकेट में जा लगी। वहीं जवाबी कार्रवाई में ईनामिया बदमाश के दाहिने पैर में एक गोली जा लगी। पकड़े जाने पर पता चला कि उक्त व्यक्ति अन्तर्जनपदीय 25 हजार रुपये का ईनामिया गो-तस्कर निकला। खेतासराय थानान्तर्गत रानीमऊ गांव निवासी 55 वर्षीय अब्दुल सलाम उर्फ बिल्लर पुत्र मुस्लिम है। बिल्लर पर आजमगढ़, सुल्तानपुर समेत जौनपुर में कुल 21 मामला दर्ज है। इसके पास से 315 बोर का तमंचा, कारतूस, चोरी की बाइक व मोबाइल बरामद किया गया। आरोपित पर हत्या के प्रयास, गैंगस्टर एक्ट, आपराधिक षड्यंत्र, गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, वन संरक्षण अधिनियम, चोरी, आर्म्स एक्ट समेत तमाम आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपित घायल को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त घायल की हालत गम्भीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

इससे पूर्व 26 सितम्बर को अरंद गांव में व 10 अक्टूबर को हुसेनाबाद गांव में हुये मुठभेड़ में सदानंद राय की गोली से एक एक गो तस्कर घायल हो चुके हैं। टीम में प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय समेत खेतासराय थानाध्यक्ष यजुवेन्द्र कुमार सिंह मयफोर्स के साथ मौजूद रहे।

## संक्षेप

### रोजगार मेले का आयोजन आज

**जौनपुर।** निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उप्र के निर्देश के क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में 22 फरवरी को प्रातः 10 बजे विकास खण्ड बक्शा परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें 7 कम्पनियों के द्वारा हाईस्कूल, इण्टर, आईटीआई एवं स्नातक उत्तीर्ण 500 बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र की कम्पनियों में सेवायोजित कराये जाने हेतु रोजगार मेला का कैम्पस सलेक्शन किया जायेगा जिसमें अभ्यर्थी प्रतिभाग करते हुए साक्षात्कार के माध्यम से योग्यतानुसार विभिन्न पदों पर रोजगार प्राप्त करें।

### 48 घंटे अवरुद्ध रहेगा सड़क मार्ग

**शाहगंज।** अयोध्या काशी रेलखंड पर नगर के रोडवेज स्थित रेलवे क्रासिंग संख्या 62 पर रेल पथ दोहरीकरण के मद्देनजर 22 फरवरी प्रातः नौ बजे से 24 फरवरी शुक्रवार प्रातः नौ बजे तक यातायात अवरुद्ध रहेगा। इस दौरान परिवर्तित मार्ग से यात्रा हो सकेगा। उक्त जानकारी सिनियर सेक्शन इंजीनियर (आईओडब्ल्यू) उत्तर रेलवे अभिनव कुमार ने दी है।

### भाई पर गुमटी और मड़हा फूंकने का लगाया आरोप



गरीब का जला हुआ मड़हा

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के मनिहा गोविंदपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर एक भाई ने दूसरे भाई पर उसकी गुमटी और मड़हा फूंकने का आरोप लगाया है। आगजनी की घटना में जहां गुमटी में रखा हुआ सामान जलकर नष्ट हो गया वहीं मड़हे में बंधी हुई गाय भी जल गई। उक्त थाना क्षेत्र के मनिहा गोविंदपुर गांव निवासी रामबली और रामधनी सगे भाई हैं, जिनमें पुराना भूमि विवाद चल रहा है। रामबली ने जिस जगह पर अपनी गुमटी रखकर दुकान खोली थी और अपना मड़हा बनाया था। रामधनी का परिवार उस जमीन पर अपना हक बताता था। सोमवार की रात को पुआल रखने को लेकर दोनों परिवारों में विवाद हो गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस दोनों को समझा-बुझाकर अगले दिन थाने पर आने की बात कह कर वापस चली गई। आरोप है कि रात में रामधनी की पत्नी सिंधु ने रामबली के पुआल के ढ़ेर में आग लगा दी जिसकी चपेट में बगल में रखी हुई गुमटी और मड़हा भी आ गया। घटना में रामबली की गुमटी और उसमे रखा समान तथा मड़हे में बंधी गाय जल गई। आसपास के लोगों ने रस्सी काट कर किसी तरह से गाय को मरने से बचाया तथा पानी डालकर जब तक आग बुझाते तब तक सब कुछ जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची थाने की पुलिस छानबीन में जुटी रही। इस संदर्भ में बात करने के लिए जब थाना प्रभारी देवानंद रजक के सियूजी नंबर पर कॉल की गई तो उनका फोन नहीं उठा।

### डीएम ने किया जवाहर नवोदय विद्यालय का निरीक्षण

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय मड़ियाहूं का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य बाल कृष्णा को निर्देशित किया कि विद्यालय के गेट नंबर-2 से हॉस्टल तक 400 मीटर की कच्ची रोड को निर्मित कराने के लिए एस्टीमेट बनाकर भेजवाये, जिससे शीघ्र निर्माण शुरू किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालय परिषद में साफ सफाई, पेयजल का विशेष ध्यान दिया जाए। बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। तदोपरान्त जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड सेतु निर्माण इकाई द्वारा राज्य योजना सामान्य के अंतर्गत जनपद में बदलापुर खुर्द-बलवा मार्ग के मध्य पीली नदी के चकरियावा घाट पर सेतु एवं लुंबिनी दुद्धी स्टेट हाईवे 5 पर जमालापुर के निकट बसुही नदी पर सेतु के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सेतु निगम के अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि यह कार्य मार्च तक पूर्ण कराया जाना है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय पूर्ण हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जायेगी।

# छोटी बीमारी को भी खतरनाक बना सकती है सेप्टीसीमिया

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के तत्वावधान में सेप्टीसीमिया एवं बैक्टीरियोफेज थेरेपी विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

बतौर मुख्य वक्ता काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर गोपालनाथ ने कहा कि एंटीबायोटिक के प्रति

बोले प्रो. गोपालनाथ

## सेप्टीसीमिया व बैक्टीरियोफेज थेरेपी विषयक व्याख्यान का हुआ आयोजन



व्याख्यान में उपस्थित छात्र-छात्राएं

विभिन्न रोगों के कारकों में प्रतिरोध के कारण छोटी सी बीमारी भी खतरनाक साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हम पुनः 1940 के प्री एंटीबायोटिक के दौर से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गंगा के पानी में पाए जाने वाले बैक्टीरियोफाज के कारण गंगा का पानी विभिन्न बीमारियों के जीवाणु को मारने में सक्षम है। उन्होंने बताया कि खान-पान का असर हमारे शरीर में संबंधित होने वाले जीवाणुओं पर पड़ता है।

उनका मानना है कि सेप्टीसीमिया एक गंभीर रक्त प्रवाह संक्रमण है। इसे बैक्टीरिया या रक्त विषाक्तता के रूप में भी जाना जाता है। सेप्टिसीमिया तब होता है जब शरीर में कहीं और बैक्टीरिया संक्रमण फेफड़ों या त्वचा में होता है, जो रक्त में प्रवेश करता है। व्याख्यान का संचालन डॉ. एसपी तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. राजेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रो. वंदना राय, प्रो. राम नारायण, प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. मनीष कुमार गुप्ता, डॉ. ऋषि, डॉ. प्रभाकर, डॉ. ईशानी, डॉ. दिनेश, डॉ. अवधेश, डॉ. राजेश, डॉ. विजयशंकर, डॉ. विवेक सहित विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## हल्का लेखपाल सहित 6 के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा दर्ज

**पवांरा।** सिकरारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत खानापट्टी गांव निवासी महिला गीता देवी ने न्यायालय में प्रार्थना-पत्र दिया कि मेरा मायका पवांरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत गौहानी गांव में है। मेरी मां बबना देवी की मृत्यु 9 अगस्त 2022 को हो गयी थी। मेरे पिता की मृत्यु के बाद मेरी मां ही सम्पत्ति की मालकिन थी। ग्राम प्रधान गौहानी शिवसागर पाल, हल्का लेखपाल शिवप्रसाद यादव, ग्राम पंचायत सचिव पुरुषार्थ यादव गौहानी गांव के विनय, राजपति के साथ मिलकर आपराधिक षड्यन्त्र करके कूटरचित प्रमाण-पत्र तैयार कर-के सुखराजी देवी पत्नी गयादीन को फायदा पहुंचाने की नीयत से एक दूसरी महिला को रजिस्ट्री आफिस में ले जाकर 31 अगस्त 2022 को बबना देवी की सम्पत्ति सुखराजी को बैनामा कर दिया । पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर उपरोक्त लोगों के खिलाफ जालसाजी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है।

# रेलवे ट्रैक पर मिला अधेड़ का शव

जनसंदेश न्यूज



**बालेमऊ गांव की घटना रिश्तेदारी में जाने के लिए निकला था घर से**

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के बालेमऊ गांव में रिश्तेदारी जाने के लिए निकले अधेड़ की घर के सामने से गुजरे गाजीपुर-जौनपुर रेलवे ट्रैक पर किसी ट्रेन के चपेट में आने से सोमवार की रात मौत हो गई। घटना का पता मंगलवार की सुबह खेत की तरफ गए ग्रामीणों द्वारा शव देखकर शोर मचाए जाने पर हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन करने के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजवा दिया।

स्वजनों के अनुसार हीरालाल यादव 55 पुत्र चरितर यादव सोमवार की देर शाम केराकत किसी रिश्तेदारी में जाने के लिए कह कर घर से पैदल ही निकला था। मंगलवार की भोर में खेत की तरफ गए ग्रामीणों को रेलवे ट्रैक के पास किसी का शव नजर आया। पास जाकर देखने पर उनकी शिनाख्त हीरालाल के रूप में हुई। सूचना पर पहुंचे स्वजनों ने भी शव की शिनाख्त की। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। इस संदर्भ में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष देवानंद रजक ने बताया कि संभवत रेलवे पटरी पार करते समय रात में ही वह किसी ट्रेन की चपेट में आ गए होंगे जिसकी वजह से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

# स्वच्छता के बिना स्वास्थ्य की परिकल्पना बेमानी : डीएम

**जौनपुर।** स्वच्छता के बिना स्वास्थ्य की परिकल्पना करना बेमानी है। उक्त बाते जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जनपद स्तरीय रसोइया पाक-कला प्रतियोगिता के अवसर पर और पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा ने सुरक्षा एवं पोषण से सम्बन्धित बातें कार्यालय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रांगण में उद्घाटन के दौरान कहीं। भोजन का स्वास्थ्य से सीधा

अभियान

## जनपद स्तरीय रसोइया पाक-कला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



सम्बन्ध है। हम सभी स्वच्छ भोजन के द्वारा ही अपने शरीर एवं मानसिक को स्वस्थ रख सकते हैं। हम सभी स्वस्थ भोजन के द्वारा अपने शरीर स्वच्छ रख सकते हैं ऐसी स्थिति में विद्यालय स्तर पर समस्त रसोईयों का महत्व भी बढ़ जाता है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल ने विस्तार से मध्याह्न भोजन योजना एवं रसोईयों का कार्य तथा दायित्व पर प्रकाश डाला एवं सभी को स्वच्छ तरीके से विद्यालयों में भोजन पकाने हेतु प्रेरित किया।

उक्त प्रतियोगिता में जनपद के कुल 30 रसोइयों ने प्रतिभाग किया। जिसमें निर्णायक मण्डल डॉ. राकेश सिंह प्राचार्य डायट, डॉ. गोरखनाथ पटेल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अनिल कुमार राय मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, मंजूलता कुमारी वर्मा प्रधानाचार्य जीजीआईसी, सरिता कुशवाहा जीजीआईसी जौनपुर, डॉ. आकांक्षा सिंह सीएचसी शाहगंज एवं अजय राय चीफ कुक तथा जनपद के विभिन्न विद्यालयों के पॉच छात्र एवं पॉच छात्राएं शामिल रहे। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्रमिला गौड़ रसोइया कम्पोजिट विद्यालय देवकली विकास क्षेत्र मुफ्तीगंज, द्वितीय पुरस्कार प्रमिला यादव रसोइया प्राथमिक विद्यालय चौकीपुर विकास क्षेत्र धमार्पुर तथा तृतीय पुरस्कार में अंक समान होने के कारण 2 रसोइयों शीला देवी रसोइया प्राथमिक विद्यालय फतेहगंज प्रथम विकास क्षेत्र सिकरारा एवं चिन्ता देवी रसोइया प्राथमिक विद्यालय मीरपुर विकास क्षेत्र धमार्पुर को दिया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय बिजेता को क्रमशः रू. 3500, 2500 एवं 1500 तथा प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। अन्य 26 रसोइयों को रू. 250 का सान्त्वना पुरस्कार तथा सभी रसोइयों को 250 रूपये मार्ग व्यय कुल 500 प्रति रसोइयों को दिया गया। इस अवसर गहना कोठी प्रतिष्ठान फर्म विनीत सेठ द्वारा समस्त 30 रसोइयों को एक-एक साड़ी पुरस्कार के रूप में दी गयी।

इस अवसर पर जनपद के समस्त जिला समन्वयक, खण्ड शिक्षा अधिकारी, एसआरजी, एआरपी एवं कार्यालय के समस्त सहायक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एआरपी शैलेश चतुर्वेदी, सहायक अध्यापिका ऋचा सिंह एवं मनीष श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सभी उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्य लोगों को जिला समन्वयक एमडीएम अरूण कुमार मौर्य द्वारा आभार ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु कम्प्यूटर आपरेटर पतिराज को धन्यबाद दिया गया।

# सुरक्षा व्यवस्था का डीएम एसपी ने किया निरीक्षण

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में 26वां दीक्षांत समारोह 23 फरवरी को पूर्वाहन 11 बजे कुलाधिपति/राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल का प्रस्तावित आगमन/भ्रमण की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण्जा के दौरान हैलीपेड के आस पास की व्यवस्था को देखते हुए मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद को निर्देशित किया कि स्वयं के देख-रेख में सुरक्षा, साफ-सफाई आदि व्यवस्था ससमय पूर्ण करायें।



सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी हासिल करते डीएम और एसपी

# कांग्रेसजनों ने डीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन, दिया ज्ञापन

**जौनपुर।** कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय पर दर्ज कराए गए फर्जी मुकदमों के विरोध में शहर अध्यक्ष एडवोकेट विशाल सिंह हुकुम के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय पर वाराणसी एयरपोर्ट अथॉरिटी के निदेशक द्वारा दर्ज कराए गए फर्जी मुकदमे के विरोध में मंगलवार को जिले के कांग्रेसी लामबंद होकर कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय के सामने पहुंचे और तत्काल मुकदमा निरस्त करने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। आक्रोशित कांग्रेसियों ने वर्तमान भाजपा सरकार और प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विशाल सिंह हुकुम ने कहा कि विगत दिनों प्रयागराज के एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंच रहे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के विमान को वाराणसी एयरपोर्ट पर निरस्त कर दिया गया एवं शासन के दबाव में एयरपोर्ट निदेशक की तहरीर पर कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के ऊपर फर्जी मुकदमे दर्ज करा दिए गए। कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष पर लगाए गए मुकदमे राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित एवं पूर्णतया निराधार है। इस अवसर पर तिलकधारी निषाद, राकेश उपाध्याय, धर्मेंद्र निषाद, सुरेंद्र वीर विक्रम सिंह, अनिल दुबे आजाद, राकेश सिंह डब्बू, मुफ्ती हाशिम मेहंदी, राकेश मिश्रा, राजकुमार निषाद, आजम जैदी, रिजवान अब्बास आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुरानी पेंशन बहाल नहीं तो होगा रेल का चक्का जाम : सीपी सिंह

**मांग**

**पीएफआरडीए काला कानून संसद में रद्द हो**

**पुरानी पेंशन बहाली को लेकर केंद्रीय व राज्य कर्मियों का जौनपुर जंक्शन पर संयुक्त धरना**

**जनसंदेश न्यूज**



जौनपुर जंक्शन पर प्रदर्शन करते केंद्रीय व राज्य कर्मचारी

**जौनपुर।** पुरानी पेंशन बहाली को लेकर मंगलवार को जौनपुर जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक पर नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन के आह्वान पर नार्दन रेलवे मेंस यूनियन जौनपुर शाखा एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आम सभा/धरने का आयोजन किया गया। धरने की अध्यक्षता कॉमरेड सीपी सिंह शाखा मंत्री नार्दन रेलवे मेंस यूनियन तथा संचालन डॉ. प्रदीप सिंह अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने किया।

अध्यक्षता करते हुए सीपी सिंह ने कहा कि भारत सरकार यदि कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली पर शीघ्र कोई निर्णय नहीं लेती है तो देश के समस्त रेलवे कर्मचारी केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर 1968 एवं 1974 की रेल हड़ताल की पुनरावृति करने पर मजबूर होंगे जिससे भारत की आर्थिक जीवन रेखा कही जाने वाली रेलों के चक्के पूरे देश में जाम होंगे जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी। धरने का संचालन कर रहे राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली हेतु उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश के कर्मचारी एवं शिक्षक एकबद्ध होकर दृढ़ निश्चय के साथ संकल्पित हैं। पेंशन कल्याणकारी राज्य की अवधारणा मे हमारा मूल संवैधानिक अधिकार है, जिसके लिए संघर्ष करना कहीं से भी असंवैधानिक नहीं है। छः राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल हो चुकी है ऐसे में भारत सरकार को पीएफआरडीए का काला कानून रद्द करते हुए तत्काल कर्मचारी शिक्षक हित में पुरानी पेंशन बहाल करनी चाहिए। धरना सभा में नार्दन रेलवे मेंस यूनियन से आरके श्रीवास्तव, अरविंद कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार, विद्या देवी, अनिल कुमार मिश्रा तथा राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद से देवेश कुमार यादव, राकेश कुमार श्रीवास्तव, सीबी सिंह, इं राजकुमार गुप्ता, डॉ. फूलचंद कनौजिया आदि विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

## खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 24 को

**जौनपुर।** क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उ.प्र. लखनऊ के निर्देश के अनुपालन में पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर जूनियर बालक/बालिका एथलेटिक्स एवं जूनियर बालक हैण्डबाल प्रतियोगिता का आयोजन इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर में 24 फरवरी को कराया जा रहा है। एथलेटिक्स बालक/बालिका जूनियर वर्ग में 100 मी., 200 मी., 400 मी., 800 मी., 1500 मी., 3000 मी., लांग जम्प, शाटपुट, डिसकस तथा जैवलिन थ्रो इवेन्ट आयोजित किये जायेंगे। एथलेटिक्स के खिलाड़ी अपनी इन्ट्री इन्दिरा गांधी स्टेडियम में कृष्ण कुमार यादव, पूर्व चौम्पियन एथलीट तथा हैण्डबाल में कुल 8 टीमों की इन्ट्री कन्हैया सिंह यादव, अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षक पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर ली जायेगी तथा दोनो खेलों की इन्ट्री 23 फरवरी को अपरान्ह 5 बजे तक ली जायेगी। सभी खिलाड़ी अपने साथ अपना आधार कार्ड एवं अपना खाता सं. के लिए पासबुक की छायाप्रतियां अवश्य लेकर आयेंगे क्योकि पुरस्कार की राशि सम्बन्धित खिलाड़ी के खाते में ही उपलब्ध कराया जायेगा।

# बॉयोटेक्नोलॉजी की मदद से पकड़े जा सकते हैं अपराधी : एनबी सिंह

**व्याख्यान माला**

**मशरूम उत्पादन से किसान हो सकते हैं समृद्धः एनपी सिंह**



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय संकाय भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में व्याख्यान माला के अंतर्गत विज्ञान विषय के विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए।

मैरीलैंड विश्वविद्यालय यूएसए के रसायन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रोफेसर एनबी सिंह ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में जैव प्रौद्योगिकी का बड़े पैमाने पर प्रयोग हो रहा है। सैनिकों के सुरक्षा कवच ऐसे तैयार किए जा रहे हैं कि वह उपकरणों के द्वारा न चिन्हित किए जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसी तकनीक का विकास हो गया है जिससे मिसाइल को गंतव्य स्थल जाने से फ्रीक्वेंसी के माध्यम से रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि चेहरे पर किसी प्रकार के परिवर्तन पर अपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों को बायो टेक्नोलॉजी की मदद से पकड़ा जा रहा है।

इसी क्रम में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रोफेसर एमपी सिंह ने मशरूम उत्पादन के संबंध में विद्यार्थियों से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसानों को मशरूम उत्पादन की जानकारी देकर आर्थिक समृद्ध किया जा सकता है इसका उत्पादन बहुत ही सरल तरीके से होता है। उन्होंने विविध प्रकार के मशरूम के बारे में भी बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर मनीष कुमार गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर राजेश शर्मा ने किया। विज्ञान संकाय के अध्यक्ष प्रोफेसर रामनारायण ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. एसपी तिवारी, डॉक्टर विवेक पांडे, रिसीव श्रीवास्तव, इशानी नाहिदा, मधुमिता, रोशन समेत विज्ञान संकाय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज का डीएम और एसपी ने किया औचक निरीक्षण


निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते जिलाधिकारी

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल द्वारा मेडिकल कालेज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को प्रधानाचार्य द्वारा अवगत कराया गया कि एनएमसी द्वारा तीसरे बैच की प्रवेश की अनुमति मिल गयी है, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा खुशी जताई गयी।

निरीक्षण के दौरान निमार्णाधीन भवनों के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। अस्पताल भवन 150 बेड और ओटी का कार्य, प्रशासनिक भवन के अपूर्ण निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिया साथ ही शैक्षणिक भवन के चतुर्थ तल स्थित पैथोलॉजी विभाग एवं कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के अधूरे निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये। प्रधानाचार्य द्वारा अवगत कराया गया कि 13 फरवरी को एनएमसी द्वारा उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जौनपुर के स्थलीय निरीक्षण के दौरान दिये गये निर्देशों में एनएमसी मानक अनुसार छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन हेतु 125 सीटों का लेक्चर हाल 3 नग, 250 सीटों का परीक्षा हाल 1 नग, 250 सीटों का सेमिनार रूम 1 नग, सीनियर/जूनियर रेजिडेन्ट को कैम्पस में आवासित करने हेतु आवास, गर्ल्स/ब्वॉयज हास्टल 300 की संख्या में आवासित करने हेतु व साथ ही टाईप-2 (ए), टाईप-2 (डी), इन्टर्नहास्टल (50 बेड), मुख्य मार्ग एवं महाविद्यालय की चहार दीवारी का निर्माण कार्य भी पूर्ण कराना नितान्त आवश्यक है। उक्त के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को उक्त निर्माण कार्यां को पूर्ण किये जाने हेतु सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जल्द से जल्द निर्माण कार्यों को पूर्ण कराते हुये एनएमसी मानकों को पूर्ण करा लें। जिलाधिकारी के साथ पुलिस अधीक्षक द्वारा एलटी हॉल-1 में 100 मेडिकल छात्रों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को जाना व उसके निस्तारण के लिये सम्बंधित को निर्देशित किया साथ ही छात्र-छात्राओं को शैक्षिक, प्रशासनिक व सामाजिक अनुभवों का भी आदान-प्रदान किया। निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य प्रो. शिवकुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मेडिकल कालेज डा. एए जाफरी, विभागाध्यक्ष-एनाटमी, फिजियोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री, जनरल मेडिसिन व कार्यदायी संस्था उ.प्र. रा.नि.नि.लि. सिविल एवं विद्युत, टाटा कम्पनी व बाला जी कम्पनी के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जमीन के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट

**दबंगई**

**घटना का वीडियो वायरल**

**जफराबाद।** स्थानीय कस्बे के पूर्वी चौराहे पर सोमवार की रात को जमीनी विवाद में एक 42 वर्षीय युवक की जमकर पिटाई की गयी। मारपीट की घटना का वीडियो देर रात वायरल हो गया। घटना की जानकारी होते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त मुहल्ले के निवासी शब्बीर हुसैन उर्फ बबलू पुत्र स्वर्गीय महमूद व ओवैस खान के बीच मकान की बाउंड्रीवाल के गेट ओर लगे नेम प्लेट को उखाड़ कर फेंकने को लेकर कहा सुनी हुई। वैश खान का आरोप है कि बबलू ने उसके बाउंड्रीवाल के गेट पर लगा नम्बर प्लेट उखाड़ कर फेंक दिया था। सुबह दोनों में कहासुनी भी हुई। बबलू द्वारा नेमप्लेट उखाड़ने तथा वहां रखा कुछ सामान उठा ले जाने की सूचना पुलिस को दी गयी थी। शाम को वैश खान ने गेट पर दूसरा नेमप्लेट लगवाया था। वैश खान शाम को एक दुकान पर चाय पी रहा था। वैश का आरोप है कि उक्त चाय की दुकान पर अचानक बबलू ने उस पर थप्पड़ मार दिया। उसके बाद वैश खान व उसके साथ के कुछ लोग शब्बीर उर्फ बबलू को मारने पीटने लगे। बबलू को मारने पीटने का वीडियो बनाकर किसी ने वायरल कर दिया। घटना के बाद मारपीट में गम्भीर रूप से घायल बबलू को जिला चिकित्सालय भेजवाया। बबलू का आरोप है कि वैश और उसके साथियों ने उसके कमरे में आग लगा दिया जिससे कमरे में रखा गद्दा, रजाई व अन्य सामान जल गया। वह पूछने गया तो उन लोगों ने मारा पीटा। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी व चौकी प्रभारी आशीष पाण्डेय ने 3 आरोपियों रिजवान, निहाल तथा वैश खान को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा लिख कर उचित कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## अधिवक्ता संघ बदलापुर के समर्थन में उतरे तहसील अधिवक्ता

**मछलीशहर।** अधिवक्ता संघ बदलापुर के समर्थन में तहसील अधिवक्ता भी उतर आये। मंगलवार को अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुये जमकर नारेबाजी किया और न्यायिक कार्य से विरत रहे।अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद की अध्यक्षता में मंगलवार को अधिवक्ता भवन में अधिवक्ताओं की आकस्मिक बैठक सम्पन्न हुई जिसमें अधिवक्ताओं ने बदलापुर में उपजिलाधिकारी द्वारा अधिवक्ता के चैंबर में तोड़फोड़ करने, गिरवाने व अधिवक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार करने की भर्त्सना की गई। अधिवक्ताओं ने सर्व सम्मति से बदलापुर अधिवक्ता संघ के समर्थन में न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। बैठक के बाद अधिवक्ताओं ने जुलूस निकालकर तहसील में नारेबाजी किया। इस अवसर पर महामंत्री बनवारी राम मौर्य, वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश चंद्र सिन्हा, जगदंबा प्रसाद मिश्रा, भरत लाल यादव, अशोक श्रीवास्तव, सुरेन्द्र मणि शुक्ला, आरपी सिंह, जय प्रकाश दुबे, अजय सिंह, महेंद्र मौर्य, रमेश चंद्र यादव, विपिन मौर्य, अमित सिंह, अशोक मिश्रा सहित सभी अधिवक्ता उपस्थित थे।

# मांगों को लेकर रेलवे संघर्ष समिति का धरना-प्रदर्शन


रेलवे स्टेशन के बाहर धरना देते रेलवे संघर्ष समिति के लोग

**केराकत।** रेलवे संघर्ष समिति के सदस्य स्टेशन पर लम्बी दूरी के ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर और प्रशासन की तानाशाही, जनता के हक व सुविधाओं के लिए डटे रहे। समिति के लोग रेलवे गेट के बाहर बगल में अपने टेंट में बैठ शांतिपूर्ण तरीके से धरना देने ही जा रहे थे कि रेलवे पुलिस ने उन्हें टेंट से बाहर बैठकर प्रदर्शन करने को कहा और उस टेंट में पुलिस स्वयं बैठ गयी। उस पर समिति के लोगों ने चिलचिलाती धूप में बैठ अपना प्रदर्शन जारी रखा। समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि यह क्षेत्र की जनता की लड़ाई है जिसमे पूरे जोश के साथ समिति के लोग आगे भी लड़ते रहेंगे। उनकी मांगें थीं कि कुछ विशेष ट्रेनों को केराकत स्टेशन पर ठहराव व टिकट काउंटर पर रिजर्व टिकट की बिक्री हो। धरने पर मनोज कमलापुरी, एडवोकेट गांगुली सोनकर, कृष्ण कांत यादव, आजाद कुरैशी, सुबास यादव, वकील अहमद, विनोद कन्नौजिया, मकालू सोनकर आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### टाईबीर बाबा की पुलिया क्षतिग्रस्त



**केराकत।** क्षेत्र के केराकत-खुज्जी मार्ग पर औरी ग्राम स्थित टाईबीर बाबा पुलिया इन दिनों क्षतिग्रस्त हो गया जिससे लोगों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की माने तो इस पुलिया का निर्माण एक सदी के पहले कराया गया था। वर्तमान में चन्दवक पुल क्षतिग्रस्त होने से भारी वाहनों का आवागमन लगातार इसी रोड पर होने से इस पुलिया को काफी नुकसान हुआ है जिससे इस पुलिया में दरार आ गयी। फिलहाल पुलिस प्रशासन ने ईंट व ड्रम वगैरह लगाकर आधे पुलिया को कवर कर दूसरे तरफ से आने जाने का रास्ता खोला है परंतु नीचे से क्षतिग्रस्त होने से अभी भी पुलिया पर आने जाने में काफी खतरा बना हुआ है।

### खौलते पानी के गिरने से युवती गंभीर रूप से जली

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के जखांव नामक ग्राम में एक युवती के ऊपर खौलता पानी गिर जाने से गंभीर रूप से जल कर घायल हो गयी। घायलावस्था में युवती को सीएचसी गोपीगंज से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि पूनम कुमारी 28 वर्षीय पिता स्वर्गीय कवलधारी हलवाई अपने घर में गैस सिलेंडर युक्त चूल्हे पर पानी गर्म कर रही थी, कि अचानक चूल्हे से खौलता पानी पास में बैठी युवती के ऊपर जा गिरा। जिससे वह गंभीर रूप जल गई। जिसको तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया। जहां पर हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल महाराजा चेतसिंह जिला अस्पताल ज्ञानपुर को रेफर कर दिया गया।

### ऑटो, रिक्शा ट्राली की टक्कर में युवती गंभीर रूप से घायल

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के फूलबाग में ज्ञानपुर से आ रही मां बेटी ट्राली के टक्कर से युवती गंभीर रूप से घायल हो गयी, जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से परिजनों ने रेफर कराकर निजी नर्सिंग होम ले गए। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि मंगलवार को को मां बेटी ज्ञानपुर से बैठकर गोपीगंज की तरफ आ रही थी। जैसे ही ऑटो फूल बाग गोपीगंज में पहुंची थी सामने से जा रहे रिक्शा ट्राली जिस पर सरिया लगा था। ऑटो चालक उसी में जा भिड़ा। जिससे पुष्पा 20 पुत्री खेतल राम ग्राम पसडियापुर थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही। गंभीर रूप से घायल हुई। जिसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में ले जाया गया। जहां पर उसके परिजनों ने निजी नर्सिंग होम में रेफर करा कर ले गए।

### सरकार के एक वर्ष की उपलब्धियों पर प्रकाशित होगी विकास पुस्तिका

**ज्ञानपुर।** शासन के निर्देश पर वर्तमान सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सरकार की उपलब्धियों, नए कीर्तिमानों पर आधारित पुस्तिका प्रकाशित की जायेगी। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों, कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया है कि अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओ एवं उपलब्धियो को विधानसभावार विगत पाँच वर्ष तथा एक वर्ष की प्रगति व विशेष कार्यों का विवरण फोटोग्राफ सहित 22 फरवरी तक जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय में हार्ड कॉपी तथा ईमेल आईडी पर सूचना फाइल फार्मेट में सॉफ्ट कापी में उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें। डीएम ने कहा कि प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री का निर्देश हैं कि जिन विभागो की सूचना निर्धारित अवधि मे प्राप्त नही होगी वो उस विभाग के कार्यालयध्यक्ष की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी ।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# समय से निपुण लक्ष्य की प्राप्ति को लेकर होगी समीक्षा: चंद्र शेखर

**बैठक**

**शिक्षक संकुल की बैठक को लेकर शासन का निर्देश जारी**

**जनसंदेश न्यूज**


शिक्षक संकुल की बैठक के दौरान संचालन करते नोडल शिक्षक संकुल शिवाकांत यादव

**भदोही।** शासन के निर्देश पर न्यायपंचायत बीसापुर के शिक्षक संकुल की बैठक मंगलवार को कंपोजिट विद्यालय मिसिरपुर में सम्पन्न हुई। बैठक में तेरह विद्यालय के प्रधानाध्यापक, नवाचारी शिक्षक तथा शिक्षक संकुल को लेकर चार दर्जन से अधिक अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। बैठक में मुख्य अतिथि चंद्र शेखर आजाद खंड शिक्षा अधिकारी भदोही और विशिष्ट अतिथि धीरज सिंह एसआरजी भदोही व एआरपी भदोही जितेंद्र उपाध्याय मौजूद रहे।

इस बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शासन के आदेश से प्रत्येक मास के तीसरे मंगलवार को ऐसी बैठक होगी, जिसमे सभी विद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता की परख होगी। इस बैठक से शासन के सभी पहलुओं का मूल्यांकन और समीक्षा होगी जिससे ससमय निपुण लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। धीरज सिंह ने निपुण लक्ष्य के सभी पैरा मीटर को बताया तथा जितेंद्र उपाध्याय ने शिक्षण योजना पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शिवाकांत यादव नोडल शिक्षक संकुल ने सभी का स्वागत अभिनंदन किया। इस बैठक में कंचन सेठ, साधना यादव,निधि सिंह, मेही लाल, सुरेश गुप्ता, पूजा, नंदिनी कौशल ने टीएलएम का प्रदर्शन किया।

इसी तरह नगर क्षेत्र भदोही में भी एआरपी विनोद सिंह की अध्यक्षता में शिक्षक संकुल की बैठक पूर्व माध्यमिक विद्यालय भदोही में आयोजित की गई। इस अवसर पर इमरान हसन, साबिर अंसारी, जमील अहमद और समीर हसन आदि मौजूद रहे।


## फर्जी मुकदमे को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**ज्ञानपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय जी के ऊपर भाजपा शासन प्रशासन द्वारा फर्जी मुकदमा लगाया गया है। फर्जी मुकदमे हटाने की मांग को लेकर शीर्ष नेतृत्व के निदेर्शानुसार मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार दूबे राजन के नेतृत्व में राज्यपाल सम्बोधित पत्रक जिलाधिकारी को सौंपा गया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव राजेश राकेश व जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार दूबे राजन ने कहा कि गत 13 फरवरी 2023 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी प्रयागराज में कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वाराणसी एयरपोर्ट पर आने का कार्यक्रम था, परंतु प्रशासन के इजाजत न देने पर राहुल गांधी जी को सीधे दिल्ली जाना पड़ा, तत्पश्चात 3 दिनों के पश्चात शासन के इशारे पर अध्यक्ष अजय राय पर फर्जी मुकदमा कर दिया जाता है। आज कांग्रेसजन इस ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हैं कि फर्जी मुकदमे को तुरंत हटाया जाए अन्यथा कांग्रेसजन आने वाले समय में सड़क से संसद तक संघर्ष करेंगे।

# हाईकोर्ट के फैसले का केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन ने किया स्वागत

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कुछ दवाओं की बिक्री पर मानक निर्धारित किया गया था। जिससे दवा विक्रेताओं को हानि का सामना करना पड़ रहा था। इसके विरोध में केमिस्ट एंड ड्रैगिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों द्वारा उच्च न्यायालय में वाद दायर किया गया, इसकी सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने केमिस्ट एंड ड्रैगिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश को सही ठहराते हुए रोकी गई दवाओं की बिक्री सुचारू रूप से जारी रखने का आदेश पारित कर दिया। केमिस्ट एंड ड्रैगिस्ट फेडरेशन द्वारा फैसले का स्वागत करते हुए उच्च न्यायालय का आभार जताया। मंगलवार को भदोही स्थित शिव मेडिकल स्टोर पर केमिस्ट एवं ड्रैगिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री



पारसनाथ यादव ने मीडिया से बातचीत अवगत कराया कि फेडरेशन की याचिका पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गत 15 फरवरी को राज्य सरकार के प्रतिबंध के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के फैसले से विक्रेताओं को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि न्यायालय द्वारा सरकार के प्रतिबंधात्मक आदेश पर रोक लगाए जाने से जहां फार्मा कंपनियों को व्यापार में सुविधा मिलेगी। वही जरूरतमंदों को सुगमता पूर्वक यह जीवन रक्षक दवाएं प्राप्त हो जाएंगी। बल्कि महामंत्री ने सरकार से मांग किया कि ऑनलाइन दवाओं की बिक्री निर्धारित की जा रही है जिससे जनहित को नुकसान होता है। प्रेस वार्ता के दौरान मनीष, यशपाल आदि मौजूद रहे।

# थाने का चक्कर लगा रहे मालिक व ड्राइवर, नहीं लिखी जा रही रिपोर्ट

**जनसंदेश न्यूज**

**गोपीगंज।** चोरी की घटनाओं की प्राथमिकी दर्ज करने में पुलिस की हीलाहवाली करना सर्वविदित हैं।योगीराज में भी इस मामलें में कोई परिवर्तन नहीं हुआ हैं। नजीर के तौर पर गोपीगंज कोतवाली को लिया जा सकता हैं। जहाँ पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए ट्रक के चालक व मालिक तीन दिनों से चक्कर लगा रहे हैं, किंतु कोई सुनवाई नहीं हो रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना के संबंध में बताया जाता है कि दिनांक 18 फरवरी की देर रात्रि को ड्राइवर नासिर ट्रक संख्या यूपी 92 टी 7987 उरई से रामनगर वाराणसी के लिए साबुन लादकर जा रहा था। टोल प्लाजा के कुछ पूर्व ही उसकी पेट में दर्द हुआ। जिस पर वह ढाबे पर गाड़ी खड़ी कर दवा खाना खाने के बाद सो गया। सुबह जब उठा तो देखा कि उसकी गाड़ी से 200 पेटी साबुन अज्ञात चोरों द्वारा तिरपाल का रस्सा काट कर उड़ा दिया गया था। जिसकी सूचना उसने तत्काल डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी सहित ड्राइवर को थाने ले आई और तीन दिनों से वह अपनी रिपोर्ट लिखाने के लिए परेशान है। रिपोर्ट नहीं लिखे जाने पर चालक ने अपने मालिक को सूचित किया मंगलवार को जब उसका मालिक आया तो भी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। वह मायूस होकर पुलिस अधीक्षक भदोही से अपनी रिपोर्ट लिखाने के लिए गया, जहां उसकी मुलाकात एसपी से नहीं हो पाई।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह व शाहगंज महोत्सव 19 मार्च को

**शाहगंज।** मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह एवं शाहगंज महोत्सव का आयोजन 19 मार्च को तहसील मुख्यालय के बगल स्थित रामलीला मैदान में होगा। पूर्व में उक्त कार्यक्रम छह मार्च को आयोजित था। लेकिन विधानसभा सत्र प्रारम्भ होने के कारण इसकी तिथि 19 मार्च कर दी गई। उक्त जानकारी विधायक रमेश सिंह ने दी। कहाकि इस दौरान 251 जोड़ों का विवाह होगा।

## अबूझ हाल में आग लगने से एक लाख से अधिक का सामान जलकर खाक

**गोपीगंज।** कोतवाली गोपीगंज क्षेत्र के बिशेश्वरपुर ग्राम में अबूझ हाल में झोपड़ी में खड़ी रिश्तेदार की दो बाईकों, दो साइकिल सहित बिदाई का सारा सामान जलकर खाक हो गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सूर्यबली गौतम निवासी विशेश्वरपुर कोतवाली गोपीगंज में चौकीदार है। उनके यहां दिन मंगलवार को बहू की विदाई थी, रिश्तेदार भी आये थे कि सोमवार की रात लगभग 1:30 बजे मकान से सटे मड़हे आग लग जाने से मड़हे में खड़ी रिश्तेदार की दो बाइकें, दो साइकिल व अपनी बहू की विदाई में रखे सामान सहित गृहस्थी के सामान चौकी, आदि जलकर खाक हो गए। सूर्यबली ने बताया की 21 फरवरी को ही बिदाई थी। उसकी बिदाई का सभी समान भी उसी में था। आग कैसे लगी यह स्पष्ट नहीं हो पाया। वैसे परिजनों एवं आजाद समाज पार्टी भदोही के जिलाध्यक्ष दिलीप कनौजिया ने शासन प्रशासन से जांचकर आर्थिक मदद की मांग की है।

# संगठन की मजबूती को लेकर आप ने की बैठक, सौंपी जिम्मेदारी

**जनसंदेश न्यूज**


आम आदमी पार्टी की बैठक में शामिल लोग

**भदोही।** संगठन की मजबूती को लेकर आम आदमी पार्टी भदोही की एक आवश्यक बैठक मंगलवार को महान कवि डॉक्टर कृष्णा अवतार राही के आवास ज्ञानपुर घोसियां, खमरिया और तुलसी चित्रा मन्दिर गोपीगंज में कार्यकताओं ने बैठक की। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने किया। इन बैठकों में मुख्या अतिथी के रूप में जिला प्रभारी इंजीनियर राजन सिंह मुख्या रूप से उपस्थित रहे।

इस दौरान संगठन को मजबूत करते हुए नगर पंचायत ज्ञानपुर के निकाय प्रभारी महेन्द्र नाथ पाल, नगर पालिका परिषद गोपीगंज के निकाय प्रभारी पंकज कुमार एडवोकेट, नगर पंचायत खमरिया के निकाय प्रभारी श्यामसुंदर मौर्या, नगर पंचायत घोसियां निकाय प्रभारी कविता राय एडवोकेट को मनोनित किया गया। इस दौरान जिला प्रभारी इंजीनियर राजन सिंह ने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि नगर पंचायत और पालिका में जिस तरह लोगो का झुकाव आम आदमी पार्टी की तरफ हो रहा है, इस बात में कोई शक नहीं कि आम आदमी पार्टी नगर पालिका चुनाव मजबूती से लड़ रही है और जीत रही है। इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे जितेंद्र उपाध्याय, आर्यन मौर्या आशुतोष दुबे, राजेश गौतम, महेन्द्र पाल, राजधर बिंद, प्रमेश मौर्या, रोशन अली, अरूण कुमार पासवान, सरताज, मुनावर, पंकज कुमार एडवोकेट, अशोक, चंद्रेश मौर्या, धर्मेंद्र कुमार, राजेश भाई आदि लोग उपस्थित रहे।



# छोटे उद्यमियों का सपना कुटीर औद्योगिक नगर हो अपना

**कुटीर उद्यमियों के सपने को साकार करने के लिए संघर्ष जारी : बग्गा**

**जीएसटी काउंसिल में व्यापारियों-उद्यमियों को भी दिया जाए प्रतिनिधित्व**

**केंद्र और प्रदेश सरकार को लिखा गया है पत्र, सीएम योगी से बड़ी आस**

**दोनों किडनी फेल पर व्यापारियों-उद्यमियों के हितों के लिए संघर्ष का जुनून**

## खास मुलाकात

जितेंद्र श्रीवास्तव

वाराणसी। केंद्र और प्रदेश सरकार सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग के विकास की खातिर जिस तरह से प्रयत्नशील है। उनके लिए औद्योगिक नगर बसाया गया है। बनारस में रामनगर, चांदपुर, करखियावं आदि इंडस्ट्रियल बेल्ट में ऐसे उद्योगों को स्थान मिल जाता है। लेकिन दो-चार-पांच-10 लाख की पूंजी से उद्योग चलाने वाले कुटीर उद्यमियों का कोई पुरसाहाल नहीं है। गली-कूचों में छोटी-छोटी मशीन लगाकर जीविकोपार्जन करने के साथ गरीब, असहाय परिवार को काम देने वाले कुटीर उद्यमियों के विकास की घोषणाएं तो दूर उनके बारे में सोचा तक नहीं जाता। कुटीर उद्यमियों की अनदेखी से उनका हौसला टूट रहा है। वाराणसी व्यापार मंडल और काशी बिस्कुट एण्ड कंफेक्शनरी व्यापार मंडल इन उपेक्षित कुटीर उद्यमियों के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। जब तक सांस चलेगी, इनके उत्थान की लड़ाई जारी रहेगी। 'कुटीर औद्योगिक नगर' का सपना साकार कराकर ही दम लिया जाएगा। यह कहना है संगठन के अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा का। दोनों किडनी फेल होने के बावजूद व्यापारियों-उद्यमियों के हितों के लिए संघर्ष उनका जुनून है। 'जनसंदेश टाइम्स' से 'खास मुलाकात' में वे कहते हैं कि यहीं जुनून उनको संबल प्रदान करता है। संघर्ष की प्रेरणा और ताकत देता है।एक सवाल के जवाब में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा कहते हैं कि उनका संगठन लगातार सड़क पर उतर व्यापारियों-उद्यमियों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करता रहता है। यदि कोई विभाग किसी भी व्यापारी या उद्यमी का उत्पीड़न करता है तो उसका पूरजोर विरोध किया जाता है। जीएसटी में 40 लाख तक के कारोबार पर टैक्स की छूट उनके संगठन के संघर्ष का ही परिणाम है। उनका कहना है कि पारदर्शिता के लिए जीएसटी काउंसिल में व्यापारियों और उद्यमियों का भी प्रतिनिधित्व होना चाहिए। जीएसटी विभाग के सलाहकार समिति में वाराणसी का भी प्रतिनिधित्व होना चाहिए। इतना ही नहीं, जिस तरह अन्य विभागों में आयोग बने हैं। उसी तर्ज पर 'व्यापारी आयोग' का भी गठन होना चाहिए, ताकि व्यापारियों और उद्यमियों के हित में यह आयोग फैसला ले सके, जिसे मानने को सरकार बाध्य हो। शिक्षक, स्नातक आदि के तर्ज पर व्यापारी वर्ग से भी एमएलसी सीट का प्रावधान होना चाहिए। इसमें चुनाव लड़ने और वोटिंग का अधिकारी उसी व्यापारी को मिले, जो जीएसटी में पंजीकृत हो। इसके लिए केंद्र और प्रदेश सरकार को पत्र लिखा गया है। बनारस के सांसद व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस सवालों को लेकर बड़ी आस है और उम्मीद है कि वे व्यापारियों-उद्यमियों को निराश नहीं करेंगे।



## इन संकल्पों को संगठन ने किया आत्मसात

वाराणसी व्यापार मंडल, वाराणसी महिला व्यापार मंडल, वाराणसी अल्पसंख्यक व्यापार मंडल, पूर्वांचल व्यापार मंडल, पूर्वांचल महिला व्यापार मंडल, पूर्वांचल अल्पसंख्यक व्यापार मंडल, काशी बिस्कुट एण्ड कंफेक्शनरी व्यापार मंडल समेत छोटे-बड़े 50 से अधिक क्षेत्रीय व्यापार मंडल ने कई संकल्पों को आत्मसात किया है। उसमें से प्रमुख है- 'शान से जीयेंगे-शान से मरेंगे', 'अन्याय करेंगे नहीं-न्याय के लिए झुकेंगे नहीं', 'अभिमान करेंगे नहीं-सम्मान खायेंगे नहीं' आदि। यहीं कारण है कि तमाम विभागों के अफसर संगठन के पत्रक को तवज्जों देते हुए व्यापारियों और उद्यमियों का काम बगैर किसी हीलाहवाली आसानी से कर देते हैं।


## सप्ताह में तीन बार डायलिसिस फिर भी सेवा का भाव

सप्ताह में तीन बार डायलिसिस कराने वाले अजीत सिंह बग्गा के जीवन का मूलमंत्र सेवा भाव है। दिन हो या रात, वह व्यापारियों और उद्यमियों के हितों की रखा के लिए बराबर तत्पर रहते हैं। महिला व्यापारियों और उद्यमियों के उत्थान के लिए तमाम योजनाओं पर काम किया और उसे मूर्तरूप दिया। चिकित्सकों के लाख मना करने के बावजूद उनको जब भी किसी व्यापारी या उद्यमी या फिर दिव्यांग के संकट में पड़ने की जानकारी मिलती है तो वे उसे दूर करने के लिए दौड़ जाते हैं।

## दिव्यांगों के लिए लगातार संघर्ष

व्यापारी नेता अजीत सिंह बग्गा बताते हैं कि सिर्फ कुटीर व लघु उद्यमियों और व्यापारियों के लिए ही नहीं दिव्यांगों के उत्थान की खातिर संघर्ष लगातार चलता रहता है। यहीं कारण है कि केंद्र और प्रदेश सरकार भी दिव्यांगों के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलायी है। साथ ही ऑटो व ई-रिक्शा चालकों की दुश्वारियों को दूर करने के लिए बराबर संघर्ष किया जा रहा है। समाजसेवा ही अब उनकी जिदंगी का अहम हिस्सा बन चुका है।

## डिवाइन अस्तित्व ने दी रत्नों के संदर्भ में जानकारी



**वाराणसी।** विश्वविख्यात धार्मिक नगरी काशी की आध्यात्मिक एवं वैदिक संस्था डिवाइन अस्तित्व ने वर्ष 2023 का अपना दूसरा प्रेस क्रांफ्रेस महमूरगंज स्थित कार्यालय में 20 फरवरी को किया। निदेशक शैलेन्द्र सिंह ने इसको संबोधित करते हुए आज के मुख्य आकर्षण रत्नों के संदर्भ में उल्लेखनीय जानकारी साझा किया। उन्होंने मोती जो चन्द्रमा से जुड़ा हुआ रत्न है, उसकी धारण करने की उपयोगिता व उद्देश्य और साथ ही किस राशि के जातक के लिए सर्वश्रेष्ठ रहेगा, इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। मोती पर्ल के संदर्भ में बताया कि भारत के समुद्र से लेकर साउथ सी व सात समुन्द्र पार आस्टेलियन सी से लाये गये हैं। मोती के विभिन्न प्रारूप जैसे नेकलेस, माला, विभिन्न प्रकार के सम्पूर्ण रेंज की प्रस्तुति किया गया है। मोती का रेंज 100 प्रति रत्ती से उपलब्ध रहेगा। साउथ सी मोती 450 प्रति रत्ती व आस्टेलियन सी सुनहला मोती 1450 प्रति रत्ती है।

## मूलगादी मठ का शैक्षणिक भ्रमण कर जाना संत कबीर का इतिहास

**वाराणसी।** गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने मंगलवार को कबीरचौरा स्थित मूलगादी मठ का शैक्षणिक भ्रमण किया। प्रधानाचार्य डॉ. अनुपमा सिंह के नेतृत्व में छात्राओं का दल संत कबीर के साधना एवं कर्मस्थली कबीरचौरा मठ में जाकर संत कबीर के विचारों को जाना और समझा। छात्राओं को डॉ. भागीरथी ने संत कबीर के जीवन एवं दर्शन के बारे में बताया। उन्होंने कबीरचौरा मठ के इतिहास से छात्राओं को अवगत कराया। संत कबीर भक्ति आंदोलन के प्रमुख थे। इसलिए इतिहास एवं हिंदी में उनको पढ़ा एवं समझा जाता है। संत कबीर ने पूरी मानव जाति को प्रभावित किया। छात्राओं के दल में साथ डॉ. नीतालाल, गायत्री यादव, बुलेंद्र कुमार और देवेंद्र दास मौजूद थे।



## खेलो इंडिया में शीएट कॉलेज की अंजलि ने रजत और नीलम ने जीता कांस्य




**चांदमारी।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 में सरस्वती उच्च शिक्षा एवं तकनीकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय (शीएट) गहनी की बीए प्रथम वर्ष की दो छात्राओं अंजलि पटेल ने रजत और नीलम पटेल ने जूनियर में कांस्य पदक प्राप्त किया। जीत की खुशी पर विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं देते हुए खुशी जाहिर की। दोनों छात्राएं खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में भी विश्वविद्यालय के वेट लिफ्टिंग टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। 18 से 24 फरवरी तक खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 का आयोजन पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, कनकड़बाग में हो रहा है। अपने खेल से महाविद्यालय का गौरव बढ़ाने के लिए हर्ष जताते हुए निदेशक नवीन कुमार सिंह ने कहा कि हमारा महाविद्यालय पठन-पाठन के साथ ही खेल के कौशल और गुणवत्ता को निखारने की भी पूरी कोशिश करता है, जिसका सुखद परिणाम इन खिलाड़ियों के रूप में प्राप्त होने पर खुशी होती है। प्राचार्य डॉ. संतोष कु सिंह ने कहा कि खेल के विभिन्न पक्षों पर महाविद्यालय ध्यान देता है। विगत वर्षों में महाविद्यालय के कई विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में राज्य व देश स्तर पर महाविद्यालय के साथ ही साथ विश्वविद्यालय का भी नाम रोशन किया है। डॉ. संजीव कु सिंह ने कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स में अंडर 19 का एज ग्रुप होता है। प्रदेश के हाई रैंकर जो देश में कहीं भी पढ़ रहे हो अपने अपने प्रदेश से ओपन प्रतिभाग करते हैं। खेल के क्षेत्र में यह बड़ी उपलब्धि है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. सीमांत प्रियदर्शी, डॉ. दिग्विजय नारायण वर्मा, डॉ. सुजीत सिंह आदि ने हर्ष जताया।

## करीब 11 प्रतिशत लोगों में दांत न बनने की समस्या

**टूथ एजेनेसिस के चलते दांत का विकास नहीं हो पाता**

**बीएचयू के अध्ययन दल ने सुझाई नई चिकित्सीय विधि**

वाराणसी। टूथ एजेनेसिस ऐसी स्थिति है, जिसमें पैक्स9 जीन (दांतों के विकास के लिए महत्वपूर्ण जीनों में से एक) में बदलाव के कारण दांत विकसित नहीं हो पाता है। यह दांतों के विकास में कई अन्य स्थितियों के बीच सबसे अधिक पाए जाने वाले विकारों में से हैं। कुछ अध्ययनों के अनुसार, भारतीय आबादी के लगभग 11 प्रतिशत लोग दांतों के न बनने की समस्या का सामना करते हैं। टूथ एजेनेसिस के कारणों और समस्या के संभावित इलाज को लेकर दुनिया भर में कई शोध कार्य किए जा रहे हैं। बीएचयू के शोधकर्ताओं ने इस संबंध में अपनी तरह की पहली खोज की है।


प्रो. परिमल दास व प्रशांत रंजन



सेंटर फॉर जेनेटिक डिसऑर्डर्स-विज्ञान संस्थान के समन्वयक प्रो. परिमल दास और उनके पीएचडी छात्र प्रशांत रंजन ने बच्चों में टूथ एजेनेसिस की समस्या के निदान के लिए एक नई चिकित्सीय विधि सुझाई है। यह पहली बार है कि इस तरह की विधि पर शोध किया गया है। पैक्स9 दांतों के विकास के लिए जिम्मेदार एक महत्वपूर्ण जीन है। पैक्स9 में उत्परिवर्तन से टूथ एजेनेसिस हो सकता है। शोध दल ने सैकड़ों ऐसे म्युटेंट पैक्स9 प्रकारों का अध्ययन किया, जिनमें टूथ एजेनेसिस हो सकता था। इस दौरान छह सबसे अधिक पैथोजेनिक पाए गए, जिसका परिणाम टूथ एजेनेसिस था। वैज्ञानिकों ने इन सबसे पैथोजेनिक पैक्स9 वेरिएंट का अध्ययन किया और छह म्युटेंट प्रोटीन का स्ट्रक्चर कंप्यूटर सॉफ्टवेयर से डिजाइन किया। उन्होंने पाया कि सारे म्युटेंट के प्रोटीन स्ट्रक्चर में एक ही जगह पर बदलाव है। विस्तृत अध्ययन में पता चला कि वहां कुछ ऐसे स्थान थे, जो प्रोटीन इंटरेक्शन तथा डीएनए प्रोटीन इंटरेक्शन में भागीदार नहीं थे। गौरतलब है कि दांत के विकास के लिए प्रोटीन-प्रोटीन इंटरएक्शन तथा डीएनए-प्रोटीन इंटरएक्शन आवश्यक है। शोध दल ने ऐसे स्थानों को दवा से जोड़ा और पाया कि दवा उस म्युटेंट प्रोटीन के स्ट्रक्चर की मरम्मत कर करके म्युटेंट प्रोटीन के कार्य को भी सक्रिय करेगा। यह अध्ययन बच्चों में टूथ एजेनेसिस के निराकरण के लिए दवा के विकास की दिशा में नए कार्यों का मार्ग प्रशस्त करता है। प्रो. परिमल दास और प्रशांत रंजन अब मानव सेल लाइन का उपयोग करते हुए इस अध्ययन के परिणामों के आधार पर दवा के अणु की खोज पर काम कर रहे हैं।

## काशिका है विश्व की सबसे पुरानी मातृभाषा

### काशिका को संवैधानिक मान्यता व संरक्षण देने की पुरजोर मांग

**वाराणसी।** विश्व भोजपुरी संघ की ओर से मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर लक्सा में आयोजित सभा में काशी की मातृभाषा काशिका को संसार की सबसे प्राचीन मातृभाषा और लोकभाषा बताते हुए इसके संवैधानिक मान्यता और सरंक्षण की सरकार से मांग की गयी । बीज व्यक्तव्य देते हुए विश्व भोजपुरी संघ के महासचिव डा.अपूर्व नारायण तिवारी ने कहा कि भगवान शिव की काशी नगरी के निर्माण के समय ही काशिका भाषा का सृजन किया गया था । यह भाषा हजारों वर्षों से आज भी अक्षुण्य है और ये भोजपुरी की एकमात्र पुल्लिंग भाषा और मानक भोजपुरी रुप में जानी जाती है । काशिका भाषा महर्षि अगस्त्य, काशीराज दिवोदास से लेकर पार्श्वनाथ, चन्द्रप्रभु, सुपार्श्वनाथ, श्रेयांसनाथ, रामानदांचार्य, कबीरदास रैदास, दरियादास, पीपादास,भारतेंदु हरिश्चंद्र,जयशंकर प्रसाद तक की मातृभाषा रही है । इसे आज संवैधानिक सरंक्षण और मान्यता देना सरकार का नैतिक दायित्व है । इस अवसर पर काशिका शब्दकोष बनाये जाने की पुरजोर वकालत की गयी । स्वागत जयदीप शुक्ल, संचालन कौशल कुमार मिश्र और अध्यक्षता डा.अपूर्व नारायण तिवारी व धन्यवाद ज्ञापन पुरुषोत्तम मिश्र ने दिया। कार्यक्रम में बृजमोहन दास, उमेश पांडेय, राहुल शाह, ओमप्रकाश शर्मा, वैद्य दिनेश सिंह, शालिनी, रागिनी, बच्चेलाल गौड़ सुधांशु, मित्र माधव, परशुराम,केएन.दत्ता आदि मौजूद थे ।

## क्षेत्रीय भाषाओं में भोजपुरी सर्वाधिक लोकप्रिय

**बोले दुबे**

**भोजपुरी को राजभाषा का दर्जा न मिल पाना निराशाजनकः डॉ. सिंह**

**मातृभाषा दिवस के अवसर पर विश्व भोजपुरी सम्मेलन का आयोजन**

**वाराणसी।** भोजपुरी आज भारत में किसी भी अन्य क्षेत्रीय भाषा की तुलना में सर्वाधिक लोकप्रिय भाषा है जिसका प्रभाव वैश्विक है। उक्त विचार विश्व भोजपुरी सम्मेलन के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे ने व्यक्त किए। वह बड़ालालपुर स्थित जीवनदीप शिक्षण संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर आयोजित विश्व भोजपुरी सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के बड़े भूभाग में बोली जाने वाली भाषा दरअसल उस संस्कृति की पहचान है। भोजपुरी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करना इस भाषा-भाषी के अस्तित्व का सम्मान करने के बराबर है। विश्व भोजपुरी सम्मेलन के अंतरराष्ट्रीय महासचिव डॉ अशोक कुमार सिंह ने कहा कि विगत कई वर्षों के प्रयासों से आज भोजपुरी भाषा का संवैधानिक होना लगभग सुनिश्चित है। यह श्रम और संघर्ष की भाषा है। ऐसे में इसका जनप्रिय होना स्वाभाविक है। भोजपुरी क्षेत्र के 25 करोड़ से अधिक लोगों द्वारा बोली जाने वाली इस भाषा को राजभाषा का दर्जा ना मिल पाना निराशाजनक है। इस मौके पर प्रो. गुरुचरण सिंह, विश्व भोजपुरी सम्मेलन में प्रांतीय अध्यक्ष चंद्रकांत, महासचिव ओम धीरज ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में त्रैमासिक भोजपुरी ₹संझवाती₹ प्रधान संपादक डॉ अशोक कुमार सिंह, विजय किशोर पांडेय की पुस्तक व्याज्ञानिक वैदिक सभ्यता एवं राम बहादुर राय रचित भोजपुरी के मान्यता देई ए सरकार व अब गांवुओं में शहर आ गइल का विमोचन हुआ। इस अवसर पर आचार्य जनार्दन पांडेय, डॉ अजय ओझा, लाखन सिंह, प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा बिहार भाजपा पूनम सिंह, कवि कुमार अजय, उमा शंकर साहू, एस. आनंद, डॉ अंशु सिंह, अल्केश कुमार सिंह, पूनम शर्मा स्नेहिल, भोजपुरी गायिका पम्मी शांडिल्य सहित सैंकड़ों लोग मौजूद थे।


भोजपुरी पत्रिका का लोकार्पण करते अतिथिगण।

## मातृभाषाओं से हमें स्व का बोध

**बोले प्रो. देवीप्रसाद द्विवेदी**

**'मौलिकता और मातृभाषा' विषय पर एक परिचर्चा**

**वाराणसी।** 23वें अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर भोजपुरी अध्ययन केंद्र,बीएचयू के शोध संवाद समूह की ओर से 'मौलिकता और मातृभाषा' विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन केंद्र के राहुल सभागार किया गया। परिचर्चा सत्र की अध्यक्षता वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्ट मास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने की। मुख्य अतिथि पद्मभूषण प्रो.देवी प्रसाद द्विवेदी रहे। मुख्य अतिथि पद्मभूषण प्रो.देवीप्रसाद द्विवेदी ने कहा कि माता के माध्यम से हमें यथार्थ का बोध होता है कि हम क्या हैं तथा मातृभाषा के माध्यम से हमें अपने यथार्थ व्यक्तित्व का बोध होता है। अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि दुनिया की ज्ञान परंपरा से हमें जुड़ने के लिए अन्य भाषाएं हमें पढ़नी चाहिए लेकिन अपनी भाषा की कीमत पर नहीं। भाषाओं के बीच सामंजस्य की आवश्यकता है। एक दूसरे के सम्मान से हम अपनी मातृभाषाओं का संरक्षण और संवर्धन कर सकते हैं। मुख्य वक्ता 'सोच-विचार' पत्रिका के सम्पादक डॉ. जितेन्द्रनाथ मिश्र ने कहा कि मातृभाषा व्यक्ति के समस्त को समाज के सम्मुख प्रस्तुत करती है। मातृभाषा संस्कृति का लक्षण है। स्वागत वरिष्ठ कवि व केंद्र समन्वयक प्रो.श्रीप्रकाश शुक्ल ने दिया। विशिष्ट वक्ता प्रो.श्रीकृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि मातृभाषा वह भाषा है जो एक बच्चे को उसकी मां सिखाती है। हिंदी विभाग में सहायक आचार्य डॉ. अशोक ज्योति ने कहा कि मातृभाषा में वह शक्ति है जो राष्ट्रों का निर्माण कर सकती है। डॉ.ज्योति ने कहा कि व्यक्ति को अपने समाज का व्यवहार अपनी मातृभाषा में करना चाहिए। संचालन केंद्र की शोधार्थी शिखा सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन उदय प्रताप पाल ने किया। इस अवसर पर प्रो.देवेश त्रिपाठी, प्रो.धनंजय पाण्डेय, डॉ. प्रभात कुमार मिश्र, डॉ. विवेक सिंह, डॉ. महेंद्र कुशवाहा , डॉ. प्रीति त्रिपाठी, डॉ, विंध्याचल यादव समेत काफी लोग मौजूद थे।



## मिथिला संस्कृति का प्रतीक है मिथिला मोद

वाराणसी। प्रख्यात साहित्यकार डा. जितेन्द्र नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में विश्व मातृ भाषा दिवस के अवसर पर मिथिला मोद पत्रिका लोकार्पण समारोह का नागरी प्रचारिणी सभा में आयोजित किया गया। अतिथियों द्वारा वैशेषिक दर्शन के प्रवर्तक ऋषि कणाद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि प्रो श्रद्धानन्द ने कहा कि 21 फरवरी को यूनिष्कों ने विश्व के विलुप्त हो रहे भाषाओं का संरक्षण,संवर्धन के उद्देश्य से विश्व मातृ भाषा दिवस घोषित कर रखा है यह जानकर आश्चर्य होता है कि विश्व के लगभग सात करोड़ लोगों द्वारा मैथिली भाषा बोली जाती है जो कि आज विलुप्ति के कगार पर है। मिथिला मोद पत्रिका का प्रकाशन सन1905 से हो रहा है, और इसे मैथिली भाषा की प्रथम पत्रिका होने का गौरव प्राप्त है। अध्यक्षता साहित्यकार डा. जितेन्द्रनाथ मिश्र ने किया। संचालन गौतम कुमार झा ने व धन्यवाद ज्ञापन संस्था सचिव दास पुष्कर ने किया।